हे इन्द्र यस्त्वं तिग्मशृङ्गः तीक्ष्णाभ्यां शृङ्गाभ्याम् उपेतो वृषभो न भीमः वृषभ इव भयजनकः । तथा त्वम् एकः असहायस्त्वं विश्वाः सर्वाः कृष्टीः । मनुष्यनामैतत् । सर्वान् अस्माकं शत्रुजनान् प्र च्यावयसि प्रकर्षेण अपगमयसि । यश्च त्वं शश्वतः । बहुनामैतत् । बहोः अदाशुषः हविरदत्तवतः अयजमानस्य गयस्य । गयम् इति गृहनाम । गृहसदृशस्य यथा कोशगृहं धनपूर्णं वर्तते एवम् अप्रदानेन धनपूर्णगृहसदृशस्य लुब्धकस्य वेदः धनं सुष्वितराय । सुष्ठु सोमाभिषववान् सुष्वी । अतिशयेन सुष्वी सुष्वितरः । तादृशाय यजमानाय प्रयन्तासि प्रकर्षेण नियमयिता प्रदाता भवसि ॥

हे इन्द्र ! जो आप तीखे सींगों वाले वृषभकी समान भयजनक हैं, तथा वह आप एक ही हमारे सब शत्रुओंको दूर भगा देते हैं और आप अपनेको प्रायः हवि न देने वाले अयजमानके धन-

पूर्ण घरके धनको, सोमका अधिकतासे अभिषव करने वाले यजमानको अधिकतासे देते हैं ॥ १ ॥

द्वितीया ॥

त्वं ह त्यदिन्द्र कुत्समावः शुश्रूषमाणस्तन्वा समर्ये ।
दासं यच्छुष्णं कुयवं न्यस्मा अरन्धय आर्जुनेयाय शिक्षन् ॥ २ ॥

त्वम् । ह । त्यत् । इन्द्र । कुत्सम् । आवः । शुश्रूषमाणः । तन्वा । सऽमर्ये ।
दासम् । यत् । शुष्णम् । कुयवम् । नि । अस्मै । अरन्धयः । आर्जुनेयाय । शिक्षन् ॥ २ ॥

हे इन्द्र त्वं ह त्वं खलु त्यत् तत् तदा कुत्सम् एतन्नामानं समर्ये मर्यैर्मर्त्यैर्योद्धृभिः सहितः संग्रामः समर्य तस्मिन् । अथ वा मर्यैर्ऋत्विग्भिः सहिते यज्ञ तन्वा शरीरेण शुश्रूषमाणः उपचरन् आवः अरक्षः । यत् यदा अस्मै आर्जुनेयाय अर्जुन्याः पुत्राय कुत्साय दासम् एतत्संज्ञकम् असुरं शुष्णम् असुरं कुयवं च असुरं शिक्षन् तेषां धनं कुत्साय प्रयच्छन् नि अरन्धयः नितरां वशम् अनैषीः ॥

हे इन्द्रदेव ! जब आपने अर्जुनीके पुत्र कुत्सके लिये शुष्ण नामक असुरको और कुयव नामक असुरको दण्ड देकर उनका धन देकर उनको बड़े वशमें कर लिया था, उस समय यज्ञमें कुत्सकी शरीरसे उपचार करके रक्षा की थी ॥ २ ॥

तृतीया ॥

त्वं धृष्णो धृषता वीतहव्यं प्रावो विश्वाभिरूतिभिः सुदासम् ।
प्र पौरुकुत्सिं त्रसदस्युमावः क्षेत्रसाता वृत्रहत्येषु पूरुम्

त्वम् । धृष्णो इति । धृषता । वीतऽहव्यम् । प्र । आवः । विश्वाभिः । ऊतिऽभिः । सुऽदासम् ।

प्र । पौरुऽकुत्सिम् । त्रसदस्युम् । आवः । क्षेत्रऽसाता । वृत्रऽहत्येषु । पूरुम् ॥ ३ ॥

हे धृष्णो शत्रूणां धर्षक इन्द्र त्वं धृषता शत्रुधर्षकेण वज्रेण वीतहव्यम् दत्तहविष्कं सुदासम् शोभनदानम् एतन्नामकं राजानम् अथ वा वीतहव्यं सुदासं च विश्वाभिः सर्वाभिः ऊतिभिः रक्षणाभिः प्रावः प्रारक्षः । किं च वृत्रहत्येषु संग्रामेषु क्षेत्रसाता क्षेत्रसातौ भूमिदाने निमित्तभूते सति पौरुकुत्सिम् पुरुकुत्सपुत्रं त्रसदस्युं राजानं पूरुं च आवः ॥

हे शत्रुओंको दबाने वाले इन्द्र ! आपने शत्रुओंको दबाने वाले वज्रके द्वारा, वीतहव्य और सुदास नामक राजाकी सकल रक्षक शक्तियोंके द्वारा बड़ी रक्षा की थी । और आप संग्रामोंके अवसर पर और भूमिदानके अवसर पर पुरुकुत्सके पुत्र राजा त्रसदस्युकी और पुरुकी रक्षा कर चुके हैं ॥ ३ ॥

चतुर्थी ॥

त्वं नृभिर्नृमणो देववीतौ भूरीणि वृत्रा हर्यश्व हंसि
त्वं नि दस्युं चुमुरिं धुनिं चास्वापयो दभीतये सुहन्तु

त्वम् । नृऽभिः । नृऽमनः । देवऽवीतौ । भूरीणि । वृत्रा । हरिऽअश्व । हंसि ।

त्वम् । नि । दस्युम् । चुमुरिम् । धुनिम् । च । अस्वापयः । दभीतये । सुऽहन्तु ॥ ४ ॥

हे नृमणः नृभिर्नेतृभिः स्तोतृभिर्मननीय नृषु यजमानेषु अनुग्रहमनोयुक्त वा हे हर्यश्व हरिनामकाश्वोपेत इन्द्र त्वं देववीतौ। देवा वियन्ति आगच्छन्ति भक्षयन्त्यत्रेति वा देववीतिर्यज्ञः। अथ वा देवा युद्धार्थं गच्छन्त्यत्रेति देववीतिर्देवसंग्रामः । तस्मिन्निमित्तभूते सति नृभिःनेतृभिर्योद्धृभिर्मरुद्भिः सहितः सन् भूरीणि बहूनि वृत्रा वृत्राणि आवरकाणि रक्षांसि पापानि च हंसि हननं करोषि। किं च हे इन्द्र त्वं दभीतये दभीतिनामकाय राजर्षये तदर्थं सुहन्तु। अविभक्तिकोयं निर्देशः। सुहन्तुः शोभनहननसाधनवज्रोपेतः सन् दस्युं चुमुरिं धुनिं च नि अस्वापयः न्यनाशयः॥

हे मनुष्य यजमानों पर मनमें अनुग्रह करने वाले नृमणः! और हे हरि नामक घोड़ों वाले इन्द्र! आप यज्ञ वा संग्रामके अवसर पर योधा मरुतोंके साथ बहुतसे आवरक राक्षस और पापोंका संहार कर डालते हैं। और हे इन्द्र! आपने दभीति नामक राजर्षिके लिये, हननके शोभन साधन वज्रको लेकर दस्यु चुमुरि और धुनिको भी नष्ट कर डाला था ॥ ४ ॥

पञ्चमी॥

तव च्यौत्नानि वज्रहस्त तानि नव यत् पुरो नवतिं च सद्यः ।

निवेशने शततमाविवेषीरहं च वृत्रं नमुचिमुताहन् ॥ ५ ॥

तव । च्यौत्नानि । वज्रऽहस्त । तानि । नव । यत् । पुरः । नवतिम् । च । सद्यः ।

निऽवेशने । शतऽतमा । अविवेषीः । अहन् । च । वृत्रम् । नमुचिम् । उत । अहन् ॥ ५ ॥

हे वज्रहस्त इन्द्र तव तानि प्रसिद्धानि बलानि च्यौत्नानि अतिदृढानि परैरनभिभाव्यानि यत् यस्मात् कारणात् च्यौत्नैस्तैर्बलैः सहितः सन् नव नवतिं च पुरः एकोनशतसंख्याकानि पुराणि असुरसंबन्धीनि सद्यस्तदानीमेव घाटीमुखेनैव । व्यनाशय इति शेषः । निवेशने निवेशनाय शततमा शततमीं पुरीं च अविवेषीः व्याप्नोः । ❀ विष्लृ व्याप्तौ । यङ्लुगन्ताद्द अस्मात् लुङ् । अभ्यासगुणाभावश्छान्दसः ❀ । वृत्रं च अहन् नमुचिं नामासुरं च अहन् हतवान् असि ॥

हे वज्रधारिन् इन्द्र ! आपके प्रसिद्ध बल अतिदृढ़ हैं, क्योंकि उन बलोंसे सम्पन्न रह कर आपने असुरोंके निन्यानवें पुरोंको नष्ट कर डाला था और निवेशनके लिये सौवीं पुरीमें व्याप्त होगए थे और आपने वृत्र तथा नमुचि नामक असुरको भी मार डाला था ॥ ५ ॥

षष्ठी ॥

सना ता तं इन्द्र भोजनानि रातहव्याय दाशुषे सुदासे ।
वृष्णे ते हरी वृषणा युनज्मि व्यन्तु ब्रह्माणि पुरुशाक वाजम् ॥ ६ ॥

सना । ता । ते । इन्द्र । भोजनानि । रातऽहव्याय । दाशुषे ।

सुऽदासे ।

वृष्णे । ते । हरी इति । वृषणा । युनज्मि । व्यन्तु । ब्रह्माणि ।

पुरुऽशाक । वाजम् ॥ ६ ॥

हे इन्द्र ते तव रातहव्याय दत्तहव्याय दाशुषे यजमानाय सुदासे ता तानि त्वया दत्तानि भोजनानि भोग्यानि धनानि सना सनानि सनातनानि । बभूवुरिति शेषः । हे पुरुशाक बहुकर्मन् इन्द्र वृष्णे कामानां वर्षित्रे ते तुभ्यम् । त्वाम् आनेतुम् इत्यर्थः । वृषणा वृषणौ हरी अश्वौ युनज्मि रथे योजयामि । ब्रह्माणि अस्मदीयानि स्तोत्राणि वाजम् बलिनं त्वां व्यन्तु गच्छन्तु ॥

हे इन्द्र ! आपको हवि देने वाले यजमान सुदासके लिये आप के दिये हुए भोग्य धन सनातन होगए थे । हे बहुकर्मन् इन्द्र ! कामनाओंकी वर्षा करने वाले आपको लानेके लिये वृषण हरि नामक अश्वोंको मैं रथमें नियुक्त करता हूँ । हमारे स्तोत्र बली बने हुए आपको प्राप्त होवें ॥ ६ ॥

सप्तमी ॥

मा ते अस्यां सहसावन् परिष्टावघाय भूम हरिवः परादै
त्रायस्व नोऽवृकेभिर्वरूथैस्तव प्रियासः सूरिषु स्याम ७

मा । ते । अस्याम् । सहसाऽवन् । परिष्टौ । अघाय । भूम ।

हरिऽवः । पराऽदै ।

त्रायस्व । नः । अवृकेभिः । वरूथैः । तव । प्रियासः । सूरिषु ।

स्याम ॥ ७ ॥

हे सहसावन् बलवन् इन्द्र । ❀ मध्ये तृतीयाविभक्तिश्छान्दसी ❀ । अथ वा सह एव सहसं तद्वन् । ❀ मतुपि "अन्ये·

षामपि दृश्यते" इति दीर्घः ❀। हे हरिवः हरितवर्णोपेताश्व इन्द्र ते तव अस्यां क्रियमाणायां परिष्टौ पर्येषणायां परादै परादानाय परित्यागाय एवंलक्षणाय अघाय पापाय वयं मा भूम। किं च हे इन्द्र नः अस्मान् अवृकेभिः अवृकैरहिंसितव्यै वरूथैः। वारयन्त्युपद्रवान् इति वरूथानि रक्षणानि। तैर्नः अस्मान् त्रायस्व पाहि। वयं च सूरिषु स्तोतृषु विद्वत्सु मध्ये तव प्रियासः प्रियाः स्याम भवेम॥

हे बलवान् इन्द्र! हे हरित वर्ण वाले अश्वोंसे सम्पन्न इन्द्र! इस आपकी की जाती हुई परिष्टिमें हम त्यागने योग्य पापके लिये न होवें। और हे इन्द्रदेव! हमको आप अहिंसितव्य रक्षासाधनोंसे पालिये और हम भी स्तोता तथा विद्वानोंमें आपके प्रिय होवें॥ ७॥

अष्टमी॥

प्रियास इत् ते मघवन्नभिष्टौ नरो मदेम शरणे सखायः
नि तुर्वशं नि याद्वं शिशीह्यतिथिग्वाय शंस्यं करिष्यन्॥ ८॥

प्रियासः। इत्। ते। मघऽवन्। अभिष्टौ। नरः। मदेम। शरणे। सखायः।

नि। तुर्वशम्। नि। याद्वम्। शिशीहि। अतिथिऽग्वाय। शंस्यम्। करिष्यन्॥ ८॥

हे मघवन् धनवन्निन्द्र ते तव अभिष्टौ अभ्येषणायाम् अभिगमनेच्छायां नरः हविषां नेतारो यजमाना वयं सखायस्तव सखि-

भूताः समानख्यानाः अत एव प्रियास इत् प्रिया एव सन्तः शरणे । गृहनामैतत् । मदीय एव गृहे मदेम हृष्टा भवेम । किं च अतिथिग्वाय अतिथ्यर्था गावो यस्य सः । अतिथिग्वः । अथ वा सत्कारार्थम् अतिथीन् गच्छतीत्यतिथिग्वः । तस्मै राज्ञे शंस्यम् शंसनीयं प्रख्यापनीयं सुखं करिष्यन् कुर्वंस्त्वं तुर्वशम् एतन्नामकं राजानं नि शिशीहि निशितं कुरु । तथा याद्वम् यदुकुलोत्पन्नं राजानं च नि शिशीहि ॥

हे धनवान् इन्द्र ! आपकी अभिगमनकी इच्छामें हविके नेता मित्ररूप हुए हम यजमान प्रिय होते हुए ही अपने घरमें प्रसन्न रहें । आप अतिथिगु राजाके लिये प्रशंसनीय सुख देते हुए तुर्वश नामक राजाको भी तीक्ष्ण करिये । और यदुकुलोत्पन्न राजाको भी तीक्ष्ण करिये ॥ ८ ॥

नवमी ॥

सद्यश्चिन्नु ते मघवन्नभिष्टौ नरः शंसन्त्युक्थशास उक्था ।

ये ते हवेभिर्वि पणीरदाशन्नस्मान् वृणीष्व युज्याय तस्मै ॥ ९ ॥

सद्यः । चित् । नु । ते । मघऽवन् । अभिष्टौ । नरः । शंसन्ति । उक्थऽशासः । उक्था ।

ये । ते । हवेभिः । वि । पणीन् । अदाशन् । अस्मान् । वृणीष्व । युज्याय । तस्मै ॥ ९ ॥

हे मघवन्निन्द्र ते तव अभिष्टौ अभ्येषणायाम् अभिगत्यां सत्यां

तव अभिगमने सति नरः स्तुतिनेतार ऋत्विजः उक्थशासः उक्थानां शस्त्राणां शंसितारः सम्रश्चिन्नु तवाभिगमनसमय एव उक्था उक्थानि शस्त्राणि शंसन्ति कुर्वन्ति । ते इत्युक्तं के त इति तान् विशिनष्टि । ये नरः नेतार ऋत्विजः ते तव हवेभिः हवैः आह्वानैः पणीन् वणिग्भूतान् लुब्धकान् अयजतो नरान् व्यदाशन् । दाशतिर्वधकर्मा । विशेषेण हिंसितवन्तः । ते शंसन्तीति पूर्वत्र संबन्धः । यस्माद्द एवं तस्माद् उक्थानां शंसितॄन् अस्मान् तस्मै प्रसिद्धाय युज्याय योजयितव्याय फलाय यागाय वा वृणीष्व वरणं कुरु स्वी कुरु ॥

हे मघवन् इन्द्र ! आपका अभिगमन होने पर स्तुति करने वाले और शस्त्रोंको कहने वाले ऋत्विज आपके अभिगमनके समय ही शस्त्रोंका उच्चारण करते हैं । जो नेता ऋत्विज आपके आह्वानों से वणिग्भून लोभी यजन न करने वाले मनुष्योंको मारते हैं वे ऋत्विज आपके अभिगमनके समय शस्त्रोंका उच्चारण करते हैं । इस कारण हम उक्थोंका शंसन करने वालोंको योजयितव्य फल यागके लिये वरण कीजिये ॥ ९ ॥

दशमी ॥

एते स्तोमा नरां नृतम तुभ्यमस्मद्र्यञ्चो ददतो मघानि ।
तेषामिन्द्र वृत्रहत्ये शिवो भूः सखा च शूरोऽविता च नृणाम् ॥ १० ॥

एते । स्तोमाः । नराम् । नृऽतम । तुभ्यम् । अस्मद्र्यञ्चः । ददतः । मघानि ।

तेषाम् । इन्द्र । वृत्रऽहत्ये । शिवः । भूः । सखा । च । शूरः ।
अविता । च । नृणाम् ॥ १० ॥

नराम् नेतृणां मध्ये हे नृतम अतिशयेन नेतः इन्द्र अस्मद्रयञ्चः अस्मान् अञ्चन्तः अस्मदभिमुखाः मघानि मंहनीयानि धनानि हविर्लक्षणानि ददतः प्रयच्छन्तः सन्तः एते इदानीं कृतप्रकारा स्तोमाः स्तवाः तुभ्यं त्वदर्थम् । कृता इति शेषः । यद्वा मघानि ददतः प्रयच्छतः । ॐ चतुर्थ्यर्थे षष्ठी ॐ । प्रयच्छते तुभ्यम् इति व्याख्येयम् । हे इन्द्र तेषाम् एतेषाम् अस्माभिः कृतानां स्तोमानाम् । यद्वा तेषां स्तोमसंपादकानाम् अस्माकम् इति व्याख्येयम् । वृत्रहत्ये वृत्रस्य आवरकस्य पापस्य वा हत्ये हनने निमित्तभूते सति शिवः सुखयिता भूः भव । किं च नृणाम् हविषां स्तुतीनां वा नेतृणाम् अस्माकं शूरस्त्वं सखा च भूः सखिवन्मित्रभूतो भव । अविता च रक्षिता च भूः भव ॥

हे नेताओंमें भी परम नेता इन्द्र ! हमारे अभिमुख होकर श्रेष्ठ धनोंको प्रदान करने वाले आपके लिये ये स्तोत्र हैं । हे इन्द्र ! इन हम स्तोत्र करने वालोंके पापनिवारणके अवसर पर आप सुख देने वाले हों और हवि पहुँचाने वाले हमारे लिये आप मित्रकी समान होजावें और हमारे रक्षक भी बनें ॥ १० ॥

एकादशी ॥

नू इन्द्र शूर स्तवमान ऊती ब्रह्मजूतस्तन्वा वावृधस्व
उप नो वाजान् मिमीह्युप स्तीन् यूयं पात स्वस्तिभिः
सदा नः ॥ ११ ॥

नु । इन्द्र । शूर । स्तवमानः । ऊती । ब्रह्मऽजूतः । तन्वा । ववृधस्व ।

उप । नः । वाजान् । मिमीहि । उप । स्तीन् । यूयम् । पात ।
स्वस्तिऽभिः । सदा । नः ॥ ११ ॥

हे शूर शौर्योपेत इन्द्र ऊती ऊत्या रक्षणया निमित्तभुतया स्तवमानः । ❀ कर्मणि कर्तृप्रत्ययः ❀ । अस्माभिः स्तूयमानः तथा ब्रह्मजूतः ब्रह्मणा हविषा जूतः प्रापितश्च सन् तन्वा स्वकीयेन शरीरेण वावृधस्व अत्यर्थं प्रवृद्धो भव । ततो नः अस्मभ्यं वाजान् अन्नानि उप मिमीहि । उप प्रयच्छेत्यर्थः । तथा स्तीन् स्त्यायन्ति समर्थयन्ति कुलम् इति स्तयः पुत्राद्याः । तानपि उप मिमीहि । हे अन्ये अग्न्यादयो देवाः यूयमपि स्वस्तिभिः । सु अस्तीति स्वस्ति क्षेमः । तैः सदा नः अस्मान् पात रक्षत ॥

इति चतुर्थोऽनुवाकः ॥

हे शूरतासम्पन्न इन्द्र ! रक्षाके कारण हमसे स्तुति पाते हुए तथा मन्त्रके द्वारा हवि पाते हुए आप अपने शरीरसे बढ़िये । फिर हमारे लिये धन प्रदान करिये और पुत्र आदिको प्रदान करिये । और हे अन्य अग्नि आदि देवताओं ! आप भी क्षेम करके हमारी रक्षा करते रहिये ॥ ११ ॥

बीसवें काण्डके चतुर्थ अनुवाकमें चतुर्थ सूक्त समाप्त (६५३)

चतुर्थ अनुवाक समाप्त

अभिप्लवे षडहे "आ याहि सुषुमा हि ते" इत्यादयो यथाक्रमं षड् आज्यस्तोत्रिया भवन्ति । तद्व उक्तं वैताने । "अभिप्लव आ याहि सुषुमा हि त इति षड् आज्यस्तोत्रिया आरम्भणीयापर्यासवर्जम्" इति [वै० ६. १] ॥ पाठक्रमात् "इन्द्रं वो विश्वतस्परि [२०. ३९. १] "व्यन्तरिक्षमतिरत्" [२०. ३९. २] इत्येतयोः प्रयोगे प्राप्ते प्रतिषेधार्थम् आरम्भणीयापर्यासवर्जमित्युक्तम् । तेन "आ याहि सुषुमा हि ते" [२०. ३८. १-३]

"इन्द्रमिद् गाथिनो बृहत्" [२०. ३८. ४-६] "इन्द्रेण सं हि दृक्षसे" [२०. ४०. १-३] "इन्द्रो दधीचो अस्थभिः" [२०. ४१. १-३] "वाचमष्टापदीमहम्" [२०. ४२, १-३] "भिन्धि विश्वा अप द्विषः" [२०. ४३, १-३] इति षट् स्तोत्रियाः ॥

तथा गवामयनस्य चतुर्विंशे "इन्द्रमिद् गाथिनो बृहत्" [२०. ३८. ४-६] इत्याज्यस्तोत्रियो भवति । "चतुर्विंश इन्द्रमिद् गाथिनो बृहद् इत्याज्यस्तोत्रियः" [वै० ६. १] इति सूत्रितत्वात् ॥

तथा स्वरसामाख्येषु त्रिष्वहःसु यथाक्रमम् "आ याहि" इत्यादय आज्यस्तोत्रिया भवन्ति । तद् उक्तं वैताने । "स्वरसामस्वा याहि सुषुमा हि त इन्द्रमिद् गाथिनो बृहद्द इन्द्रेण सं हि दृक्षस इति" इति [वै० ६. ३] ॥

अभिप्लव षडहमें "आ याहि सुषुमा हि ते" आदिक यथाक्रम छः आज्यस्तोत्रिय होते हैं । इसी बातको वैतानसूत्रमें कहा है, कि-"अभिप्लव आ याहि सुषुमा हि त इति षड् आज्यस्तोत्रिया आरंभणीयापर्यासवर्जम्" (वैतानसूत्र ६। १)। पाठक्रम के अनुसार "इन्द्रं वो विश्वतस्परि" (२० । ३९ । १) "व्यन्तरिक्षमतिरत्" (२० । ३९ । २) इनके प्रयोगकी प्राप्ति होने पर इनके प्रतिषेधके लिये आरम्भणीयापर्यासवर्जम् कहा है ॥ इस कारण "आ याहि सुषुमा हि ते" (२० । ३८ । १-३) "इन्द्रमिद् गाथिने बृहद्" (२० । ३८ । ४-६) "इन्द्रेण सं हि दृक्षसे" (२० । ४० । १-३) "इन्द्रो दधीचो अस्थिभिः" (२० । ४१ । १-३) "वाचमष्टापदीमहम्" (२० । ४२ । १-३) "भिंधि विश्वा अप द्विषः" (२० । ४३ । १-३) ये छः स्तोत्रिय हैं ।

तथा गवामयनके चतुर्विंशमें "इन्द्रमिद् गाथिनो बृहद्" (२० । ३८ । ४-६) यह आज्यस्तोत्रिय होता है । इसी बात

को वैतानसूत्र ६ । १ में कहा है, कि—"चतुर्विंश इन्द्रमिद् गाथिनो बृहद् इत्याज्यस्तोत्रियः" ॥

तथा स्वरसाम नामक तीन दिनोंमें यथाक्रम "आ याहि" इत्यादिक आज्यस्तोत्रिय होते हैं। इसी बातको वैतानसूत्र ६ । ३ में कहा है, कि—"स्वरसामस्वा-याहि सुषुमा हि त इन्द्रमिद् गाथिनो बृहद् इन्द्रेण सं हि दृक्षसे" ॥

आ याहि सुषुमा हि त इन्द्र सोमं पिबा इमम् । एदं बर्हिः सदो मम ॥ १ ॥

आ । याहि । सुसुम । हि । ते । इन्द्र । सोमम् । पिब । इमम् ॥
आ । इदम् । बर्हिः । सदः । मम ॥ १ ॥

हे इन्द्रदेव ! आप यहाँ आइये, हमने सोमका अभिषव कर लिया है। इस अभिषुत सोमका आप पान करिये। इन बिछी हुई कुशाओं पर आप बैठिये ॥ १ ॥

आ त्वा ब्रह्मयुजा हरी वहतामिन्द्र केशिना । उप ब्रह्माणि नः शृणु ॥ २ ॥

आ । त्वा । ब्रह्मऽयुजा । हरी इति । वहताम् । इन्द्र । केशिना ॥
उप । ब्रह्माणि । नः । शृणु ॥ २ ॥

हे इन्द्र ! मन्त्रोंके द्वारा रथमें संयुक्त होने वाले, अभीष्ट स्थान को ले जाने वाले, बड़े बड़े अयालों वाले हरी नामक घोड़े आप को (हमारे यज्ञमें) लावें, आप आकर हमारे आह्वान सुनिये २

ब्रह्माणस्त्वा वयं युजा सोमपामिन्द्र सोमिनः । सुतावन्तो हवामहे ॥ ३ ॥

ब्रह्माणः । त्वा । वयम् । युजा । सोमऽपाम् । इन्द्र । सोमिनः ॥

सुतऽवन्तः । हवामहे ॥ ३ ॥

हे इन्द्र ! हम पूजा करने वाले सोमयाग कर चुके हैं और अभिषव किया हुआ सोम हमारे पास है, ऐसे हम सोमपान करने वाले आपको हृदयस्पर्शी स्तोत्रोंसे बुलाते हैं ॥ ३ ॥

इन्द्रमिद् गाथिनो बृहदिन्द्रमर्केभिरर्किणः । इन्द्रं वाणी-रनूषत ॥ ४ ॥

इन्द्रम् । इत् । गाथिनः । बृहत् । इन्द्रम् । अर्केभिः । अर्किणः ॥

इन्द्रम् । वाणीः । अनूषत ॥ ४ ॥

गाथागान करने वाले पुरुष इन्द्रकी ही प्रशंसा करते हैं, पूजा करने वाले मन्त्रोंके द्वारा इन्द्रका ही विशाल पूजन करते हैं, और वाणी भी इन्द्रकी ही स्तुति करती है ॥ ४ ॥

इन्द्र इद्धर्योः सचा संमिश्ल आ वचोयुजा । इन्द्रो वज्री हिरण्ययः ॥ ५ ॥

इन्द्रः । इत् । हर्योः । सचा । सम्ऽमिश्लः । आ । वचःऽयुजा ॥

इन्द्रः । वज्री । हिरण्ययः ॥ ५ ॥

इन्द्रदेव ही हरि नामक घोड़ोंके साथ रहते हैं, यह मन्त्रसे रथमें संयुक्त होने वाले घोड़ोंसे भली प्रकार प्राप्त होते हैं, इन्द्र-देव ही हित रमणीय हैं और वज्रधारी हैं ॥ ५ ॥

इन्द्रो दीर्घाय चक्षस आ सूर्यं रोहयद् दिवि । वि गोभिरद्रिमैरयत् ॥ ६ ॥

इन्द्रः । दीर्घाय । चक्षसे । आ । सूर्यम् । रोहयत् । दिवि ॥ वि ।
गोभिः । अद्रिम् । ऐरयत् ॥ ६ ॥

इति पञ्चमेऽनुवाके प्रथमं सूक्तम् ॥

इन्द्रने दीर्घ दर्शनके लिये सूर्यको आकाशमें चढाया है और
और सूर्यात्मक इन्द्रने किरणोंसे मेघोंको विदीर्ण किया है ॥६॥

पञ्चम अनुवाकमें प्रथम सूक्त समाप्त (६५४)

गवामयनादौ संवत्सरे प्रातःसवने अनुरूपाद् अनन्तरम् "इन्द्रं वो विश्वतस्परि" [२०. ३९. १] इति ऋग् आरम्भणीया । तत्रैव "व्यन्तरिक्षम् अतिरत्" [२०. ३९. २] इति पर्यासो भवति । तद् उक्तं वैताने । "इन्द्रं वो विश्वतस्परीत्यारम्भणीया । व्यन्तरिक्षमतिरदिति पर्यासः" इति [वै० ६. ५] ॥ आरभ्यते उक्थमुखम् इत्यारम्भणीया । पर्यस्यते परिसमाप्यते अनेन शस्त्रमिति पर्यासः ॥

तथा गोसवविवधवैश्यस्तोमेषु त्रिषु एकाहेषु "इन्द्रं वो विश्वतस्परि" [२०. ३९] "आ नो विश्वासु हव्यः" [२०.१०४.३] एतौ आज्यपृष्ठस्तोत्रियौ भवतः । तद् उक्तं वैताने । "गोसवविवधवैश्यस्तोमेष्विन्द्रं वो विश्वतस्पर्याणो विश्वासु हव्य इति" इति [वै० ८. १] ॥

गवामयन आदिमें सम्वत्सरके प्रातःसवनमें अनुरूपके अनन्तर "इन्द्रं वो विश्वतस्परि" (२० । ३९ । १) की ऋचा आरंभणीया है, तहाँ ही "व्यन्तरिक्षम् अतिरद्" (२० । ३९ । २) यह पर्यास होता है । इसी बातको वैतानसूत्रमें कहा है, कि—
"इन्द्रं वो विश्वतस्परीत्यारंभणीया । व्यन्तरिक्षमतिरदिति पर्यासः" ॥

तथा गोसव विवध वैश्यस्तोमोंके तीन एकाहोंमें "इन्द्रं वो

विश्वतस्परि" (२० । ३६) "आ नो विश्वासु हव्यः" (२०। १०४ । ३) यह आज्यपृष्ठस्तोत्रिय होते हैं। इसी बातको वैतान-सूत्रमें कहा है, कि-"गोसवविवधवैश्यस्तोमेष्विन्द्रं वो विश्वतस्पर्याणो विश्वासु हव्य इति" (वैतानसूत्र ८ । १) ॥

इन्द्रं वो विश्वतस्परि हवामहे जनेभ्यः । अस्माकमस्तु केवलः ॥ १ ॥

इन्द्रम् । वः । विश्वतः । परि । हवामहे । जनेभ्यः ॥ अस्माकम् । अस्तु । केवलः ॥ १ ॥

हम चारों ओरके प्राणियोंकी ओरसे (हटा कर) इन्द्रका आह्वान करते हैं, वह केवल हमारे ही हों ॥ १ ॥

व्यं१न्तरिक्षमतिरन्मदे सोमस्य रोचना । इन्द्रो यद-भिनद् वलम् ॥ २ ॥

वि । अन्तरिक्षम् । अतिरत् । मदे । सोमस्य । रोचना ॥ इन्द्रः । यत् । अभिनत् । वलम् ॥ २ ॥

इन्द्रदेवने दमकते हुए अन्तरिक्षको वृष्टिके जलसे बढाया था (किसकी सहायतासे बढाया था इसके उत्तरमें कहते हैं, कि-) सोमरसके पानसे मद होजाने पर बढाया था (कब) जब इन्द्र ने बलासुर वा मेघको विदीर्ण किया था ॥ २ ॥

उद् गा आजदङ्गिरोभ्य आविष्कृण्वन् गुहा सतीः । अर्वाञ्चं नुनुदे वलम् ॥ ३ ॥

उत् । गाः । आजत् । अङ्गिरःऽभ्यः । आविः । कृण्वन् । गुहा । सतीः ॥ अर्वाञ्चम् । नुनुदे । वलम् ॥ ३ ॥

इन्द्रदेवने अंगिरा गोत्र वालोंके लिये, गुहामें पड़ी हुई अत एव अप्रकाशित गौओंको प्रकाशित कर दिया था और फिर उन को बाहर ले आए थे और उन्होंने गौओंका अपहरण करनेवाले बल नामक असुरको भी औंधे मुख करके गिरा दिया था ॥३॥

इन्द्रेण रोचना दिवो दृळ्हानि दृंहितानि च । स्थिराणि न पराणुदे ॥ ४ ॥

इन्द्रेण । रोचना । दिवः । दृळ्हानि । दृंहितानि । च ॥ स्थिराणि । न । पराऽनुदे ॥ ४ ॥

इन्द्रदेवने आकाशमें दमकते हुए ग्रह नक्षत्र आदिको स्थूल किया है और दृढ़ किया है अत एव स्थिर होनेके कारण उनको कोई च्युत नहीं कर सकता ॥ ४ ॥

अपामूर्मिर्मदन्निव स्तोम इन्द्राजिरायते । वि ते मदा अराजिषुः ॥ ५ ॥

अपाम् । ऊर्मिः । मदन्ऽइव । स्तोमः । इन्द्र । अजिरऽयते ॥ वि । ते । मदाः । अराजिषुः ॥ ५ ॥

इति पञ्चमेऽनुवाके द्वितीयं सूक्तम् ॥

हे इन्द्रदेव ! आपका स्तोत्र समुद्र आदिको वृष्टिजलसे हर्षता देता हुआ रसकी समान शीघ्रतासे आपके मुखसे निकलता है आपके सोमपानजनित मद विशेषरूपसे दमकते हैं ॥ ५ ॥

पञ्चम अनुवाकमें द्वितीय सूक्त समाप्त (६५५)

"इन्द्रेण सं हि दृक्षसे" इत्यस्य "आ याहि सुषुमा हि ते" [२०. ३८] इत्यत्र विनियोग उक्तः ॥

तथा पृष्ठ्यस्य तृतीयेहनि "इन्द्रेण सं हि दृक्षसे" [२०. ४०] "वयं घ त्वा सुतावन्तः" [२०. ५२] "त्वं न इन्द्रा भर" [२०. १०८] इत्येते आज्यपृष्ठोक्थस्तोत्रिया भवन्ति। तद्व उक्तं वैताने। "तृतीय इन्द्रेण सं हि दृक्षसे वयं घ त्वा सुतावन्तस्त्वं न इन्द्रा भरेति" इति [वै० ८. ४] ॥

"इन्द्रेण सं हि दृक्षसे" इसका "आ याहि सुषुमा हि ते" (२०।३८) के साथ विनियोग कह दिया है।

तथा पृष्ठ्यके तृतीय दिनमें "इन्द्रेण सं हि दृक्षसे" (२०।४०) "वयं घ त्वा सुतावन्तः" (२०।५२) "त्वं न इन्द्रा भर" (२०।१०८) ये आज्यपृष्ठके उक्थस्तोत्रिय होते हैं। इसी बात को वैतानसूत्र ८।४ में कहा है, कि–"तृतीय इन्द्रेण सं हि दृक्षसे वयं घ त्वा सुतावन्तस्त्वं न इन्द्रा भरेति" ॥

इन्द्रेण सं हि दृक्षसे संजग्मानो अबिभ्युषा। मन्दू समानवर्चसा ॥ १ ॥

इन्द्रेण। सम्। हि। दृक्षसे। सम्ऽजग्मानः। अबिभ्युषा ॥ मन्दू इति। समानऽवर्चसा ॥ १ ॥

हे भगवन् इन्द्र! आप अभयवान् मरुद्गणसे मिलते हुए नित्य ही देखे जाते हैं मरुद्गण और आप दोनों एकत्र मिल कर नित्य प्रमुदित रहते हैं और आप दोनोंकी दीप्ति समान है १

अनवद्यैरभिद्युभिर्मखः सहस्वदर्चति। गणैरिन्द्रस्य काम्यैः ॥ २ ॥

अनवद्यैः । अभिद्युऽभिः । मखः । सहस्वत् । अर्चति ॥ गणैः ।

इन्द्रस्य । काम्यैः ॥ २ ॥

निष्पाप और दमकते हुए इन्द्रके काम्यगणोंसे यज्ञ बलपूर्वक शोभा पाता है ॥ २ ॥

आदह स्वधामनु पुनर्गर्भत्वमेरिरे। दधाना नाम यज्ञियम् ॥ ३ ॥

आत् । अह । स्वधाम् । अनु । पुनः । गर्भऽत्वम् । आऽईरिरे ॥

दधानाः । नाम । यज्ञियम् ॥ ३ ॥

इति पञ्चमेनुवाके तृतीयं सूक्तम् ॥

इसके अनन्तर यह स्वधा देने पर गर्भत्वको प्राप्त होजाते हैं और यज्ञिय नामको धारण करते हैं ॥ ३ ॥

पञ्चम अनुवाकमें तृतीय सूक्त समाप्त (६५६)

"इन्द्रो दधीचो अस्थभिः" इत्यस्य "आ याहि सुषुमा हि ते" [२०. ३८] इत्यत्र विनियोग उक्तः ॥

तथा पृष्ठ्यषडहस्य एकविंशस्तोमके चतुर्थेहनि एकाहैकीभूते "इन्द्रो दधीचो अस्थभिः" इत्यादयः आज्यपृष्ठोक्थस्तोत्रिया भवन्ति । तद् उक्तं वैताने । "पृष्ठ्यस्यैकविंश इन्द्रो दधीचो अस्थभिः [२०. ४१] विश्वाः पृतना अभिभूतरं नरम् [२०. ५४] एवा ह्यसि वीरयुः [२०. ६०] इति" इति [वै०८. २]॥

"इन्द्रो दधीचो अस्थभिः" सूक्तका "आ याहि सुषुमा हि ते" (२० । ३८) में विनियोग कह दिया है ।

तथा पृष्ठ्यषडहके एकविंश स्तोमक चतुर्थ दिनके एकाहैकी-भूतमें "इन्द्रो दधीचो अस्थभिः" इत्यादिक आज्यपृष्ठोक्थस्तो-

त्रिय होते हैं । इसी बातको वैतानसूत्रमें कहा है, कि-"पृष्ठ्यस्यै-कविंश इन्द्रो दधीचो अस्थभिः (२० । ४१) विश्वाः पृतना अभिभूतरं नरम् (२० । ५४) एवा ह्यसि वीरयुः (२० । ६०)" (वैतानसूत्र ८ । २) ॥

इन्द्रो दधीचो अस्थभिर्वृत्राण्यप्रतिष्कुतः । जघान नवतीर्नव ॥ १ ॥

इन्द्रः । दधीचः । अस्थऽभिः । वृत्राणि । अप्रतिऽस्कुतः ॥ जघान । नवतीः । नव ॥ १ ॥

संग्रामोंमें मुख न मोड़ने वाले इन्द्रदेवने वृत्रासुरके निन्यानवें पुरोंको नष्ट कर दिया है ॥ १ ॥

इच्छन्नश्वस्य यच्छिरः पर्वतेष्वपश्रितम् । तद् विदच्छर्यणावति ॥ २ ॥

इच्छन् । अश्वस्य । यत् । शिरः । पर्वतेषु । अपऽश्रितम् ॥ तत् । विदत् । शर्यणाऽवति ॥ २ ॥

पर्वतोंमें अपश्रित अश्वके शिरकी इच्छा करते २ इन्होंने उसको शर्यणावत्में पाया था ॥ २ ॥

अत्राह गोरमन्वत नाम त्वष्टुरपीच्यम् । इत्था चन्द्रमसो गृहे ॥ ३ ॥

अत्र । अह । गोः । अमन्वत । नाम । त्वष्टुः । अपीच्यम् ॥ इत्था । चन्द्रमसः । गृहे ॥ ३ ॥

इति पञ्चमेनुवाके चतुर्थं सूक्तम् ॥

इस चन्द्रमण्डलरूपी घरमें सूर्यात्मक इन्द्रदेवकी ही एक किरण गई हुई है, इस बातको दूसरी सूर्य किरणें जानती हैं ॥३॥

पञ्चम अनुवाकम चतुर्थं सूक्त समाप्त (६५७)

"वाचमष्टापदीमहम्" इत्यस्य विनियोगः "आ याहि सुषुमा हि ते" [२०, ३८] इत्यनेन सह उक्तः ॥

तथा अश्वमेधस्य त्र्यहस्य द्वितीयेऽहनि "वाचमष्टापदीमहम्" [२०, ४२] "स्वादोरित्था विषूवतः" [२०, १०६] इत्येतौ आज्यपृष्ठस्तोत्रियौ भवतः। तद् उक्तं वैताने। "अश्वमेधस्य वाचमष्टापदीमहं स्वादोरित्था विषूवत इति" इति [वै० ८, ३] ॥

"वाचमष्टापदीमहम्" का विनियोग "आ याहि सुषुमा हि ते" (२० । ३८) के साथ कह दिया है।

तथा अश्वमेध त्र्यहके दूसरे दिन "वाचमष्टापदीमहम्" (२० । ४२) "स्वादोरित्था विषूवतः (२० । १०६) ये दोनों आज्य-पृष्ठस्तोत्रिय होते हैं। इसी बातको वैतानसूत्रमें कहा है, कि— "अश्वमेधस्य वाचमष्टापदीमहम् स्वादोरित्था विषूवतः" (वैतान-सूत्र ८ । ३) ॥

वाचमष्टापदीमहं नवस्रक्तिमृतस्पृशम्। इन्द्रात् परि तन्वं ममे ॥ १ ॥

वाचम् । अष्टाऽपदीम् । अहम् । नवऽस्रक्तिम् । ऋतऽस्पृशम् ॥ इन्द्रात् । परि । तन्वम् । ममे ॥ १ ॥

मैं इन्द्रदेवसे अष्टापदी, नवस्रक्ति, सत्यका स्पर्श करने वाली वाणीको अपने शरीरमें स्थापित कर चुका हूँ ॥ १ ॥

अनु त्वा रोदसी उभे क्रक्षमाणमकृपेताम्। इन्द्र यद् दस्युहाभवः ॥ २ ॥

अनु । त्वा । रोदसी इति । उभे इति । क्रक्षमाणम् । अकृपेताम् ॥

इन्द्र । यत् । दस्युऽहा । अभवः ॥ २ ॥

हे इन्द्रदेव ! जब आप दस्युओंका संहार कर रहे थे, तब दुर्बल पड़ते हुए आप पर द्यावापृथिवीने कृपा की थी-शक्ति प्रदान की थी २

उत्तिष्ठन्नोजसा सह पीत्वी शिप्रे अवेपयः । सोमं-
मिन्द्र चमू सुतम् ॥ ३ ॥

उत्ऽतिष्ठन् । ओजसा । सह । पीत्वी । शिप्रे इति । अवेपयः ॥

सोमम् । इन्द्र । चमू इति । सुतम् ॥ ३ ॥

इति पञ्चमेनुवाके पञ्चमं सूक्तम् ॥

हे इन्द्र ! आप उठ कर अभिषवणके फलकोंसे निचोड़े हुए सोमका पान करके बलपूर्वक उठ कर अपनी ठोड़ियोंको संचालित करिये ॥ ३ ॥

पञ्चम अनुवाकमें पञ्चम सूक्त समाप्त (६५८)

"भिन्धि विश्वा अप द्विषः" इत्यस्य विनियोगः "आ याहि" [२० ३८] इत्यत्र उक्तः ॥

तथा अप्तोर्याम्णि क्रतौ उपरिष्टान्माध्यंदिनवचनात् प्रातःसवने "भिन्धि विश्वा अप द्विषः" [२०. ४३] इत्यनुरूपम् अभितः "आ नो याहि" [२०. ४] इत्यनुरूपो भवति । तद् उक्तं वैताने । "भिन्धि विश्वा अप द्विष इत्यनुरूपमभित आ नो याहीति" इति [वै० ४. ३] ॥

"भिन्धि विश्वा अप द्विषः" इसका विनियोग (२० । ३८) में कह दिया है ।

तथा अप्तोर्यामके क्रतुमें माध्यन्दिनके अनन्तर प्रातःसवनमें

"भिन्धि विश्वा अप द्विषः" (२० । ४३) इस अनुरूपके अनंतर चारों ओर "आ नो याहि" (२० । ४) यह अनुरूप होता है। इसी बातको वैतानसूत्रमें कहा है, कि—"भिन्धि विश्वा अप द्विष इत्यनुरूपमभित आ नो याहीति" (वैतानसूत्र ४ । ३)

भिन्धि विश्वा अप द्विषः परि बाधो जही मृधः ।
वसु स्पार्हं तदा भर ॥ १ ॥

भिन्धि । विश्वाः । अप । द्विषः । परि । बाधः । जहि । मृधः ॥
वसु । स्पार्हम् । तत् । आ । भर ॥ १ ॥

हे इन्द्र ! हमारे शत्रुओंको आप भेदिये, युद्धकी सब बाधाओं को नष्ट कर दीजिये, तदनन्तर स्पृहणीय धनको हममें पुष्ट करिये

यद् वीलाविन्द्र यत् स्थिरे यत् पर्शाने पराभृतम् ।
वसु स्पार्हं तदा भर ॥ २ ॥

यत् । वीलौ । इन्द्र । यत् । स्थिरे । यत् । पर्शाने । पराऽभृतम् । ०

जो धन दृढ़ पुरुषमें रहता है, जो स्थिर पुरुषमें रहता है और जो धन पार्श्वोंमें भरा जाता है, उस स्पृहणीय धनको हे इन्द्र ! हमें प्रदान करिये ॥ २ ॥

यस्य ते विश्वमानुषो भूरेर्दत्तस्य वेदति । वसु स्पार्हं
तदा भर ॥ ३ ॥

यस्य । ते । विश्वऽमानुषः । भूरेः । दत्तस्य । वेदति ॥ वसु ।
स्पार्हम् । तत् । आ । भर ॥ ३ ॥

इति पञ्चमेऽनुवाके षष्ठं सूक्तम् ॥

जिस आपके दिये हुए विशाल धनको सब मनुष्य पाते हैं, उस स्पृहणीय धनको हमें प्रदान करिये ॥ ३ ॥

पञ्चम अनुवाकमें छठा सूक्त समाप्त (६५६)

प्र सम्राजं चर्षणीनामिन्द्रं स्तोता नव्यं गीर्भिः । नरं नृषाहं मंहिष्ठम् ॥ १ ॥

प्र । सम्ऽराजम् । चर्षणीनाम् । इन्द्रम् । स्तोत । नव्यम् । गीःऽभिः ॥ नरम् । नृऽसहम् । मंहिष्ठम् ॥ १ ॥

मैं पूजनीय, सदा नवीन ही रहने वाले, नेता, नृसाह और मनुष्योंके राजा इन्द्रकी स्तुतियोंसे स्तुति करूँगा ॥ १ ॥

यस्मिन्नुक्थानि रण्यन्ति विश्वानि च श्रवस्या । अपामवो न समुद्रे ॥ २ ॥

यस्मिन् । उक्थानि । रण्यन्ति । विश्वानि । च । श्रवस्या ॥ अपाम् । अवः । नः । समुद्रे ॥ २ ॥

जैसे निम्नस्थलमेंको जाने वाला जलोंका समूह समुद्रमेंको जाता है, इसी प्रकार जिसमें समस्त उक्थ (स्तोत्र) और अन्न की इच्छासे किये जाने वाले यज्ञ रमण करते हैं ॥ २ ॥

तं सुष्टुत्या विवासे ज्येष्ठराजं भरे कृत्नुम् । महो वाजिनं सनिभ्यः ॥ ३ ॥

तम् । सु । स्तुत्या । आ । विवासे । ज्येष्ठऽराजम् । भरे । कृत्नुम् ॥ महः । वाजिनम् । सनिऽभ्यः ॥ ३ ॥

इति पञ्चमेनुवाके सप्तमं सूक्तम् ॥

उनको मैं सुन्दर स्तुतिके द्वारा प्रकाशित करता हूँ, उन शत्रुओं का कर्तन करनेके स्वभाव वाले, बड़े दमकने वाले और स्तोताओंको यश तथा अन्न प्रदान करने वालेको मैं (हविसे) पुष्ट करता हूँ ॥ २ ॥

पञ्चम अनुवाकमें सप्तम सूक्तसमाप्त (६६०)

तीव्रसुदुपशदोपहव्याख्येषु त्रिषु एकाहेषु "अयमु ते समतसि" [२०.४५] "इमा उ त्वा पुरूवसो" [२०.१०४]एतौ आज्यपृष्ठस्तोत्रियौ यथाक्रम भवतः ॥

तथा व्युष्टिव्यहे एतौ आज्यपृष्ठस्तोत्रियौ भवतः ॥

तद् उक्तं वैताने। "तीव्रसुदुशोपहव्यैष्वयमु ते समतसीमा उ त्वा पुरूवसो इति। व्युष्टिव्यहे च" इति [वै० ८. १] ॥

तथा संसर्पचतुर्वीरयोश्चतुरहयोः सर्वेष्वहःसु एतौ आज्यपृष्ठस्तोत्रियौ भवतः । तद् उक्तं वैताने । "संसर्पचतुर्वीरयोरयमु ते समतसीमा उ त्वा पुरूवसो इति" इति [वै० ८. ३] ॥

तीव्र सुदुप शदोपहव्य नामक तीन एकाहोंमें "अयमु ते समतसि" (२० । ४५) "इमा उ त्वा पुरूवसो" (२० । १०४) ये क्रमशः आज्यपृष्ठ स्तोत्रिय होते हैं।

इसी बातको वैतानसूत्रमें कहा है, कि—"तीव्रसुदुपशदोपहव्येष्वयमु ते समतसीमा उ त्वा पुरूवसो इति। व्युष्टिव्यहे च" (वैतानसूत्र ८। १) ॥

तथा चार दिनमें होने वाले संसर्प और चतुर्वीरके सब दिनों मे ये आज्यपृष्ठ स्तोत्रिय होते हैं।

इसी बातको वैतानसूत्रमें कहा है, कि-"संसर्पचतुर्वीरयोरयमु ते समतसीमा उ त्वा पुरूवसो इति" (वैतानसूत्र ८।३) ॥

अयमु ते समतसि कपोत इव गर्भधिम्। वचस्तच्चिन्न ओहसे ॥ १ ॥

अयम् । ऊं इति । ते । सम् । अतसि । कपोतःऽइव । गर्भऽधिम् ॥

वचः । तत् । चित् । नः । ओहसे ॥ १ ॥

जिस हमारे वचनकी आप तर्कना करते हैं, उस हमारे वचन को कपोत जसे गर्भधारण करने वाली गर्भधि (कपोती) को प्राप्त होता है तिस प्रकार आप प्राप्त होवें अर्थात् हमारे वचनका सेवन करें ॥ १ ॥

स्तोत्रं राधानां पते गिर्वाहो वीर यस्य ते। विभूति-
रस्तु सूनृता ॥ २ ॥

स्तोत्रम् । राधानाम् । पते । गिर्वाहः । वीर । यस्य । ते ॥ विऽ-
भूतिः । अस्तु । सूनृता ॥ २ ॥

हे धनोंके स्वामी ! स्तुतियें आपको प्राप्तकराने वाली हैं, हे वीर ! ऐसे आपकी विभूति सूनृता हो ॥ २ ॥

ऊर्ध्वस्तिष्ठा न ऊतयेऽस्मिन् वाजे शतक्रतो। समन्येषु
ब्रवावहै ॥ ३ ॥

ऊर्ध्वः । तिष्ठ । नः । ऊतये । अस्मिन् । वाजे । शतक्रतो इति
शतऽक्रतो ॥ सम् । अन्येषु । ब्रवावहै ॥ ३ ॥

इति पञ्चमेऽनुवाके अष्टमं सूक्तम् ॥

हे शतक्रतो इन्द्र ! इस युद्धमें वा यज्ञमें आप हमारी रक्षाके लिये ऊँचे खड़े हूजिये । हम अन्य पुरुषोंकी स्पर्धा करते हुए अपने लिये भली प्रकार प्रार्थना कर रहे हैं ॥ ३ ॥

पञ्चम अनुवाकमें अष्टम सूक्तसमाप्त (६६१)

स्वरसामाख्येषु त्रिष्वहःसु अभिप्लवे च "सं चोदय चित्रमर्वाक्" [२०. ७१. ११] "प्रणेतारं वस्यो अच्छा" [२०.४६] एतौ आज्यपृष्ठस्तोत्रियौ पर्यायेण भवतः। तद् उक्तं वैताने। "स्वरसामसु संचोदय चित्रमर्वाक् प्रणेतारं वस्यो अच्छेति पर्यायेण। अभिप्लवे च" इति [वै० ८. ४] ॥

स्वरसाम नामक तीन दिनोंमें और अभिप्लवमें भी "सं चोदय चित्रमर्वाक्" (२० । ७१ । ११) "प्रणेतारं वस्यो अच्छा" (२० । ४६) ये पर्यायसे आज्यपृष्ठ स्तोत्रिय होते हैं। इसी बातको वैतानसूत्रमें कहा है, कि—"स्वरसामसु संचोदय चित्रमर्वाक् प्रणेतारं वस्यो अच्छेति पर्यायेण। अभिप्लवे च" (वैतानसूत्र ८ । ४) ॥

प्रणेतारं वस्यो अच्छा कर्तारं ज्योतिः समत्सु ।

सासह्वांसं युधामित्रान् ॥ १ ॥

प्रऽनेतारम् । वस्यः । अच्छ । कर्तारम् । ज्योतिः । समत्ऽसु ॥

ससऽह्वांसम् । युधा । अमित्रान् ॥ १ ॥

भली प्रकार प्रसन्न करने वाले यागोंमें उत्कृष्ट ज्योतिको करने वाले, नेता, और युद्ध करके शत्रुओंको दवाने वाले (इंद्र का मैं आह्वान करता हूँ) ॥ १ ॥

स नः पप्रिः पारयाति स्वस्ति नावा पुरुहूतः। इन्द्रो

विश्वा अति द्विषः ॥ २ ॥

सः । नः । पप्रिः । पारयाति । स्वस्ति । नावा । पुरुऽहूतः ॥

इन्द्रः । विश्वाः । अति । द्विषः ॥ २ ॥

वह पुरुहूत पालक इन्द्रदेव हमको स्वस्तिमयी नौकासे पार लगावें, वह इन्द्रदेव सब शत्रुओंसे हमें अधिक रक्खें ॥ २ ॥

स त्वं न इन्द्र वाजेभिर्दशस्या च गातुया च । अच्छा च नः सुम्नं नेषि ॥ ३ ॥

सः । त्वम् । नः । इन्द्र । वाजेभिः । दशस्य । च । गातुऽया । च ॥ अच्छ । च । नः । सुम्नम् । नेषि ॥ ३ ॥

इति पञ्चमेनुवाके नवमं सूक्तम् ॥

हे इन्द्रदेव ! वह आप हमको अन्नसे, और गमन करने वाली दश अंगुलियोंसे हमारे अभिमुख सुखको लाते हैं ॥ ३ ॥

पञ्चम अनुवाकमें नवम सूक्त समाप्त (६६२)

अतिरात्रे अतिरिक्तोक्थेषु "तमिन्द्रं वाजयामसि" [२. ४७] "महाँ इन्द्रो य ओजसा" [२०. १३८] इत्येतौ स्तोत्रियानुरूपौ भवतः । तद् उक्तं वैताने । "तमिन्द्रं वाजयामसि महाँ इन्द्रो य ओजसेति स्तोत्रियानुरूपौ" इति [वै० ४. ३] ॥

तथा छन्दोमाख्येषु त्रिष्वहःसु प्रातःसवने "इन्द्रा याहि चित्रभानो" [२०. ८४] "तमिन्द्रं वाजयामसि" [२०. ४७] "महाँ इन्द्रो य ओजसा" [२०.१३८] इत्येते यथाक्रमम् आज्यस्तोत्रिया भवन्ति । तद् उक्तं वैताने । "छन्दोमेष्विन्द्रा याहि चित्रभानो तमिन्द्रं वाजयामसि महाँ इन्द्रो य ओजसेत्याज्यस्तोत्रियाः" इति [वै० ६. ३] ॥

तथा वैश्वदेवादीनां त्र्यहाणां द्वितीयेष्वहःसु यथासंभवम् "तमिन्द्रं वाजयामसि" [२०. ४७] "अस्तावि मन्म पूर्व्यम्" [२०. ११६] "तं ते मदं गृणीमसि" [२०. ६१] एते आज्यपृष्ठोक्थस्तोत्रिया भवन्ति । तद् उक्तं वैताने । "द्वितीयेषु तमिन्द्रं

वाजयामस्यस्तावि मन्म पूर्व्यं तं ते मदं गृणीमसीति" इति [वै० ८. ३]॥

तथा साकमेधत्र्यहस्य तृतीयेऽहनि "तमिन्द्रं वाजयामसि" [२०. ४७] "आयन्त इव सूर्यम्" [२०. ५८] इत्येतौ आज्यपृष्ठस्तोत्रियौ भवतः। तद् उक्तं वैताने। "साकमेधस्य तमिन्द्रं वाजयामसि आयन्त इव सूर्यमिति" इति [वै० ८. ३]॥

अतिरात्रके अतिरिक्तोक्थोंमें "तमिन्द्रं वाजयामसि महाँ इन्द्रो य ओजसेति स्तोत्रियानुरूपौ" (वैतानसूत्र ४।३)॥

तथा छन्दोम नामक तीन दिनोंके प्रातः सवनमें "इन्द्रा याहि चित्रभानो" (२०।८४) "तमिन्द्रं वाजयामसि" (२०।४७) "महाँ इन्द्रो य ओजसा" (२०।१३८) ये यथाक्रम आज्य-स्तोत्रिय होते हैं। इसी बातको वैतानसूत्रमें कहा है, कि— "छन्दोमेष्विन्द्रा याहि चित्रभानो तमिन्द्रं वाजयामसि महाँ इन्द्रो य ओजसेत्याज्यस्तोत्रियाः" (वैतानसूत्र ६।३)

तथा वैश्वदेव आदि त्र्यहोंके द्वितीय दिनोंमें यथासंभव "तमिन्द्रं वाजयामसि" (२०।४७) "अस्तावि मन्म पूर्व्यम्" (२०।११६) "तं ते मदं गृणीमसि" (२०।६१) ये आज्य-पृष्ठ उक्थस्तोत्रिय होते हैं। "द्वितीयेषु तमिन्द्रं वाजयामस्यस्तावि मन्म पूर्व्यं तं ते मदं गृणीमसि" (वैतानसूत्र ८।३)॥

तथा साकमेध त्र्यहके तृतीय दिनमें "तमिन्द्रं वाजयामसि" (२०।४७) "आयन्त इव सूर्यम्" (२०।५८) ये दोनों आज्य पृष्ठ स्तोत्रिय होते हैं। इसी बातको वैतानसूत्रमें कहा है, कि—"साकमेधस्य तमिन्द्रं वाजयामसि आयन्त इव सूर्यम्" (वैतानसूत्र ८।३)॥

तमिंद्रं वाजयामसि म॒हे वृ॒त्राय॒ हन्त॑वे। स वृषा॑ वृष॒भो भु॑वत्॥ १॥

तम् । इन्द्रम् । वाजयामसि । महे । वृत्राय । हन्तवे ॥ सः । वृषा ।

वृषभः । भुवत् ॥ १ ॥

हम विशाल वृत्रासुर (वा मेघ) का संहार करनेके लिये उन इन्द्रको पुष्ट करते हैं, कामनाओंकी वर्षा करने वाले वह इन्द्र सबमें श्रेष्ठ होवें ॥ १ ॥

इन्द्रः स दामने कृत ओजिष्ठः स मदे हितः । द्युम्नी

श्लोकी स सोम्यः ॥ २ ॥

इन्द्रः । सः । दामने । कृतः । ओजिष्ठः । सः । मदे । हितः ।

द्युम्नी । श्लोकी । सः । सोम्यः ॥ २ ॥

वह बली इन्द्र (पापियोंका निग्रह करनेके लिये) रज्जुके रूपमें किये गए हैं, वह प्रसन्नता करने वाले यज्ञमें आहित होते हैं। वह इन्द्रदेव दमकने वाले हैं, प्रशंसनीय हैं और सौम्य हैं ॥ २ ॥

गिरा वज्रो न संभृतः सबलो अनपच्युतः । ववक्ष

ऋष्वो अस्तृतः ॥ ३ ॥

गिरा । वज्रः । न । सम्ऽभृतः । सऽबलः । अनपऽच्युतः ॥

ववक्षे । ऋष्वः । अस्तृतः ॥ ३ ॥

अच्युत बलवान् इन्द्र पर्वतसे मिलने वाले वज्रकी समान बलसे भरे हुए हैं। यह अहिंसित श्रेष्ठ पुरुष (शत्रुओंके धनोंको यजमानों पर) पहुँचाते हैं ॥ ३ ॥

इन्द्रमिद् गाथिनो बृहदिन्द्रमर्केभिरर्किणः । इन्द्रं

वाणीरनूषत ॥ ४ ॥

इन्द्रम् । इत् । गाथिनः । बृहत् । इन्द्रम् । अर्केभिः । अर्किणः ॥

इन्द्रम् । वाणीः । अनूषत ॥ ४ ॥

गाथागान करने वाले पुरुष इन्द्रकी ही प्रशंसा करते हैं, पूजा करने वाले मन्त्रोंके द्वारा इन्द्रका ही विशाल पूजन करते हैं और वाणी भी इन्द्रकी ही स्तुति करती है ॥ ४ ॥

इन्द्र इद्धर्योः सचा संमिश्ल आ वचोयुजा । इन्द्रो वज्री हिरण्ययः ॥ ५ ॥

इन्द्रः । इत् । हर्योः । सचा । सम्ऽमिश्लः । आ । वचःऽयुजा ॥

इन्द्रः । वज्री । हिरण्ययः ॥ ५ ॥

इन्द्रदेव ही हरि नामक घोड़ोंके साथ रहते हैं, यह मन्त्रसे रथमें संयुक्त होने वाले घोड़ोंसे भली प्रकार प्राप्त होते हैं, इन्द्रदेव ही हित रमणीय हैं और वज्रधारी हैं ॥ ५ ॥

इन्द्रो दीर्घाय चक्षस आ सूर्यं रोहयद् दिवि । वि गोभिरद्रिमैरयत् ॥ ६ ॥

इन्द्रः । दीर्घाय । चक्षसे । आ । सूर्यम् । रोहयत् । दिवि ॥ वि ।

गोभिः । अद्रिम् । ऐरयत् ॥ ६ ॥

इन्द्रने दीर्घदर्शनके लिये सूर्यको आकाशमें चढ़ा दिया है और सूर्यात्मक इन्द्र किरणोंसे मेघोंको विदीर्ण करते हैं ॥ ६ ॥

आ याहि सुषुमा हि त इन्द्र सोमं पिबा इमम् । एदं बर्हिः सदो मम ॥ ७ ॥

आ । याहि । सुसुम । हि । ते । इन्द्र । सोमम् । पिब । इमम् ॥

आ । इदम् । बर्हिः । सदः । मम ॥ ७ ॥

हे इन्द्रदेव ! आप यहाँ आइये, हमने सोमका अभिषव कर लिया है । इस अभिषुत सोमका आप पान करिये । इन बिछी हुई कुशाओं पर आप बैठिये ॥ ७ ॥

आ त्वा ब्रह्मयुजा हरी वहतामिन्द्र केशिना । उप

ब्रह्माणि नः शृणु ॥ ८ ॥

आ । त्वा । ब्रह्मऽयुजा । हरी इति । वहताम् । इन्द्र । केशिना ॥

उप । ब्रह्माणि । नः । शृणु ॥ ८ ॥

हे इन्द्र ! मन्त्रोंके द्वारा रथमें संयुक्त होने वाले अभीष्ट स्थान को लेजाने वाले, बड़े २ अयालों वाले हरी नामक घोड़े आपको (हमारे यज्ञमें) लावें, आप आकर हमारे आह्वानको सुनिये ८

ब्रह्माणस्त्वा वयं युजा सोमपामिन्द्र सोमिनः । सुता-

वन्तो हवामहे ॥ ६ ॥

ब्रह्माणः । त्वा । वयम् । युजा । सोमऽपाम् । इन्द्र । सोमिनः ॥

सुतऽवन्तः । हवामहे । ॥ ६ ॥

हे इन्द्र ! हम पूजा करने वाले सोमयाग कर चुके हैं और अभिषव किया हुआ सोम हमारे पास है, ऐसे हम सोमपान करने वाले आपको हृदयस्पर्शी स्तोत्रोंसे बुलाते हैं ॥ ६ ॥

युञ्जन्ति ब्रध्नमरुषं चरन्तं परि तस्थुषः । रोचन्ते

रोचना दिवि ॥ १० ॥

युञ्जन्ति । ब्रध्नम् । अरुषम् । चरन्तम् । परि । तस्थुषः ॥ रोचन्ते । रोचना । दिवि ॥ १० ॥

महान् दमकते हुए और स्थावर तथा जंगमोंके ऊपर विचरण करते हुए, इन्द्रके रथमें हरिनामक अश्व जुतते हैं और वह दमकते हुए अश्व द्युलोकमें दमकते हैं ॥ १० ॥

युञ्जन्त्यस्य काम्या हरी विपक्षसा रथे । शोणा धृष्णू नृवाहसा ॥ ११ ॥

युञ्जन्ति । अस्य । काम्या । हरी इति । विऽपक्षसा । रथे ॥ शोणा । धृष्णू इति । नृऽवाहसा ॥ ११ ॥

इन इन्द्रदेवके रथमें सारथी हरिनामक अश्वोंको जोतते हैं । ये अश्व कामना करने योग्य हैं, रथकी दोनों करवटोंमें रहते हैं रक्त वर्ण वाले हैं, दबाने वाले हैं, सारथी आदि मनुष्योंको सवारी देने वाले हैं ॥ ११ ॥

केतुं कृण्वन्नकेतवे पेशो मर्या अपेशसे । समुषद्भिरजायथाः ॥ १२ ॥

केतुम् । कृण्वन् । अकेतवे । पेशः । मर्याः । अपेशसे ॥ सम् । उषत्ऽभिः । अजायथाः ॥ १२ ॥

हे मरणधर्मी मनुष्यों ! अज्ञानरहित पुरुषको ज्ञान देने वाले और अंधकारसे आवृत होनेके कारण रूपरहित पदार्थको रूप प्रदान करने वाले इन सूर्यात्मक इन्द्रदेवको तुम देखो, यह अपनी किरणोंके साथ प्रकट हुए हैं ॥ १२ ॥

उदुत्यं जातवेदसं देवं वहन्ति केतवः। दृशे विश्वाय सूर्यम् ॥ १३ ॥

उत्। ऊं इति। त्यम्। जातऽवेदसम्। देवम्। वहन्ति। केतवः॥ दृशे। विश्वाय। सूर्यम् ॥ १३ ॥

किरणें वा अश्व, सब उत्पन्न होने वालोंको जानने वाले सूर्यात्मक इन्द्रदेवको सबको दिखानेके लिये ऊपरको लाती हैं१३

अप त्ये तायवो यथा नक्षत्रा यन्त्यक्तुभिः। सूराय विश्वचक्षसे ॥ १४ ॥

अप। त्ये। तायवः। यथा। नक्षत्रा। यन्ति। अक्तुऽभिः। सूराय। विश्वऽचक्षसे ॥ १४ ॥

जैसे चोर रातके साथ ही साथ भाग जाते हैं ऐसे ही सबके द्रष्टा सूर्यके कारण नक्षत्र रातके साथ भाग जाते हैं ॥ १४ ॥

अदृश्रन्नस्य केतवो वि रश्मयो जनाँ अनु। भ्राजन्तो अग्नयो यथा ॥ १५ ॥

अदृश्रन्। अस्य। केतवः। वि। रश्मयः। जनान्। अनु॥ भ्राजन्तः। अग्नयः। यथा ॥ १५ ॥

अग्निकी समान दमकती हुई इन सूर्यात्मक इन्द्रदेवकी ज्ञानदाता किरणें प्रत्येक पुरुषोंके पीछे दीखती हैं ॥ १५ ॥

तरणिर्विश्वदर्शतो ज्योतिष्कृदसि सूर्य। विश्वमा भासि रोचन ॥ १६ ॥

तरणिः । विश्वऽदर्शतः । ज्योतिःऽकृत् । असि । सूर्य ॥ विश्वम् । आ । भासि । रोचन ॥ १६ ॥

हे सूर्यात्मक कमनीय इन्द्रदेव ! आप (संसारसागरकी) नौकारूप है आप सबको देखने वाले और ज्योति देने वाले हैं आप सबको प्रकाशित करते हैं ॥ १६ ॥

प्रत्यङ् देवानां विशः प्रत्यङ्ङुदेषि मानुषीः । प्रत्यङ् विश्वं स्वर्दृशे ॥ १७ ॥

प्रत्यङ् । देवानाम् । विशः । प्रत्यङ् । उत् । एषि । मानुषीः । प्रत्यङ् । विश्वम् । स्वः । दृशे ॥ १७ ॥

हे सूर्यात्मक इन्द्र ! आप प्रत्येक मानुषी और दैवी प्रजाको सामने रख कर उनके सामने उदित होते हैं, प्रत्येक पुरुषको देखनेके लिये उसको सामने लाकर उदित होते हैं ॥ १७ ॥

येना पावक चक्षसा भुरण्यन्तं जनाँ अनु । त्वं वरुण पश्यसि ॥ १८ ॥

येन । पावक । चक्षसा । भुरण्यन्तम् । जनान् । अनु ॥ त्वम् । वरुण । पश्यसि ॥ १८ ॥

हे पवित्र करने वाले पापनिवारक इन्द्र ! पूर्वके पुण्यात्मा पुरुषोंसे आचरित्त मार्गमें शीघ्रतासे जाते हुए पुण्यात्मा पुरुषको आप जिस अनुग्रहदृष्टिसे देखते हैं (उस दृष्टिकी हम स्तुति करते हैं)

वि द्यामेषि रजस्पृथ्वहर्मिमानो अक्तुभिः । पश्यं जन्मानि सूर्य ॥ १९ ॥

वि । द्याम् । एषि । रजः । पृथु । अहः । मिमानः । अक्तुऽभिः ॥

पश्यन् । जन्मानि । सूर्य ॥ १९ ॥

हे सूर्यात्मक इन्द्रदेव ! आप उत्पन्न हुए सब प्राणियों पर अनुग्रह करनेके लिये उनको देखते हुए, तथा रात्रियों सहित दिनका निर्माण करते हुए द्युलोक भूलोक और विशाल अन्तरिक्षलोकमें अनेक प्रकारसे विचरण करते हैं ॥ १९ ॥

सप्त त्वा हरितो रथे वहन्ति देव सूर्य । शोचिष्केशं विचक्षणम् ॥ २० ॥

सप्त । त्वा । हरितः । रथे । वहन्ति । देव । सूर्य । शोचिःऽकेशम् । विऽचक्षणम् ॥ २० ॥

हे देव ! दमकती हुई किरणों वाले सूक्ष्मद्रष्टा आपको रथमें सात घोड़े सवारी देते हैं ॥ २० ॥

अयुक्त सप्त शुन्ध्युवः सूरो रथस्य नप्त्यः । ताभिर्याति स्वयुक्तिभिः ॥ २१ ॥

अयुक्त । सप्त । शुन्ध्युवः । सूरः । रथस्य । नप्त्यः ॥ ताभिः । याति । स्वयुक्तिऽभिः ॥ २१ ॥

इति पञ्चमेऽनुवाके दशमं सूक्तम् ॥

सूर्यात्मक इन्द्रदेवने सात पवित्र रक्षक घोड़ोंको अपने रथमें जोड़ लिया है और वह उनसे अपनी युक्तियोंके द्वारा चल रहे हैं २१

पञ्चम अनुवाकमें दशम सूक्त समाप्त (६६३)

विषुवति सौर्यपृष्ठे "अभि त्वा वर्चसा गिरः" इति चतुर्थः स्तोत्रियः ॥

विषुवत् सौर्यपृष्ठमें "अभि त्वा वर्चसा गिरः" यह चतुर्थ स्तोत्रिय है ॥

अभि त्वा वर्चसा गिरः सिञ्चन्तीराचरण्यवः । अभि वत्सं न धेनवः ॥ १ ॥

ता अर्षन्ति शुभ्रियः पृञ्चन्तीर्वर्चसा प्रियः । जातं जात्रीर्यथा हृदा ॥ २ ॥

वज्रापवसाध्यः कीर्तिर्म्रियमाणमावहन् । मह्यमायुर्घृतं पयः ॥ ३ ॥

आयं गौः पृश्निरक्रमीदसदन्मातरं पुरः । पितरं च प्रयन्त्स्वः ॥ ४ ॥

आ । अयम् । गौः । पृश्निः । अक्रमीत् । असदत् । मातरम् । पुरः ॥ पितरम् । च । प्रऽयन् । स्वः ॥ ४ ॥

जैसे विचरण करने वालीं गौएँ बछड़ेके अभिमुख जाती हैं, इसी प्रकार वाणियें वर्चसे आपका सिञ्चन करती हुई आपके अभिमुख जाती हैं ॥ १ ॥

जैसे उत्पन्न हुएकी रक्षा करने वाली उत्पन्न हुए शिशुको हृदयसे लगाती हैं, इसी प्रकार शुभ्र स्तुतियें वर्चसे इन्द्रको संयुक्त करती हैं ॥ २ ॥

यह वज्रापवसाधी हैं, यह मुझ म्रियमाणको कीर्ति आयु घृत और पयः प्राप्त करावें ॥ ३ ॥

यह तेजसे व्याप्त गमनशील सूर्यात्मक इन्द्र उदयाचल पर आगए हैं और इन्होंने उदयाचल पर चढ़ पूर्वदिशामें दीखकर सब प्राणियोंकी जननी भूमिको अपनी किरणोंसे ढक दिया है, तदनन्तर इन्होंने चल कर वृषिरूप वीर्यको सींचनेसे सब जगत्के उत्पादक पिता स्वर्लोक और अन्तरिक्षलोकको व्याप्त कर लिया है। यही वृष्टिजलरूप अमृतका दोहन करनेसे गौ कहलाते हैं ॥ ४ ॥

अन्तश्चरति रोचना अस्य प्राणादपानतः। व्यख्यन्म-

हिषः स्वः ॥ ५ ॥

अन्तः। चरति। रोचना। अस्य। प्राणात्। अपानतः॥ वि।

अख्यत्। महिषः। स्वः॥ ५ ॥

प्राणन व्यापारके अनन्तर अपानन व्यापारको करने वाले इन प्राणियोंके शरीरके मध्यमें मुख्य प्राणरूपसे दमकती हुई सूर्यकी प्रभा विचरती रहती है। अधिभूतरूपसे वर्तमान महान् सूर्यदेव स्वर्ग आदि ऊपरके समस्त लोकोंको प्रकाशित करते हैं ५

त्रिंशद् धामा वि राजति वाक् पतङ्गो अशिश्रियत्।

प्रति वस्तोरहर्द्युभिः ॥ ६ ॥

त्रिंशत्। धाम। वि। राजति। वाक्। पतङ्गः। अशिश्रियत्॥

प्रति। वस्तोः। अहः। द्युऽभिः॥ ६ ॥

इति पञ्चमेऽनुवाके एकादशं सूक्तम्॥

दिन और रात्रिके अवयवभूत तीस मुहूर्तरूप अंश इन सूर्यदेवकी किरणोंसे ही प्रतिक्षण विशेषरूपसे दमकते रहते हैं तथा

वेदत्रयीरूप वाणी पक्षीकी समान शीघ्रगामी सूर्यका आश्रय लेकर रहती है ॥ ६ ॥

पञ्चम अनुवाकमें एकादश सूक्त समाप्त (६६१)

विषुवति सौर्यपृष्ठे "यच्छक्रा वाचमारुहन्" इति षष्ठः स्तोत्रियः॥

विषुवत् सौर्यपृष्ठमें "यच्छक्रा वाचमारुहन्" यह छठा स्तोत्रिय है।

यच्छक्रा वाचमारुहन्नन्तरिक्षं सिषासथः । सं देवा अमदन् वृषा ॥ १ ॥

शक्रो वाचमधृष्टायोरुवाचो अधृष्णुहि । मंहिष्ठ आ मदर्दिवि ॥ २ ॥

शक्रो वाचमधृष्णुहि धामधर्मन् वि राजति । विमदन् बर्हिरासरन् ॥ ३ ॥

तं वो दस्ममृतीषहं वसोर्मन्दानमन्धसः ।
अभि वत्सं न स्वसरेषु धेनव इन्द्रं गीर्भिर्नवामहे ४

तम् । वः । दस्मम् । ऋतिऽसहम् । वसोः । मन्दानम् । अन्धसः । अभि । वत्सम् । न । स्वसरेषु । धेनवः । इन्द्रम् । गीःऽभिः । नवामहे ॥ ४ ॥

हे इन्द्र ! जब अन्तरिक्षको देना चाहते हुए स्तोता वाणी पर आरूढ़ होते हैं, तब देवता हर्षको प्राप्त होते हैं ॥ १ ॥

शक्र अधृष्ट पुरुष पर अपनी वाणीकी और विशाल वाणीकी धर्षणा न करें,—उससे कठोर वचन न कहें अनुग्रह भरे वचन कहें। हे मंहिष्ठ ! आप द्युलोकमें मदमें भरिये ॥ २ ॥

हे शक्र ! आप वाणीका कठोरभावसे उच्चारण न करें, विशेषरूपसे मदमें भरते हुए और कुशाओं पर आते हुए धामधर्मन् विराज रहे हैं ॥ ३ ॥

हे यजमानों ! हम तुम्हारे यागकी पूर्णताके लिये वा तुम्हारे अभिमत फलके लिये इन्द्रदेवकी स्तुतिप्रकाशिका वाणियोंसे स्तुति करते हैं। यह इन्द्रदेव दर्शनीय हैं अर्थात् फलाभिलाषियोंको इनका दर्शन अवश्य करना चाहिये। यह आर्तिका नाश करने वाले हैं और यह वासक सोमरूपी अन्नके पानसे आनन्दमें भरे रहते हैं। जैसे सूर्य जिन दिनोंको करता है, उन दिनोंके आने जाने के समय धेनुएँ हंभा २ करती हुई बछड़ोंकी ओरको दूध पिलाने लिये दौड़ती हैं, इसी प्रकार हम भी (सोम पिलानेके लिये) इन्द्रकी ओर स्तुतिवाणियोंसे दौड़ते हैं ॥ ४ ॥

द्युक्षं सुदानुं तविषीभिरावृतं गिरिं न पुरुभोजसम् ।
क्षुमन्तं वाजं शतिनं सहस्रिणं मक्षू गोमन्तमीमहे ५

द्युक्षम् । सुऽदानुम् । तविषीभिः । आऽवृतम् । गिरिम् । न ।
पुरुऽभोजसम् ।
क्षुऽमन्तम् । वाजम् । शतिनम् । सहस्रिणम् । मक्षु । गोऽमन्तम् ।
ईमहे ॥ ५ ॥

दीप्तिमय, सुन्दरतासे दान करने योग्य बलमद, स्तुतिके पात्र, सैंकड़ों और सहस्रों प्रजाओंका पोषण करने वाले और बहुतसी गौओंसे युक्त धनकी हम इस प्रकार प्रार्थना करते हैं, जिस प्रकार दुर्भिक्षमें प्रजाएँ जीवनके लिये बहुतसे कन्द मूल आदि अन्नों से सम्पन्न पर्वतकी प्रार्थना करते हैं ॥ ५ ॥

तत् त्वा यामि सुवीर्यं तद् ब्रह्म पूर्वचित्तये।
येना यतिभ्यो भृगवे धने हिते येन प्रस्कण्वमाविथ

तत्। त्वा। यामि। सुऽवीर्यम्। तत्। ब्रह्म। पूर्वऽचित्तये।
येन। यतिऽभ्यः। भृगवे। धने। हिते। येन। प्रस्कण्वम्।
आविथ ॥ ६ ॥

हे इन्द्रदेव! मैं आपसे सुन्दर वीर्य सम्पन्न दृढ़ अन्नकी याचना करता हूँ, उस अन्नकी पूर्वमज्ञानके लिये याचना करता हूँ। जिस धनके देने पर नियम वालोंको और भृगु ऋषिको शांति प्राप्त हुई थी और जिस धनसे आपने कण्व नामक ऋषिके पुत्र प्रस्कण्व ऋषिकी रक्षा की थी। उस धनकी हम याचना करते हैं ६

येना समुद्रमसृजो महीरपस्तदिन्द्र वृष्णि ते शवः।
सद्यः सो अस्य महिमा न संनशे यं क्षोणीरनुचक्रदे

येन। समुद्रम्। असृजः। महीः। अपः। तत्। इन्द्र। वृष्णि।
ते। शवः।
सद्यः। सः। अस्य। महिमा। न। सम्ऽनशे। यम्। क्षोणीः।
अनुऽचक्रदे ॥ ७ ॥

इति पञ्चमेऽनुवाके द्वादशं सूक्तम् ॥

हे इन्द्रदेव! जिस बलसे आपने समुद्रके निमित्त सृष्टिकी आदि में समुद्रको पूर्णरूपसे भरने वाले जलोंकी सृष्टि की है। वह बल सबको अभिलषित फल प्रदान करता है। जलोंसे समुद्रपूर्ति आदि

इनकी महिमाको बहुतसे शत्रु नहीं पा सकते। इनकी महिमाका पृथ्वीवासी वर्णन करते हैं ॥ ७ ॥

पञ्चम अनुवाकमें द्वादश सूक्त समाप्त (६६५)

वाजपेये क्रतौ "कन्नव्यो अतसीनाम्" इति सामप्रगाथो भवति। तद् उक्तं वैताने। "कन्नव्यो अतसीनामिति सामप्रगाथः" इति [वै० ४. ३] ॥

तथा गवामयनादौ संवत्सरे माध्यंदिने सवने "कन्नव्यो अतसीनाम्" इति कद्वान् सामप्रगाथो भवति। तद्द उक्तं वैताने। माध्यंदिने कन्नव्यो अतसीनामिति कद्वान् सामप्रगाथः" इति [वै० ६. ५] ॥

वाजपेय क्रतुमें "कन्नव्यो अतसीनाम्" यह सामप्रगाथ होता है। इसी बातको वैतानसूत्रमें कहा है, कि—कन्नव्यो अतसीनामिति सामप्रगाथः" (वैतानसूत्र ४ । ३) ॥

तथा गवामयनादि संवत्सरमें और माध्यन्दिन सवनमें "कन्नव्यो अतसीनाम्" यह कद्वान् सामप्रगाथ होता है। इसी बातको वैतानसूत्रमें कहा है, कि—"माध्यन्दिने कन्नव्यो अतसीनामिति कद्वान् सामप्रगाथः" (वैतानसूत्र ६ । ५) ॥

कन्नव्यो॑ अत॒सीनां॑ तु॒रो गृ॑णीत॒ मर्त्यः॑ ।
न॒ही न्व॑स्य महि॒मान॑मिन्द्रि॒यं स्व॑र्गृ॒णन्त॑ आन॒शुः ॥ १

कत् । नव्यः । अत॒सीना॑म् । तु॒रः । गृ॒णी॒त॒ । मर्त्यः॑ ।

न॒हि । नु । अ॒स्य । म॒हि॒मान॑म् । इ॒न्द्रि॒यम् । स्वः॑ । गृ॒णन्तः॑ । आ॒न॒शुः

जो क्षीण न होने वाले दिन रातोंमें नवीन ही रहते हैं, बलवान है किसी कारणसे मर्त्यके आकारको धारण कर लेते हैं, उन की हे स्तोताओं! तुम स्तुति करो, इनकी ऐश्वर्यसम्पन्न महिमा

का पूर्णरूपसे गान न कर सकने पर भी थोड़ासा भी गान करते हुए पुरुष स्वर्गको प्राप्त होजाते हैं ॥ १ ॥

कदु स्तुवन्त ऋतयन्त देवता ऋषिः को विप्र ओहते ।

कदा हवं मघवन्निन्द्र सुन्वतः कदु स्तुवत आ गमः

कत् । ऊं इति । स्तुवन्तः । ऋतऽयन्त । देवता । ऋषि । कः ।

विप्रः । ओहते ।

कदा । हवम् । मघऽवन् । इन्द्र । सुन्वतः । कत् । ऊं इति । स्तुवतः । आ । गमः ॥ २ ॥

इति पञ्चमेनुवाके त्रयोदशं सूक्तम् ॥

हे धनवान् इन्द्र ! किस कारणसे सत्यकी इच्छा करते हुए देवता आपकी स्तुति करते हैं, कौनसा विप्र ऋषि आपके विषय में तर्कना करता है । और किस कारणसे कब आप अभिषव करने वाले स्तोताके आह्वान पर आते हैं ॥ २ ॥

पञ्चम अनुवाकमें त्रयोदश सूक्त समाप्त (६६३)

चतुर्विंशे माध्यंदिने सवने "अभि प्र वः सुराधसम्" [२०. ५१] "प्र सु श्रुतं सुराधसम्" [२०. ५१, ३] इति पृष्ठस्तोत्रियानुरूपौ बार्हतौ प्रगाथौ भवतः । तद् उक्तं वैताने । "अभि प्र वः सुराधसं प्र सु श्रुतं सुराधसमिति पृष्ठस्तोत्रियानुरूपौ बार्हतौ प्रगाथौ" इति [वै० ६. १] ॥

तथा अभिसवे युग्मेष्वहःसु द्विती यचतुर्थषष्ठेषु "अभि प्र वः सुराधसम्" "प्र सु श्रुतं सुराधसम्" इति बार्हतौ प्रगाथौ पृष्ठस्तोत्रियानुरूपौ भवतः । तद् उक्तं वैताने । "अभि प्र वः सुराधसमिति युग्मेषु" इति [वै० ६. १] ॥

तथा विषुवति अनुरूपादनन्तरम् "तं वो दस्ममृतीषहम्" [२०. ४९. ४] "अभि प्र वः सुराधसम्" [२०. ५१] इति नौधसश्यैतयोनी इच्छया शंसति। तद् उक्तं वैताने। "अनुरूपात् तं वो दस्ममृतीषहम् अभि प्र वः सुराधसम् इति नौधसश्यैतयोनी कामम्" इति [वै० ६. ३]॥

तथा त्र्यहाणां तृतीयेष्वहःसु यथासंभवम् "महाँ इन्द्रो य ओजसा" [२०. १३८] "अभि प्र वः सुराधसम्" [२०. ५१] 'एवा ह्यसि वीरयुः" [२०. ६०] इति आज्यपृष्ठोक्थस्तोत्रिया भवन्ति। तद् उक्तं वैताने। तृतीयेषु महाँ इन्द्रो य ओजसाभि प्र वः सुराधसम् एवा ह्यसि वीरयुरिति" इति [वै० ८. ३]

चतुर्विंशके माध्यन्दिन सवनमें "अभि प्र वः सुराधसम्" (२० । ५१). "प्र सु श्रुतं सुराधसम्" (२० । ५१ । ३) ये पृष्ठस्तोत्रियानुरूप बार्हत प्रगाथ होते हैं। इसी बातको वैतानसूत्रमें कहा है, कि–"अभि प्र वः सुराधसमिति युग्मेषु" (वैतानसूत्र ६ । १)॥

तथा विषुवत्‌में अनुरूपके अनन्तर "तं वो दस्ममृतीषहम्" २० । ४९ । ४) अभि प्र वः सुराधसम् (२० । ५१) इनको नौधसश्यैतयोनी इच्छासे कहता है। इसी बातको वैतानसूत्रमें कहा है, कि–"अनुरूपात् तं वो दस्ममृतीषहम् अभि प्र वः सुराधसम् इति नैधसश्यैतयोनीकामम्" (वैतानसूत्र ६ । ३)॥

तथा त्र्यहोंके तृतीय दिनोंमें यथासंभव 'महाँ इन्द्रो य ओजसा' (२० । १३८) "अभि प्र वः सुराधसम्" (२० । ५१) "एवा ह्यसि वीरयुः" (२० । ६०) ये आज्यपृष्ठोक्थस्तोत्रिय होते हैं। इसी बातको वैतानसूत्रमें कहा है, कि–"तृतीयेषु महाँ इन्द्रो य ओजसाभि प्र वः सुराधसम् एवा ह्यसि वीरयुरिति" (वैतानसूत्र ८ । ३)॥

अभि प्र वः सुराधसमिन्द्रमर्च यथा विदे ।
यो जरितृभ्यो मघवा पुरूवसुः सहस्रेणेव शिक्षति ॥१॥

अभि । प्र । वः । सुऽराधसम् । इन्द्रम् । अर्च । यथा । विदे ।
यः । जरितृऽभ्यः । मघऽवा । पुरुऽवसुः । सहस्रेणऽइव । शिक्षति

हे स्तोताओं ! जो विशाल धन वाले मघवा इन्द्र स्तुति करने वालोंको सहस्र संख्यासे दान देते हैं, उन सुन्दरतासे अन्न प्रदान करने वाले इन्द्रको मैं जिस प्रकार प्राप्त कर सकूँ, तिस प्रकार तुम उसका पूजन करो ॥ १ ॥

शतानीकेव प्र जिगाति धृष्णुया हन्ति वृत्राणि दाशुषे।
गिरेरिव प्र रसा अस्य पिन्विरे दत्राणि पुरुभोजसः

शतानीकाऽइव । प्र । जिगाति । धृष्णुऽया । हन्ति । वृत्राणि । दाशुषे
गिरेःऽइव । प्र । रसाः । अस्य । पिन्विरे । दत्राणि । पुरुऽभोजसः

जो इन्द्रदेव हवि देने वाले यजमानके लिये सैंकड़ों सेनाओं की समान अपने धर्षक बलसे आवरक शत्रुओंको जीत लेते हैं और मार डालते हैं; इन बहुत उपभोग्यके योग्य इन्द्रदेवके सुवर्ण पर्वतसे जलोंके निकलनेकी समान हविर्दान करने वाले यजमानके लिये सिञ्चित होते हैं ॥ २ ॥

प्र सु श्रुतं सुराधसमर्चा शक्रमभिष्टये ।
यः सुन्वते स्तुवते काम्यं वसु सहस्रेणेव मंहते ॥३॥

प्र । सु । श्रुतम् । सुऽराधसम् । अर्च । शक्रम् । अभिष्टये ।

यः । सुन्वते । स्तुवते । काम्यम् । वसु । सहस्रेणऽइव । मंहते ३

जो इन्द्रदेव सोमाभिषव करने वाले और स्तुति करने वाले यजमानको अभिलषित धन सहस्रों करके देते हैं, उन सुन्दर हविरूप अन्नके पात्र, याचकोंकी प्रार्थनाको भली प्रकार सुनने वाले इन्द्रदेवकी तुम पूजा करो ॥ ३ ॥

शतानीका हेतयो अस्य दुष्टरा इन्द्रस्य समिषो महीः

गिरिर्न भुज्मा मघवत्सु पिन्वते यदीं सुता अमन्दिषुः

शतऽअनीकाः । हेतयः । अस्य । दुस्तराः । इन्द्रस्य । सम्ऽइषः । महीः ।

गिरिः । न । भुज्मा । मघवत्ऽसु । पिन्वते । यत् । ईम् । सुताः । अमन्दिषुः ॥ ४ ॥

इति पञ्चमेनुवाके चतुर्दशं सूक्तम् ॥

इन इन्द्रदेवके आयुध सैंकड़ों सेनाओंकी समान बल रखते हैं, असत् पुरुष उनको तर नहीं सकते, यदि अभिषव किये हुए सोम इनको हर्षमें भर देते हैं तो भोगमद पर्वत जैसे धनवानोंको अपने पदार्थोंसे सींचता है, तिस प्रकार, इन इन्द्रके विशाल अन्न यजमानका सेचन करते हैं ॥ ४ ॥

पञ्चम अनुवाकमें चतुर्दश सूक्त समाप्त (६६७)

"वयं घ त्वा सुतावन्तः" इत्यस्य विनियोगः "इन्द्रेण सं हि दृक्षसे" [२०. ४०] इत्यत्रोक्तः ॥

तथा पृष्ठ्यस्य तृतीयचतुर्थपञ्चमषष्ठानां चतुर्णामह्नाम् "वयं घ त्वा सुतावन्तः" इत्यादीनामष्टानां तृचानां द्वौ द्वौ यथाक्रमं स्तोत्रियानुरूपौ भवतः । तत्र "वयं घ त्वा" [२०. ५२] "क ईं

वेद" [२०. ५३] इति तृतीयेऽह्नि स्तोत्रियानुरूपौ भवतः। "विश्वाः पृतनाः" [२०. ५४] "तमिन्द्रम्" [२०. ५५] इति चतुर्थे। "इन्द्रो मदाय" [२०. ५६] "मदेमदे हि" [२०. ५६. ४] इति पञ्चमे। "सुरूपकृत्नुम्" [२०. ५७] "शुष्मिन्तमं नः" [२०. ५७. ४] इति षष्ठे। तद्व उक्तं वैताने। "तृतीयादीनां वयं घ त्वा सुतावन्त इति पृष्ठस्तोत्रियानुरूपाः" इति [वै० ६. २]

तथा छन्दोमाख्येषु त्रिष्वहःसु "वयं घ त्वा सुतावन्तः" "क ईं वेद सुते सचा" इति प्रथमेऽहनि माध्यंदिने स्तोत्रियानुरूपौ भवतः। "क ईं वेद सुते सचा" "वयं घ त्वा सुतावन्तः" इति द्वितीये। "आयन्त इव सूर्यम्" [२०. ५८] "बण्महाँ असि सूर्य" [२०. ५८. ३] इति तृतीये। तद्व उक्तं वैताने। "वयं घ त्वा सुतावन्तः इत्यादि बण्महाँ असि सूर्येत्यन्ताः पृष्ठस्तोत्रियानुरूपाः" इति [वै० ६. ३]॥

"वयं घ त्वा सुतावन्तः" इसका विनियोग "इन्द्रेण सं हि दृक्षसे" (२० । ४०) में कह दिया है।

तथा पृष्ठ्यके तृतीय चतुर्थ पञ्चम और षष्ठ इन चार दिनोंमें "वयं घ त्वा सुतावंतः" इन आठ तृचोंसे दो दो यथाक्रम स्तोत्रियानुरूप होते हैं। इनमेंसे "वयं घ त्वा" (२० । ५२) "क ईं वेद" (२० । ५३) ये तृतीय दिनमें स्तोत्रियानुरूप होते हैं। "विश्वाः पृतनाः" (२० । ५४) "तमिन्द्रम्" (२० । ५५) ये चतुर्थदिनमें स्तोत्रियानुरूप होते हैं। "इन्द्रो मदाय" (२०।५६) "मदे मदे हि" (२० । ५६ । ४) ये पञ्चम दिनमें स्तोत्रियानुरूप होते हैं। "सुरूपकृत्नुम्" (२० । ५७) "शुष्मिन्तमं नः" (२० । ५७ । ४) ये छठे दिनमें स्तोत्रियानुरूप होते हैं। इसी बातको वैतानसूत्रमें कहा है, कि—"तृतीयादीनां वयं घ त्वा सुतावन्त इति पृष्ठस्तोत्रियानुरूपाः" (वैतानसूत्र ६ । २)

तथा छन्दोम नामक तीन दिनोंमें "वयं घ त्वा सुतावन्तः" "क ईं वेद सुते सचा" ये प्रथम दिनके माध्यन्दिनमें स्तोत्रिया-नुरूप होते हैं। "क ईं वेद सुते सचा" "वयं घ त्वा सुतावंतः" ये द्वितीय दिनमें, "आयन्त इव सूर्यम्" (२० । ५८) "बण्महाँ असि सूर्य" (२० । ५८ । ३) यह तृतीय दिनमें स्तोत्रियानु-रूप होते हैं। इसी बातको वैतानसूत्रमें कहा है, कि-"वयं घ त्वा सुतावन्त इत्यादि बण्महाँ असि सूर्येत्यन्ताः पृष्ठस्तोत्रियानुरूपाः" (वैतानसूत्र ६ । ३) ॥

वयं घं त्वा सुतावंन्त आपो न वृक्तबर्हिषः ।
पवित्रंस्य प्रस्रवंणेषु वृत्रहन् परिं स्तोतारं आसते १

वयम् । घ । त्वा । सुतऽवन्तः । आपः । न । वृक्तऽबर्हिषः ।
पवित्रस्य । प्रऽस्रवणेषु । वृत्रऽहन् । परिं । स्तोतारः । आसते १

हे इन्द्र ! जलकी समान अभिषव करके पतले किये हुए अभिषुत सोमसे सम्पन्न हम ऋत्विज, पवित्रसे प्रस्रवणके समय आपकी स्तुति करते हुए बैठे हैं ॥ १ ॥

स्वरंन्ति त्वा सुते नरो वसो निरेक उक्थिनंः ।
कदा सुतं तृषाण ओक आ गंम इन्द्रं स्वब्दीव वंसंगः २

स्वरन्ति । त्वा । सुते । नरः । वसो इति । निरेके । उक्थिनः ।
कदा । सुतम् । तृषाणः । ओकः । आ । गमः । इन्द्र । स्वब्दी-ऽइव । वंसगः ॥ २ ॥

हे वासयितः इन्द्र ! सोमका अभिषव होजाने पर बहुत उक्थ-

गान करने वाले मनुष्य ऋत्विज आपका स्वरोंसे आह्वान कर रहे हैं, कि—कब आप वननीयगति स्कन्दी वृषभकी समान तृषामें भर कर यागगृहमें अभिषुत सोमका पान करनेके लिये आवेंगे २

कण्वेभिर्धृष्णवा धृषद् वाजं दर्षि सहस्रिणम् ।

पिशङ्गरूपं मघवन् विचर्षणे मक्षू गोमन्तमीमहे ३

कण्वेभिः । धृष्णो इति । आ । धृषत् । वाजम् । दर्षि । सहस्रिणम् ।

पिशङ्गऽरूपम् । मघऽवन् । विऽचर्षणे । मक्षु । गोऽमन्तम् । ईमहे ३

इति पञ्चमेऽनुवाके पंचदशं सूक्तम् ॥

हे धर्षक इन्द्रदेव! आप धनको दबा लेते हैं, सहस्रों शक्तियों से सम्पन्न व्यक्तिको भी विदीर्ण कर डालते हैं। हे विद्वान् इन्द्र! हम गौओंसे सम्पन्न पिशंग रूप वाले धनकी आपसे शीघ्रतापूर्वक याचना करते हैं ॥ ३ ॥

पञ्चम अनुवाकमें पञ्चदश सूक्त समाप्त (६६८)

त्रिककुद्दशाहस्याहीनस्य नवस्वहःसु "शग्ध्यू षु शचीपते" [२०. ११८] "अभि प्र गोपतिं गिरा" [२०. ९२] "तं वो दस्ममृतीषहम्" [२०. ४९. ४] "वयमेनमिदा ह्यः" [२०. ९७] "इन्द्रमिद् गाथिनो बृहत्" [२०. ३८. ४] "आयन्त इव सूर्यम्" [२०. ५८] "क ईं वेद सुते सचा" [२०. ५३] "विश्वाः पृतना अभिभूतरं नरम्" [२०. ५४] "यदिन्द्र प्रागपागुदक्" [२०. १२०] इत्येते नव पृष्ठस्तोत्रिया यथाक्रमं भवन्ति। तद् उक्तं वैताने। "त्रिककुद्दशाहस्य नवसु शग्ध्यू षु शचीपतेऽभि प्रगोपतिं गिरा तं वो दस्ममृतीषहं वयमेनमिदा ह्य

इन्द्रमिद्गाथिनो बृहच्छ्रायन्त इव सूर्यं क ईं वेद सुते सचा विश्वाः पृतना अभिभूतरं नरं यदिन्द्र प्रागपागुदगिति" इति [वै०८.४]

त्रिककुद्दशाह अहीनके नौ दिनोंमें "शग्ध्यू ष्वु शचीपते" (२० । ११८) "अभि प्र गोपतिं गिरा" (२०।९२) "तं वो दस्ममृतीषहम्" (२० । ४९ । ४) "वयमेनमिदा ह्यः" (२० । ९७) "इन्द्रमिद् गाथिनो बृहद्" (२० । ३८ । ४) "श्रायन्त इव सूर्यम्" (२० । ५८) "क ईं वेद सुते सचा" (२०। ५३) "विश्वाः पृतना अभिभूतरं नरम्" (२० । ५४) "यदिंद्र प्रागपागुदक्" (२० । १२०) ये नौ यथाक्रम पृष्ठस्तोत्रिय होते हैं। इसी बातको वैतानसूत्रमें कहा है, कि-"त्रिककुद्दशाहस्य नवसु शग्ध्यू षु शचीपतेऽभि प्रगोपतिं गिरा तं वो दस्ममृतीषहं वयमेनमिदा ह्य इन्द्रमिद्गाथिनो बृहद् श्रायन्त इव सूर्यम् क ईं वेद सुते सचा विश्वाः पृतना अभिभूतरं नरम् यदिन्द्र प्रागपागुदगिति" (वैतानसूत्र ८ । ४) ॥

क ईं वेद सुते सचा पिबन्तं कद् वयो दधे ।
अयं यः पुरो विभिनत्त्योजसा मन्दानः शिप्र्यन्धसः १

कः । ईम् । वेद । सुते । सचा । पिबन्तम् । कत् । वयः । दधे । अयम् । यः । पुरः । विऽभिनत्ति । ओजसा । मन्दानः । शिप्री । अन्धसः ॥ १ ॥

इस बातको कौन जानता है, कि—सोमका अभिषव होने पर साथ २ कौनसे अन्नको ये धारण करते हैं। यह सुन्दर ठोड़ी वाले हविरूप अन्नसे हर्षमें भरे हुए इन्द्र अपने सामनेके शत्रुपुरोंको बलपूर्वक नष्ट कर डालते हैं ॥ १ ॥

दाना मृगो न वारणः पुरुत्रा चरथं दधे।
नकिष्ट्वा नि यमदा सुते गमो महांश्चरस्योजसा २

दाना। मृगः। न। वारणः। पुरुऽत्रा। चरथम्। दधे।
नकिः। त्वा। नि। यमत्। आ। सुते। गमः। महान्। चरसि।
ओजसा ॥ २ ॥

मदमत्त मृगकी समान वारण करने वाले आप रथमें बैठ कर अनेक स्थानोंमें गमन करते हैं, सोमका अभिषव होने पर ऐसा कोई नहीं है जो आपको रोक सके। आप बलसे महान् बनते हुए विचरण करते हैं, अतः सोमका अभिषव होने पर आइये २

य उग्रः सन्ननिष्टृतः स्थिरो रणाय संस्कृतः।
यदि स्तोतुर्मघवा शृणवद्धवं नेन्द्रो योषत्या गमत् ३

यः। उग्रः। सन्। अनिःऽस्तृतः। स्थिरः। रणाय। संस्कृतः।
यदि। स्तोतुः। मघऽवा। शृणवत्। हवम्। न। इन्द्रः।
योषति। आ। गमत् ॥ ३ ॥

इति पञ्चमेऽनुवाके षोडशं सूक्तम् ॥

जो उग्र पड़ने पर शत्रुओंसे अहिंसित रहते हैं, जो रणके लिये तयार होने पर स्थिर रहते हैं यदि वह मघवा इन्द्र स्तुति करने वालेके आह्वानको सुने तो स्त्रीके पास जानेकी समान आवेंगे ॥ ३ ॥

पञ्चम अनुवाकमें षोडश सूक्त समाप्त (६६९)

पृष्ठ्यषडहस्य एकविंशस्तोमके चतुर्थेऽहनि एकाहैकीभूते

"इन्द्रो दधीचो अस्थभिः" [२०. ४१] "विश्वाः पृतना अभिभूतरं नरम्" [२०. ५४] "एवा ह्यसि वीरयुः" [२०. ६०] इति आज्यपृष्ठोक्थस्तोत्रिया भवन्ति । तद्व उक्तं वैताने । "पृष्ठस्यैकविंश इन्द्रो दधीचो अस्थभिर्विश्वाः पृतना अभिभूतरं नरम् एवा ह्यसि वीरयुरिति" इति [वै० ८. २] ॥

तथा व्युष्ट्याङ्गिरसकापिवनचैत्ररथद्व्यहानां द्वितीयेष्वहःसु "विश्वाः पृतना अभिभूतरं नरम्" इति स्तोत्रियो भवति । तद्व उक्तं वैताने । "द्वितीयेषु विश्वाः पृतना अभिभूतरं नरमिति" इति [वै० ८. ३] ॥

तथा त्रिककुद्दशाहस्याहीनस्य अष्टमेऽहनि एष पृष्ठस्तोत्रियो भवति । सूत्रं पूर्वसूक्ते उक्तम् ॥

पृष्ठ्यषडहके एकविंशस्तोमक चतुर्थदिनके एकाहैकीभूतमें "इन्द्रो दधीचो अस्थभिः" (२०।४१) "विश्वाः पृतना अभिभूतरं नरम्" (२०।५४) "एवाह्यसि वीरयुः" (२० । ६०) ये आज्यपृष्ठोक्थस्तोत्रिय होते हैं । इसी बातको वैतानसूत्रमें कहा है, कि-"पृष्ठस्यैकविंश इन्द्रो दधीचो अस्थभिः विश्वाः पृतना अभिभूतरं नरम् एवा ह्यसि वीरयुरिति" (वैतानसूत्र ८ । २) ॥

तथा व्युष्ट्य आंगिरस कापिवन चैत्ररथ द्व्यहोंके द्वितीय दिनोंमें "विश्वाः पृतना अभिभूतरं नरम्" यह स्तोत्रिय होता है । इसी बातको वैतानसूत्रमें कहा है, कि-"द्वितीयेषु विश्वाः पृतना अभिभूतरं नरम्" (वैतानसूत्र ८ । ३) ॥

तथा त्रिककुद्द दशाह अहीनके अष्टम दिनमें यह पृष्ठस्तोत्रिय होता है । सूत्र पहिले सूक्तमें कह दिया है ॥

विश्वाः पृतना अभिभूतरं नरं सजूस्ततक्षुरिन्द्रं जजनुश्च राजसे ।

क्रत्वा वरिष्ठं वर आमुरिमुतोग्रमोजिष्ठं तवसं तरस्विनम् ॥ १ ॥

विश्वाः । पृतनाः । अभिऽभूतरम् । नरम् । सऽजूः । ततक्षुः ।
इन्द्रम् । जजनुः । च । राजसे ।
क्रत्वा । वरिष्ठम् । वरे । आऽमुरिम् । उत । उग्रम् । ओजिष्ठम् ।
तवसम् । तरस्विनम् ॥ १ ॥

सकल सेनाओंने अभिभव करने वाले नेता शत्रुओंको पूर्णरूपसे मूर्छित करने वाले, उग्र बलवान् तरस्वी इन्द्रको वरणीय संग्राममें प्रेमपूर्वक वरण किया और प्रकट किया है ॥ १ ॥

समीं रेभासो अस्वरन्निन्द्रं सोमस्य पीतये ।
स्वर्पतिं यदीं वृधे धृतव्रतो ह्योजसा समूतिभिः २

सम् । ईम् । रेभासः । अस्वरन् । इन्द्रम् । सोमस्य । पीतये ।
स्वःऽपतिम् । यत् । ईम् । वृधे । धृतऽव्रतः । हि । ओजसा । सम् ।
ऊतिऽभिः ॥ २ ॥

ये स्तोता सोमपान करनेके लिये इन इन्द्रकी भली प्रकार स्तुति कर रहे हैं, और धृतव्रत सोम भी इन स्वर्गपतिकी ओर अपनी रक्षक शक्तियों सहित बढ़ता है ॥ २ ॥

नेमिं नमन्ति चक्षसा मेषं विप्रा अभिस्वरा ।
सुदीतयो वो अद्रुहोपि कर्णे तरस्विनः समृक्वभिः ३

नेमिम् । नमन्ति । चक्षसा । मेषम् । विप्राः । अभिऽस्वरा ।

सुऽदीतयः । वः । अद्रुहः । अपि । कर्णे । तरस्विनः । सम् ।

ऋक्वऽभिः ॥ ३ ॥

इति पञ्चमेऽनुवाके सप्तदशं सूक्तम् ॥

स्तुति करते हुए विप्र इनके मेषकी समान भक्षक वज्रको दृष्टि पड़ने पर प्रणाम करते हैं । हे स्तोताओं ! ऋक्व नामक पितरों के साथ इस वज्रकी सुन्दर दमकें भी तुम्हारे कानमें द्रोह न पहुँ-चावें अर्थात् तुम्हारे कानोंको कष्ट न दें॥ ३ ॥

पञ्चम अनुवाकमें सप्तदश सूक्त समाप्त (६७०)

"तमिन्द्रं जोहवीमि" इत्यस्य विनियोगः "वयं घ त्वा सुता-वन्तः" [२०. ५२] इति सूक्ते उक्तः ॥

"तमिन्द्रं जोहवीमि" सूक्तका सूत्र "वयं घ त्वा सुतावन्तः" इस (२० । ५२) सूक्तके साथ कह दिया है ॥

तमिन्द्रं जोहवीमि मघवानमुग्रं सत्रा दधानमप्रतिष्कुतं

शवांसि ।

मंहिष्ठो गीर्भिरा च यज्ञियो ववर्तद् राये नो विश्वा

सुपथा कृणोतु वज्री ॥ १ ॥

तम् । इन्द्रम् । जोहवीमि । मघऽवानम् । उग्रम् । सत्रा । दधा-

नम् । अप्रतिऽस्कुतम् । शवांसि ।

मंहिष्ठः । गीःऽभिः । आ । च । यज्ञियः । ववर्तत् । राये । नः ।

विश्वा । सुऽपथा कृणोतु । वज्री ॥ १ ॥

मैं उन इन्द्रका आह्वान करता हूँ, कि–जो धनवान् हैं उग्र हैं, संग्राममें मुख नहीं मोड़ते हैं और बलोंको धारण करने वाले हैं, स्तुतियोंसे पूजनीय स्तोत्र चल रहा है, वज्रधारी इन्द्र धनके लिये हमारे समस्त मार्गोंको सुन्दर करें ॥ १ ॥

या इन्द्र भुज आभरः स्वर्वाँ असुरेभ्यः ।
स्तोतारमिन्मघवन्नस्य वर्धय ये च त्वे वृक्तबर्हिषः २

याः । इन्द्र । भुजः । आ । अभरः । स्वःऽवान् । असुरेभ्यः ।
स्तोतारम् । इत् । मघऽवन् । अस्य । वर्धय । ये । च । त्वे इति ।
वृक्तऽबर्हिषः ॥ २ ॥

हे स्वर्गके स्वामी इन्द्र ! आप असुरोंके लिये जिन भुजाओंको धारण करते हैं, उन भुजाओंसे इस यजमानके स्तुति करने वालेको बढ़ाइये और जो ऋत्विज आपमें परायण रहते हैं, उनको भी बढ़ाइये ॥ २ ॥

यमिन्द्र दधिषे त्वमश्वं गां भागमव्ययम् ।
यजमाने सुन्वति दक्षिणावति तस्मिन् तं धेहि मा
पणौ ॥ ३ ॥

यम् । इन्द्र । दधिषे । त्वम् । अश्वम् । गाम् । भागम् । अव्ययम् ।
यजमाने । सुन्वति । दक्षिणाऽवति । तस्मिन् । तम् । धेहि । मा ।
पणौ ॥ ३ ॥

इति पञ्चमेऽनुवाके अष्टादशं सूक्तम् ॥

हे इन्द्र ! आप जिस घोड़े गौ और अव्यय रहने वाले भाग को पुष्ट करते हैं, उसको अभिषव करने वाले और दक्षिणा देने वाले यजमानमें स्थापित करिये, पणि नामक असुरमें स्थापित न करिये ॥ ३ ॥

पञ्चम अनुवाकमें अष्टादश सूक्त समाप्त (६७१)

पृष्ठ्यपञ्चाहस्य पञ्चमेऽहनि "उत्तिष्ठन्नोजसा सह" [२०. ४२. ३] "इन्द्रो मदाय वावृधे" [२०. ५६] "इन्द्राय साम गायत" [२०. ६२. ५–७] इत्येते आज्यपृष्ठोक्थस्तोत्रिया भवन्ति तद् उक्तं वैताने । "पञ्चम उत्तिष्ठन्नोजसा सहेन्द्रो मदाय वावृध इन्द्राय साम गायतेति" इति [वै० ८. ३] ॥

पृष्ठ्यपञ्चाहके पञ्चम दिनमें "उत्तिष्ठन्नोजसा सह" (२० । ४२ । ३) "इन्द्रो मदाय वावृधे" (२० । ५६) "इन्द्राय साम गायत" (२० । ६२ । ५–७) ये आज्यपृष्ठोक्थस्तोत्रिय होते हैं । इसी बातको वैतानसूत्रमें कहा है, कि–"पञ्चम उत्तिष्ठन्नोजसा सहेन्द्रो मदाय वावृध इन्द्राय साम गायतेति" (वैतानसूत्र ८ । ३) ॥

इन्द्रो मदाय वावृधे शवसे वृत्रहा नृभिः ।

तमिन्महत्स्वाजिषूतेमर्भे हवामहे स वाजेषु प्र नोऽविषत् ॥

इन्द्रः । मदाय । ववृधे । शवसे । वृत्रऽहा । नृऽभिः ।

तम् । इत् । महत्ऽसु । आजिषु । उत । ईम् । अर्भे । हवामहे ।

सः । वाजेषु । प्र । नः । अविषत् ॥ १ ॥

वृत्रासुरका संहार करने वाले इन्द्रदेवको मनुष्य मद और बलके लिये बढ़ाते हैं । हम उनको विशाल संग्रामोंमें और इस छोटेसे यज्ञमें आह्वान करते हैं, वह युद्धोंमें हममें व्याप्त होजावें १

असि हि वीर सेन्योसि भूरि पराददिः ।
असि दभ्रस्य चिद् वृधो यजमानाय शिक्षसि सुन्वते भूरि ते वसु ॥ २ ॥

असि । हि । वीर । सेन्यः । असि । भूरि । पराऽददिः ।
असि । दभ्रस्य । चित् । वृधः । यजमानाय । शिक्षसि । सुन्वते । भूरि । ते । वसु ॥ २ ॥

हे वीर ! आप सेनाके योग्य हैं, शत्रुओंका भयंकर खण्डन करते हैं, बढ़ते हुए तुच्छ पुरुषको आप यजमानके कारण दण्ड देते हैं और जो आपके लिये अभिषव करता है, आपका बहुतसा धन उसके लिये ही है ॥ २ ॥

यदुदीरत आजयो धृष्णवे धीयते धना ।
युङ्क्ष्वा मदच्युता हरी कं हनः कं वसौ दधोस्माँ इन्द्र वसौ दधः ॥ ३ ॥

यत् । उत्ऽईरते । आजयः । धृष्णवे । धीयते । धना ।
युङ्क्ष्व । मदऽच्युता । हरी इति । कम् । हनः । कम् । वसौ । दधः । अस्मान् । इन्द्रः । वसौ । दधः ॥ ३ ॥

जब युद्ध चलने लगता है और धर्षक पुरुषमें धन स्थापित होते हैं उस समय आप मदमत्त हरी नामक घोड़ोंको जोड़ कर किसको मारेंगे और किसमें धन स्थापित करेंगे ? हे इन्द्र ! उस समय आप हममें धन स्थापित करिये ॥ ३ ॥

मदेमदे हि नो दुदिर्यूथा गवामृजुक्रतुः ।
सं गृभाय पुरू शतोभयाहुस्त्या वसु शिशीहि राय

आ भर ॥ ४ ॥

मदेऽमदे । हि । नः । ददिः । यूथा । गवाम् । ऋजुऽक्रतुः ।
सम् । गृभाय । पुरु । शता । उभयाहुस्त्या । वसु । शिशीहि ।
रायः । आ । भर ॥ ४ ॥

हे इन्द्र ! आपका यज्ञ सरल है, आप प्रत्येक बार हर्षमें भरने पर हमें गौओंके झुण्ड देते हैं । आप सैंकड़ों बार दोनों हाथोंसे बहुतसे धनको ग्रहण करके तीक्ष्ण करिये और हमें प्रदान करिये ४

मादयस्व सुते सचा शवसे शूर राधसे ।
विद्मा हि त्वा पुरूवसुमुप कामान्त्ससृज्महेथा नोविता

भव ॥ ५ ॥

मादयस्व । सुते । सचा । शवसे । शूर । राधसे ।
विद्म । हि । त्वा । पुरुऽवसुम् । उप । कामान् । ससृज्महे । अथ ।
नः । अविता । भव ॥ ५ ॥

हे शूर इन्द्र ! आप सहायक बन कर सोमका अभिषव होने पर मदमें भरिये और बलको साधिये, हम आपको विशाल धन वाला जानते हैं, हम आपसे अपनी कामनाओंसे संयुक्त रहें आप हमारे रक्षक हूजिये ॥ ५ ॥

एते त इन्द्र जन्तवो विश्वं पुष्यन्ति वार्यम् ।
अन्तर्हि ख्यो जनानामर्यो वेदो अदाशुषां तेषां नो
वेद आ भर ॥ ६ ॥

एते । ते । इन्द्र । जन्तवः । विश्वम् । पुष्यन्ति । वार्यम् ।
अन्तः । हि । ख्यः । जनानाम् । अर्यः । वेदः । अदाशुषाम् ।
तेषाम् । नः । वेदः । आ । भर ॥ ६ ॥

इति पञ्चमेऽनुवाके एकोनविंशं सूक्तम् ॥

हे इन्द्र ! ये जन्तु आपके समग्र वीर्यको पुष्ट करते हैं, आप स्वामी हैं आपकी निन्दा करने वालोंके भीतर जो धन स्थित है उन हवि प्रदान न करने वालोंके धनको आप हमें प्रदान करिये ६

पञ्चम अनुवाकमें उन्नीसवाँ सूक्त समाप्त (६७२)

अग्नोर्याम्णि क्रतौ तृतीयसवने "सुरूपकृत्नुमूतये" [२०. ५७] "शुष्मिन्तमं न ऊतये" [२०. ५७. ४] इति स्तोत्रियानुरूपौ भवतः । तत्र "सुरूपकृत्नुमूतये" इति स्तोत्रियमभितः प्राकृतः स्तोत्रियो भवति । "शुष्मिन्तमं न ऊतये" इत्यनुरूपमभितः प्राकृतोऽनुरूपो भवति । तद् उक्तं वैताने । "तृतीयसवने सुरूपकृत्नु-मूतये शुष्मिन्तमं न ऊतय इति स्तोत्रियानुरूपावभितः स्तोत्रियानुरूपौ" इति [वै० ४. ३]॥

तथा महाव्रते प्रातः सवने "सुरूपकृत्नुमूतये" इत्याज्यस्तोत्रियो भवति । तद् उक्तं वैताने । "महाव्रते सुरूपकृत्नुमूतय इत्याज्य-स्तोत्रियः" इति [वै० ६. ४] ॥

तथा श्येनसंदंशाजिरयज्ञेषु एकाहेषु "सुरूपकृत्नुमूतये" [२०. ५७] "उत्त्वा मन्दन्तु स्तोमाः" [२०. ६३] एतौ आज्यस्तो-

त्रियौ विकल्पितौ भवतः । त्वामिद्धि हवामहे" इति [२०. ९८] पृष्ठस्तोत्रियो भवति । तद् उक्तं वैताने । "श्येनसंदंशाजिरवज्रेषु सुरूपकृत्नुमूतय उरवा मन्दन्तु स्तोमास्त्वामिद्धि हवामह इति" इति [वै० ८. १] ॥

अप्तोर्याम क्रतुके तृतीयसवनमें "सुरूपकृत्नुमूतये" (२०।५७) "शुष्मिन्तमं न ऊतये" (२० । ५७ । ४) ये स्तोत्रियानुरूप होते हैं । यहाँ "सुरूपकृत्नुमूतये" यह स्तोत्रियके अभितः प्राकृत स्तोत्रिय होता है। "शुष्मिन्तमं न ऊतये" यह अनुरूपके अभितः प्राकृत अनुरूप होता है । इसी बातको वैतानसूत्रमें कहा है, कि-"तृतीयसवने सुरूपकृत्नुमूतये शुष्मिन्तमं न ऊतय इति स्तोत्रियानुरूपावभितः स्तोत्रियानुरूपौ" (वैतानसूत्र ४ । ३) ॥

तथा महाव्रतके प्रातः सवनमें "सुरूपकृत्नुमूतये" (२० । ५७) ये आज्यस्तोत्रिय होता है । इसी बातको वैतानसूत्रमें कहा है, कि-"महाव्रते सुरूपकृत्नुमूतये इत्याज्यस्तोत्रियः" (वैतानसूत्र ६ । ४) ॥

तथा श्येनसंदंशाजिरवज्रोंके एकाहोंमें "सुरूपकृत्नुमूतये" (२० । ५७) "उरवा मन्दन्तु स्तोमाः" (२० । ६३) ये विकल्पसे आज्यस्तोत्रिय होते हैं । "त्वामिद्धि हवामहे" (२० । ९८) ये पृष्ठस्तोत्रिय होता है । इसी बातको वैतानसूत्रमें कहा है, कि-"श्येनसंदंशाजिरवज्रेषु सुरूपकृत्नुमूतय उरवा मन्दन्तु स्तोमास्त्वामिद्धि हवामह इति" (वैतानसूत्र ८ । ४) ।

सुरूपकृत्नुमूतये सुदुघामिव गोदुहे । जुहूमसि द्यविं-द्यवि ॥ १ ॥

सुरूपऽकृत्नुम् । ऊतये । सुदुघाम्ऽइव । गोऽदुहे ॥ जुहूमसि । द्यविऽद्यवि ॥ १ ॥

जैसे दूध दुहने वालेके लिये सरलतासे दुहाने वाली गौको बुलाया जाता है, इसी प्रकार हम रक्षाके लिये प्रत्येक अवसर पर इन्द्रदेवका आह्वान करते हैं ॥ १ ॥

उप नः सवना गहि सोमस्य सोमपाः पिब । गोदा इद् रेवतो मदः ॥ २ ॥

उप । नः । सवना । आ । गहि । सोमस्य । सोमऽपाः । पिब ॥ गोऽदाः । इत् । रेवतः । मदः ॥ २ ॥

इन्द्रदेव गौएँ देने वाले हैं, हर्षमें भरे रहते हैं, धनसम्पन्न हैं, ऐसे इन्द्रदेव हमारे सोमसवनोंके समीप आइये और सोमका पान करिये ॥ २ ॥

अथा ते अन्तमानां विद्याम सुमतीनाम् । मा नो अति ख्य आ गहि ॥ ३ ॥

अथ । ते । अन्तमानाम् । विद्याम । सुऽमतीनाम् ॥ मा । नः । अति । ख्यः । आ । गहि ॥ ३ ॥

हे इन्द्र ! हम आपके समीप रहने वालीं सुन्दर बुद्धियोंको जानते हैं आप हमारी अधिक निन्दा न कराइये और हमारे पास आइये ॥ ३ ॥

शुष्मिन्तमं न ऊतये द्युम्निनं पाहि जागृविम् । इन्द्र सोमं शतक्रतो ॥ ४ ॥

शुष्मिन्ऽतमम् । नः । ऊतये । द्युम्निनम् । पाहि । जागृविम् ॥ इन्द्र । सोमम् । शतक्रतो इति शतऽक्रतो ॥ ४ ॥

हे शतक्रतो इन्द्र ! आप हमारी रक्षा करनेके लिये इस बल-मद ज्योतिःसम्पन्न-जागरूक रखनेवाले सोमका पान करिये ४

इन्द्रियाणि शतक्रतो या ते जनेषु पञ्चसु । इन्द्र तानि त आ वृणे ॥ ५ ॥

इन्द्रियाणि । शतक्रतो इति शतऽक्रतो । या । ते । जनेषु । पञ्चऽसु ॥ इन्द्र । तानि । ते । आ । वृणे ॥ ५ ॥

हे बहुकर्मन् इन्द्र ! आपकी जो इन्द्रियें देवता पितर आदि पञ्च जनोंमें हैं । हे इन्द्र ! मैं उन इन्द्रियोंका वरण करता हूँ ॥ ५ ॥

अगन्निन्द्र श्रवो बृहद् द्युम्नं दधिष्व दुष्टरम् । उत् ते शुष्मं तिरामसि ॥ ६ ॥

अगन् । इन्द्र । श्रवः । बृहत् । द्युम्नम् । दधिष्व । दुस्तरम् ॥ उत् । ते । शुष्मम् । तिरामसि ॥ ६ ॥

हे इन्द्रदेव ! आपका विशाल अन्न हमको प्राप्त होवे, और आप शत्रुओंसे तरनेके अयोग्य दमकते हुए धनोंको हममें स्थापित करिये और हम आपके बलको सोम और स्तोत्रसे बढ़ाते हैं ६

अर्वावतो न आ गह्यथो शक्र परावतः । उ लोको यस्ते अद्रिव इन्द्रेह तत आ गहि ॥ ७ ॥

अर्वाऽवतः । नः । आ । गहि । अथो इति । शक्र । पराऽवतः । ऊं इति । लोकः । यः । ते । अद्रिऽवः । इन्द्र । इह । ततः । आ । गहि ॥ ७ ॥

हे बलवान् इन्द्र ! आप समीपके स्थलमें हों तो समीपके स्थलसे और दूरके स्थलमें हों तो दूरके स्थानसे हमारे पास आइये, हे वज्रधारिन् इन्द्र ! आपका जो उत्तम लोक है, उस स्थानसे भी आप सोमपान करनेके लिये इस पूजाके स्थानमें आइये ॥ ७ ॥

इन्द्रो अङ्ग महद् भयमभी षदप चुच्यवत् । स हि स्थिरो विचर्षणिः ॥ ८ ॥

इन्द्रः । अङ्ग । महत् । भयम् । अभि । सत् । अप । चुच्यवत् ॥ सः । हि । स्थिरः । विऽचर्षणिः ॥ ८ ॥

हे आत्मा वा ऋत्विज ! इन्द्रदेव हमारेऊपर पड़े हुए, दूसरों से न हटाने योग्य बड़े भारी भयका तिरस्कार कर डालते हैं, और भयको हमसे अलग करके दूर भगा देते हैं, वह इन्द्रदेव स्थिर रहने वाले हैं अर्थात् कोई उनको च्युत नहीं कर सकता। और वह सबको देखने वाले हैं अर्थात् छिपे हुए भय देने वालों को और प्रकाशित हम रक्षणीयोंको भी जानते हैं ॥ ८ ॥

इन्द्रश्च मृलयाति नो न नः पश्चादघं नशत्। भद्रं भवाति नः पुरः ॥ ९ ॥

इन्द्रः । च । मृलयाति । नः । न । नः । पश्चात् । अघम् । नशत् । भद्रम् । भवाति । नः । पुरः ॥ ९ ॥

यदि इन्द्रदेव हमारे रक्षक हों तो वह हमको सुख दें, यदि इन्द्रदेव हमारे रक्षक हों तो पीछे हमारा दुःख नष्ट होजावें और सामने हमारा मङ्गल होवे ॥ ९ ॥

इन्द्र आशाभ्यस्परि सर्वाभ्यो अभयं करत्। जेता

शत्रून् विचर्षणिः ॥ १० ॥

इन्द्रः। आशाभ्यः। परि। सर्वाभ्यः। अभयम्। करत् ॥ जेता।

शत्रून्। विऽचर्षणिः ॥ १० ॥

इन्द्रदेव सब दिशा विदिशाओंसे हम पर पड़ सकने वाले भयोंको दूर करें। यह इन्द्रदेव सब दिशाओंमें जो हमारे शत्रु हैं उनको देखने वाले हैं ॥ १० ॥

क ईं वेद सुते सचा पिबन्तं कद् वयो दधे।

अयं यः पुरो विभिनत्त्योजसा मन्दानः शिप्रयन्धसः

कः। ईम्। वेद। सुते। सचा। पिबन्तम्। कत्। वयः। दधे।

अयम्। यः। पुरः। विऽभिनत्ति। ओजसा। मन्दानः। शिप्री।

अन्धसः ॥ ११ ॥

इस बातको कौन जानता है, कि-सोमका अभिषव होने पर साथ २ यह कौनसे अन्नको धारण करते हैं, यह सुन्दर ठोड़ी वाले हवीरूप अन्नसे हर्षमें भरे हुए इन्द्र अपने सामनेके शत्रु-पुरोंको बलपूर्वक नष्ट कर डालते हैं ॥ ११ ॥

दाना मृगो न वारणः पुरुत्रा चरथं दधे।

नकिष्ट्वा नि यमदा सुते गमो महांश्चरस्योजसा १२

दाना। मृगः। न। वारणः। पुरुऽत्रा। चरथम्। दधे।

नकिः। त्वा। नि। यमत्। आ। सुते। गमः। महान्। चरसि।

ओजसा ॥ १२ ॥

मदमत्त मृगकी समान वारण करने वाले आप रथमें बैठ कर अनेक स्थानोंमें गमन करते हैं, सोमका अभिषव होने पर ऐसा कोई नहीं है जो आपको रोक सके, आप बलसे महान् बनते हुए विचरण करते हैं, अतः सोमका अभिषव होने पर आइये १२

य उ॒ग्रः सन्न॑निष्टृतः स्थि॒रो रणा॑य॒ संस्कृ॑तः ।
यदि॑ स्तो॒तुर्म॒घवा॑ शृ॒णव॒द्धवं॒ नेन्द्रो॑ योष॒त्या ग॑मत्

यः । उ॒ग्रः । सन् । अनि॑ऽस्तृतः । स्थि॒रः । रणा॑य । संस्कृ॑तः ।
यदि॑ । स्तो॒तुः । म॒घऽवा॑ । शृ॒णव॑त् । हव॑म् । न । इन्द्रः॑ ।
योष॒ति । आ । ग॒मत् ॥ १३ ॥

जो उग्र पड़ने पर शत्रुओंसे अहिंसित रहते हैं, जो रणके लिये तयार होने पर अहिंसित रहते हैं, यदि यह मघवा इन्द्र स्तुति करने वालेके आह्वानको सुनें तो स्त्रीके पास जानेकी समान आवेंगे ॥ १३ ॥

व॒यं घ॑ त्वा सु॒ताव॑न्त॒ आपो॒ न वृ॒क्तब॑र्हिषः ।
प॒वित्र॑स्य प्र॒स्रव॑णेषु वृत्रह॒न् परि॑ स्तो॒तार॒ आसते १४

व॒यम् । घ॒ । त्वा॒ । सु॒तऽव॑न्तः । आपः॑ । न । वृ॒क्तऽब॑र्हिषः ।
प॒वित्र॑स्य । प्र॒ऽस्रव॑णेषु । वृ॒त्र॒ऽह॒न् । परि॑ । स्तो॒तारः॑ । आस॒ते १४

हे इन्द्र ! अभिषव करके जलकी समान पतले किये गए अभिषुत सोमसे सम्पन्न हम ऋत्विज, पवित्रेसे प्रस्रवणके समय आपकी स्तुति करते हुए बैठे हैं ॥ १४ ॥

स्वर॑न्ति त्वा सु॒ते नरो॒ वसो॑ निरे॒क उ॒क्थिनः॑ ।

कदा सुतं तृषाण ओक आ गम इन्द्र स्वब्दीव वंसगः

स्वरन्ति । त्वा । सुते । नरः । वसो इति । निरेके । उक्थिनः ।

कदा । सुतम् । तृषाणः । ओकः । आ । गमः । इन्द्र । स्वब्दीऽ-

इव । वंसगः ॥ १५ ॥

हे वासयितः इन्द्र ! सोमका अभिषव होजाने पर अधिकतासे उक्थगान करने वाले पुरुष ऋत्विज आपका स्वरोंसे आह्वान कर रहे हैं, कि-कब आप वननीय गति स्वब्दी वृषभकी समान तृषामें भर कर यागगृहमें अभिषुत सोमका पान करनेके लिये आवेंगे ॥ १५ ॥

कण्वेभिर्धृष्णवा धृषद् वाजं दर्षि सहस्रिणम् ।

पिशङ्गरूपं मघवन् विचर्षणे मक्षू गोमन्तमीमहे ॥ १६

कण्वेभिः । धृष्णो इति । आ । धृषत् । वाजम् । दर्षि । सहस्रिणम् ।

पिशङ्गऽरूपम् । मघऽवन् । विऽचर्षणे । मक्षु । गोऽमन्तम् । ईमहे ।

इति पञ्चमेऽनुवाके विंशं सूक्तम् ॥

हे धर्षक इन्द्रदेव ! आप धनको दबा लेते हैं, सहस्रों शक्तियों से भी सम्पन्न व्यक्तिको विदीर्ण कर डालते हैं, हे विद्वन् इन्द्र ! हम गौओंसे सम्पन्न पिशंग रूप वाले धनकी आपसे याचना करते हैं ॥ १६ ॥

पञ्चम अनुवाकमें बीसवाँ सूक्त समाप्त (६७३)

विषुवति सौर्यपृष्ठे "बण्महाँ असि सूर्य" [२०. ५८, ३] "श्रायन्त इव सूर्यम्" [२०. ५८. १] इति विकल्पितौ पृष्ठस्तो-

त्रियानुरूपौ भवतः। तद् उक्तं वैताने। "बण्महाँ असि सूर्य आयन्त इव सूर्यमिति वा" इति [वै० ६. ३]॥

तथा तीव्रसुच्चतुःपर्याययोः साहस्रान्त्योर्दशपेये विश्वंशयज्ञे "आयन्त इव सूर्यम्" इत्येष पृष्ठस्तोत्रियो भवति॥

तथा साद्यःक्राभिधानेषु एकाहेषु श्येनयागवर्जितेषु "अहमिद्धि पितुष्परि" [२०. ११५] इत्याज्यस्तोत्रियो भवति। चकारात् "आयन्त इव सूर्यम्" इत्याज्यस्तोत्रियो भवति॥

तद् उक्तं वैताने। "तीव्रसुच्चतुःपर्याययोः सहस्रान्त्ययोर्दशपेये विश्वंशयज्ञे आयन्त इव सूर्यमिति। साद्यःक्रेषु श्येनवर्जम् अहमिद्धि पितुष्परीति च" इति [वै० ८. २]॥

तथा साकमेधस्य तृतीयेऽहनि अस्य सूक्तस्य विनियोग उक्तः। स च "तमिन्द्रं वाजयामसि" इति सूक्ते [२०. ४७] द्रष्टव्यः॥

तथा चतुरहाणां तृतीयेष्वहःसु "आयन्त इव सूर्यम्" [२०. ५८] "त्वं न इन्द्रा भर" [२०. १०८] एतौ पृष्ठोक्थस्तोत्रियौ भवतः। तद् उक्तं वैताने। "चतुरहाणां आयन्त इव सूर्यं त्वं न इन्द्रा भरेति" इति [वै० ८. ३]॥

तथा त्रिककुद्दशाहे अस्य विनियोगः "क ईं वेद सुते सचा" इति सूक्ते [२०. ५३] उक्तः॥

विषुवत् सौर्यपृष्ठमें "बण्महाँ असि सूर्य" (२० । ५८ । ३) "आयन्त इव सूर्यम्" (२० । ५८ । १) ये विकल्पसे पृष्ठस्तोत्रिय अनुरूप होते हैं। इसी बातको वैतानसूत्रमें कहा है, कि—"बण्महाँ असि सूर्य आयन्त इव सूर्यमिति वा" (वैतानसूत्र ६ । ३)॥

तथा सहस्रांत्य तीव्र सुच्चतुः पर्यायोंके दशपेय विश्वंश-यज्ञमें "आयन्त इव सूर्यम्" यह पृष्ठस्तोत्रिय होता है।

तथा श्येनयागवर्जित साद्यःक्र नामक एकाहोंमें "अहमिद्धि

पितुष्परि" २०।११५ ये आज्यस्तोत्रिय होता है। चकार से "आयन्त इव सूर्यम्" यह आज्यस्तोत्रिय होता है।

इसी बातको वैतानसूत्रमें कहा है, कि-"तीव्रसुच्चतुः पर्यायोः सहस्रान्त्ययोर्दशपेये विश्वंशायने आयन्त इव सूर्यमिति। साद्यःक्रेषु श्येनवर्जम् अहमिद्धि पितुष्परीति च" (वैतान-सूत्र ८।२)

तथा साकमेधके तृतीय दिनमें इस सूक्तका विनियोग कहा है। उसको "तमिन्द्रं वाजयामसि" २०।४७ सूक्तमें देखना चाहिये।

तथा चतुरहोंके तीसरे दिनोंमें "आयन्त इव सूर्यम्" २०।५८ "त्वं न इन्द्राभर" २०।१०८ ये पृष्ठोक्थस्तोत्रिय होते हैं। इसी बातको वैतानसूत्रमें कहा है, कि-"चतुरहाणां आयन्त इव सूर्यम् त्वं न इन्द्रा भरेति" (वैतानसूत्र ८।३)॥

तथा त्रिककुद्दशाहमें इसका विनियोग "क ईं वेद सुते सचा" २०।५३ सूक्तमें देखना चाहिये।

आयन्त इव सूर्यं विश्वेदिन्द्रस्य भक्षत।
वसूनि जाते जनमान ओजसा प्रति भागं न दीधिम १

आयन्ताऽइव। सूर्यम्। विश्वा। इत्। इन्द्रस्य। भक्षत। वसूनि। जाते। जनमाने। ओजसा। प्रति। भागम्। न। दीधिम ॥ १ ॥

जिस प्रकार किरणें प्रतिदिन सूर्यका उपस्थान करती हैं—सूर्यके समीप रहती हैं, इसी प्रकार मध्यस्थानक उदकेश्वर इन्द्र के समीप रहती हैं, उन इन्द्रके जलरूप सब धनोंको अपने लिये वा सब जनोंके लिये हम बाँटना चाहते हैं। और जैसे इन्द्र भत

भविष्यत् वर्तमानके धनोंको अपने ऐश्वर्यबलसे बाँटना चाहते हैं और उस भागसे प्राणी उपजीवन करते हैं। इसी प्रकार हम भी उस भागका ध्यान करते हैं ॥ १ ॥

अनर्शरातिं वसुदामुप स्तुहि भद्रा इन्द्रस्य रातयः।
सो अस्य कामं विधतो न रोषति मनो दानाय चोदयन् ॥ २ ॥

अनर्शऽरातिम्। वसुऽदाम्। उप। स्तुहि। भद्राः। इन्द्रस्य। रातयः। सः। अस्य। कामम्। विधतः। न। रोषति। मनः। दानाय। चोदयन् ॥ २ ॥

हे स्तोतः! अश्लीलता रहित दान वाले धनदाता इन्द्रकी मन से शरण लेकर तुम स्तुति करो। इन इन्द्रके दान कल्याणमय हैं। वह इन्द्रदेव इस अपने भक्तके धारण किये हुए मनोरथोंको नष्ट नहीं करते हैं और जो इस प्रकार स्तुति करके याचना करता है वह इन्द्रके मनको दानके लिये प्रेरित करता है ॥ २ ॥

बण्महाँ असि सूर्य बडादित्य महाँ असि।
महस्ते सतो महिमा पनस्यतेद्धा देव महाँ असि ३

बट्। महान्। असि। सूर्य। बट्। आदित्य। महान्। असि। महः। ते। सतः। महिमा। पनस्यते। अद्धा। देव। महान्। असि ॥ ३ ॥

हे सूर्यात्मक इन्द्रदेव! आप महान् हैं, यह सत्य है, हे अदिति पुत्र! आप महान् हैं यह सत्य है। आप सत्स्वरूप पूज्यकी महिमा भी प्रशंसा पाती है, हे देव! आप महान् हैं, यह सत्य है।३।

बट् सूर्य श्रवसा महाँ असि सत्रा देव महाँ असि ।
मह्ना देवानामसुर्यः पुरोहितो विभु ज्योतिरदाभ्यम् ४

बट् । सूर्य । श्रवसा । महान् । असि । सत्रा । देव । महान् । असि ।
मह्ना । देवानाम् । असुर्यः । पुरःऽहितः । विऽभु । ज्योतिः ।
अदाभ्यम् ॥ ४ ॥

इति पञ्चमेनुवाके एकत्रिंशं सूक्तम् ॥

हे सूर्य ! आप हविरूप अन्नसे महान् हैं, यह सत्य है और हे देव ! साथ ही आप स्वयं भी महान् हैं । आप अपनी महिमा से असुरोंसे भिड़ने वाले देवश्रेष्ठ हैं, आगे २ हित करते हैं और आप अहिंस्य व्यापक ज्योति हैं ॥ ४ ॥

पञ्चम अनुवाकमें इकतीसवाँ सूक्त समाप्त (६७४)

दशरात्रस्य दशमेहनि माध्यंदिने सवने "उदु त्ये मधुमत्तमाः" [२०. ५९. १] "उद्विन्न्वस्य रिच्यते" [२०. ५९. ३] इति पृष्ठस्तोत्रियानुरूपौ भवतः । तदुक्तं वैताने । "उदु त्ये मधुमत्तमा उद्विन्न्वस्य रिच्यत इति पृष्ठस्तोत्रियानुरूपौ" इति [वै० ६. ३] ॥

दशरात्रके दशम दिनमें माध्यन्दिन सवनके अवसर पर "उदु त्ये मधुमत्तमाः" (२० । ५९ । ३) ये पृष्ठस्तोत्रिय अनुरूप होते हैं । इसी बातको वैतानसूत्रमें कहा है, कि—"उदु त्ये मधुमत्तमा उद्विन्न्वस्य रिच्यत इति पृष्ठस्तोत्रियानुरूपौ" (वैतानसूत्र ६।३) ॥

उदु त्ये मधुमत्तमा गिर स्तोमास ईरते ।
सत्राजितो धनसा अक्षितोतयो वाजयन्तो रथा इव १

उत् । ऊं इति । त्ये । मधुमत्ऽतमाः । गिरः । स्तोमासः । ईरते ।

सुम्नाऽजितः । धनऽसाः । अक्षितऽऊतयः । वाजऽयन्तः ।

रथाःऽइव ॥ १ ॥

ये आगे कहे जाने जाने वाले प्रगीतमन्त्रसाध्य त्रिवृत् आदि स्तोत्र और अप्रगीत मन्त्रसाध्य शस्त्र आदिकी मधुर वाणियें प्रादुर्भूत हो रहीं हैं ये धन प्रदान करनेवाली हैं और एक बार ही शत्रुओंको जीत लेती हैं, ये सदा रक्षक हैं और यह अन्न प्रदान करने वाली हैं और रथ जैसे रथमें बैठने वालेके प्रयोजनके लिये दौड़ता है, तैसे ही यह इन्द्रके सन्तोषके लिये प्रकट होती हैं ।१।

कण्वा इव भृगवः सूर्या इव विश्वमिद्धीतमानशुः ।
इन्द्रं स्तोमेभिर्महयन्त आयवः प्रियमेधासो अस्वरन् २

कण्वाःऽइव । भृगवः । सूर्याःऽइव । विश्वम् । इत् । धीतम् ।

आनशुः ।

इन्द्रम् । स्तोमेभिः । महऽयन्तः । आयवः । प्रियऽमेधासः ।

अस्वरन् ॥ २ ॥

कण्वगोत्रमें उत्पन्न हुए महर्षि जिस प्रकार, तीनों लोकोंके स्वामी, फलाभिलाषियोंके द्वारा ध्याये हुए इन्द्रको ही स्तोत्र शस्त्र आदि स्तुतियोंसे प्राप्त होते हैं, जैसे धाता अर्यमा आदि सूर्य अपने नियन्ता इन्द्रको प्राप्त होते हैं, अर्थात् इन्द्रकी स्तुति करते हैं और भृगुवंशी महर्षि जिस प्रकार इन्द्रकी शरणमें जाते हैं, इसी प्रकार प्रियमेधा नामक मनुष्य पूजा करते समय स्तोत्रों से इन्द्रकी स्तुति करते हैं ॥ २ ॥

उदिन्न्वस्य रिच्यतेंशो धनं न जिग्युषः ।

य इन्द्रो हरिवान्न दभन्ति तं रिपो दक्षं दधाति

सोमिनि ॥ ३ ॥

उत् । इत् । नु । अस्य । रिच्यते । अंशः । धनम् । न । जिग्युषः ।

यः । इन्द्रः । हरिऽवान् । न । दभन्ति । तम् । रिपः । दक्षम् ।

दधाति । सोमिनि ॥ ३ ॥

विजेताके धनकी समान इन इन्द्रदेवका यज्ञभाग होता है, जो इन्द्रदेव हरि नामक घोड़ोंसे सम्पन्न हैं, उनको पाप बाँध नहीं सकते और यह इन्द्रदेव सोमप्रदाता यजमानमें बलको स्थापित करते हैं ॥ ३ ॥

मन्त्रमखर्वं सुधितं सुपेशसं दधात यज्ञियेष्वा ।

पूर्वीश्चन प्रसितयस्तरन्ति तं य इन्द्रे कर्मणा भुवत् ४

मन्त्रम् । अखर्वम् । सुऽधितम् । सुऽपेशसम् । दधात । यज्ञियेषु । आ ।

पूर्वीः । चन । प्रऽसितयः । तरन्ति । तम् । यः । इन्द्रे । कर्मणा ।

भुवत् ॥ ४ ॥

इति पञ्चमेऽनुवाके द्वाविंशं सूक्तम् ॥

हे स्तोताओं ! यज्ञिय स्तोत्रोंमें महाप्रभावसम्पन्न सुन्दर दीप्ति और रूप देने वाले मन्त्रोंका प्रयोग करो, जो कर्मसे इन्द्रकी सेवामें परायण रहता है वह पूर्व बन्धनों पापों) से छूट जाता है ४

पञ्चम अनुवाकमें बाईसवाँ सूक्त समाप्त ६७५

अभिप्लवमध्यमेष्वहःसु द्वितीयतृतीयचतुर्थपञ्चमेषु । "एवा ह्यसि वीरयुः" इत्यादयोऽष्टौ तृचास्तृतीयसवने उक्थस्तोत्रियानु-

रूपः यथाक्रमं भवन्ति । एवं च "एवा ह्यसि वीरयुः" [२०. ६०] "एवा ह्यस्य सूनृता" [२०. ६०. ४–६] इति स्तोत्रियानुरूपौ द्वितीये । "तं ते मदं गृणीमसि" [२०. ६१] "तम्वभि प्र गायत" [२०. ६१. ४–६] इति तृतीये । "वयमु त्वामपूर्व्य" [२०. ६२, १] "यो न इदमिदं पुरा" [२०. ६२, ३] इति चतुर्थे । "इन्द्राय साम गायत" [२०. ६२. ५–७] "तम्वभि प्र गायत" [२०. ६१. ४–६] इति पञ्चमे । तद् उक्तं वैताने । "मध्यमेष्वेवा ह्यसि वीरयुरित्युक्थस्तोत्रियानुरूपा" इति [वै० ६.१]॥

तथा नैकृतस्य पृष्ठ्यत्र्यहस्य द्वितीयेऽहनि "एवा ह्यसि वीरयुः" इति उक्थस्तोत्रियो भवति । तद् उक्तं वैताने । "पृष्ठ्यत्र्यहस्य एवा ह्यसि वीरयुरित्युक्थे" इति [वै० ८. ३]॥

तथा तस्यैव तृतीयेऽहनि अस्य विनियोगः "अभि प्र वः सुराधसम्" इति सूक्ते [२०. ५१.] उक्तः ॥

तथा पृष्ठ्यपञ्चाहस्य द्वितीयेऽहनि "एवा ह्यसि वीरयुः" इति पृष्ठोक्थस्तोत्रियो भवति । तद्द उक्तं वैताने । "पृष्ठ्यपञ्चाहस्यैवा ह्यसि वीरयुरिति" इति [वै० ८. ३]॥

तथा पृष्ठ्यषडहस्य द्वितीयेऽहनि एष उक्थस्तोत्रियो भवति । तद्द उक्तं वैताने । "पृष्ठ्यस्य द्वितीय एवा ह्यसि वीरयुरिति" इति [वै० ८. ४]॥

अभिप्लवके मध्यमदिनमें दूसरे तीसरे चौथे पाँचवेंमें "एवा ह्यसि वीरयुः" इत्यादि आठ तृच तृतीयसवनमें यथाक्रम स्तोत्रिय और अनुरूप होती हैं । इसी प्रकार "एवा ह्यसि वीरयुः" (२०। ६०) "एवा ह्यस्य सूनृता (२०।६०।४-६) ये स्तोत्रिय और अनुरूप दूसरे दिनमें होते हैं । "तं ते मदं गृणीमसि" (२०।६१) "तम्वभि प्र गायत" (२०।६१।४–६) ये तृतीय दिनमें होते हैं । "वयमु त्वामपूर्व्य" (२०।६२, १) "यो न इदमिदं

पुरा" (२० । ६२, ३) ये चौथे दिनमें होने हैं । "इन्द्राय साम गायत" (२० । ६२ । ५-७) "तम्वभि प्रगायत" (२०।६१। ४-६) ये पञ्चम दिनमें होते हैं ॥ इसी बातको वैतानसूत्रमें कहा है, कि-"मध्यमेष्वेवा ह्यसि वीरयुरित्युक्थस्तोत्रियानुरूपाः" इति (वैतानसूत्र ६ । १) ॥

तथा वैकृत पृष्ठ्यत्र्यहके द्वितीय दिनमें "एवा ह्यसि वीरयुः" यह उक्थस्तोत्रिय होता है । इसी बातको वैतानसूत्रमें कहा है, कि-"पृष्ठयत्रहस्य एवा ह्यसि वीरयुरित्युक्थे" (वैतानसूत्र ८.२)

तथा इसीके तृतीयदिनमें इसका जो विनियोग "अभि प्र वः सुराधसम्" (२० । ५१) सूक्तमें कहा है, उसको देखना चाहिये ।

तथा पृष्ठ्यपञ्चाहके द्वितीय दिनमें "एवा ह्यसि वीरयुः" यह पृष्ठोक्थस्तोत्रिय होता है । इसी बातको वैतानसूत्रमें कहा है, कि-"पृष्ठ्यपञ्चाहस्यैवा ह्यसि वीरयुरिति" (वैतानसूत्र ८ । ४) ॥

एवा ह्यसि वीरयुरेवा शूर उत स्थिरः । एवा ते राध्यं मनः ॥ १ ॥

एव । हि । असि । वीरऽयुः । एव । शूरः । उत । स्थिरः ॥ एव । ते । राध्यम् । मनः ॥ १ ॥

आप वीरोंको हटाने वाले हैं, शूर हैं और स्थिर हैं, आपका मन राध्य ॥ १ ॥

एवा रातिस्तुवीमघ विश्वेभिर्धायि धातृभिः । अधा चिदिन्द्र मे सचा ॥ २ ॥

एव । रातिः । तुविऽमघ । विश्वेभिः । धायि । धातृऽभिः । अध । चित् । इन्द्र । मे । सचा ॥ २ ॥

हे बहुतसे धनसे सम्पन्न इन्द्रदेव ! अपनी पुष्ट करने वाली समस्त शक्तियोंके साथ हममें दानशक्तिको स्थापित करिये, हे इन्द्र ! फिर आप मेरे सहायक बनिये ॥ २ ॥

मो षु ब्रह्मेव तन्द्रयुर्भुवो वाजानां पते । मत्स्वा सुतस्य गोमतः ॥ ३ ॥

मो इति । सु । ब्रह्माऽइव । तन्द्रयुः । भुवः । वाजानाम् । पते ॥ मत्स्व । सुतस्य । गोऽमतः ॥ ३ ॥

हे अन्नोंके स्वामी आप ब्रह्माजीकी समान तन्द्रयु न बनिये और बुद्धि प्रदान करने वाले अभिषुत सोमसे आनन्दमें भरिये ३

एवा ह्यस्य सूनृता विरप्शी गोमती मही । पक्वा शाखा न दाशुषे ॥ ४ ॥

एव । हि । अस्य । सूनृता । विऽरप्शी । गोऽमती । मही ॥ पक्वा । शाखा । न । दाशुषे ॥ ४ ॥

इनकी मधुर, गोप्रदात्री विशाल भूमि हवि प्रदान करनेवाले यजमानको पक्व शाखाकी समान (फल प्रदान करने वाली है)

एवा हि ते विभूतय ऊतय इन्द्र मावते । सद्यश्चित सन्ति दाशुषे ॥ ५ ॥

एव । हि । ते । विऽभूतयः । ऊतयः । इन्द्र ! माऽवते ॥ सद्यः । चित् । सन्ति । दाशुषे ॥ ५ ॥

हे पृथ्वीपति इन्द्र ! आपकी रक्षक विभूतियें, हवि देने वाले यजमानके लिये शीघ्र ही उपस्थित होजाती हैं ॥ ५ ॥

एवा ह्यस्य काम्या स्तोम उक्थं च शंस्या । इन्द्राय सोमपीतये ॥ ६ ॥

एव । हि । अस्य । काम्या । स्तोमः । उक्थम् । च । शंस्या ॥ इन्द्राय । सोमऽपीतये ॥ ६ ॥

इति पञ्चमेनुवाके त्रयोविंशं सूक्तम् ॥

इन्द्रको सोम पिलाते समय स्तोम उक्थ और शंस्या (नामक स्तुतियें) इन्द्रदेवकी कमनीय हैं ॥ ६ ॥

पञ्चम अनुवाकमें तेईसवाँ सूक्त समाप्त (६७२)

अभिप्लवे "तं ते मदं गृणीमसि" इत्यस्य विनियोगः पूर्वेण [२०. ६०] सह उक्तः ॥

तथा व्युष्ट्याङ्गिरसकापिवनचैत्ररथद्व्यहानां प्रथमेऽहनि "तं ते मदं गृणीमसि" इति उक्थस्तोत्रियो भवति । तद् उक्तं वैताने । "व्युष्ट्याङ्गिरसकापिवनचैत्ररथद्व्यहानां तं ते मदं गृणीमसीति" इति [वै० ८. ३] ॥

तथा वैश्वदेवादीनां त्र्यहाणां द्वितीयेष्वहःसु अस्य विनियोगः "तमिन्द्रं वाजयामसि" इति सूक्ते [२०. ४७] उक्तः ॥

अभिप्लवमें "तं ते मदं गृणीमसि" इसका विनियोग पूर्वसूक्त (२०।६०) के साथ कह दिया है ।

तथा व्युष्टय आंगिरस कापिवन चैत्ररथ द्व्यहोंके प्रथम दिनमें "तं ते मदं गृणीमसि" यह उक्थस्तोत्रिय होता है । इसी बातको वैतानसूत्रमें कहा है, कि—"व्युष्ट्यांगिरसकापिवनचैत्ररथद्व्यहानां तं ते मदं गृणीमसीति" (वैतानसूत्र ८ । ३) ॥

तथा वैश्वदेव आदि त्र्यहोंके द्वितीय दिनोंमें इसका विनियोग "तमिन्द्रं वाजयामसि" २० । ४७ सूक्तमें कहा है ॥

तं ते मदं गृणीमसि वृषणं पृत्सु सासहिम् । उ लोककृत्नुमद्रिवो हरिश्रियम् ॥ १ ॥

तम् । ते । मदम् । गृणीमसि । वृषणम् । पृत्ऽसु । ससहिम् । ऊं इति । लोकऽकृत्नुम् । अद्रिऽवः । हरिऽश्रियम् ॥ १ ॥

हे वज्रधारिन् इन्द्र ! हम फलोंकी वर्षा करने वाले, सेनाओं में शत्रुओंका अभिभव करने वाले और हरी नामक घोड़ोंकी श्रीसे सम्पन्न आपके लोककृत्नु मदकी स्तुति करते हैं ॥ १ ॥

येन ज्योतींष्यायवे मनवे च विवेदिथ ।
मन्दानो अस्य बर्हिषो वि राजसि ॥ २ ॥

येन । ज्योतींषि । आयवे । मनवे । च । विवेदिथ । मन्दानः । अस्य । बर्हिषः । वि । राजसि ॥ २ ॥

आपने जिस सोमके प्रभावसे आयु और मनुके लिये ज्योतिर्मय उपायोंको प्राप्त कराया था, उस सोमसे हर्षमें भरे हुए आप इस यजमानके कुशासन पर विराज रहे हैं ॥ २ ॥

तदद्या चित्त उक्थिनोनु ष्टुवन्ति पूर्वथा ।
वृषपत्नीरपो जया दिवेदिवे ॥ ३ ॥

तत् । अद्य । चित् । ते । उक्थिनः । अनु । स्तुवन्ति । पूर्वऽथा । वृषऽपत्नीः । अपः । जय । दिवेऽदिवे ॥ ३ ॥

ये उक्थगान करनेवाले आपके पूर्व कर्मोंकी स्तुति कर रहे हैं, आप प्रत्येक विजिगीषाके अवसर पर धर्मकृत्य करके विजय पाइये

तम्वभि प्र गायत पुरुहूतं पुरुष्टुतम् ।
इन्द्रं गीर्भिस्तविषमा विवासत ॥ ४ ॥

तम् । ऊं इति । अभि । प्र । गायत । पुरुऽहूतम् । पुरुऽस्तुतम् ।
इन्द्रम् । गीःऽभिः । तविषम् । आ । विवासत ॥ ४ ॥

बहुतोंसे आहूत और बहुतोंसे स्तुत उन इन्द्रदेवका ही तुम यशोगान करो, महान् इन्द्रदेवको ही तुम स्तुतिरूपा वाणियोंसे आवासित करो ॥ ४ ॥

यस्य द्विबर्हसो बृहत् सहो दाधार रोदसी ।
गिरीँरज्राँ अपः स्वर्वृषत्वना ॥ ५ ॥

यस्य । द्विऽबर्हसः । बृहत् । सहः । दाधार । रोदसी इति ।
गिरीन् । अज्रान् । अपः । स्वः । वृषऽत्वना ॥ ५ ॥

जिस द्विबर्हस् इन्द्रके धर्मभावके कारण द्यावा पृथिवी उनके महान् बल पर्वत वज्र जल और स्वर्गको धारण करते हैं (हे स्तोताओं ! तुम उन इन्द्रदेवकी स्तुति करो ॥ ५ ॥

स राजसि पुरुष्टुतँ एको वृत्राणि जिघ्नसे ।
इन्द्र जैत्रा श्रवस्या च यन्तवे ॥ ६ ॥

सः । राजसि । पुरुऽस्तुतः । एकः । वृत्राणि । जिघ्नसे ।
इन्द्र । जैत्रा । श्रवस्या । च । यन्तवे ॥ ६ ॥

इति पञ्चमेऽनुवाके चतुर्विंशं सूक्तम् ॥

हे पुरुष्टुत इन्द्र ! आप विजयशील यशको पानेके लिये दमकते हैं और अकेले ही आवरक शत्रुओंको मार डालते हैं ॥ ६ ॥

पञ्चम अनुवाकमें चौबीसवाँ सूक्त समाप्त (६७७)

"वयमु त्वामपूर्व्य" इत्याद्यतृचस्य विनियोगः [२०. १४] इत्यत्र उक्तः ॥

तथा "इन्द्राय साम गायत" [२०. ६२. ५] इत्यस्य विनियोगः "इन्द्रो मदाय वावृधे" [२०. ५६] इत्यनेन सह उक्तः ॥

"वयमुः त्वामपूर्व्य" सूक्तका विनियोग (२० । १४) में कह दिया है ।

तथा "इन्द्राय साम गायत" (२० । ६५ । ५) इसका विनियोग "इन्द्रो मदाय वावृधे" (२० । ५६) के साथ कह दिया है ।

वयमु त्वामपूर्व्य स्थूरं न कच्चिद् भरन्तोवस्यवः ।

वाजे चित्रं हवामहे ॥ १ ॥

वयम् । ऊं इति । त्वाम् । अपूर्व्य । स्थूरम् । न । कत् । चित् ।

भरन्तः । अवस्यवः । वाजे । चित्रम् । हवामहे ॥ १ ॥

हे वारम्वार गमन करने पर भी नवीन ही रहनेवाले अपूर्व्य ! (अर्थात् आपका अनादर कभी नहीं होता) इन्द्र ! आप पूजनीयका अन्नप्राप्ति वा संग्राममें हवि आदिसे पोषण करने वाले हम रक्षाकाम ही, आवाहन करते हैं, आप हमारी ओर ही विजय दिलानेके लिये आइये हमारे प्रतिपक्षियोंकी ओर न जाइये, क्योंकि—हम ही आपका आवाहन कर रहे हैं । जैसे मनुष्य किसी परमगुणी राजाको अभिमत फल देकर पुष्ट करते हैं, उस को ही अपनी विजयके लिये बुलाते हैं, इसी प्रकार हम आपका आवाहन करते हैं ॥ १ ॥

उप॑ त्वा॒ कर्म॑न्नू॒तये॒ स नो॒ युवो॒ग्रश्च॑क्राम॒ यो धृ॒षत्।
त्वामिद्ध्य॑वि॒तारं॑ ववृ॒महे॒ सखा॑य इन्द्र सान॒सिम् ॥२॥

उप॑। त्वा॒। कर्म॑न्। ऊ॒तये॑। सः। न॒ः। युवा॑। उ॒ग्रः। च॒क्राम॑।
यः। धृ॒षत्।
त्वाम्। इत्। हि। अ॒वि॒तार॑म्। व॒वृ॒महे॑। सखा॑यः। इ॒न्द्र॒।
सा॒न॒सिम् ॥ २ ॥

हे इन्द्रदेव ! युद्ध आदि कर्मके आने पर रक्षाके लिये हम आप की शरणमें जाते हैं। जो इन्द्रदेव शत्रुओंको दबा देते हैं, नित्य तरुण रहते हैं, प्रचण्ड बली हैं, वह इन्द्रदेव हमको सहायकरूप से प्राप्त होवें। हे इन्द्रदेव ! मित्ररूप हम प्रीति करने वाले और रक्षा करने वाले आपका ही वरण करते हैं ॥ २ ॥

यो न॑ इ॒दमि॑दं पु॒रा प्र वस्य॑ आनि॒नाय॒ तमु॑ वः स्तुषे।
सखा॑य॒ इन्द्र॑मू॒तये॑ ॥ ३ ॥

यः। न॒ः। इ॒दम्ऽइ॑दम्। पु॒रा। प्र। वस्य॑ः। आऽनि॒नाय॑। तम्।
ऊं इति॑। व॒ः। स्तु॒षे॒। सखा॑यः। इन्द्र॑म्। ऊ॒तये॑ ॥ ३ ॥

हे समान ख्याति वाले मित्र हुए यजमानों ! मैं तुम्हारी रक्षा के लिये उन इन्द्रदेवकी स्तुति करता हूँ, कि–जो इन्द्रदेव पहिले हमारे लिये यह गौ है आदिक रीतिसे धन देचुके हैं। उन ही अभिमत फल देने वाले इन्द्रदेवकी मैं स्तुति करता हूँ ॥ ३ ॥

हर्य॑श्वं॒ सत्प॑तिं चर्षणी॒सहं॒ स हि ष्मा॒ यो अम॑न्दत।

आ तु नः स वयति गव्यमश्व्यं स्तोतृभ्यो मघवा शतम् ॥ ४ ॥

हरिऽअश्वम् । सत्ऽपतिम् । चर्षणिऽसहम् । सः । हि । स्म । यः । अमन्दत ।

आ । तु । नः । सः । वयति । गव्यम् । अश्व्यम् । स्तोतृऽभ्यः । मघऽवा । शतम् ॥ ४ ॥

जिन इन्द्रदेवके हरिनामक घोड़े हैं, जो श्रेष्ठ कर्म करने वाले मनुष्योंके पालक हैं, और मनुष्योंको नियममें रखने वाले हैं, उन इन्द्रदेवकी मैं स्तुति करता हूँ। जो इन्द्रदेव स्तुतिसे प्रसन्न होते हैं, उनकी मैं स्तुति करता हूँ। वह धनवान् इन्द्र हम स्तुति करने वालोंको सो गौओंका और सौ घोड़ोंका झुण्ड प्रदान करें ४

इन्द्राय साम गायत विप्राय बृहते बृहत्। धर्मकृते विपश्चिते पनस्यवे ॥ ५ ॥

इन्द्राय । साम । गायत । विप्राय । बृहते । बृहत् ॥ धर्मऽकृते । विपःऽचिते । पनस्यवे ॥ ५ ॥

हे स्तोताओं ! तुम धर्मकर्ता विद्वान्, स्तुत्य विशाल इन्द्रदेवके लिये बृहत्सामका गायन करो ॥ ५ ॥

त्वमिन्द्राभिभूरसि त्वं सूर्यमरोचयः। विश्वकर्मा विश्वदेवो महाँ असि ॥ ६ ॥

त्वम् । इन्द्र । अभिऽभूः । असि । त्वम् । सूर्यम् । अरोचयः ॥
विश्वऽकर्मा । विश्वऽदेवः । महान् । असि ॥ ६ ॥

हे इन्द्रदेव ! आप शत्रुओंका तिरस्कार करने वाले हैं, आपने सूर्यको आकाशमें दीप्त किया है, आप विश्वकर्मा विश्वदेव और महान् हैं ॥ ६ ॥

विभ्राजं ज्योतिषा स्व१रगंच्छो रोचनं दिवः ।
देवास्त इन्द्र सख्याय येमिरे ॥ ७ ॥

विऽभ्राजन् । ज्योतिषा । स्वः । अगच्छः । रोचनम् । दिवः ।
देवाः । ते । इन्द्र । सख्याय । येमिरे ॥ ७ ॥

आप अपनी ज्योतिसे स्वर्गको दमकाने वाले सूर्यको दमकाते हुए, स्वर्गमें प्राप्त हुए हैं, हे इन्द्र ! देवता आपके सखित्वको प्राप्त हुए हैं ॥ ७ ॥

तम्वभि प्र गायत पुरुहूतं पुरुष्टुतम् । इन्द्रं गीर्भिस्तविषमा विवासत ॥ ८ ॥

तम् । ऊं इति । अभि । प्र । गायत । पुरुऽहूतम् । पुरुऽस्तुतम् ॥
इन्द्रम् । गीःऽभिः । तविषम् । आ । विवासत ॥ ८ ॥

हे स्तोताओं ! तुम अनेक यजमानोंसे बुलाये हुए और अनेक स्तोताओंसे स्तुत इन इन्द्रकी ही स्तुति करो, उन बलवान् इन्द्रको ही स्तुतिवाणियोंसे आच्छादित करो ॥ ८ ॥

यस्य द्विबर्हसो बृहत् सहो दाधार रोदसी । गिरीँरज्राँ अपः स्वर्वृषत्वना ॥ ९ ॥

यस्य । द्विऽबर्हसः । बृहत् । सहः । दाधार । रोदसी इति ॥

गिरीन् । अज्रान् । अपः । स्वः । वृषऽत्वना ॥ ९ ॥

जिस द्विवर्हस् इन्द्रके धर्मभावके कारण द्यावापृथिवी उनके महान् बल पर्वत वज्र जल और स्वर्गको धारण करते हैं । हे स्तोताओं ! तुम इन्द्रदेवकी स्तुति करो ॥ ९ ॥

स राजसि पुरुष्टुतँ एको वृत्राणि जिघ्नसे । इन्द्र जैत्रा श्रवस्या च यन्तवे ॥ १० ॥

सः । राजसि । पुरुऽस्तुत । एकः । वृत्राणि । जिघ्नसे ॥ इन्द्र ।

जैत्रा । श्रवस्या । च । यन्तवे ॥ १० ॥

इति पञ्चमेऽनुवाके पञ्चविंशं सूक्तम् ॥

हे पुरुष्टुत इन्द्र ! आप विजयशील यशको पानेके लिये दमकते हैं और अकेले ही आवरक शत्रुओंको मार डालते हैं ॥१०॥

पञ्चम अनुवाकमें पच्चीसवाँ सूक्त समाप्त (६७८)

पृष्ठ्यस्य षष्ठेहनि "इमा नु कं भुवना सीषधाम" [२०.६३.१] "इन्द्राय देवा असुरान् यदायन्" [२०. ६३. २] इति द्वैपदौ पच्छः शंसति । तदु उक्तं वैताने । "षष्ठ इमा नु कं भुवना सीषधाम इन्द्राय देवा असुरान् यदायन्निति द्वैपदौ पच्छः" इति [वै० ६. २] ॥

वाजपेये तृतीयसवने माकुतयोः स्तोत्रियानुरूपयोः मत्याम्नायकौ "य एक इद् विदयते" [२०. ६३. ४] "य इन्द्र सोमपातमः" [२०. ६३. ७] एतौ उक्थस्तोत्रियानुरूपौ भवतः । तदु उक्तं वैताने । "तृतीयसवने य एक इद् विदयते य इन्द्र सोमपातम इत्युक्थस्तोत्रियानुरूपौ" इति [वै० ४. ३] ॥

तथा अभिजिति विषुवति विश्वजिति महाव्रते च तृतीयसवने एतौ उक्थस्तोत्रियानुरूपौ भवतः। तद्व उक्तं वैताने। "अभिजिति विषुवति विश्वजिति महाव्रते च य एक इद्ध विदयते य इन्द्रसोमपातम इत्युक्थस्तोत्रियानुरूपौ" इति [वै० ६. १]॥

तथा विश्वजिति एकाहीभूते "य एक यद्ध विदयते" इत्येष उक्थस्तोत्रियो भवति। तद्व उक्तं वैताने। "विश्वजिति य एक इद्ध विदयत इति" इति [वै० ८. २]॥

तथा चतुरहाणां चतुर्थेष्वहःसु "महाँ इन्द्रो य ओजसा" [२०.१३८] "य एक इद्ध विदयते" [२०.६३.४] एतौ आज्योक्थस्तोत्रियौ भवतः। तद्व उक्तं वैताने। "चतुर्थेषु महाँ इन्द्रो य ओजसा य एक इद्ध विदयत इति" इति [वै० ८. ३]॥

तथा अभिसवपञ्चाहस्य "य एक इद्ध विदयते" इति उक्थस्तोत्रियो भवति। तद्व उक्तं वैताने। "अभिसवपञ्चाहस्य य एक इद्ध विदयत इति" इति [वै० ८. ३]॥

तथा अभिप्लवस्य षष्ठमहः उक्थ्यसंस्थं भवति तदा "य एक इद्ध विदयते" [२०. ६३.४] "यत् सोममिन्द्र विष्णवि" [२०. १११] एतौ उक्थस्तत्रियौ विकल्पितौ भवतः। तद्व उक्तं वैताने। "षष्ठमुक्थ्यं चेद्ध य एक इद्ध विदयते यत् सोममिन्द्र विष्णवीति" इति [वै० ८. ३]॥

तथा द्वादशाहस्य छन्दोमत्र्यहस्य प्रथमान्त्ययोरह्नोः 'त्वं न इन्द्रा भर" [२०. १०८] "य एक इद्ध विदयते" एतौ उक्थस्तोत्रियौ यथाक्रमं भवतः। तद्व उक्तं वैताने। "द्वादशाहस्य छन्दोमप्रथमान्त्ययोस्त्वं न इन्द्रा भर य एक इद्ध विदयत इति" इति [वै० ८. ४]॥

पृष्ठ्यके छठे दिन "इमा नु कम् भुवना सीषधाम" (२०।६३।१) "हत्वाय देवा असुरा यदायन्" (२०।६३।२) इन द्वैपदों

को पद २ करके कहे। इसी बातको वैतानसूत्रमें कहा है, कि-"इमा नु कं भुवना सीषधाम इत्याय देवा असुरान् यदायञ्जिति द्विपदौ पच्छः" (वैतानसूत्र ६ । २)॥

वाजपेयके तृतीय सवनमें प्राकृत स्तोत्रियानुरूपोंके प्रत्याम्नायक "य एक इद्ध विदयते" (२० । ६३ । ४) "य इन्द्र सोमपातमः" (२० । ६३ । ७) ये उक्थ स्तोत्रियानुरूप होते हैं। इसी बातको वैतानसूत्रमें कहा है, कि-"तृतीयसवने य एक इद्ध विदयते य इंद्र सोमपातम इत्युक्थस्तोत्रियानुरूपौ" (वैतानसूत्र ४।२)

तथा अभिजित् विषुवत् विश्वजित् महाव्रतके भी तृतीयसवन में ये उक्थस्तोत्रिय अनुरूप होते हैं। इसी बातको वैतानसूत्रमें कहा है, कि-"अभिजिति विषुवति विश्वजिति महाव्रते च य एक इद्ध विदयते य इन्द्र सोमपातम इत्युक्थस्तोत्रियानुरूपौ" (वैतानसूत्र ६ । १)॥

तथा एकहीभूत विश्वजित्में "य एक इद्ध विदयते" यह उक्थस्तोत्रिय होता है। इसी बातको वैतानसूत्रमें कहा है, कि-"विश्वजिति य एक इद्ध विदयते" (वैतानसूत्र ८ । २)॥

तथा चतुरहोंके चौथे दिनोंमें "महाँ इन्द्रो य ओजसा य एक इद्ध विदयत" इति ये आज्योक्थस्तोत्रिय होते हैं। इसी बातको वैतानसूत्रमें कहा है, कि-"चतुर्थेषु महाँ इन्द्रो य ओजसा य एक इद्ध विदयते" (वैतानसूत्र ८ । ३)॥

तथा अभिप्लवपञ्चाहका "य एक इद्ध विदयते" यह उक्थस्तोत्रिय होता है। इसी बातको वैतानमें कहा है, कि-"अभिप्लवपञ्चाहस्य य एक इद्ध विदयते" (वैतानसूत्र ८ । ३)॥

तथा अभिप्लवका छठा दिन उक्थ्यसंस्थ होता है तब "य एक इद्ध विदयते" (२० । ६३ । ४) "यत् सोममिन्द्र विष्णवि" (२० । १११) ये विकल्पित उक्थ्य स्तोत्रिय होते हैं। इसी बात

को वैतानसूत्रमें कहा है, कि-"षष्ठमुक्थ्यं चेद्ध य एक इद्ध विदयते यत् सोममिन्द्रविष्णवीति" (वैतानसूत्र ८ । ३) ॥

तथा द्वादशाह छन्दोमत्र्यहके पहिले तीसरे दिनोंमें "त्वं न इन्द्रा भर" (२० । १०८) "य एक इद्ध विदयते" ये यथाक्रम उक्थ और स्तोत्रिय होते हैं। इसी बातको वैतानसूत्रमें कहा है, कि-"द्वादशाहस्य छन्दोमप्रथमान्त्ययोस्त्वं न इन्द्राभर य एक विदयते" (वैतानसूत्र ८ । ४) ॥

इमा नु कं भुवना सीषधामेन्द्रश्च विश्वे च देवाः ।
यज्ञं च नस्तन्वं च प्रजां चादित्यैरिन्द्रः सह चीक्लृपाति ॥ १ ॥

इमा । नु । कम् । भुवना । सीसधाम । इन्द्रः । च । विश्वे । च । देवाः । यज्ञम् । च । नः । तन्वम् । च । प्रऽजाम् । च । आदित्यैः । इन्द्रः । सह । चीक्लृपाति ॥ १ ॥

ये सम्पूर्ण विश्वेदेवता, इन्द्र तथा भुवन सुखको पानेकी चेष्टा करते हैं, आदित्यों सहित इन्द्रदेव हमारे यज्ञको शरीरको और प्रजाको समर्थ करें ॥ १ ॥

आदित्यैरिन्द्रः सगणो मरुद्भिरस्माकं भूत्वविता तनूनाम् ।
हत्वाय देवा असुरान् यदायन् देवा देवत्वमभिरक्षमाणाः ॥ २ ॥

आदित्यैः । इन्द्रः । सऽगणः । मरुत्ऽभिः । अस्माकम् । भूतु । अविता । तनूनाम् ।

हत्वाय । देवाः । असुरान् । यत् । आयन् । देवाः । देवऽत्वम् ।

अभिऽरक्षमाणाः ॥ २ ॥

जो देवता देवत्वकी रक्षा करनेके लिये असुरोंको मार कर देवत्वको अक्षुण्ण रख सके थे, उन आदित्य और मरुद्गणोंसे सम्पन्न इन्द्र हमारे शरीरके रक्षक बनें ॥ २ ॥

प्रत्यञ्चमर्कमनयं छचीभिरादित् स्वधामिषिरां पर्यपश्यन्

अया वाजं देवहितं सनेम मदेम शतहिमाः सुवीराः ३

प्रत्यञ्चम् । अर्कम् । अनयन् । शचीभिः । आत् । इत् । स्वधाम् ।

इषिराम् । परि । अपश्यन् ।

अया । वाजम् । देवऽहितम् । सनेम । मदेम । शतऽहिमाः । सुऽवीराः ३

देवता शक्तियोंके द्वारा सूर्यको प्रत्येकके सन्मुख लाये हैं और फिर उन्होंने पृथ्वीको हविरूप अन्नसे सम्पन्न देखा है । इसी मायाके द्वारा हम देवताओंका हित करने वाले अन्नको पावें और सुन्दर वीरोंसे सम्पन्न रह कर सौ वर्ष तक जीवित रहें ३

य एक इद् विदयते वसु मर्ताय दाशुषे । ईशानो

अप्रतिष्कुत इन्द्रो अङ्ग ॥ ४ ॥

यः । एकः । इत् । विऽदयते । वसु । मर्ताय । दाशुषे ॥ ईशानः ।

अप्रतिऽस्कुतः । इन्द्रः । अङ्ग ॥ ४ ॥

जो अप्रतिभट स्वामी इन्द्र हवि देने वाले यजमानको धन देनेमें अद्वितीय हैं ॥ ४ ॥

कदा मर्तमराधसं पदा क्षुम्पमिव स्फुरत् । कदा नः
शुश्रवद् गिर इन्द्रो अङ्ग ॥ ५ ॥

कदा । मर्तम् । अराधसम् । पदा । क्षुम्पम्ऽइव स्फुरत् ॥ कदा ।
नः । शुश्रवत् । गिरः । इन्द्रः । अङ्ग ॥ ५ ॥

हवि वा स्तुतिसे अपनी आराधना न करने वाले मनुष्यको इन्द्रदेव कब पैरसे ताड़ित करेंगे और कब हम स्तोताओंकी वाणियोंको सुनेंगे ॥ ५ ॥

यश्चिद्धि त्वा बहुभ्य आ सुतावाँ आविवासति ।
उग्रं तत् पत्यते शव इन्द्रो अङ्ग ॥ ६ ॥

यः । चित् । हि । त्वा । बहुऽभ्यः । आ । सुतऽवान् । आऽवि-
वासति ॥ उग्रम् । तत् । पत्यते । शवः । इन्द्रः । अङ्गः ॥ ६ ॥

हे इन्द्र ! जो अभिषुत सोम वाला पुरुष आपकी बहुतसी स्तुतियोंसे प्रार्थना करता है, वह प्रचण्ड बलसे ऐश्वर्यमें भर जाता है ॥ ६ ॥

य इन्द्र सोमपातमो मदः शविष्ठ चेतति । येना हंसि ।
न्य१त्रिणं तमीमहे ॥ ७ ॥

यः । इन्द्र । सोमऽपातमः । मदः । शविष्ठ । चेतति ॥ येन । हंसि ।
नि । अत्रिणम् । तम् । ईमहे ॥ ७ ॥

जो इन्द्रदेव सोमके बड़े पियक्कड़ हैं और बलमय मद जिनमें उदित होता है, और हे इन्द्र ! जिसके द्वारा भक्षणशील राक्षसों

को आप मारते हैं, उस बलकी हम याचना करते हैं ॥ ७ ॥

येना दशग्वमध्रिगुं वेपयन्तं स्वर्णरम्। येना समुद्र-

माविथा तमीमहे ॥ ८ ॥

येन। दशऽग्वम्। अध्रिऽगुम्। वेपयन्तम्। स्वःऽनरम्॥ येन।

समुद्रम्। आविथ। तम्। ईमहे ॥ ८ ॥

जिस प्रभावके द्वारा आपने दशगु अध्रिगु काँपते हुए स्वर्नर की रक्षा की थी और समुद्रकी रक्षा की थी उस प्रभावकी हम याचना करते हैं ॥ ८ ॥

येन सिन्धुं महीरपो रथाँ इव प्रचोदयः। पन्थामृतस्य

यातवे तमीमहे ॥ ९ ॥

येन। सिन्धुम्। महीः। अपः। रथान्ऽइव। प्रऽचोदयः॥ पन्थाम्।

ऋतस्य। यातवे। तम्। ईमहे ॥ ९ ॥

इति पञ्चमेऽनुवाके षड्विंशं सूक्तम् ॥

जिस प्रभावसे आपने विशाल जलोंको सिंधुकी ओर रथकी समान चला रक्खा है, अमृतके मार्गमें जानेके लिये हम उस प्रभावकी याचना करते हैं ॥ ९ ॥

पञ्चम अनुवाकमें छब्बीसवाँ सूक्त समाप्त (६७९)

अभिप्लवस्य पञ्चमेऽहनि "एन्द्र नो गधि प्रियः" इति उक्थ-स्तोत्रियो भवति। तद्व उक्तं वैताने। "पञ्चम एन्द्र नो गधि प्रिय इति" इति [वै० ८. ३] ॥

अभिप्लवके पञ्चम दिनमें "एन्द्र नो गधि प्रियः" ये उक्थ-

स्तोत्रिय होता है। इसी बातको वैतानसूत्रमें कहा है, कि–"पञ्चम एन्द्र नो गधि प्रियः" (वैतानसूत्र ८। ३)॥

एन्द्र नो गधि प्रियः सत्राजिदगोह्यः। गिरिर्न विश्वतस्पृथुः पतिर्दिवः॥ १॥

आ। इन्द्र। नः। गधि। प्रियः। सत्राऽजित्। अगोह्यः॥ गिरिः। न। विश्वतः। पृथुः। पतिः। दिवः॥ १॥

हे इन्द्र! आप हमारे प्रिय हैं, हमको प्रियरूपमें ग्रहण करिये, आप सत्यसे विजय पाने वाले हैं, कोई आपको छिपा नहीं सकता, आप पर्वतकी समान विशाल हैं और स्वर्गके स्वामी हैं॥ १॥

अभि हि सत्य सोमपा उभे बभूथ रोदसी। इन्द्रासि सुन्वतो वृधः पतिर्दिवः॥ २॥

अभि। हि। सत्य। सोमऽपाः। उभे इति। बभूथ। रोदसी इति॥ इन्द्र। असि। सुन्वतः। वृधः। पतिः। दिवः॥ २॥

हे सत्य इन्द्र! आप अभिमुख होकर सोमका पान करनेवाले हैं द्युलोक और पृथिवीलोक दोनोंमें आप प्रकट होजाते हैं, हे इन्द्र! आप अभिषव करने वालेको बढ़ाने वाले और स्वर्गके स्वामी हैं॥ २॥

त्वं हि शश्वतीनामिन्द्र दर्ता पुरामसि। हन्ता दस्योर्मनोर्वृधः पतिर्दिवः॥ ३॥

त्वम्। हि। शश्वतीनाम्। इन्द्र। दर्ता। पुराम्। असि॥ हन्ता। दस्योः। मनोः। वृधः। पतिः। दिवः॥ ३॥

हे इन्द्रदेव ! आप शाश्वत पुरोंको तोड़ने वाले हैं, दस्युओंका संहार करने वाले हैं, मनुको बढ़ाने वाले हैं और स्वर्गके स्वामी हैं ३

एदु मध्वो मदिन्तरं सिञ्च वाध्वर्यो अन्धसः । एवा हि वीर स्तवते सदावृधः ॥ ४ ॥

आ । इत् । ऊं इति । मध्वः । मदिन्ऽतरम् । सिञ्च । वा । अध्वर्यो इति । अन्धसः । एव । हि । वीरः । स्तवते । सदाऽवृधः ४

हे अध्वर्यो ! मधुसे भी अधिक मद करने वाले अन्नके भागसे इन इन्द्रदेवको तृप्त करो, यजमानकी सदा बढ़ौतरी करने वाले यह इन्द्र स्तुति पाते हैं ॥ ४ ॥

इन्द्र स्थातर्हरीणां नकिष्टे पूर्व्यस्तुतिम् । उदानंश शवसा न भन्दना ॥ ५ ॥

इन्द्र । स्थातः । हरीणाम् । नकिः । ते । पूर्व्यऽस्तुतिम् ॥ उत् । आनंश । शवसा । न । भन्दना ॥ ५ ॥

हे हरि नामक घोड़ों पर स्थित होने वाले इन्द्र ! आपके पूर्व कर्मोंके कारण की जाने वाली स्तुतिको और कल्याणोंको कोई बलसे नहीं पासका है ॥ ५ ॥

तं वो वाजानां पतिमहूमहि श्रवस्यवः । अप्रायुभिर्यज्ञेभिर्वावृधेन्यम् ॥ ६ ॥

तम् । वः । वाजानाम् । पतिम् । अहूमहि । श्रवस्यवः । अप्रायुऽभिः । यज्ञेभिः । ववृधेन्यम् ॥ ६ ॥

इति पञ्चमेनुवाके सप्तत्रिंशं सूक्तम् ॥

अन्नको चाहने वाले हम, हविरूप अन्नके स्वामी इन्द्रका आह्वान करते हैं। यह इन्द्रदेव सावधानतापूर्वक किये हुए यज्ञों से बारम्बार बढ़ते हैं ॥ ६ ॥

पञ्चम अनुवाकमें सत्ताईसवाँ सूक्त समाप्त (६८०)

दशाहस्य नवमेहनि "एतो न्विन्द्रं स्तवाम" इति उक्थस्तोत्रियो भवति। तद् उक्तं वैताने। "नवम एतो न्विन्द्रं स्तवामेति" इति [वै० ८. ४]॥

दशाहके नवम दिनमें "एतो न्विन्द्रं स्तवाम" यह उक्थस्तोत्रिय होता है। इसी बातको वैतानसूत्रमें कहा है, कि—"नवम एतो न्विन्द्रं स्तवामेति" (वैतानसूत्र ८ । ४)॥

एतो न्विन्द्रं स्तवाम सखाय स्तोम्यं नरम्। कृष्टीर्यो विश्वा अभ्यस्त्येक इत् ॥ १ ॥

एतो इति। नु। इन्द्रम्। स्तवाम। सखायः। स्तोम्यम्। नरम्॥ कृष्टीः। यः। विश्वाः। अभि। अस्ति। एकः। इत् ॥१॥

मित्ररूप हम इस ओर आनेके लिये इन्द्रकी स्तुति करते हैं, यह इन्द्र स्तुतिके पात्र हैं, नेता हैं, यह इन्द्र सकल कर्मफलोंको असाधारणरूपसे प्रेरित करते हैं ॥ १ ॥

अगोरुधाय गविषे द्युक्षाय दस्म्यं वचः। घृतात् स्वादीयो मधुनश्च वोचत ॥ २ ॥

अगोऽरुधाय। गोऽइषे। द्युक्षाय। दस्म्यम्। वचः॥ घृतात्। स्वादीयः। मधुनः। च। वोचत ॥ २ ।

गौओंको न रोकने वाले, वाणीरूप अन्न वाले, दमकने वाले,

दर्शनीय इन्द्रके लिये हे स्तोताओं ! तुम घृत और शहदसे भी मधुर वचनका उच्चारण करो ॥ २ ॥

यस्यामितानि वीर्या३ न राधः पर्येतवे । ज्योतिर्न विश्वमभ्यस्ति दक्षिणा ॥ ३ ॥

यस्य । अमितानि । वीर्या । न । राधः । परिऽएतवे ॥ ज्योतिः । न । विश्वम् । अभि । अस्ति । दक्षिणा ॥ ३ ॥

इति पञ्चमेनुवाके अष्टाविंशं सूक्तम् ॥

इन इन्द्रदेवमें कार्यको साधनेके लिये अमित वीर्य हैं और दमकती हुई दक्षिणा हैं ॥ ३ ॥

पञ्चम अनुवाकम अट्ठाईसवाँ सूक्त समाप्त (६८१)

स्तुहीन्द्रं व्यश्ववदनूर्मिं वाजिनं यमम् । अर्यो गयं मंहमानं वि दाशुषे ॥ १ ॥

स्तुहि । इन्द्रम् । व्यश्वऽवत् । अनूर्मिम् । वाजिनम् । यमम् ॥ अर्यः । गयम् । मंहमानम् । वि । दाशुषे ॥ १ ॥

हे ऋत्विज ! घोड़ोंको छोड़कर यज्ञमें निश्चल भावसे विराजमान धनी और प्रशंसाके पात्र इन्द्रकी आप हविर्दाता यजमानके कल्याणके लिये स्तुति करिये ॥ १ ॥

एवा नूनमुप स्तुहि वैयश्व दशमं नवम् । सुविद्वांसं चर्कृत्यं चरणीनाम् ॥ २ ॥

एव । नूनम् । उप । स्तुहि । वैयश्व । दशमम् । नवम् ॥ सुऽविद्वांसम् । चर्कृत्यम् । चरणीनाम् ॥ २ ॥

हे वैयश्व! आप सदा नवीन, दशम, परम विद्वान्, चरणियों का वारम्वार कर्तन करने वाले इन्द्रदेवकी स्तुति करिये ॥ २॥

वेत्था हि निर्ऋतीनां वज्रहस्त परिवृजम्। अहरहः शुन्ध्युः परिपदामिव ॥ ३ ॥

वेत्थ। हि। निःऽऋतीनाम्। वज्रऽहस्त। परिऽवृजम्। अहःऽअहः। शुन्ध्युः। परिपदाम्ऽइव ॥ ३ ॥

पञ्चमेनुवाके एकोनत्रिंशं सूक्तम् ॥

इति पञ्चमोनुवाकः ॥

हे वज्रधारिन् इन्द्र! जैसे शोधक आदित्य प्रतिदिन परिपदों को (चारों ओर पतन करने वाली किरणों आदिको) जानते हैं, इसी प्रकार आप पीड़ा देनेवाली शक्तियोंके समूहको जानते हैं ३

पञ्चम अनुवाकमें उन्तीसवाँ सूक्त समाप्त (६८२)

पञ्चम अनुवाक समाप्त

पृष्ठ्यषडहस्य षष्ठेहनि प्रातःसवनमाध्यंदिनयोर्द्वयोः सवनयोः प्राकृतीनां प्रस्थितयाज्यानां पुरस्तात् "वनोति हि" इत्याद्याः पारुच्छेप्याख्या ऋचः संबध्नाति। तद् उक्तं वैताने। "पृष्ठ्यषष्ठे वनोति हि सुन्वन् क्षयं परीणसः [२०. ६७] विश्वेषु हि त्वा सवनेषु तुञ्जते [२०. ७२] इति पारुच्छेपीरुपदधाति द्वयोः सवनयोः पुरस्तात् प्रस्थितयाज्यानाम्" इति [वै० ६. १]॥

पृष्ठ्य षडहके छठे दिन प्रातः सवन और माध्यन्दिन दोनों सवनोंमें प्राकृती प्रस्थितयाज्याओंसे पहिले "वनोति हि" आदिक पारुच्छेप्या नामक ऋचाएँ पढ़ीं जाती हैं। इसी बातको वैतानसूत्रमें कहा है, कि-"पृष्ठ्यषष्ठे वनोति हि सुन्वन् क्षयं परीणसः (२० । ६७) विश्वेषु हि त्वा सवनेषु तुञ्जते (२० । ७२)

इति पारुच्छेपीरुपदधाति द्वयोः सवनयोः पुरस्तात् प्रस्थितयाज्यानाम्" (वैतानसूत्र ६ । १)

वनोति हि सुन्वन् क्षयं परीणसः सुन्वानो हि ष्मा
यजत्यव द्विषो देवानामव द्विषः ।
सुन्वान इत् सिषासति सहस्रा वाज्यवृतः ।
सुन्वानायेन्द्रो ददात्याभुवं रयिं ददात्याभुवम् ॥ १ ॥

वनोति । हि । सुन्वन् । क्षयम् । परीणसः । सुन्वानः । हि । स्म ।
यजति । अव । द्विषः । देवानाम् । अव । द्विषः ।
सुन्वानः । इत् । सिसासति । सहस्रा । वाजी । अवृतः ।
सुन्वानाय । इन्द्रः । ददाति । आऽभुवम् । रयिम् । ददाति । आऽभुवम् ॥ १ ॥

सोमका अभिषव करने वाला पुरुष बहुतसे घरोंको प्राप्त करता है, सोमका अभिषव करता हुआ अपने शत्रुओंका अवयजन करता है, और देवशत्रुओंका अवयजन करता है। सोमका अभिषव करने वाला सहस्रों वस्तुओंका दान करना चाहता है, अन्नसे सम्पन्न रहता है, और शत्रुओंसे घिरा हुआ नहीं रहता है। अभिषव करने वालेके लिये इन्द्रदेव पृथ्वीभरका धन देते हैं १

मो षु वो अस्मदभि तानि पौंस्या सना भूवन् द्युम्नानि मोत जारिषुरस्मत् पुरोत जारिषुः ।
यद् वश्चित्रं युगेयुगे नव्यं घोषादमर्त्यम् ।

अस्मासु तन्मरुतो यच्च दुष्टरं दिधृता यच्च दुष्टरम्

मो इति । सु । वः । अस्मत् । अभि । तानि । पौंस्या । सना ।

भूवन् । द्युम्नानि । मा । उत । जारिषुः । अस्मत् । पुरा । उत । जारिषु

यत् । वः । चित्रम् । युगेऽयुगे । नव्यम् । घोषात् । अमर्त्यम् ।

अस्मासु । तत् । मरुतः । यत् । च । दुस्तरम् । दिधृत । यत् ।

च । दुस्तरम् ॥ २ ॥

(हे मरुद्गणों !) आपके जो दमकते हुए पुरुषार्थमय तापक तेज हैं, वे हमारे अभिमुख न होवें, वे हमें जीर्ण न करें, वे हमें जीर्ण न करें आपका जो घोषके कारण अमर्त्य नव्य चायनीय बल है, उसको हममें स्थापित करो, उस शत्रुओंसे दुस्तर बल को हममें स्थापित करो ॥ २ ॥

अग्निं होतारं मन्ये दास्वन्तं वसुं सूनुं सहसो जात-

वेदसं विप्रं न जातवेदसम् ।

य ऊर्ध्वया स्वध्वरो देवो देवाच्या कृपा ।

घृतस्य विभ्राष्टिमनु वष्टि शोचिषाजुह्वानस्य सर्पिषः

अग्निम् । होतारम् । मन्ये । दास्वन्तम् । वसुम् । सूनुम् । सहसः ।

जातऽवेदसम् । विप्रम् । न । जातऽवेदसम् ।

यः । ऊर्ध्वया । सुऽअध्वरः । देवः । देवाच्या । कृपा ।

घृतस्य । विऽभ्राष्टिम् । अनु । वष्टि । शोचिषा । आऽजुह्वानस्य । सर्पिषः ॥ ३ ॥

अग्निदेवको मैं देवताओंका होता, धनका प्रदान करनेवाला, बलका अनुज, उत्पन्न होने वालोंको जाननेवाले विप्रकी समान जातवेदा मानता हूँ। यह अग्निदेव अपनी देवताओंको पहुँचने वाली समर्थ ऊँची लपटसे यज्ञको सुन्दर बनाते हैं और होमे हुए घृतकी दमकको और घृतकी बिन्दुओंकी कामना करते हैं ॥३॥

यज्ञैः संमिश्लाः पृषतीभिर्ऋष्टिभिर्यामं छुभ्रासो अञ्जिषु प्रिया उत ।
आसद्यां बर्हिर्भरतस्य सूनवः पोत्रादा सोमं पिबता दिवो नरः ॥ ४ ॥

यज्ञैः । सम्ऽमिश्लाः । पृषतीभिः । ऋष्टिऽभिः । यामन् । शुभ्रासः । अञ्जिषु । प्रियाः । उत ।
आऽसद्य । बर्हिः । भरतस्य । सूनवः । पोत्रात् । आ । सोमम् । पिबत । दिवः । नरः ॥ ४ ॥

हे भरण करने वाले इन्द्रके छोटे भाई मरुद्गणों! तुम स्वर्गके नेता हो, तुम फलप्रदानके अवसर पर अपनी हींसती हुई पृषती नामक घोड़ियोंके द्वारा यज्ञोंमें आते हो, तुम प्रिय हो और शुभ्र हो, ऐसे आप कुशाओं पर बैठ कर पोत्रसे सोमका पान करो ४

आ वक्षि देवाँ इह विप्र यक्षि चोशन् होतर्नि षदा योनिषु त्रिषु ।

प्रति वीहि प्रस्थितं सोम्यं मधु पिबाग्नीध्रात् तव भागस्य तृप्णुहि ॥ ५ ॥

आ । वक्षि । देवान् । इह । विप्र । यक्षि । च । उशन् । होतः । नि । सद । योनिषु । त्रिषु ।

प्रति । वीहि । प्रऽस्थितम् । सोम्यम् । मधु । पिब । आग्नीध्रात् । तव । भागस्य । तृप्णुहि ॥ ५ ॥

हे अग्ने ! आप इस यज्ञमें देवताओंको लाइये, और उनका पूजन करिये, हे कामयमान होतः ! आप तीनों स्थानोंमें विराजमान हूजिये, प्रस्थित भागको पहुँचानेके अनन्तर स्वयं भी भक्षण करिये, और आग्नीध्रसे सोम्य मधुका पान करिये, इस प्रकार अपने भागसे तृप्त हूजिये ॥ ५ ॥

एष स्य ते तन्वो नृम्णवर्धनः सह ओजः प्रदिवि बाह्वोर्हितः ।

तुभ्यं सुतो मघवन् तुभ्यमाभृतस्त्वमस्य ब्राह्मणादा तृपत् पिब ॥ ६ ॥

एषः । स्यः । ते । तन्वः । नृम्णऽवर्धनः । सहः । ओजः । प्रऽदिवि । बाह्वोः । हितः ।

तुभ्यम् । सुतः । मघऽवन् । तुभ्यम् । आऽभृतः । त्वम् । अस्य । ब्राह्मणात् । आ । तृपत् । पिब ॥ ६ ॥

हे मघवन् ! यह सोम आपके शरीरके बलको बढ़ाने वाला है, विजिगीषाके लिये आपकी भुजाओंमें दूसरोंको दबानेकी शक्ति और ओज भरा हुआ है, हे इन्द्र ! यह सोम आपके लिये अभिषुत हुआ है, आपके लिये ही पात्रमें भरा गया है आप ब्राह्मणके द्वारा तृप्ति पर्यन्त इसका पान करिये ॥ ६ ॥

यमु पूर्वमहुवे तमिदं हुवे सेदु हव्यो दुदिर्यो नाम पत्यते ।

अध्वर्युभिः प्रस्थितं सोम्यं मधु पोत्रात् सोमं द्रविणोदः पिब ऋतुभिः ॥ ७ ॥

यम् । ऊं इति । पूर्वम् । अहुवे । तम् । इदम् । हुवे । सः । इत् । ऊं इति । हव्यः । ददिः । यः । नाम । पत्यते ।

अध्वर्युऽभिः । प्रऽस्थितम् । सोम्यम् । मधु । पोत्रात् । सोमम् । द्रविणःऽदः । पिब । ऋतुऽभिः ॥ ७ ॥

इति षष्ठेनुवाके प्रथमं सूक्तम् ॥

मैं जिन इन्द्रदेवका पहिले आह्वान किया करता था, अब भी उनका ही आह्वान करता हूँ, यह वही हव्य दिया जारहा है, जो ऐश्वर्यसम्पन्न करता है, हे धनमद इन्द्र ! अध्वर्युओंके दिये हुए इस सोम्य मधुका समयानुसार पान करिये ॥ ७ ॥

छठे अनुवाकमें प्रथम सूक्त समाप्त (६८३)

छन्दोमानां प्रथमेहनि प्रातःसवने "सुरूपकृत्नुमूतये" इति द्वादश ऋच आवापस्थाने आवपते । तद् उक्तं वैताने । "सुरूपकृत्नुमूतय इति द्वादशर्चः" इति [वै० ६. ३] ॥

छन्दोमके प्रथम दिन प्रातः सवनमें "सुरूपकृत्नुमूतये" इन बारह ऋचाओंको आवापके स्थानमें पढ़े। इसी बातको वैतानसूत्रमें कहा है, कि-"सुरूपकृत्नुमूतये इति द्वादशर्चः" (वैतानसूत्र ६।२)॥

सुरूपकृत्नुमूतये सुदुघामिव गोदुहे। जुहूमसि द्यविद्यवि ॥ १ ॥

सुरूपऽकृत्नुम् । ऊतये । सुदुघाम्ऽइव । गोऽदुहे ॥ जुहूमसि । द्यविऽद्यवि ॥ १ ॥

जैसे दूध दुहने वालेके लिये सरलतासे दुहाने वाली गौको बुलाया जाता है, इसी प्रकार हम रक्षाके लिये प्रत्येक अवसर पर इन्द्रदेवका आह्वान करते हैं ॥ १ ॥

उप नः सवना गहि सोमस्य सोमपाः पिब। गोदा इद् रेवतो मदः ॥ २ ॥

उप । नः । सवना । आ । गहि । सोमस्य । सोमऽपाः । पिब ॥ गोऽदाः । इत् । रेवतः । मदः ॥ २ ॥

इन्द्रदेव गौएँ देने वाले हैं, हर्षमें भरे रहते हैं, धनसम्पन्न हैं, ऐसे इन्द्रदेव हमारे सोमसवनोंके समीप आइये और सोमका पान करिये ॥ २ ॥

अथा ते अन्तमानां विद्याम सुमतीनाम्। मा नो अति ख्य आ गहि ॥ ३ ॥

अथ । ते । अन्तमानाम् । विद्याम । सुऽमतीनाम् ॥ मा । नः । अति । ख्यः । आ । गहि ॥ ३ ॥

हे इन्द्र ! हम आपके समीप रहने वाली सुन्दर बुद्धियोंको जानते हैं, आप हमारी अधिक निन्दा न होने दीजिये और हमारे पास आइये ॥ ३ ॥

परेहि विग्रमस्तृतमिन्द्रं पृच्छा विपश्चितम् । यस्ते सखिभ्य आ वरम् ॥ ४ ॥

परा । इहि । विग्रम् । अस्तृतम् । इन्द्रम् । पृच्छ । विपःऽचितम् ॥ यः । ते । सखिऽभ्यः । आ । वरम् ॥ ४ ॥

हे स्तोतः ! आप किसीसे हिंसित न होने वाले, विप्र विद्वान् इन्द्रकी शरणमें जाओ और उनसे (कुशल) बूझो, वह इन्द्र आपके मित्रोंके लिये वर देते हैं ॥ ४ ॥

उत ब्रुवन्तु नो निदो निरन्यतश्चिदारत । दधाना इन्द्र इद् दुवः ॥ ५ ॥

उत । ब्रुवन्तु । नः । निदः । निः । अन्यतः । चित् । आरत ॥ दधानाः । इन्द्रे । इत् । दुवः ॥ ५ ॥

निन्दक पुरुष हमारी निन्दा न करें, हे स्तोताओं ! तुम इन्द्र में ही मनको लगाते हुए इन्द्रकी शरणमें जाओ ॥ ५ ॥

उत नः सुभगाँ अरिर्वोचेयुर्दस्म कृष्टयः । स्यामेदिन्द्रस्य शर्मणि ॥ ६ ॥

उत । नः । सुऽभगान् । अरिः । वोचेयुः । दस्म । कृष्टयः ॥ स्याम । इत् । इन्द्रस्य । शर्मणि ॥ ६ ॥

हमारे शत्रु भी हमारे सौभाग्यका बखान करें, हम इन्द्रके सुख प्रदान करने पर दर्शनीय खेतियों वाले होवें ॥ ६ ॥

एमाशुमाशवे भर यज्ञश्रियं नृमादनम् । पतयन्मन्द-
यत्सखम् ॥ ७ ॥

आ । ईम् । आशुम् । आशवे । भर । यज्ञऽश्रियम् । नृऽमादनम् ॥
पतयत् । मन्दयत्ऽसखम् ॥ ७ ॥

हे स्तोतः ! इन यज्ञकी शोभारूप, मनुष्योंको हर्षित करने वाले, मित्रोंको प्रसन्न करने वाले आशुकारी इन्द्रको अश्वके ऊपर भरण कर ॥ ७ ॥

अस्य पीत्वा शतक्रतो घनो वृत्राणामभवः । प्रावो
वाजेषु वाजिनम् ॥ ८ ॥

अस्य । पीत्वा । शतक्रतो इति शतऽक्रतो । घनः । वृत्राणाम् ।
अभवः ॥ प्र । आवः । वाजेषु । वाजिनम् ॥ ८ ॥

हे इन्द्र ! आप इसको (सोमको) पीकर आवरक शत्रुओंके लिये घन हूजिये । और युद्धोंमें हमारे घोड़ेकी रक्षा करिये ।८।

तं त्वा वाजेषु वाजिनं वाजयामः शतक्रतो । धना-
नामिन्द्र सातये ॥ ९ ॥

तम् । त्वा । वाजेषु । वाजिनम् । वाजयामः । शतक्रतो इति
शतऽक्रतो ॥ धनानाम् । इन्द्र । सातये ॥ ९ ॥

हे शतक्रतो इन्द्र ! हम आप यज्ञान्नसे सम्पन्नको यज्ञ वा संग्राममें आह्वान करते हैं । हे इन्द्र ! हम धनप्राप्तिके लिये संग्राम में वा यज्ञमें आपका आवाहन करते हैं ॥ ६ ॥

योरायोऽवनिर्महान्त्सुपारः सुन्वतः सखा । तस्मा इन्द्राय गायत ॥ १० ॥

यः । रायः । अवनिः । महान् । सुऽपारः । सुन्वतः । सखा ॥ तस्मै । इन्द्राय । गायत ॥ १० ॥

जो इन्द्र धनके बड़े भारी रक्षक हैं, सुन्दरतासे पालन करने वाले हैं और सोमका अभिषव करने वालेके मित्र हैं, उन इन्द्र के लिये हे स्तोताओं ! तुम स्तुतिका गान करो ॥ १० ॥

आ त्वेता नि षीदतेन्द्रमभि प्र गायत । सखाय स्तोमवाहसः ॥ ११ ॥

आ । तु । आ । इत । नि । सीदत । इन्द्रम् । अभि । प्र । गायत ॥ सखायः । स्तोमऽवाहसः ॥ ११ ॥

हे स्तोमका वहन करने वाले मित्ररूप स्तोताओं ! तुम आओ और इधर बैठो तथा इन्द्रका गान करो ॥ ११ ॥

पुरूतमं पुरूणामीशानं वार्याणाम् । इन्द्रं सोमे सचा सुते ॥ १२ ॥

पुरुऽतमम् । पुरूणाम् । ईशानम् । वार्याणाम् । इन्द्रम् । सोमे । सचा । सुते ॥ १२ ॥

इति षष्ठेनुवाके द्वितीयं सूक्तम् ॥

परमविशाल, और बड़े २ चरणीयोंके स्वामी इन्द्रदेवको सोम का अभिषव होनेके साथ ही (आह्वान करो) ॥ १२ ॥

छठे अनुवाकमें द्वितीय सूक्त समाप्त (६८४)

छन्दोमानां द्वितीयेऽहनि "स घा नो योग आ भुवत्" इति द्वात्रिंशतम् ऋच आवपते। तद् उक्तं वैताने। "स घा नो योग आ भुवदिति द्वात्रिंशतम्" इति [वै० ६. ३]॥

छन्दोमोंके द्वितीय दिनमें "स घा नो योग आभवत्" इस द्वात्रिंशत्की ऋचाएँ पढ़ी जाती हैं। इसी बातको वैतानसूत्रमें कहा है, कि-"स घा नो योग आभुवदिति द्वात्रिंशतम्" (वैतान-सूत्र ६। ३)॥

स घा नो योग आ भुवत् स राये स पुरंध्याम्।
गमद् वाजेभिरा स नः ॥ १ ॥

सः। घ। नः। योगे। आ। भुवत्। सः। राये। सः। पुरम्ऽध्याम् ॥ गमत्। वाजेभिः। आ। सः। नः ॥ १ ॥

पुरोंकी चिन्ताके अवसर पर वह इन्द्रदेव हमारे सामने प्रकट होते हैं, वह अन्नोंके साथ हमारे पास आवें ॥ १ ॥

यस्य संस्थे न वृण्वते हरी समत्सु शत्रवः। तस्मा इन्द्राय गायत ॥ २ ॥

यस्य। सम्ऽस्थे। न। वृण्वते। हरी इति। समत्ऽसु। शत्रवः ॥ तस्मै। इन्द्राय। गायत ॥ २ ॥

जिन इन्द्रदेवके स्थित होने पर संग्रामोंमें शत्रु इन्द्रके हरी

नामक घोड़ोंको नहीं घेरते हैं, उन इन्द्रदेवके लिये हे स्तोताओं! तुम स्तुतिका गान करो ॥ २ ॥

सुतपाव्ने सुता इमे शुचयो यन्ति वीतये। सोमासो दध्याशिरः ॥ ३ ॥

सुतऽपाव्ने। सुताः। इमे। शुचयः। यन्ति। वीतये। सोमासः। दधिऽआशिरः ॥ ३ ॥

यह दधि पड़े, अभिषुत पवित्र सोम, अभिषुत सोमका पान करने वाले इन्द्रदेवके भक्षणके लिये जारहे हैं ॥ ३ ॥

त्वं सुतस्य पीतये सद्यो वृद्धो अजायथाः। इन्द्र ज्यैष्ठ्याय सुक्रतो ॥ ४ ॥

त्वम्। सुतस्य। पीतये। सद्यः। वृद्धः। अजायथाः ॥ इन्द्र। ज्यैष्ठ्याय। सुक्रतो इति सुऽक्रतो ॥ ४ ॥

हे सुक्रतो इन्द्र! आप अभिषुत सोमका बड़ा पान करनेके लिये शीघ्र ही बड़े होजाते हैं ॥ ४ ॥

आ त्वा विशन्त्वाशवः सोमास इन्द्र गिर्वणः। शं ते सन्तु प्रचेतसे ॥ ५ ॥

आ। त्वा। विशन्तु। आशवः। सोमासः। इन्द्र। गिर्वणः ॥ शम्। ते। सन्तु। प्रऽचेतसे ॥ ५ ॥

हे स्तुतियोंसे संभजनीय इन्द्र! फुर्ती देने वाले सोम आपमें अभिमुख होकर प्रवेश करें। और आपके चित्तको शांति देने वाले होवें ॥ ५ ॥

त्वां स्तोमां अवीवृधन् त्वामुक्था शंतक्रतो । त्वां वर्धन्तु नो गिरंः ॥ ६ ॥

त्वाम् । स्तोमाः । अवीवृधन् । त्वाम् । उक्था । शतक्रतो इति शतऽक्रतो । त्वाम् । वर्धन्तु । नः । गिरः ॥ ६ ॥

हे शतक्रतो इन्द्र ! स्तोम आपको बढ़ाते हैं, उक्थ्य आपको बढ़ाते हैं और हमारी वाणियें आपको बढ़ावें ॥ ६ ॥

अक्षितोतिः सनेदिमं वाजमिन्द्रः सहस्रिणंम् । यस्मिन् विश्वानि पौंस्यां ॥ ७ ॥

अक्षितऽऊतिः । सनेत् । इमम् । वाजम् । इन्द्रः । सहस्रिणम् ॥ यस्मिन् । विश्वानि । पौंस्या ॥ ७ ॥

जिसमें सैंकड़ों प्रकारके सहस्रों पुरुषार्थ भरे हुए हैं उस यज्ञ का अक्षुण्ण रक्षा वाले इन्द्रदेव सेवन करें ॥ ७ ॥

मा नो मर्ता अभि द्रुहन् तनूनामिन्द्र गिर्वणः । ईशानो यवया वधम् ॥ ८ ॥

मा । नः । मर्ताः । अभि । द्रुहन् । तनूनाम् । इन्द्र । गिर्वणः ॥ ईशानः । यवय । वधम् ॥ ८ ॥

हे स्तुतियोंसे संभजनीय इन्द्र ! मनुष्य हमारे शरीरोंसे द्रोह न करें आप हमारे ईश्वर हैं, अतः हमारे वधनिमित्तको दूर करिये ॥ ८ ॥

युञ्जन्ति ब्रध्नमरुषं चरन्तं परि तस्थुषः । रोचन्ते
रोचना दिवि ॥ ९ ॥

युञ्जन्ति । ब्रध्नम् । अरुषम् । चरन्तम् । परि । तस्थुषः ॥ रोचन्ते ।
रोचना । दिवि ॥ ९ ॥

महान्, दमकते हुए और स्थावर तथा जंगमोंके ऊपर विचरण करते हुए इन्द्रके रथमें हरि नामक अश्व जुतते हैं और वह दमकते हुए अश्व द्युलोकमें दमकते हैं ॥ ९ ॥

युञ्जन्त्यस्य काम्या हरी विपक्षसा रथे । शोणा धृष्णू
नृवाहसा ॥ १० ॥

युञ्जन्ति । अस्य । काम्या । हरी इति । विऽपक्षसा । रथे ॥
शोणा । धृष्णू इति । नृऽवाहसा ॥ १० ॥

इन इन्द्रदेवके रथमें सारथी हरी नाम वाले अश्वोंको जोतते हैं । ये अश्व कामना करने योग्य हैं, रथकी दोनों करवटोंमें रहते हैं, रक्त वर्ण वाले हैं, दबाने वाले हैं, सारथी आदि मनुष्यों को सवारी देने वाले हैं ॥ १० ॥

केतुं कृण्वन्नकेतवे पेशो मर्या अपेशसे । समुषद्भि-
रजायथा ॥ ११ ॥

केतुम् । कृण्वन् । अकेतवे । पेशः । मर्याः । अपेशसे ॥ सम् ।
उषत्ऽभिः । अजायथाः ॥ ११ ॥

हे मरणधर्मसहित मनुष्यों ! अज्ञानरहित पुरुषको ज्ञान देने

वाले और अंधकारसे आवृत होनेके कारण रूपरहित पदार्थको रूप प्रदान करने वाले इन सूर्यात्मक इन्द्रदेवको तुम देखो, यह अपनी किरणोंके साथ प्रकट हुए हैं ॥ ११ ॥

आदह स्वधामनु पुनर्गर्भत्वमेरिरे । दधाना नाम यज्ञियम् ॥ १२ ॥

आत् । अह॑ः । स्वधाम् । अनु॑ । पुन॑ः । गर्भऽत्वम् । आऽईरिरे ॥ दधानाः । नाम॑ । यज्ञियम् ॥ १२ ॥

इति षष्ठेनुवाके तृतीयं सूक्तम् ॥

इसके अनन्तर ये मरुद्गण स्वधा देने वाले गर्भत्वको प्राप्त होजाते हैं और यज्ञिय नामको धारण करते हैं ॥ १२ ॥

छठे अनुवाकमें तृतीय सूक्त समाप्त (६८५)

छन्दोमानां तृतीयेहनि "वीलु चिदारुजत्नुभिः" इति षट्त्रिंशतम् ऋचः आवापस्थाने आवपते। तद्ध उक्तं वैताने। "वीलु चिदारुजत्नुभिरिति षट्त्रिंशतम् आवपते" इति [वै० ६. ३]॥

छन्दोमके तृतीय दिनमें "वीलु चिदारुजत्नुभिः" इस षट्त्रिंशत्को ऋचाओंके आवापस्थानमें पढ़े । इसी बातको वैतान-सूत्रमें कहा है, कि-

वीलु चिदारुजत्नुभिर्गुहा चिदिन्द्र वह्निभिः । अविन्द उस्रिया अनु ॥ १ ॥

वीलु । चित् । आरुजत्नुऽभिः । गुहा॑ । चित् । इन्द्र । वह्निऽभिः ॥ अविन्दः । उस्रियाः । अनु॑ ॥ १ ॥

हे इन्द्र ! आपने अपनी प्रकाशक भेदन करने वाली शक्तियों से, उत्सर्पणशील उषाके अनन्तर ही गुफामें स्थित धनको प्राप्त किया है ॥ १ ॥

देवयन्तो यथा मतिमच्छा विदद्वसुं गिरः । महामनूषत श्रुतम् ॥ २ ॥

देवऽयन्तः । यथा । मतिम् । अच्छ । विदत्ऽवसुम् । गिरः । महाम् । अनूषत । श्रुतम् ॥ २ ॥

हे स्तुतिधारणियों ! जिस प्रकार हम देवताओंकी कामना करने वाले अपनी मतिको उनके अभिमुख कर सकें, उन प्रसिद्ध और महान् इन्द्रकी तुम स्तुति करो ॥ २ ॥

इन्द्रेण सं हि दृक्षसे संजग्मानो अबिभ्युषा । मन्दू समानवर्चसा ॥ ३ ॥

इन्द्रेण । सम् । हि । दृक्षसे । सम्ऽजग्मानः । अबिभ्युषा ॥ मन्दू इति । समानऽवर्चसा ॥ ३ ॥

हे भगवन् इन्द्र ! आप अभयवान् मरुद्गणसे मिलते हुए सदा ही देखे जाते हैं, मरुद्गण और आप दोनों एकत्र मिल कर नित्य प्रमुदित होते हैं और आप दोनोंकी दीप्ति समान है ॥३॥

अनवद्यैरभिद्युभिर्मखः सहस्वदर्चति । गणैरिन्द्रस्य काम्यैः ॥ ४ ॥

अनवद्यैः । अभिद्युऽभिः । मखः । सहस्वत् । अर्चति ॥ गणैः । इन्द्रस्य । काम्यैः ॥ ४ ॥

निष्पाप और दमकते हुए इन्द्रके काम्यगणोंसे यज्ञ बलपूर्वक शोभा पाता है ॥ ४ ॥

अतः परिज्मन्ना गहि दिवो वा रोचनादधि ।

समस्मिन्नृञ्जते गिरः ॥ ५ ॥

अतः । परिऽज्मन् । आ । गहि । दिवः । वा । रोचनात् । अधि ॥

सम् । अस्मिन् । ऋञ्जते । गिरः ॥ ५ ॥

हे व्यापनशील इन्द्र ! आप इस भूलोकसे वा रोचनशील द्युलोकसे आइये, इन इन्द्रदेवमें वाणियें संयुक्त होती हैं ॥ ५ ॥

इतो वा सातिमीमहे दिवो वा पार्थिवादधि । इन्द्रं

महो वा रजसः ॥ ६ ॥

इतः । वा । सातिम् । ईमहे । दिवः । वा । पार्थिवात् । अधि ।

इन्द्रम् । महः । वा । रजसः ॥ ६ ॥

हम इन्द्रदेवकी प्राप्तिको वह इस पार्थिव लोकमें हों तो इस लोकसे, स्वर्गमें हों तो स्वर्गसे, महर्लोकमें हों तो महर्लोकसे चाहते हैं ॥ ६ ॥

इन्द्रमिद् गाथिनो बृहदिन्द्रमर्केभिरर्किणः । इन्द्रं वाणी-

रनूषत ॥ ७ ॥

इन्द्रम् । इत् । गाथिनः । बृहत् । इन्द्रम् । अर्केभिः । अर्किणः ॥

इन्द्रम् । वाणीः । अनूषत ॥ ७ ॥

६८९०

गाथागान करने वाले पुरुष इन्द्रकी ही प्रशंसा करते हैं, पूजा करने वाले मन्त्रोंके द्वारा विशाल इन्द्रका ही पूजन करते हैं और वाणियें भी इन्द्रकी ही स्तुति करती हैं ॥ ७ ॥

इन्द्र इद्धर्योः सचा संमिश्ल आ वचोयुजा । इन्द्रो वज्री हिरण्ययः ॥ ८ ॥

इन्द्रः । इत् । हर्योः । सचा । सम्ऽमिश्लः । आ । वचःऽयुजा ॥ इन्द्रः । वज्री । हिरण्ययः ॥ ८ ॥

इन्द्रदेव ही हरि नामक घोड़ोंके साथ रहते हैं, यह मन्त्रसे रथ में संयुक्त होने वाले घोड़ोंसे भली प्रकार प्राप्त होते हैं इन्द्रदेव ही हित रमणीय हैं और वज्रधारी हैं ॥ ८ ॥

इन्द्रो दीर्घाय चक्षस आ सूर्यं रोहयद् दिवि । वि गोभिरद्रिमैरयत् ॥ ९ ॥

इन्द्रः । दीर्घाय । चक्षसे । आ । सूर्यम् । रोहयत् । दिवि ॥ वि । गोभिः । अद्रिम् । ऐरयत् ॥ ९ ॥

इन्द्रदेवने दीर्घदर्शनके लिये सूर्यको आकाशमें चढ़ाया है और सूर्यात्मक इन्द्रने किरणोंसे मेघोंको विदीर्ण किया है ॥ ९ ॥

इन्द्र वाजेषु नोऽव सहस्रप्रधनेषु च । उग्र उग्राभिरूतिभिः ॥ १० ॥

इन्द्र । वाजेषु । नः । अव । सहस्रऽप्रधनेषु । च ॥ उग्रः । उग्राभिः । ऊतिऽभिः ॥ १० ॥

हे इन्द्रदेव ! सहस्रों उत्कृष्ट धन वाले संग्राममें आप हमारी रक्षा करिये, आप उग्र हैं अतः अपनी प्रचण्ड रक्षक शक्तियोंसे हमारी रक्षा करिये ॥ १० ॥

इन्द्रं वयं महाधन इन्द्रमर्भे हवामहे । युजं वृत्रेषु वज्रिणम् ॥ ११ ॥

इन्द्रम् । वयम् । महाऽधने । इन्द्रम् । अर्भे । हवामहे । युजम् । वृत्रेषु । वज्रिणम् ॥ ११ ॥

हम महाधनप्राप्तिके अवसर पर वा स्वल्पप्राप्तिके समय इन्द्र का आह्वान करते हैं, यह आवरक शत्रुओं पर वज्रको संयुक्त करने वाले हैं ॥ ११ ॥

स नो वृषन्नमुं चरुं सत्रादावन्नपा वृधि । अस्मभ्यमप्रतिष्कुतः ॥ १२ ॥

सः । नः । वृषन् । अमुम् । चरुम् । सत्राऽदावन् । अप । वृधि ॥ अस्मभ्यम् । अप्रतिऽस्कुतः ॥ १२ ॥

हे फलोंकी वर्षा करने वाले, और सत्य दान देने वाले इन्द्र ! आप इस चरुका सेवन करिये और किसीसे न हटने वाले आप हमको बढ़ाइये ॥ १२ ॥

तुञ्जेतुञ्जे य उत्तरे स्तोमा इन्द्रस्य वज्रिणः । न विन्धे अस्य सुष्टुतिम् ॥ १३ ॥

तुञ्जेऽतुञ्जे । ये । उत्ऽतरे । स्तोमाः । इन्द्रस्य । वज्रिणः ॥ न । विन्धे । अस्य । सुऽस्तुतिम् ॥ १३ ॥

प्रत्येक दानके अवसर पर, उत्तरोत्तर दानसे परितुष्ट हुआ मैं वज्रधारी इन्द्रके जिन २ स्तोत्रोंका विचार करता हूँ, उनकी समाप्तिको ही मैं नहीं पाता ॥ १३ ॥

वृषा यूथेव वंसगः कृष्टीरियर्त्योजसा । ईशानो अप्रतिष्कुतः ॥ १४ ॥

वृषा । यूथाऽइव । वंसगः । कृष्टीः । इयर्ति । ओजसा ॥ ईशानः । अप्रतिऽस्कुतः ॥ १४ ॥

आप यूथपति वननीयगति वृषभके खेतियोंको प्रेरित करनेकी समान वज्रसे शत्रुओंको प्रेरित करते हैं, आप ईशान हैं, और अप्रतिष्कुत हैं ॥ १४ ॥

य एकश्चर्षणीनां वसूनामिरज्यति । इन्द्रः पञ्च क्षितीनाम् ॥ १५ ॥

यः । एकः । चर्षणीनाम् । वसूनाम् । इरज्यति ॥ इन्द्रः । पञ्च । क्षितीनाम् ॥ १५ ॥

जो इन्द्रदेव अद्वितीय रूपमें मनुष्यों और धनोंके स्वामी हैं और वह इन्द्रदेव पञ्च क्षितियोंके स्वामी हैं ॥ १५ ॥

इन्द्रं वो विश्वतस्परि हवामहे जनेभ्यः । अस्माकमस्तु केवलः ॥ १६ ॥

इन्द्रम् । वः । विश्वतः । परि । हवामहे । जनेभ्यः ॥ अस्माकम् । अस्तु । केवलः ॥ १६ ॥

हम चारों ओरके प्राणियोंकी ओरसे (हटा कर) इन्द्रका आह्वान करते हैं, वह केवल हमारे ही हों ॥ १६ ॥

एन्द्र सानसिं रयिं सजित्वानं सदासहम् । वर्षिष्ठमूतये भर ॥ १७ ॥

आ । इन्द्र । सानसिम् । रयिम् । सऽजित्वानम् । सदाऽसहम् । वर्षिष्ठम् । ऊतये । भर ॥ १७ ॥

हे इन्द्रदेव ! आप प्रीति देने वाले, धनरूप, सजित्वा, सदासह और फलोंकी वर्षा करने वाले अपने बलको हमारी रक्षा करनेके लिये धारण करिये ॥ १७ ॥

नि येन मुष्टिहत्यया नि वृत्रा रुणधामहै । त्वोतासो न्यर्वता ॥ १८ ॥

नि । येन । मुष्टिऽहत्यया । नि । वृत्रा । रुणधामहै । त्वाऽऊतासः । नि । अर्वता ॥ १८ ॥

आपकी रक्षा वाले हम घोड़े वाले होकर आवरक एक शत्रुओं को घूंसोंकी मारसे मार डालें ॥ १८ ॥

इन्द्र त्वोतास आ वयं वज्रं घना ददीमहि । जयेम सं युधि स्पृधः ॥ १९ ॥

इन्द्र । त्वाऽऊतासः । आ । वयम् । वज्रम् । घना । ददीमहि । जयेम । सम् । युधि । स्पृधः ॥ १९ ॥

हे इन्द्र ! आपकी रक्षा वाले हम वज्रको मत्पदरूपसे ग्रहण

करें और स्पर्धा करने वालोंको युद्धमें जीत लें ॥ १६ ॥

वयं शूरेभिरस्तृभिरिन्द्र त्वया युजा वयम् । सासह्याम

पृतन्यतः ॥ २० ॥

वयम् । शूरेभिः । अस्तृऽभिः । इन्द्र । त्वया । युजा । वयम् ॥

ससह्याम । पृतन्यतः ॥ २० ॥

इति षष्ठेऽनुवाके चतुर्थं सूक्तम् ॥

हे इन्द्रदेव ! हम आपसे और अहिंसित शूरोंसे सम्पन्न होकर, सेना लेकर अपने ऊपर चढ़ने वाले शत्रुओंको दबावें २०

छठे अनुवाकमें चतुर्थ सूक्त समाप्त (६८६)

"सं चोदय चित्रमर्वाक्" [२०. ७१. ११] इत्यस्य विनियोगः "प्रणेतारं वस्यो अच्छा" [२०, ४६] इत्यनेन सह उक्तः ॥

"सं चोदय चित्रमर्वाक्" (२० । ७१ । ११ इसका विनियोग "प्रणेतारं वस्यो अच्छा" (२० । ४६) के साथ कह दिया है

महाँ इन्द्रः परश्च नु महित्वमस्तु वज्रिणे । द्यौर्न

प्रथिना शवः ॥ १ ॥

महान् । इन्द्रः । परः । च । नु । महिऽत्वम् । अस्तु । वज्रिणे ॥

द्यौः । न । प्रथिना । शवः ॥ १ ॥

इन्द्रदेव महान् हैं और उत्कृष्ट हैं उन इन्द्रदेवके लिये महत्त्व हो उनका बल द्युलोककी समान विस्तृत होवे ॥ १ ॥

समोहे वा य आशत नरस्तोकस्य सनितौ । विप्रासो

वा धियायवः ॥ २ ॥

सम्ऽओहे । वा । ये । आशत । नरः । तोकस्य । सनितौ ।

विप्रासः । वा । धियाऽयवः ॥ २ ॥

जो बुद्धि चाहने वाले मेधावी पुरुष हैं, वे नेता प्रेमपात्र युद्ध में पुत्रके साथ भी युद्धमें व्याप्त होजाते हैं ॥ २ ॥

यः कुक्षिः सोमपातमः समुद्र इव पिन्वते । उर्वीरापो

न काकुदः ॥ ३ ॥

यः । कुक्षिः । सोमऽपातमः । समुद्रःऽइव । पिन्वते ॥ उर्वीः ।

आपः । न । काकुदः ॥ ३ ॥

जो सोमका पान करने वाले इन्द्रदेवकी कुक्षि है वह ककुद वाले वृषभकी समान और विशाल जल वाले समुद्रकी समान बढ़ती है ॥ ३ ॥

एवा ह्यस्य सूनृता विरप्शी गोमती मही । पक्वा

शाखा न दाशुषे ॥ ४ ॥

एव । हि । अस्य । सूनृता । विऽरप्शी । गोऽमती । मही ॥ पक्वा ।

शाखा । न । दाशुषे ॥ ४ ॥

इनकी मधुर गोमदात्री विशाल भूमि हवि प्रदान करने वाले यजमानको पक्व शाखाकी समान (फलप्रदान करने वाली है)४

एवा हि ते विभूतय ऊतय इन्द्र मावते । सद्यश्चित्

सन्ति दाशुषे ॥ ५ ॥

एव । हि । ते । विऽभूतयः । ऊतयः । इन्द्र । माऽवते ॥ सद्यः । चित् । सन्ति । दाशुषे ॥ ५ ॥

हे पृथ्वीपति इन्द्र ! आपकी रक्षक विभूतियें, हवि देने वाले यजमानके लिये शीघ्र ही उपस्थित होजाती हैं ॥ ५ ॥

एवा ह्यस्य काम्या स्तोम उक्थं च शंस्या । इन्द्राय सोमपीतये ॥ ६ ॥

एव । हि । अस्य । काम्या । स्तोमः । उक्थम् । च । शंस्या ॥ इन्द्राय । सोमऽपीतये ॥ ६ ॥

इन्द्रको सोमका पान कराते समय स्तोम उक्थ और शंस्या (नामक स्तुतियें) इन्द्रदेवको कमनीय होती हैं ॥ ६ ॥

इन्द्रेहि मत्स्यन्धसो विश्वेभिः सोमपर्वभिः । महाँ अभिष्टिरोजसा ॥ ७ ॥

इन्द्र । आ । इहि । मत्सि । अन्धसः । विश्वेभिः । सोमपर्वऽभिः ॥ महान् । अभिष्टिः । ओजसा ॥ ७ ॥

हे इन्द्रदेव ! आइये और सकल सोमपर्वोसें तथा सोमरूपी अन्नसे आनन्दमें भरिये, आपकी अभिष्टि ओजसे बड़ी है । ७।

एमेनं सृजता सुते मन्दिमिन्द्राय मन्दिने । चक्रिं विश्वानि चक्रये ॥ ८ ॥

आ । ईम् । एनम् । सृजत । सुते । मन्दिम् । इन्द्राय । मन्दिने ॥ चक्रिम् । विश्वानि । चक्रये ॥ ८ ॥

हे अध्वर्युओं ! छिपे हुए उक्थपात्रोंसे और चमसोंसे आप सोमकी रचना करो,यह सोम अभिषुत होने पर प्रसन्नतामय इन्द्रको प्रसन्न करने वाला है संस्कृत कर्मोंसे सम्पन्न कर्म करते हुए इन्द्रको प्रसन्न करने वाला है ॥ ८ ॥

मत्स्वा सुशिप्र मन्दिभि स्तोमेभिर्विश्वचर्षणे । सचैषु सवनेष्वा ॥ ९ ॥

मत्स्व । सुऽशिप्र । मन्दिऽभिः । स्तोमेभिः । विश्वऽचर्षणे ॥ सचा । एषु । सवनेषु । आ ॥ ९ ॥

हे सबके साक्षी सुन्दर ठोड़ी वाले इन्द्र ! आप सवनोंमें साथ ही साथ इन आनन्दमद स्तोत्रोंसे भी हर्षमें भरिये ॥ ९ ॥

असृग्रमिन्द्र ते गिरः प्रति त्वामुदहासत । अजोषा वृषभं पतिम् ॥ १० ॥

असृग्रम् । इन्द्र । ते । गिरः । प्रति । त्वाम् । उत् । अहासत ॥ अजोषाः । वृषभम् । पतिम् ॥ १० ॥

हे इन्द्र ! प्रीति न करने वालीं स्त्रियें जैसे वृषभ पतिको त्याग देती हैं, क्या इसी प्रकार स्तुतियें आपको त्यागती हैं ? नहीं ॥ १० ॥

सं चोदय चित्रमर्वाग् राध इन्द्र वरेण्यम् । असदित् ते विभु प्रभु ॥ ११ ॥

सम् । चोदय । चित्रम् । अर्वाक् । राधः । इन्द्र । वरेण्यम् ॥

असत् । इत् । ते । विऽभु । प्रऽभु ॥ ११ ॥

हे इन्द्रदेव ! कमनीय धनको हमारी ओर प्रेरित करिये, जो आपका प्रभु वा विभु धन हो उसको प्रेरित करिये ॥ ११ ॥

अस्मान्त्सु तत्र चोदयेन्द्र राये रभस्वतः । तुविद्युम्न

यशस्वतः ॥ १२ ॥

अस्मान् । सु । तत्र । चोदय । इन्द्र । राये । रभस्वतः ॥ तुवि-

ऽद्युम्न । यशस्वतः ॥ १२ ॥

हे परम दमकने वाले इन्द्र ! आप हमको यशस्वी महान् पुरुषके धनके लिये प्रेरित करिये ॥ १२ ॥

सं गोमदिन्द्र वाजवदस्मे पृथु श्रवो बृहत् । विश्वा-

युर्धेह्यक्षितम् ॥ १३ ॥

सम् । गोऽमत् । इन्द्र । वाजऽवत् । अस्मे इति । पृथु । श्रवः ।

बृहत् ॥ विश्वऽआयुः । धेहि । अक्षितम् ॥ १३ ॥

हे इन्द्रदेव ! हमको गौओंसे, यज्ञान्नसे सम्पन्न विशाल यश प्रदान करिये और हमको क्षीणतारहित विशाल आयु प्रदान करिये ॥ १३ ॥

अस्मे धेहि श्रवो बृहद् द्युम्नं सहस्रसातमम् । इन्द्र

ता रथिनीरिषः ॥ १४ ॥

अस्मे इति । धेहि । श्रवः । बृहत् । द्युम्नम् । सहस्रऽसातमम् ॥

इन्द्र । ताः । रथिनीः । इषः ॥ १४ ॥

हे इन्द्रदेव ! हममें सहस्रोंसे सेवनीय विशाल दमकते हुए अन्न को प्रदान करिये और रथिनी इषाओंको प्रदान करिये ॥१४॥

वसोरिन्द्रं वसुपतिं गीर्भिर्गृणन्त ऋग्मियम् । होम गन्तारमूतये ॥ १५ ॥

वसोः । इन्द्रम् । वसुऽपतिम् । गीःऽभिः । गृणन्तः । ऋग्मियम् ॥

होम । गन्तारम् । ऊतये ॥ १५ ॥

स्तुतिमयी वाणियोंसे स्तुति करते हुए हम धनके स्वामी, वसुपति, ऋग्मिय और होमको प्राप्त होने वाले इन्द्रकी रक्षाकी रक्षाकी पूजा करते हैं ॥ १५ ॥

सुतेसुते न्योकसे बृहद् बृहत एदरिः । इन्द्राय शूषमर्चति ॥ १६ ॥

सुतेऽसुते । निऽओकसे । बृहत् । बृहते । आ । इत् । अरिः ॥

इन्द्राय । शूषम् । अर्चति ॥ १६ ॥

षष्ठेऽनुवाके पञ्चमं सूक्तम् ॥

इति षष्ठोऽनुवाकः ॥

न्योकसमें बृहत इन्द्रके लिये प्रत्येक बार सोमका अभिषव होने पर अरि इन्द्रके बलकी प्रशंसा करते हैं ॥ १६ ॥

छठे अनुवाकमें पञ्चम सूक्त समाप्त (६८७)

छठा अनुवाक समाप्त

पृष्ठ्यषडहस्य षष्ठेऽहनि "विश्वेषु हि त्वा सवनेषु तुञ्जते" इत्यस्य विनियोगः "वनोति हि सुन्वन् क्षयं परीणसः" [२०. ६७] इत्यनेन सह उक्तः ॥

पृष्ठ्यषडहके छठे दिन "विश्वेषु हि त्वा सवनेषु तुञ्जते" इस का विनियोग "वनोति हि सुन्वन् क्षयं परीणसः" (२० । ६७) के साथ कह दिया है।

विश्वेषु हि त्वा सवनेषु तुञ्जते समानमेकं वृषमण्यवः

पृथक् स्वः सनिष्यवः पृथक् ।

तं त्वा नावं न पर्षणिं शूषस्य धुरि धीमहि ।

इन्द्रं न यज्ञैश्चितयन्त आयवः स्तोमेभिरिन्द्रमायवः १

विश्वेषु । हि । त्वा । सवनेषु । तुञ्जते । समानम् । एकम् । वृषऽमन्यवः । पृथक् । स्व१रिति स्वः । सनिष्यवः । पृथक् ।

तम् । त्वा । नावम् । न । पर्षणिम् । शूषस्य । धुरि । धीमहि ।

इन्द्रम् । न । यज्ञैः । चितयन्त । आयवः । स्तोमेभिः । इन्द्रम् । आयवः ॥ १ ॥

हे इन्द्रदेव ! पृथक् २ स्वर्गको चाहने वाले फलवर्षाके लिये दीनता करने वाले, सब सवनोंमें केवल एक आपसे ही दान माँगते हैं। हम नौकारूप, अन्नके पूले वाले आपको बलके बोझ में नियुक्त करते हैं। यज्ञोंसे इन्द्रको प्रबोधित करते हुए हम लोकवासी स्तोत्रोंसे (इन्द्रकी स्तुति करते हैं) ॥ १ ॥

वि त्वा ततस्रे मिथुना अवस्यवो व्रजस्य साता गव्य-
स्य निःसृजः सक्षन्त इन्द्र निःसृजः ।
यद् गव्यन्ता द्वा जना स्वः र्यन्ता समूहसि ।
आविष्करिक्रद् वृषणं सचाभुवं वज्रमिन्द्र सचाभुवम्

वि । त्वा । ततस्रे । मिथुनाः । अवस्यवः । व्रजस्य । साता ।
गव्यस्य । निःऽसृजः । सक्षन्तः । इन्द्र । निःऽसृजः ।
यत् । गव्यन्ता । द्वा । जना । स्वः । यन्ता । सम्ऽऊहसि ।
आविः । करिक्रत् । वृषणम् । सचाऽभुवम् । वज्रम् । इन्द्र । सचाऽभुवम्

अन्न चाहने वाले मिथुन, गव्य व्रजके दानके अवसर पर आपमें ध्यान लगाते हुए आपको फलप्रदानके लिये प्रेरित करते हैं आप स्वर्गको जाने वाले गव्यन्त दो जनोंको भली प्रकार पहिचानते हैं, हे इन्द्र ! उस समय आप अपने वर्षक सहायक रूप वज्रको प्रकाशित करते हैं ॥ २ ॥

उतो नो अस्या उषसो जुषेत ह्य र्कस्य बोधि हविषो
हवीमभिः स्वर्षाता हवीमभिः ।
यदिन्द्र हन्तवे मृधो वृषा वज्रिन् चिकेतसि ।
आ मे अस्य वेधसो नवीयसो मन्म श्रुधि नवीयसः ३

उतो इति । नः । अस्याः । उषसः । जुषेत । हि । अर्कस्य । बोधि ।
हविषः । हवीमऽभिः । स्वःऽसाता । हवीमऽभिः ।

यत् । इन्द्र । हन्तवे । मृत्रः । वृषा । वज्रिन् । चिकेतसि ।

आ । मे । अस्य । वेधसः । नवीयसः । मन्म । श्रुधि । नवीयसः

इति सप्तमेऽनुवाके प्रथमं सूक्तम् ॥

सूर्यकी ज्ञापिका इस उषाकी हविको हम स्वर्गका उपभोग करनेके लिये हवन करते हैं, हे वर्षक इन्द्र ! आप संग्राम करने वालोंको नष्ट करनेके लिये अपने वज्रको उठाते हैं, आप इस नवीन स्रष्टा (मेरे) मननीय स्तोत्रको सुनिये ॥ ३ ॥

सप्तम अनुवाकमें प्रथम सूक्त समाप्त (६८८)

पृष्ठ्यस्य चतुर्थेहनि "तुभ्येदिमा सवना शूर विश्वा" इति पुरस्तात्संपातसूक्तात् षड्टच आवपते। तासां प्रथमास्तिस्र ऋचः अर्धर्चशः शंसति । तदु उक्तं वैताने । "चतुर्थे तुभ्यदिमा सवना शूर विश्वेति षट् पुरस्तात्संपाताः ।.तिस्रोर्धर्चशः" इति [वै० ६. २]

पृष्ठ्यके चौथे दिन "तुभ्येदिमा सवना शूर विश्वा" इसकी छः ऋचाओंको सम्पातसूक्तसे पहिले पढ़े । इनमें पहिली तीन ऋचाओंको अर्धर्चशः पढ़े । इसी बातको वैतानसूत्र ६ । २ में कहा है, कि—"चतुर्थे तुभ्येदिमा सवना शूर विश्वेति षट् पुरस्तात् सम्पाताः" ॥

तुभ्येदिमा सवना शूर विश्वा तुभ्यं ब्रह्माणि वर्धना कृणोमि । त्वं नृभिर्हव्यो विश्वधासि ॥ १ ॥

तुभ्य । इत् । इमा । सवना । शूर । विश्वा । तुभ्यम् । ब्रह्माणि ।

वर्धना । कृणोमि । त्वम् । नृऽभिः । हव्यः । विश्वधा । असि १

हे शूर ! यह सब सवन आपके ही लिये हैं । मैं आपके लिये

ही इन मन्त्रोंको वर्धक करता हूँ। आप मनुष्योंसे आहुति पाने के पात्र हैं और आप सबको पुष्ट करने वाले हैं ॥ १ ॥

नू चिन्नु ते मन्यमानस्य दस्मोदश्नुवन्ति महिमानमुग्र।

न वीर्यमिन्द्र ते न राधः ॥ २ ॥

नु। चित्। नु। ते। मन्यमानस्य। दस्म। उत्। अश्नुवन्ति। महिमानम्। उग्र। न। वीर्यम्। इन्द्र। ते। न। राधः ॥२॥

हे अभिमान रखने वाले उग्र इन्द्र! आपकी महिमा दुर्दश्यत्वं वीर्य और धनको अन्य नहीं पासकते ॥ २ ॥

प्र वो महे महिवृधे भरध्वं प्रचेतसे प्र सुमतिं कृणुध्वम्।

विशः पूर्वीः प्र चरा चर्षणिप्राः ॥ ३ ॥

प्र। वः। महे। महिऽवृधे। भरध्वम्। प्रऽचेतसे। प्र। सुऽमतिम्। कृणुध्वम्। विशः। पूर्वीः। प्र। चर। चर्षणिऽप्राः ॥ ३ ॥

हे याजकों! तुम महत्व पानेके लिये महिवृध् प्रचेतस इन्द्रका हविसे भरण करो, सुमति करो, हे मनुष्योंको अभिमत फलसे पूर्ण करने वाले! आप प्रकृष्टरूपसे हविका भक्षण करिये ॥३॥

यदा वज्रं हिरण्यमिदथा रथं हरी यमस्य वहतो वि सूरिभिः।

आ तिष्ठति मघवा सनश्रुत इन्द्रो वाजस्य दीर्घश्रवसस्पतिः ॥ ४ ॥

यदा । वज्रम् । हिरण्यम् । इत् । अथ । रथम् । हरी इति । यम् ।

अस्य । वहतः । वि । । सूरिऽभिः ।

आ । तिष्ठति । मघऽवा । सनऽश्रुतः । इन्द्रः । वाजस्य । दीर्घ-

ऽश्रवसः । पतिः ॥ ४ ॥

जब सबको वशमें रखने वाले इन्द्रके हरी नामक अश्व सुवर्णमय वज्रको और रथको लगामोंसे खेंचने लगते हैं, तब तपसे प्रसिद्ध यज्ञान्न और विशाल कीर्तिके स्वामी मघवा इन्द्र रथ पर अधिष्ठित होते हैं ॥ ४ ॥

सो चिन्नु वृष्टिर्यूथ्या३ स्वा सचाँ इन्द्रः श्मश्रूणि हरिताभिः प्रुष्णुते ।

अव वेति सुक्षयं सुते मधूदिद्धूनोति वातो यथा वनम् ॥ ५ ॥

सो इति । चित् । नु । वृष्टिः । यूथ्या । स्वा । सचा । इन्द्रः ।

श्मश्रूणि । हरिता । अभि । प्रुष्णुते ।

अव । वेति । सुऽक्षयम् । सुते । मधु । उत् । इत् । धूनोति ।

वातः । यथा । वनम् ॥ ५ ॥

बड़ी भारी वृष्टि इन्द्रकी अपनी ही है, और वह सहायक इन्द्र सोमलताओंसे अपनी मूँछोंको स्नान करा देते हैं, जैसे वायु वनको कँपाता है, इसी प्रकार वह सोमका अभिषव होने पर घर पर आते हैं और मधुको कंपित करते हैं ॥ ५ ॥

यो वाचा विवाचो मृध्रवाचः पुरू सहस्राशिवा जघान ।
तत्तदिदस्य पौंस्यं गृणीमसि पितेव यस्तविषीं वावृधे
शवः ॥ ६ ॥

यः । वाचा । विऽवाचः । मृध्रऽवाचः । पुरु । सहस्रा । अशिवा ।
जघान ।
तत्ऽतत् । इत् । अस्य । पौंस्यम् । गृणीमसि । पिताऽइव । यः ।
तविषीम् । ववृधे । शवः ॥ ६ ॥

इति सप्तमेऽनुवाके द्वितीयं सूक्तम् ॥

जो इन्द्रदेव विकृत बोलने वालोंको अपनी वाणियोंसे कोमल वाणी वाले कर देते हैं, सहस्रों अशुभकारियोंको मार डालते हैं, इन्द्रदेवके उन २ पुरुषार्थोंकी हम स्तुति करते हैं, जो पिताकी समान महान् बलको बढ़ाते हैं ॥ ६ ॥

सप्तम अनुवाकमें द्वितीय सूक्त समाप्त (६८९)

पृष्ठ्यस्य पञ्चमेऽहनि पुरस्तात् संपातात् पङ्क्तिच्छन्दस्कम् "यच्चिद्धि सत्य सोमपाः" इति सूक्तम् आवपते । तस्य शंसनधर्ममपि सूत्रकार आह । तद् उक्तं वैताने । "पञ्चमे यच्चिद्धि सत्य सोमपा इति पाङ्क्तं सप्तर्चम् । द्वौ द्वाववसाय पञ्चमं सन्तनोति । त्रयं वाव-साय द्वयम्" इति [वै० ६. २] ॥ अस्य अर्थः पाङ्क्तस्य एकैकस्य द्वौ द्वौ पादौ संहतौ अवसाय अर्धर्चशस्यवत् पञ्चमं पादं प्रणवेनोपसंतनोति संबध्नाति । पादत्रयं संहतं वा अवसाय अन्त्यपादद्वयं संहतं प्रणवेनोपसंतनोति इति ॥

पृष्ठ्यके पञ्चम दिनमें सम्पातसे पहिले पंक्ति छन्द वाले

"यच्चिद्धि सत्य सोमपाः" इस सूक्तको पढे । इसके शंसनधर्म को भी सूत्रकारने कहा है, कि-"पञ्चमे यच्चिद्धि सत्य सोमपा इति पांक्तं समर्चम्। द्वौ द्वाववसाय पञ्चमं सन्ननोति । त्रयं वाव-साय द्वयम्" (वैतानसूत्र ६ । २) इसका अर्थ यह है, कि— पांक्तयके एक २ मन्त्रके दो दो मिले हुए पादोंका अवसान करके अर्धर्चशस्यकी समान प्रणवसे उपसन्तान करता हुआ संधन करे । वा तीनों संहत पादोंका अवसाम करके अन्तिम मिले हुए दो पादोंको प्रणवसे उपसन्तान करे ।

यच्चिद्धि सत्य सोमपा अनाशस्ता इव स्मसि ।
आ तू न इन्द्र शंसय गोष्वश्वेषु शुभ्रिषु सहस्रेषु
तुवीमघ ॥ १ ॥

यत् । चित् । हि । सत्य । सोमऽपाः । अनाशस्ताःऽइव । स्मसि ।
आ । तु । नः । इन्द्र । शंसय । गोषु । अश्वेषु । शुभ्रिषु । सह-
स्रेषु । तुविऽमघ ॥ १ ॥

हे सोमका पान करने वाले सत्य इन्द्र ! आप अनाशस्ता ही हैं, हे बहुधन इन्द्र ! आप हमारी सहस्रों गौओंमें घोड़ोंमें और शुभ्रियोंमें अनाशस्तत्वको कहिये ॥ १ ॥

शिप्रिन् वाजानां पते शचीवस्तव दंसना । आ तू० २

शिप्रिन् । वाजानाम् । पते । शचीऽवः । तव । दंसना । ० २

हे सुन्दर ठोड़ी वाले धनोंके स्वामी शक्तिपति इन्द्र ! शत्रुओं को डँसनेकी शक्ति आपकी है, हे बहुधन इन्द्र उसको आप हमारे सहस्रों गौ घोड़ोंमें और शुभ्रियोंमें कहिये ॥ २ ॥

नि ष्वापया मिथूदृशा सस्तामबुध्यमाने। आ तू० ।

नि । स्वापय । मिथुऽदृशा । सस्ताम् । अबुध्यमाने । इति ।० २

दोनों नेत्रोंसे आप सुलाइये, अबुध्यमान होकर दोनों नेत्र सोवें, हे बहुधन इन्द्र ! हमारी गौओंमें घोड़ोंमें और पवित्र सहस्रों प्राणियोंमें निद्राको प्रदान करिये ॥ ३ ॥

ससन्तु त्या अरातयो बोधन्तु शूर रातयः। आ तू० ४

ससन्तु । त्याः । अरातयः । बोधन्तु । शूर । रातयः । ॥ ४ ॥

वे शत्रु निद्राके आधीन होजावें, हे शूर ! धन जागृत होजावें, हे बहुधन इन्द्र ! आप हमारे सहस्रों घोड़े गौ और पवित्र प्राणियोंमें धनको कहिये ॥ ४ ॥

समिन्द्र गर्दभं मृण नुवन्तं पापयामुया। आ तू० ५

सम् । इन्द्र । गर्दभम् । मृण । नुवन्तम् । पापया। अमुया ।० ५

हे इन्द्र ! इस पापवृत्तिसे खदेड़ते हुए गधेका आप संहार करिये और हे बहुधन इन्द्र ! आप हमारे घोड़े आदिमें संहारक शक्ति दीजिये ॥ ५ ॥

पताति कुण्डृणाच्यां दूरं वातो वनादधि आ तू० ६

पताति । कुण्डृणाच्या । दूरम् । वातः । वनात् । अधि ।० ।६।

कुण्डृणाचीके द्वारा वायु वनसे दूर जाता है हे बहुधन इंद्र ! आप हमारी गौ घोड़े और सहस्रों पवित्र प्राणियोंमें कुण्डृणाची कहिये ॥ ६ ॥

सर्वं परिक्रोशं जहि जम्भया कृकदाश्वम् ।

आ तू नं इन्द्र शंसय गोष्वश्वेषु शुभ्रिषुं सहस्रेषु तुवीमघ ॥ ७ ॥

सर्वम् । परिऽक्रोशम् । जहि । जम्भय । कृकदाश्वम् ।

आ । तु । नः । इन्द्र । शंसय । गोषु । अश्वेषु । शुभ्रिषु ।

सहस्रेषु । तुविऽमघ ॥ ७ ॥

इति सप्तमेनुवाके तृतीयं सूक्तम् ॥

हे इन्द्र ! आप सब परिक्रोशको दूर करिये, और कृकदाश्व का नाश करिये, और हे बहुधन इन्द्र ! हमारी गौ घोड़े और पवित्र प्राणियोंमेंसे परिक्रोशको हटाइये ॥ ७ ॥

सप्तम अनुवाकमें तृतीय सूक्त समाप्त (६९०)

पृष्ठ्यस्य षष्ठेहनि पुरस्तात् संपातात् "वि त्वा ततस्रे मिथुना अवस्यवः" इति तिस्रः सप्तपदा आवपते सूत्रोक्तप्रकारेण प्रणवेनोपसंतनोति च । तदुक्तं वैताने । "षष्ठे वि त्वा ततस्रे मिथुना अवस्यव इति । सप्तपदानामेकैकमवसाय द्वयं संतनोति । द्वयमवसाय द्वयम्" इति [वै० ६. २] ॥ अस्य अर्थः । सप्तपदानां तिसृणामृचाम् एकैकस्यामृचि एकैकं पदम् अवसाय पदत्रयं प्रणवेनोपसंतनोति । ततः परं पादद्वयमवसाय अपरं पादद्वयं प्रणवेनोपसंतनोति ॥

पृष्ठ्यके छठे दिन सम्पातसे पहिले "वि त्वा ततस्रे मिथुना अवस्यवः" इन तीन सप्तपदोंका आवपन करे और सूत्रोक्तरीतिसे प्रणवसे उपसन्तान भी करे । इसी बातको वैतानसूत्रमें कहा है । "षष्ठे वि त्वा ततस्रे मिथुना अवस्यव इति । सप्तपदानामेकैकमवसाय द्वयं सन्तनोति। द्वयमवसाय द्वयम्।" (वैतानसूत्र६ । २)

इसका अर्थ यह है, कि-सप्तपदोंकी तीन ऋचाओंमेंसे एक एक ऋचामें एक २ पदका अवसान करके तीन पादोंका प्रणवसे उपसंतान करे।

वि त्वा ततस्रे मिथुना अवस्यवो व्रजस्य साता

गव्यस्य निःसृजः सक्षन्त इन्द्र निःसृजः।

यद् गव्यन्ता द्वा जना स्व१र्यन्ता समूहसि।

आविष्करिक्रद् वृषणं सचाभुवं वज्रमिन्द्र सचाभुवम्

वि। त्वा। ततस्रे। मिथुनाः। अवस्यवः। व्रजस्य। साता।

गव्यस्य। निःसृजः। सक्षन्तः। इन्द्र। निःऽसृजः।

यत्। गव्यन्ता। द्वा। जना। स्वः। यन्ता। सम्ऽऊहसि।

आविः। करिक्रत्। वृषणम्। सचाऽभुवम्। वज्रम्। इन्द्र।

सचाऽभुवम्॥ १॥

अन्न चाहने वाले मिथुन, गव्य व्रजके दानके अवसर पर आपमें ध्यान लगाते हुए आपको फलप्रदानके लिये प्रेरित करते हैं आप स्वर्गको जाने वाले गव्यन्त दो जनोंको भली प्रकार पहिचानते हैं, हे इन्द्र! उस समय आप अपने वर्षक सहायक-रूप वज्रको प्रकाशित करते हैं॥ १॥

विदुष्टे अस्य वीर्य॑स्य पूरवः पुरो यदिन्द्र शारदीर-

वातिरः सासहानो अवातिरः।

शासस्तमिन्द्र मर्त्यमयज्युं शवसस्पते।

महीममुष्णाः पृथिवीमिमा अपो मन्दसान इमा अपः

विदुः । ते । अस्य । वीर्यस्य । पूरवः । पुरः । यत् । इन्द्र ।
शारदीः । अव॒ऽअतिरः । ससहानः । अव॒ऽअतिरः ।
शासः । तम् । इन्द्र । मर्त्यम् । अयज्युम् । शवसः । पते ।
महीम् । अमुष्णाः । पृथिवीम् । इमाः । अपः । मन्दसानः ।
इमाः । अपः ॥ २ ॥

मनुष्य इन इन्द्रके वीर्योंको जानते हैं, कि-जो यह शरद् ऋतु का वस्तुओंमें अवतीर्ण होते हैं यह शत्रुओंको बारम्बार दबाते हुए अवतीर्ण होते हैं, हे बलके अधिष्ठात्री देवता इन्द्र! जो मरण-धर्मी पुरुष आपका यजन नहीं करता है, उसका आप शासन करिये, और इस विशालपृथिवीको और अमुष्ण जलोंको हर्षित करिये ॥ २ ॥

आदित् ते अस्य वीर्यस्य चर्किरन्मदेषु वृषन्नुशिजो
यदाविथ सखीयतो यदाविथ ।
चकर्थ कारमेभ्यः पृतनासु प्रवन्तवे ।
ते अन्यामन्यां नद्यं सनिष्णत श्रवस्यन्तः सनिष्णत

आत् । इत् । ते । अस्य । वीर्यस्य । चर्किरन् । मदेषु । वृषन् ।
उशिजः । यत् । आविथ । सखिऽयतः । यत् । आविथ ।
चकर्थ । कारम् । एभ्यः । पृतनासु । प्रऽवन्तवे ।

ते । अन्याम्ऽअन्याम् । नद्यः । सनिष्णत । अवस्यन्तः । सनिष्णत ॥ ३ ॥

इति सप्तमेऽनुवाके चतुर्थं सूक्तम् ॥

हे तृपन् ! अब हम आपके वीर्यको (कहते हैं, कि-) हे कांतिमय जलों ! तुम इन्द्रदेवको मद होने पर रक्षा करते हो, सखिभाव रखने वालोंकी रक्षा करते हो, और पृतनाओंमें सेवन करनेके लिये कृत्योंको करते हो, तुम दूसरी २ नदियोंका आश्रय लो, अन्न देते हुए स्नान कराओ ॥ ३ ॥

सप्तम अनुवाकमें चतुर्थ सूक्त समाप्त (६९१)

पृष्ठ्यस्य षष्ठेहन्येव पूर्वोक्तसप्तपदाभ्योनन्तरं पुरस्तात् संपातात् "वने न वा यो न्यधायि चाकन्" इत्यष्टर्चम् आवपते । तद् उक्तं वैताने । "वने न वा यो न्यधायि चाकन्नित्यष्टर्च च" इति [वै० ६. २] ॥

तथा छन्दोमानां द्वितीयतृतीययोरह्नोः माध्यंदिने सवने उपरिष्टात् संपाताद् अष्टर्चम् [२०. ७६] "आ सत्यो यातु मघवाँ ऋजीषी" [२०. ७७] इति सूक्तं चावपते । तद् उक्तं वैताने । "उत्तरयोरष्टर्चम् आ सत्यो यातु मघवाँ ऋजीषीति चावपते" इति [वै० ६. ३] ॥ "वने न वा यो न्यधायि चाकन्" इत्यस्य अष्टर्चम् इति संज्ञा ॥

पृष्ठ्यके छठे दिन ही पूर्वोक्त सप्तपदाओंके अनन्तर सम्पातसे पहिले "वने न वा यो न्यधायि चाकन्" इस आठ ऋचा वाले सूक्तको पढ़े । इसी बातको वैतानसूत्रमें कहा है, कि- "वने न वा यो न्यधायि चाकन्नित्यष्टर्चं च" (वैतानसूत्र ६।२)

तथा छन्दोमोंके द्वितीय तृतीय दिनोंमें माध्यंदिन सवनमें संपातसे पहिले आठ ऋचा वाले (२० । ७६) को और "आ

सत्यो यातु मघवाँ ऋजीषी" इस (२०।७७) सूक्तको भी पढ़े। इसी बातको वैतानसूत्रमें कहा है, कि—"उत्तरयोरष्टार्धर्चम् आ सत्यो यातु मघवाँ ऋजीषीति चावपते" (वैतानसूत्र ६।३)
"वने न वा यो न्यधायि चाकन्" इसकी अष्टर्च संज्ञा है।

वने न वा यो न्यधायि चाकं छुचिर्वां स्तोमो भुरणावजीगः।
यस्येदिन्द्रः पुरुदिनेषु होता नृणां नर्यो नृतमः क्षपावान् ॥ १ ॥

वने। न। वा। यः। नि। अधायि। चाकन्। शुचिः। वाम्। स्तोमः। भुरणौ। अजीगरिति।
यस्य। इत्। इन्द्रः। पुरुऽदिनेषु। होता। नृणाम्। नर्यः। नृऽतमः। क्षपाऽवान् ॥ १ ॥

हे देवताओंका भरण करने वाले भुरण्य अश्विनीकुमारो! जो यह स्तोम हममें निहित है, यह दोषरहित है और पक्षिपुत्रके वृक्ष मेंसे देखनेकी समान इन्द्रकी कामना करता है (यह वह स्तोम है, कि—) जिसके इन्द्र बहुत दिनोंसे आह्वाता थे, कि—इससे कोई मेरी स्तुति करे। वह इन्द्रदेव मनुष्योंमें भी मनुष्यतम हैं अर्थात् शूरोंमें भी शूर हैं, और सोमका भाग पाने वाले हैं, यह स्तोम उन ही की ओर जाता है ॥ १ ॥

प्र ते अस्या उषसः प्रापरस्या नृतौ स्याम नृतमस्य नृणाम्।

अनु त्रिशोकः शतमावहन्नॄन् कुत्सेन रथो यो असत्
ससवान् ॥ २ ॥

प्र । ते । अस्याः । उषसः । प्र । अपरस्याः । नृतौ । स्याम ।
नृऽतमस्य । नृणाम् ।

अनु । त्रिऽशोकः । शतम् । आ । अवहत् । नॄन् । कुत्सेन ।
रथः । यः । असत् । ससऽवान् ॥ २ ॥

हम इस दूसरी उषाके पारको प्राप्त होवें, और शूरोंमें शूर इन्द्रकी नृतिमें रहें, त्रिशोक नामक ऋषि मनुष्योंको सैंकड़ों उषाओं को प्राप्त करा चुके हैं, जो संसाररूपी रथ है वह कुत्स ऋषि के द्वारा अन्न वाला हुआ है ॥ २ ॥

कस्ते मद इन्द्र रन्त्यो भूद् दुरो गिरो अभ्युग्रो वि
धाव ।
कद् वाहो अर्वागुप मा मनीषा आ त्वा शक्या-
मुपमं राधो अन्नैः ॥ ३ ॥

कः । ते । मदः । इन्द्र । रन्त्यः । भूत् । दुरः । गिरः । अभि ।
उग्रः । वि । धाव ।

कत् । वाहः । अर्वाक् । उप । मा । मनीषाः । आ । त्वा ।
शक्याम् । उपऽमम् । राधः । अन्नैः ॥ ३ ॥

हे इन्द्र ! कौनसा हर्षप्रद स्तोम आपको प्रसन्न करता हुआ हमारे लिये दाता होसकता है, हे उग्र ! आप स्तोत्ररूप प्राणियों की ओर दौड़िये, कौनसा अश्व बुद्धिसे आपको मेरे पास लावेगा आप उपमाके योग्यको मैं अन्नोंसे (हवियोंसे) साध सकूँगा ३

कदु द्युम्नमिन्द्र त्वावतो नृन् कया धिया करसे कन्न आगन् ।

मित्रो न सत्य उरुगाय भृत्या अन्ने समस्य यदसन्मनीषाः ॥ ४ ॥

कत् । ऊं इति । द्युम्नम् । इन्द्र । त्वाऽवतः । नृन् । कया । धिया । करसे । कत् । नः । आ । अगन् ।

मित्रः । न । सत्यः । उरुऽगाय । भृत्यै । अन्ने । समस्य । यत् । असन् । मनीषाः ॥ ४ ॥

हे इन्द्र ! आप अपनी शरणमें रहने वाले मनुष्योंको किस बुद्धिसे दमकते हुए करते हैं, हे विशालकीर्ते ! आप सच्चे मित्रकी समान भृतिके लिये अन्नमें जो इसकी बुद्धिमें हों (उनको करिये)

प्रेरय सूरो अर्थं न पारं ये अस्य कामं जनिधा इव ग्मन् ।

गिरश्च ये ते तुविजात पूर्वीर्नर इन्द्र प्रतिशिक्षन्त्यन्नैः ५

प्र । ईरय । सूरः । अर्थम् । न । पारम् । ये । अस्य । कामम् । जनिधाःऽइव । ग्मन् ।

गिरः । च । ये । ते । तुविऽजात । पूर्वीः । नरः । इन्द्र । प्रतिऽशिक्षन्ति । अन्नैः ॥ ५ ॥

हे सूर्यात्मक इन्द्रदेव ! आप हमको अर्थकी समान पार पहुँचाइये, जो इसकी अभिलाषाको पूर्ण करनेके लिये माताकी समान प्राप्त होती हैं, और हे तुविजात ! जो आपकी प्राचीन स्तुतियें हैं (उनको आप इस यजमानके हितके लिये प्रेरित करिये) हे इंद्र ! नेता पवन इसको अन्न प्रदान करें ॥ ५ ॥

मात्रे नु ते सुमिते इन्द्र पूर्वी द्यौर्मज्मना पृथिवी काव्येन ।

वराय ते घृतवन्तः सुतासः स्वाद्मन्भवन्तु पीतये मधूनि ॥ ६ ॥

मात्रे इति । नु । ते । सुमिते इति सुऽमिते । इन्द्र । पूर्वी इति । द्यौः । मज्मना । पृथिवी । काव्येन ।

वराय । ते । घृतऽवन्तः । सुतासः । स्वाद्मन् । भवन्तु । पीतये । मधूनि ॥ ६ ॥

हे इन्द्र ! निर्माता सुमित् आपके लिये पूर्वी पृथिवी और द्यौ अपने बंत्रक काव्यके साथ (हितकारी हों) ये घृत वाले निचोड़े हुए सोम आपके पीनेके लिये स्वाद वाले होवें ॥ ६ ॥

आ मध्वो अस्मा असिचन्नमत्रमिन्द्राय पूर्णं स हि सत्यराधाः ।

स वावृधे वरिमन्ना पृथिव्या अभि क्रत्वा नर्यः पौंस्यैश्च ॥ ७ ॥

आ । मध्वः । अस्मै । असिचन् । अमत्रम् । इन्द्राय । पूर्णम् । सः । हि । सत्यऽराधाः ।

सः । ववृधे । वरिमन् । आ । पृथिव्याः । अभि । क्रत्वा । नर्यः । पौंस्यैः । च ॥ ७ ॥

इस पात्रको इन्द्रदेवके लिये पूर्णरूपसे मधुसे भर दिया गया है, वह इन्द्रदेव ही सत्यसे साधे जाते हैं, वह मनुष्योंके हितकारी अपने पुरुषार्थों करके पृथ्वीसे बढ़ते हैं ॥ ७ ॥

व्यानलिन्द्रः पृतना स्वोजा आस्मै यतन्ते सख्याय पूर्वीः ।

आ स्मा रथं न पृतनासु तिष्ठ यं भद्रया सुमत्या चोदयासे

वि । आनट् । इन्द्रः । पृतनाः । सुऽओजाः । आ । अस्मै । यतन्ते । सख्याय । पूर्वीः ।

आ । स्म । रथम् । न । पृतनासु । तिष्ठ । यम् । भद्रया । सुऽमत्या । चोदयासे ॥ ८ ॥

॥ इति सप्तमेनुवाके पञ्चमं सूक्तम् ॥

सुन्दर बल वाले इन्द्र इन सेनाओंमें व्याप्त होगए हैं, इनकी मित्रता करनेके लिये बहुतसी सेनाएँ चेष्टाएँ करती हैं, आप

जिसे अपनी सुमतिसे प्रेरणा करते हैं, उस सुमतिसे आप रथ की समान हमारी सेनामें स्थित हूजिये ॥ ८ ॥

सप्तम अनुवाकमें पञ्चम सूक्त समाप्त (६९२)

छन्दोमानां द्वितीयतृतीययोरह्नोः "आ सत्यो यातु मघवाँ ऋजीषी" इत्यस्य विनियोगः पूर्वसूक्ते उक्तः ॥

छन्दोमके द्वितीय तृतीय दिनोंमें "आसत्यो यातु मघवाँ ऋजीषी" इसका विनियोग पूर्वसूक्तमें कहा है ।

आ सत्यो यातु मघवाँ ऋजीषी द्रवन्त्वस्य हरय उप नः
तस्मा इदन्धः सुषुमा सुदक्षमिहाभिपित्वं करते गृणानः

आ । सत्यः । यातु । मघऽवान् । ऋजीषी । द्रवन्तु । अस्य । हरयः । उप । नः ।
तस्मै । इत् । अन्धः । सुसुम । सुऽदक्षम् । इह । अभिऽपित्वम् । करते । गृणानः ॥ १ ॥

सत्य, धनवान्, सोमका पान करने वाले इन्द्रदेव आवें, इनके घोड़े हमारे पासको दौड़ें, हम उनके लिये ही सोमरूपी अन्नका अभिषव कर रहे हैं, इसी कारण जो स्तुति करने वाला है, वह यहाँ ही स्नान आदि कर रहा है ॥ १ ॥

अव स्य शूराध्वनो नान्तेऽस्मिन् नो अद्य सवने मन्दध्यै
शंसात्युक्थमुशनेव वेधाश्चिकितुषे असुर्याय मन्म

अव । स्य । शूर । अध्वनः । न । अन्ते । अस्मिन् । नः । अद्य । सवने । मन्दध्यै ।

शंसाति। उक्थम्। उशनाऽइव। वेधाः। चिकितुषे। असुर्याय। मन्म

हे शूर! हमारे पासमें आप मार्गको बाँधसा दीजिये और आज इस हमारे यज्ञमें मदमें भरिये, यह वेधा ज्ञानवान् इन्द्रके लिये शुक्राचार्यकी समान मननीय उक्थका उच्चारण कर रहे हैं २

कविर्न निण्यं विदथानि साधन् वृषा यत् सेकं विपिपानो अर्चात्।

दिव इत्था जीजनत् सप्त कारूनह्ना चिच्चक्रुर्वयुना गृणन्तः॥ ३॥

कविः। न। निण्यम्। विदथानि। साधन्। वृषा। यत्। सेकम्। विऽपिपानः। अर्चात्।

दिवः। इत्था। जीजनत्। सप्त। कारून्। अह्ना। चित्। चक्रुः। वयुना। गृणन्तः॥ ३॥

फलोंकी वर्षा करने वाले इन्द्र वर्षा करके पृथ्वीको पूर्ण करते हुए आवें इस लिये चतुर ऋत्विज निश्चितसा यज्ञोंको साध रहा है, विजिगीषासे इस प्रकार सात स्तोताओंको प्रकट किया है और वह सुन्दर स्तोत्रोंका उच्चारण कर रहे हैं॥३॥

स्व१र्यद् वेदि सुदृशीकमर्कैर्महि ज्योती रुरुचुर्यद्ध वस्तोः।

अन्धा तमांसि दुधिता विचक्षे नृभ्यश्चकार नृतमो अभिष्टौ॥ ४॥

स्वः । यत् । वेदि । सुऽदशीकम् । अर्कैः । महि । ज्योतिः । रुरुचुः ।

यत् । ह । वस्तोः ।

अन्धा । तमांसि । दुधिता । विऽचक्षे । नृऽभ्यः । चकार । नृतमः ।

अभिष्टौ ॥ ४ ॥

जिन मन्त्रोंके द्वारा भली प्रकार देखने योग्य स्वर्ग जाना जाता है और जो मन्त्र दिनकी परम ज्योति-सूर्य-को दमकाते हैं और जो सूर्यात्मक इन्द्र दूर होने पर भी घोर अन्धकारको दूर करके प्रकाश करते हैं और जो परम शूर अभिष्टि स्थापित कर देते हैं, (उनके लिये प्रणाम है) ॥ ४ ॥

ववक्ष इन्द्रो अमितमृजीष्यु१भे आ पप्रौ रोदसी महित्वा

अतश्चिदस्य महिमा वि रेच्यभि यो विश्वा भुवना

बभूव ॥ ५ ॥

ववक्षे । इन्द्रः । अमितम् । ऋजीषी । उभे इति । आ । पप्रौ ।

रोदसी इति । महिऽत्वा ।

अतः । चित् । अस्य । महिमा । वि । रेचि । अभि । यः । विश्वा ।

भुवना । बभूव ॥ ५ ॥

यह सोमका पान करने वाले इन्द्रदेव अमित धनको (यजमानोंके पास) पहुँचाते हैं और अपनी महिमा द्युलोक और भूलोक दोनोंको भर देते हैं, जो यह सब भुवनोंमें व्याप्त होगए हैं, इस लिये इनकी महिमा अधिक है ॥ ५ ॥

त्रिश्वानि शक्रो नर्याणि विद्वानपो रिरेच सखिभिर्निकामैः।
अश्मानं चिद् ये बिभिदुर्वचोभिर्व्रजं गोमन्तमुशिजो वि वव्रुः ॥ ६ ॥

विश्वानि। शक्रः। नर्याणि। विद्वान्। अपः। रिरेच। सखिऽभिः। निऽकामैः।
अश्मानम्। चित्। ये। बिभिदुः। वचःऽभिः। व्रजम्। गोऽमन्तम्। उशिजः। वि। वव्रुरिति वव्रुः ॥ ६ ॥

विद्वान् इन्द्रदेवने मनुष्योंका हित करने वाले जलोंको, इच्छानुसार चलने वाले मित्र (—रूप मेघों) से बढ़ाया है, वे जल अपनी वाणीसे (गड़गड़ाहटसे) पत्थरोंको भी विदीर्ण कर डालते हैं—अलग अलग कर देते हैं और कामना करते हैं तो गौओं वाले व्रजको घेर लेते हैं ॥ ६ ॥

अपो वृत्रं वव्रिवांसं पराहन् प्रावत् ते वज्रं पृथिवी सचेताः।
प्रार्णांसि समुद्रियाण्यैनोः पतिर्भवं छवसा शूर धृष्णो

अपः। वृत्रम्। वव्रिऽवांसम्। परा। अहन्। प्र। आवत्। ते। वज्रम्। पृथिवी। सऽचेताः।

प्र । अर्णांसि । समुद्रियाणि । ऐनोः । पतिः । भवन् । शवसा ।

शूर । धृष्णो इति ॥ ७ ॥

जलोंने आवरण करते हुए मेघको विदीर्ण कर डाला है और पृथिवी सावधान होकर (हे इन्द्र) आपके वज्रकी रक्षा करती है और समुद्रके जलोंकी रक्षा करती है, हे धर्षक शूर इन्द्र ! आप बलपूर्वक इसके स्वामी बनते हैं ॥ ७ ॥

अपो यदद्रिं पुरुहूत दर्दराविर्भुवत् सरमा पूर्व्यं ते ।
स नो नेता वाजमा दर्षि भूरिं गोत्रा रुजन्नङ्गिरो-
भिर्गृणानः ॥ ८ ॥

अपः । यत् । अद्रिम् । पुरुऽहूत । दर्दः । आविः । भुवत् । सरमा ।
पूर्व्यम् । ते ।

सः । नः । नेता । वाजम् । आ । दर्षि । भूरिम् गोत्रा । रुजन् ।
अङ्गिरःऽभिः । गृणानः ॥ ८ ॥

इति सप्तमेनुवाके षष्ठं सूक्तम् ॥

हे बहुतसे यजमानोंसे आहूत इन्द्र ! आप जो पर्वतको वा मेघको जल प्रदान करते हैं, वह आपसे पहिले ही प्रकट होकर चलते हैं, ऐसे नेता आप अंगिरागोत्री ऋत्विजोंसे स्तुति पाते हुए मेघोंको विदीर्ण करते हुए हमें बहुतसा अन्न प्रदान करते हैं ८

सप्तम अनुवाकमें छठा सूक्त समाप्त (६६३)

वाजपेये "तद् वो गाय" इति स्तोत्रियो भवति । तद् उक्तं वैताने । "तद् वो गायेति स्तोत्रियः" इति [वै० ४, ३] ॥

तथा बृहस्पतिसवे "तद्वो गाय सुते सचा" [२०. ७८] "वयमेनमिदाह्यः" [२०. ६७] एतौ आज्यपृष्ठस्तोत्रियौ यथाक्रमं भवतः। तद् उक्तं वैताने। "बृहस्पतिसवे तद्वो गाय सुतं सचा वयमेनमिदाह्य इति" इति [वै० ८. १] ॥

तथा तत्रैव प्रातःसवनमाध्यंदिनसवनयोः एतावेव उक्थमुखीयं तृचपर्यासश्च भवतः माध्यन्दिने पर्यासाद्यतृचवर्जम्। तद् उक्तं वैताने। "सवनयोरुक्थमुखीयतृचपर्यासौ। माध्यन्दिने पर्यासाद्यतृचवर्जम्" इति [वै० ८. १] ॥

तथा सर्वजित्यृषभे मरुत्स्तोमे सहस्रान्त्ये च चतुर्ष्वेकाहेषु "तद्वो गाय सुते सचा" "वयमेनमिदाह्यः" एतौ आज्यपृष्ठस्तोत्रियौ भवतः। तद् उक्तं वैताने। "सर्वजित्यृषभे मरुत्स्तोमे सहस्रान्त्ये तद्वो गाय सुते सचा वयमेनमिदाह्य इति" इति [वै० ८. १] ॥

वाजपेयमें "तद्वो गाय" यह स्तोत्रिय होता है। इसी बात को वैतानसूत्रमें कहा है, कि—"तद्वो गायेति स्तोत्रियः" (वैतानसूत्र ४। ३) ॥

तथा बृहस्पतिसवमें "तद्वो गाय सुते सचा" (२०।७८) "वयमेनमिदा ह्यः" (२०। ६७) ये यथाक्रम आज्यपृष्ठस्तोत्रिय होते हैं। इसी बातको वैतानसूत्रमें कहा है, कि—"बृहस्पतिसवे तद्वो गाय सुते सचा वयमेनमिदाह्यः" (वैतानसूत्र ८। १) ॥

तथा वहाँ ही प्रातःसवन और माध्यन्दिन सवनमें ये ही उक्थमुखीय और तृचपर्यास होते हैं और माध्यन्दिनमें पर्यासाद्यतृच नहीं होता है। इसी बातको वैतानसूत्रमें कहा है, कि—"सवनयोरुक्थमुखीयतृचपर्यासौ। माध्यन्दिने पर्यासाद्यतृचवर्जम्" (वैतानसूत्र ८। १) ॥

तथा सर्वजित् ऋषभ मरुत्स्तोम और सहस्रान्त्य इन चारोंके एकाहोंमें "तद्वो गाय सुते सचा वयमेनमिदाह्य इति" (वैतानसूत्र ८। १) ॥

तद् वो गाय सुते सचा पुरुहूताय सत्वने । शं यद् गवे न शाकिने ॥ १ ॥

तत् । वः । गाय । सुते । सचा । पुरुऽहूताय । सत्वने ॥ शम् । यत् । गवे । न । शाकिने ॥ १ ॥

अपने सोमका अभिषव होने पर जल वाले पुरुहूत इन्द्रके लिये स्तोत्रका गान करो, जिससे, कि-वह गौकी समान हम शाक (सोम) वालोंके लिये कल्याणकारी होवें ॥ १ ॥

न घा वसुर्नि यमते दानं वाजस्य गोमतः । यत् सीमुप श्रवद् गिरः ॥ २ ॥

न । घ । वसुः । नि । यमते । दानम् । वाजस्य । गोऽमतः ॥ यत् । सीम् । उप । श्रवत् । गिरः ॥ २ ॥

यह इन्द्रदेव यदि स्तुतिरूपा वाणीको सुन लेते हैं, तो वह उस यजमानके लिये वसुके और गोसम्पन्न अन्नके दानको नहीं रोकते हैं ॥ २ ॥

कुवित्संस्य प्र हि व्रजं गोमन्तं दस्युहा गमत् । शचीभिरप नो वरत् ॥ ३ ॥

कुवित्ऽसस्य । प्र । हि । व्रजम् । गोऽमन्तम् । दस्युऽहा ॥ गमत् । शचीभिः । अप । नः । वरत् ॥ ३ ॥

इति सप्तमेऽनुवाके सप्तमं सूक्तम् ॥

हे बहुतसे धान्यसे सम्पन्न ! वृत्ररूपी दस्युका संहार करने वाले इन्द्र ! आप गौ (वाणी) वाले व्रज (यज्ञ) की ओर आवें और शक्तियोंसे हमको भरें ॥ ३ ॥

सप्तम अनुवाकमें सप्तम सूक्त समाप्त (६९३)

वाजपेये माध्यन्दिने सवने "इन्द्र क्रतुं न आ भर" [२०. ७९] "इन्द्र ज्येष्ठम्" [२०. ८०] "उदु त्ये मधुमत्तमाः" [२०. ५९] इत्येतेषामन्यतमो विकल्पेन स्तोत्रियो भवति। तद् उक्तं वैताने। "माध्यन्दिन इन्द्र क्रतुं न आ भरेति स्तोत्रियः। इन्द्र ज्येष्ठम् उदुत्ये मधुमत्तमा इति वा" इति [वै० ४. ३]॥

तथा विषुवति सौर्यपृष्ठे "इन्द्र क्रतुं न आ भर" "इन्द्र ज्येष्ठं न आ भर" इति विकल्पेन स्तोत्रियानुरूपौ भवतः । तद् उक्तं वैताने। "इन्द्र क्रतुं न आ भर इन्द्र ज्येष्ठं न आ भरेति वा" इति [वै० ६. ३]॥

तथा विश्वजिति वैराजपृष्ठे "इन्द्र क्रतुं न आ भर" इति इमां पूर्वाभ्यां तृतीयाम् अर्धर्चशः मग्रथनां शंसति। तद् उक्तं वैताने। "इन्द्र क्रतुं न आ भरेति तृतीयाम्" इति [वै० ६. ३]॥

तथा इन्द्रस्तोमाख्ये एकाहे "इन्द्र क्रतुं न आ भर" [२०. ७९] "तव त्यदिन्द्रियं बृहत्" [२०. १०६] इत्येतौ पृष्ठोक्थ-स्तोत्रियौ भवतः। तद् उक्तं वैताने। "इन्द्रस्तोम इन्द्रं कतुं न आ भर तव त्यदिन्द्रियम् बृहदिति" इति [वै० ८. १]॥

तथा विषुवति एकाहीभूते "इन्द्र क्रतुं न आ भर" इति पृष्ठ-स्तोत्रियो भवति। तद् उक्तं वैताने। "विषुवतीन्द्र क्रतुं न आ भरेति" इति [वै० ८. २]॥

वाजपेयके माध्यन्दिन सवनमें "इन्द्र क्रतुं न आ भर" (२०। ७९) "इन्द्र ज्येष्ठम्" (२० । ८०) "उदु त्ये मधुमत्तमाः" (२० । ५९) इनमेंसे कोई एक विकल्पसे स्तोत्रिय होता है।

इसी बातको वैतानसूत्रमें कहा है, कि–"माध्यन्दिन इन्द्र क्रतुं न आ भरेति स्तोत्रियः । इन्द्र ज्येष्ठम् उदु त्ये मधुमत्तमा इति वा" (वैतानसूत्र ४ । ३) ॥

तथा त्रिषुवत् सौर्यपृष्ठमें "इन्द्र क्रतुं न आ भर" "इन्द्र ज्येष्ठं न आ भर" ये विकल्पसे स्तोत्रिय अनुरूप होते हैं । इसी बात को वैतानसूत्रमें कहा है, कि–"इन्द्र क्रतुं न आ भर इन्द्र ज्येष्ठं न आभरेति वा" (वैतानसूत्र ६ । ३) ॥

तथा विश्वजित् वैराजपृष्ठमें "इन्द्र क्रतुं न आ भर" इसको दो पूर्वाओंसे, तृतीयाको अर्धर्चशः मग्रथनारूप कहे । इसी बात को वैतानसूत्रमें कहा है, कि–"इन्द्र क्रतुं न आ भरेति तृतीयाम्" (वैतानसूत्र ६ । ३) ॥

तथा इन्द्रस्तोम नामक एकाहमें "इन्द्र क्रतुं न आ भर" (२० । ७९) "तव तदिन्द्रियं बृहत्" (२० । १०६) ये पृष्ठोक्थ स्तोत्रिय होते हैं । इसी बातको वैतानसूत्रमें कहा है, कि–"इन्द्रस्तोम इन्द्र क्रतुं न आ भर तव त्यदिन्द्रियं बृहदिति" (वैतानसूत्र ८ । १) ॥

तथा एकाहीभूत विषुवत्में "इन्द्र क्रतुं न आ भर" यह पृष्ठस्तोत्रिय होता है । इसी बातको वैतानसूत्रमें कहा है, कि–"विषुवतीन्द्र क्रतुं न आभरेति" (वैतानसूत्र ८ । २) ॥

इन्द्र क्रतुं न आ भर पिता पुत्रेभ्यो यथा ।
शिक्षा णो अस्मिन् पुरुहूत यामनि जीवा ज्योतिरशीमहि ॥ १ ॥

इन्द्र । क्रतुम् । नः । आ । भर । पिता । पुत्रेभ्यः । यथा ।

शिक्ष । नः । अस्मिन् । पुरुऽहूत । यामनि । जीवाः । ज्योतिः ।

अशीमहि ॥ १ ॥

हे इन्द्रदेव ! जैसे पिता पुत्रोंको अभिमत वस्तु देता है, इसी प्रकार आप हमको सोमयाग आदिरूप अभिमत वस्तु दीजिये, हे बहुतसे यजमानोंसे बुलाये जाने वाले पुरुहूत इन्द्रदेव ! आप हमको संसारयात्रामें अभिमत वस्तुएँ दीजिये और हम भी आपके प्रसादसे चिरकालका जीवन पाकर इस लोकके सुखका अनुभव करना रूप ज्योतिको पावें ॥ १ ॥

मा नो अज्ञाता वृजना दुराध्यो ३ माशिवासो अव क्रमुः ।

त्वया वयं प्रवतः शश्वतीरपोति शूर तरामसि ।२।

मा । नः । अज्ञाताः । वृजनाः । दुःऽआध्यः । मा । अशिवासः ।

अव । क्रमुः ।

त्वया । वयम् । प्रऽवतः । शश्वतीः । अपः । अति । शूर । तरामसि

इति सप्तमेनुवाके अष्टमं सूक्तम् ॥

हे शूर ! अज्ञात पाप हम पर आक्रमण न करें, दुष्ट आधियें हम पर आक्रमण न करें, अकल्याण करने वाली वार्तायें हम पर आक्रमण न करें, आपकी कृपासे हम मनुष्योंसे सम्पन्न रहते हुए सदा कर्मोंके पार पहुँचते रहें ॥ २ ॥

सप्तम अनुवाकमें अष्टम सूक्त समाप्त (६९५)

वाजपेये माध्यन्दिने सवने "इन्द्र ज्येष्ठम्" इत्यस्य पूर्व सूक्तेन सह उक्तो विनियोगः ॥

तथा त्रिषुवति सौर्यपृष्ठे अस्य पूर्वसूक्तेन सह उक्तो विनियोगः ॥

वाजपेयके माध्यन्दिनसवनमें "इन्द्र ज्येष्ठम्" इसका विनियोग पूर्वसूक्तके साथ कह दिया है।

तथा त्रिषुवत् सौर्यपृष्ठमें इसका पूर्वसूक्तके साथ विनियोग कहा है।

इन्द्र ज्येष्ठं न आ भरँ ओजिष्ठं पपुरि श्रवः ।

येनेमे चित्र वज्रहस्त रोदसी ओभे सुशिप्र प्राः ॥ १ ॥

इन्द्र । ज्येष्ठम् । नः । आ । भर । ओजिष्ठम् । पपुरि । श्रवः ।

येन । इमे इति । चित्र । वज्रऽहस्त । रोदसी इति । आ ।

उभे इति । सुऽशिप्र । प्राः ॥ १ ॥

हे इन्द्र ! आप अपने ज्येष्ठ ओजिष्ठ और पूर्ण करने वाले धनको हमें दीजिये, हे चायनीय वज्रहस्त सुन्दर ठोड़ी वाले इन्द्र ! आपने जिस धनसे दोनों द्युलोक और पृथिवीलोकको व्याप्त कर रखा है, उसे हमें दीजिये ॥ १ ॥

त्वामुग्रमवसे चर्षणीसहं राजन् देवेषु हूमहे ।

विश्वा सु नो विथुरा पिब्दना वसोमित्रान् सुषहान् कृधि ॥ २ ॥

त्वाम् । उग्रम् । अवसे । चर्षणिऽसहम् । राजन् । देवेषु । हूमहे ।

विश्वा । सु । नः । विथुरा । पिब्दना । वसो इति । अमित्रान् ।

सुऽसहान् । कृधि ॥ २ ॥

इति सप्तमेनुवाके नवमं सूक्तम् ॥

हे राजन्! हम देवताओंमेंसे आप चर्षणीसह उग्रका ही रक्षा के लिये आह्वान करते हैं। हे वासक इन्द्र! हमारे भयके सब कारणोंको आप नष्ट करिये और शत्रुओंको भली प्रकार दबाने योग्य कर दीजिये ॥ २ ॥

सप्तम अनुवाकमें नवम सूक्त समाप्त (६९६)

अप्तोर्याम्णि क्रतौ माध्यंदिने सवने "यद्द्याव इन्द्र ते शतम्" [२०. ८१] इति स्तोत्रियम् अभितः प्राकृतः स्तोत्रियो भवति। "यदिन्द्र यावतस्त्वम्" [२०. ८२] इत्यनुरूपम् अभितः प्राकृतोनुरूपः। तद् उक्तं वैताने। "माध्यंदिने यद् द्याव इन्द्र ते शतं यदिन्द्र यावतस्त्वम् इति स्तोत्रियानुरूपावभितस्तोत्रियानुरूपौ" इति [वै० ४. ३]॥

तथा विश्वजिति वैराजपृष्ठे "यद्द्याव इन्द्र ते शतम्" "यदिन्द्र यावतस्त्वम्" इति पृष्ठस्तोत्रियानुरूपौ बार्हतौ प्रगाथौ भवतः। तद् उक्तं वैताने। "विश्वजिति वैराजपृष्ठे यद् द्याव इन्द्र ते शतं यदिन्द्र यावतस्त्वम् इति पृष्ठस्तोत्रियानुरूपौ बार्हतौ" इति [वै० ६. ३]॥

तथा तनूपृष्ठे षडहे "अभि त्वा शूर नोनुमः" [२०. १२१] "त्वामिद्धि हवामहे" [२०. ९८] "यद्द्याव इन्द्र ते शतम्" [२०. ८१] "पिबा सोममिन्द्र मन्दतु त्वा" [२०. ११७] "कया नश्चित्र आ भुवत्" [२०. १२४] "रेवतीर्नः सधमादे" [२०. १२२] इति पृष्ठस्तोत्रिया यथाक्रमं भवन्ति। तद् उक्तं वैताने। "तनूपृष्ठेभि त्वा शूर नोनुमस्त्वामिद्धि हवामहे यद् द्याव इन्द्र ते शतं पिबा सोममिन्द्र मन्दतु त्वा कया नश्चित्र आ भुवद् रेवतीर्नः सधमाद इति" इति [वै० ८. ४]॥

अप्तोर्याम क्रतुके माध्यन्दिन सवनमें "यद्द्याव इन्द्र ते शतम्" (२० । ८१) यह स्तोत्रिय चारों ओरसे प्राकृत स्तोत्रिय होता

है। "यदिन्द्र यावतस्त्वम्" (२० । ८२) यह अनुरूप अभितः प्राकृत अनुरूप है। इसी बातको वैतानसूत्रमें कहा है, कि- "माध्यन्दिने यद्द द्याव इन्द्र ते शतम् यदिन्द्र यावतस्त्वम् इति स्तोत्रियानुरूपावभितस्तोत्रियानुरूपौ" (वैतानसूत्र ४ । ३) ॥

तथा विश्वजित् वैराजपृष्ठमें "यद्द द्याव इन्द्र ते शतम्" "यदिन्द्र यावतस्त्वम्" ये पृष्ठस्तोत्रियानुरूप बार्हत प्रगाथ होते हैं। इसी बातको वैतानसूत्रमें कहा है, कि-"विश्वजिति वैराजपृष्ठे यद् द्याव इन्द्र ते शतम् यदिंद्र यावतस्त्वम् इति पृष्ठस्तोत्रियानुरूपौ बार्हतौ (वैतानसूत्र ६ । ३) ॥

तथा तनूपृष्ठ षडहमें "अभि त्वा शूर नोनुवः" (२० । १२१) "त्वामिद्धि हवामहे" (२० । ९८) "यद् द्याव इन्द्र ते शतम्" (२० । ८१) "पिबा सोमिन्द्र मदन्तु त्वा" (२० । ११७) "कया नश्चित्र आभुवत् (२० । १२४) "रेवतीर्नः सधमादे" (२० । १२२) ये यथाक्रम पृष्ठस्तोत्रिय होते हैं। इसी बातको वैतानसूत्रमें कहा है, कि-"तनूपृष्ठेऽभि त्वा शूर नोनुमस्त्वामिद्धि हवामहे यद द्याव इन्द्र ते शतं पिबा सोममिन्द्र मदन्तु त्वा कया नश्चित्र आभुवद् रेवतीर्नः सधमाद इति" (वैतानसूत्र ८ । ४)

यद् द्याव॑ इन्द्र ते श॒तं श॒तं भूमी॑रु॒त स्युः ।

न त्वा॑ वज्रिन्त्स॒हस्रं॒ सूर्या॒ अनु॒ न जा॒तम॑ष्ट॒ रोद॑सी ॥१॥

यत् । द्याव॑ः । इन्द्र॒ । ते॒ । श॒तम् । श॒तम् । भूमीः । उ॒त । स्यु॒रिति॒ । स्युः ।

न । त्वा॒ । व॒ज्रि॒न् । स॒हस्र॑म् । सूर्याः । अनु॑ । न । जा॒तम् । अ॒ष्ट॒ । रोद॑सी इति॑ ॥ १ ॥

हे भगवन् इन्द्र ! यदि सैंकड़ों द्युलोक सैंकड़ों भूमि और सहस्रों सूर्य आपके उपमानमें होजावें, तब भी हे वज्रधारिन् इंद्र ! आपसे नहीं बढ़ सकते ॥ १ ॥

आ प॑प्राथ महि॒ना वृष्ण्या॑ वृषन् विश्वा॑ शविष्ठ॒ शव॑सा ।

अ॒स्माँ अ॑व मघव॒न् गोम॑ति व्र॒जे वज्रिं॑ चि॒त्राभि॑रू॒तिभि॑ः ॥ २ ॥

आ । प॒प्रा॒थ । म॒हि॒ना । वृष्ण्या॑ । वृ॒ष॒न् । विश्वा॑ । श॒वि॒ष्ठ॒ । शव॑सा ।

अ॒स्मान् । अ॒व॒ । म॒घ॒ऽव॒न् । गोऽम॑ति । व्र॒जे । वज्रि॑न् । चि॒त्राभि॑ः । ऊ॒तिऽभि॑ः ॥ २ ॥

इति सप्तमेऽनुवाके दशमं सूक्तम् ॥

हे वज्रिन् शविष्ठ मघवन् फलप्रद इन्द्र ! हमारे गौओं वाले व्रजमें अपनी विचित्र रक्षक शक्तियोंसे हमारी रक्षा करिये और अपनी महिमासे बलपूर्वक हमको बढ़ाइये ॥ २ ॥

सप्तम अनुवाकमें दशम सूक्त समाप्त (६६७)

अप्तोर्याम्णि क्रतौ "यदिन्द्र यावतस्त्वम्" इति सूक्तस्य पूर्वसूक्तेन सह उक्तो विनियोगः ॥

तथा विश्वजिति वैराजपृष्ठे अस्य सूक्तस्य पूर्वसूक्तेन सह उक्तो विनियोगः ॥

अप्तोर्याम क्रतुमें "यदिन्द्र यावतस्त्वम् इस सूक्तका पूर्वसूक्तके साथ विनियोग कह दिया है ।

तथा विश्वजित् वैराज्यपृष्ठमें इस सूक्तका पूर्वसूक्तके साथ विनियोग कह दिया है ।

यदिन्द्र यावतस्त्वमेतावदहमीशीय ।
स्तोतारमिद् दिधिषेय रदावसो न पापत्वाय रासीय १

यत् । इन्द्र । यावतः । त्वम् । एतावत् । अहम् । ईशीय ।
स्तोतारम् । इत् । दिधिषेय । रदवसो इति रदऽवसो । न ।
पापऽत्वाय । रासीय ॥ १ ॥

हे इन्द्र ! आप जितने हैं, इतना मैं ईश्वर होजाऊँ, स्तोताओं को धन प्रदान करूँ, मैं पापत्वके लिये विखिखित न होऊँ अर्थात् पाप करके पक्षियोंके द्वारा नोचा न जाऊँ ॥ १ ॥

शिक्षेयमिन्महयते दिवेदिवे राय आ कुहचिद्विदे ।
नहि त्वदन्यन्मघवन् न आप्यं वस्यो अस्ति पिता
चन ॥ २ ॥

शिक्षेयम् । इत् । महऽयते । दिवेऽदिवे । रायः । आ । कुहचित्-
ऽविदे ।
नहि । त्वत् । अन्यत् । मघऽवन् । नः । आप्यम् । वस्यः ।
अस्ति । पिता । चन ॥ २ ॥

इति सप्तमेनुवाके एकादशं सूक्तम् ॥

जो मुझसे बढ़ना चाहे (उसे संग्राममें मार कर) स्वर्गमें जानेका दण्ड दूँ, चाहे कहींसे धनको प्राप्त करूँ, हे मघवन् ! आपसे अतिरिक्त और कौन हमको पूर्ण करने वाला वासक और पालक है ॥ २ ॥

सप्तम अनुवाकमें एकादश सूक्त समाप्त (६९८)

अप्तोर्यामिण प्राकृतसामप्रगाथादनन्तरम् "इन्द्र त्रिधातु शरणम्" इति सामप्रगाथो भवति । तद्व उक्तं वैताने । "सामप्रगाथाद्व इन्द्र त्रिधातु शरणम् इति सामप्रगाथः" इति [वै० ४. ३] ॥

तथा विश्वजिति वैराजपृष्ठे "इन्द्र त्रिधातु शरणम्" इति सामप्रगाथो भवति । तद्व उक्तं वैताने । "इन्द्र त्रिधातु शरणम् इति सामप्रगाथः" इति [वै० ६. ३] ॥

अप्तोर्याममें प्रकृत सामप्रगाथके अनन्तर "इन्द्र त्रिधातु शरणम्" यह साम प्रगाथ होता है । इसी बातको वैतानसूत्रमें कहा है, कि-"सामप्रगाथाद्व इन्द्र त्रिधातु शरणम्" (वैतानसूत्र ४ । ३)॥

तथा विश्वजित् वैराजपृष्ठमें "इन्द्र त्रिधातु शरणम्" यह साम-प्रगाथ होता है । इसी बातको वैतानसूत्रमें कहा है, कि-"इन्द्र त्रिधातु शरणम् इति सामप्रगाथः" (वैतानसूत्र ६ । ३) ॥

इन्द्र त्रिधातु शरणं त्रिवरूथं स्वस्तिमत् ।

छर्दिर्यच्छ मघवद्भ्यश्च मह्यं च यावया दिद्युमेभ्यः १

इन्द्र । त्रिऽधातु । शरणम् । त्रिऽवरूथम् । स्वस्तिऽमत् ।

छर्दिः । यच्छ । मघवत्ऽभ्यः । च । मह्यम् । च । यवय ।

दिद्युम् । एभ्यः ॥ १ ॥

हे इन्द्र ! त्रिधातु त्रिवरूथ और स्वस्तिसम्पन्न गृहको धनवानोंके लिये और मेरे लिये प्रदान करिये और इनसे दिद्युको अलग करिये-खण्डन करने वाले वज्रको अलग करिये ॥१॥

ये गव्यता मनसा शत्रुमादभुरभिप्रघ्नन्ति धृष्णुया ।

अध स्मा नो मघवन्निन्द्र गिर्वणस्तनूपा अन्तमो भव ॥ २ ॥

ये । गऽव्यता । मनसा । शत्रुम् । आऽदभुः । अभिऽप्रघ्नन्ति । धृष्णुऽया ।

अध । स्म । नः । मघऽवन् । इन्द्र । गिर्वणः । तनूऽपाः । अन्तमः । भव । २ ॥

इति सप्तमेनुवाके द्वादशं सूक्तम् ॥

जो गमनशील मनसे शत्रुओंकी हिंसा करते हैं और अपनी धर्षक शक्तियोंसे शत्रु को विकटरूपसे पीटते हैं (वे आपके बल शत्रुओंको पीटें) इसके अनन्तर हे स्तुतिवाणियोंसे सेवनीय मघवन् इन्द्र ! आप हमारे पास रह कर हमारे शरीरकी रक्षा करिये ॥ २ ॥

सप्तम अनुवाकमें द्वादश सूक्त समाप्त (६९९)

चतुर्विंशे द्वितीयेऽहनि प्रातःसवने "इन्द्रा याहि चित्रभानो" इति विकल्पेन आज्यस्तोत्रियो भवति। तद् उक्तं वैताने। "इन्द्रा याहि चित्रभानो इति वा" इति [वै० ६. १] ॥

तथा छन्दोमाख्येषु त्रिष्वहःसु प्रातःसवने अस्य "तमिन्द्रं वाजयामसि" [२०. ४७] इत्यनेन सह विनियोग उक्तः ॥

तथा चतुर्विंशे सांवत्सरिके एकाहीभूते "इन्द्रा याहि चित्रभानो" [२०. ८४] "मा चिदन्यद् वि शंसत" [२०. ८५] इत्याज्यपृष्ठस्तोत्रियौ भवतः। तद् उक्तं वैताने। "चतुर्विंश इन्द्रा याहि चित्रभानो मा चिदन्यद् वि शंसतेति" इति [वै० ८. २]॥

चतुर्विंशके द्वितीय दिनके प्रातःसवनमें "इन्द्रा याहि चित्रभानो" यह विकल्पसे आज्यस्तोत्रिय होता है। इसी बातको वैतानसूत्रमें कहा है, कि—"इन्द्रा याहि चित्रभानो इति वा" (वैतानसूत्र ६ । १)

तथा छन्दोमोंके तीनों दिनोंके प्रातःसवनमें इसका "तमिन्द्रं वाजयामसि" के साथ विनियोग कह दिया है।

तथा चतुर्विंश साम्वत्सरिक एकाहीभूतमें "इन्द्रा याहि चित्रभानो" (२० । ८४) "मा चिदन्यद् विशंसत" (२० । ८५) ये आज्यपृष्ठस्तोत्रिय होते हैं। इसी बातको वैतानसूत्रमें कहा है, कि—"चतुर्विंश इन्द्रा याहि चित्रभानो मा चिदन्यद्व विशंसतेति" (वैतानसूत्र ८ । २) ॥

इन्द्रा याहि चित्रभानो सुता इमे त्वायवः। अण्वीभिस्तना पूतासः ॥ १ ॥

इन्द्र। आ। याहि। चित्रभानो इति चित्रऽभानो। सुताः। इमे। त्वाऽयवः। अण्वीभिः। तना। पूतासः ॥ १ ॥

हे चित्रभानो इन्द्र! आइये, यह सूक्ष्म (वस्त्रों) से निचोड़े हुए धनरूप सोम आपके ही हैं ॥ १ ॥

इन्द्रा याहि धियेषितो विप्रजूतः सुतावतः। उप ब्रह्माणि वाघतः ॥ २ ॥

०धिया। इषितः। विप्रऽजूतः। सुतऽवतः॥ उप। ब्रह्माणि। वाघतः ॥ २ ॥

हे इन्द्र! ब्राह्मण आपको अपनेसे उत्कृष्ट समझते हैं। इस लिये बुद्धिसे प्रेरित होकर, इन अभिषुत सोम वाले और मन्त्रों (का उच्चारण करते हुए) ऋत्विजोंके पास आइये ॥ २ ॥

इन्द्रा याहि तूतुजान उप ब्रह्माणि हरिवः। सुते दधिष्व नश्चनः ॥ ३ ॥

इन्द्र । आ । याहि । तूतुजानः । उप । ब्रह्माणि । हरिऽवः ।

सुते । दधिष्व । नः । चनः ।

इति सप्तमेनुवाके त्रयोदशं सूक्तम् ॥

हे हरि नामक घोड़ों वाले इन्द्र ! आप शीघ्रता करके स्तोत्रों की ओर आइये और हमारे अभिषुत सोमके पास अपने घोड़ों को कुछ ठहराइये ॥ ३ ॥

सप्तम अनुवाकमें त्रयोदश सूक्त समाप्त (७००)

चतुर्विंशे माध्यंदिने सवने "मा चिदन्यद् वि शंसत" [२०. ८५. १. २] "यच्चिद्धि त्वा जना इमे" [२०. ८५. ३. ४] इति विकल्पेन पृष्ठस्तोत्रियानुरूपौ बार्हतौ प्रगाथौ भवतः । तद् उक्तं वैताने । "मा चिदन्यद् वि शंसत यच्चिद्धि त्वा जना इम इति वा" इति [वै० ६. १] ॥

तथा चतुर्विंशे सांवत्सरिके एकाहीभूते "मा चिदन्यद् वि शंसत" इत्यस्य विनियोगः पूर्वसूक्ते उक्तः ॥

चतुर्विंश माध्यन्दिन सवनमें "मा चिदन्यद् विशंसत" (२० । ८५ । १, २) "यच्चिद्धि त्वा जना इमे" (२० । ८५ । ३, ४) ये विकल्पसे पृष्ठस्तोत्रियानुरूप बार्हत प्रगाथ होते हैं । इसी बात को वैतानसूत्रमें कहा है, कि-"मा चिदन्यद् विशंसत यच्चिद्धि त्वा जना इम इति वा" (वैतानसूत्र ६ । १) ॥

तथा चतुर्विंश सांवत्सरि एकाहीभूतमें "मा चिदन्यद् वि शंसत" इसका विनियोग पूर्वसूक्तके साथ कह दिया है ।

मा चिदन्यद् वि शंसत सखायो मा रिषण्यत ।

इन्द्रमित् स्तोता वृषणं सचा सुते मुहुरुक्था च शंसत १

मा । चित् । अन्यत् । वि । शंसत । सखायः । मा । रिषण्यत ।

इन्द्रम् । इत् । स्तोत । वृषणम् । सचा । सुते । मुहुः । उक्था ।

च । शंसत ॥ १ ॥

हे मित्ररूप स्तोताओं ! तुम विविध प्रकारकी स्तुतियोंसे और किसीकी स्तुति न करो तथा चित्तसे भी और किसी देवताके पास न जाओ, फलोंकी वर्षा करने वाले इन्द्रकी ही स्तुति करो हे इस अभिषुत सोमके पास रहने वाले होताओ ! तुम बारम्बार उक्थका गान करो ॥ १ ॥

अवक्रक्षिणं वृषभं यथाजुरं गां न चर्षणीसहम् ।
विद्वेषणं संवननोभयंकरं मंहिष्ठमुभयाविनम् ॥ २ ॥

अवऽक्रक्षिणम् । वृषभम् । यथा । अजुरम् । गाम् । न । चर्षणिऽ-

सहम् ।

विऽद्वेषणम् । सम्ऽवनना । उभयम्ऽकरम् । मंहिष्ठम् । उभया-

विनम् ॥ २ ॥

अवक्रक्षी, वृषभ, अजुर, बैलकी समान चर्षणीसह, शत्रुओं से द्वेष करने वाले, संवननीय, मंहिष्ठ और दोनों लोकोंमें रक्षा करने वाले (इन्द्रदेवका मैं आह्वान करता हूँ) ॥ २ ॥

यच्चिद्धि त्वा जना इमे नाना हवन्त ऊतये ।
अस्माकं ब्रह्मेदमिन्द्र भूतु तेहा विश्वा च वर्धनम् ३

यत् । चित् । हि । त्वा । जनाः । इमे । नाना । हवन्ते । ऊतये ।

अस्माकम् । ब्रह्म । इदम् । इन्द्र । भूतु । ते । अहा । विश्वा । च ।

वर्धनम् ॥ ३ ॥

हे इन्द्र ! ये बहुतसे पुरुष रक्षाके लिये अनेक प्रकारकी स्तुतियोंसे आपका आह्वान करते हैं, हे इन्द्र ! हमारा यह मन्त्र-मय स्तोत्र सब दिन आपको बढ़ाने वाला होवे ॥ ३ ॥

वि तर्तूर्यन्ते मघवन् विपश्चितोऽर्यो विपो जनानाम् ।
उप क्रमस्व पुरुरूपमा भर वाजं नेदिष्ठमूतये ॥४॥

वि । तर्तूर्यन्ते । मघऽवन् । विपःऽचितः । अर्यः । विपः । जनानाम् ।

उप । क्रमस्व । पुरुऽरूपम् । आ । भर । वाजम् । नेदिष्ठम् ।

ऊतये ॥ ४ ॥

इति सप्तमेऽनुवाके चतुर्दशं सूक्तम् ॥

हे मघवन् ! विद्वान् पुरुष, यज्ञस्वामी और मनुष्योंकी अँगुलियें त्वरा कर रही हैं आप आइये और विशाल रूपको धारण करिये और रक्षा करनेके लिये अन्नको निकटतम करके प्रदान करिये ४

सप्तम अनुवाकमें चतुर्दश सूक्त समाप्त (७०१)

संवत्सरे माध्यंदिने सवने सामप्रगाथाद् अनन्तरम् "ब्रह्मणा ते ब्रह्मयुजा युनज्मि" इति आरम्भणीया भवति । तद् उक्तं वैताने । "ब्रह्मणा ते ब्रह्मयुजा युनज्मीत्यारम्भणीया" इति [वै० ६. ५] ॥

सम्वत्सरके माध्यन्दिन सवनमें सामप्रगाथके अनन्तर "ब्रह्मणा ते ब्रह्मयुजा युनज्मि" यह आरम्भणीया होती है । इसी बातको वैतानसूत्रमें कहा है, कि—"ब्रह्मणा ते ब्रह्मयुजा युनज्मीत्यारंभणीया भवति" (वैतानसूत्र ६ । ५) ॥

ब्रह्मणा ते ब्रह्मयुजा युनज्मि हरी सखाया सधमाद आशू ।

स्थिरं रथं सुखमिन्द्राधितिष्ठन् प्रजानन् विद्वाँ उप याहि सोमम् ॥ १ ॥

ब्रह्मणा । ते । ब्रह्मऽयुजा । युनज्मि । हरी इति । सखाया । सधऽमादे । आशू इति ।

स्थिरम् । रथम् । सुऽखम् । इन्द्र । अधिऽतिष्ठन् । प्रऽजानन् । विद्वान् । उप । याहि । सोमम् ॥ १ ॥

इति सप्तमेनुवाके पञ्चदशं सूक्तम् ॥

कर्ममें लगे हुए मन्त्रके द्वारा मैं आपके हरिनामक शीघ्रगामी घोड़ोंको यज्ञमें आनेके लिये रथमें जोड़ता हूँ, हे इन्द्रदेव ! आप विद्वान् हैं अतः रथको स्थिर और सुखप्रद समझ उस पर चढ़ कर सोमके समीप आइये ॥ १ ॥

सप्तम अनुवाकमें पञ्चदश सूक्त समाप्त (७०२)

द्वितीये छन्दोमेहनि "अध्वर्यवोरुणं दुग्धमंशुम्" [२०. ८७] "यस्तस्तम्भ सहसा वि ज्मो अन्तान्" [२०. ८८] "अस्तेव सु प्रतरं लायमस्यन्" [२०. ८९] इत्यैकाहिकानि भवन्ति । तद् उक्तं वैताने । "द्वितीयेध्वर्यवोरुणं दुग्धमंशुं यस्तस्तम्भ सहसा वि ज्मो अन्तान् अस्तेव सु प्रतरं लायमस्यन् इत्यैकाहिकानि" इति [वै० ६. ३] ॥

तथा तृतीये छन्दोमेहनि "अध्वर्यवोरुणम्" [२०. ८७] "यो अद्रिभित् प्रथमजा ऋतावा" [२०. ९०] "आ यात्विन्द्रः स्व-

पतिर्मदाय" [२०. ९४] इत्येतानि ऐकाहिकानि भवन्ति । तदुक्तं वैताने । "तृतीयेऽध्वर्यवोरुणं यो अद्रिभित् । प्रथमजा ऋतावा यात्विन्द्रः स्वपतिर्मदायेति" इति [वै० ६. ३] ॥

द्वितीय छन्दोम दिनमें "अध्वर्यवोऽरुणम् दुग्धमंशुम्" (२० । ८७) "यस्तस्तम्भ सहसा वि ज्मो अन्तान्" अस्तेव सु प्रतरं लायमस्यन् (२० । ८९) ये ऐकाहिक होते हैं । इसी बातको वैतानसूत्रमें कहा है, कि—"द्वितीयेऽध्वर्यवोरुणं दुग्धमंशुं यस्तस्तम्भ सहसा वि ज्मो अन्तान् अस्तेव सु प्रतरं लायमस्यन् इत्यैकाहिकानि" (वैतानसूत्र ६ । ३) ॥

तथा तृतीय छन्दोम दिनमें "अध्वर्यवोरुणम् (२० । ८७) "यो अद्रिभित् प्रथमजा ऋतावा" (२० । ९०) "आ यात्विन्द्रः स्वपतिर्मदाय" (२० । ९४) ये ऐकाहिक होते हैं, इसी बात को वैतानसूत्रमें कहा है, कि—"तृतीयेऽध्वर्यवोरुणं यो अद्रिभित् प्रथमजा ऋतावा यात्विन्द्रः स्वपतिर्मदायेति" (वैतानसूत्र ६।३) ॥

अध्वर्यवोरुणं दुग्धमंशुं जुहोतन वृषभाय क्षितीनाम् ।
गौराद् वेदीयाँ अवपानमिन्द्रो विश्वाहेद्याति सुतसोममिच्छन् ॥ १ ॥

अध्वर्यवः । अरुणम् । दुग्धम् । अंशुम् । जुहोतन । वृषभाय । क्षितीनाम् ।
गौरात् । वेदीयान् । अवऽपानम् । इन्द्रः । विश्वाहा । इत् । याति । सुतऽसोमम् । इच्छन् ॥ १ ॥

हे अध्वर्युओं ! तुम पृथ्वीके वर्षक इन्द्रके लिये सोमके अंश

अरुण दुग्धकी आहुति दो, विश्वाहा विद्वान् इन्द्र सुतसोमको चाहता हुआ गौरसे अवपान पर आता है ॥ १ ॥

यद् दधिषे प्रदिवि चार्वन्नं दिवेदिवे पीतिमिदस्य वक्षि ।
उत हृदोत मनसा जुषाण उशन्निन्द्र प्रस्थितान् पाहि सोमान् ॥ २ ॥

यत् । दधिषे । प्रऽदिवि । चारु । अन्नम् । दिवेऽदिवे । पीतिम् । इत् । अस्य । वक्षि ।
उत । हृदा । उत । मनसा । जुषाणः । उशन् । इन्द्र । प्रऽस्थितान् । पाहि । सोमान् ॥ २ ॥

हे इन्द्रदेव ! आप जो द्युलोकमें चारु अन्नको धारण करते हैं, और प्रत्येक क्रीड़ाके अवसर पर जो इस सोमकी पीतिको धारण करते हैं, हे इन्द्र ! हृदय और मनसे इस सोमको चाहते हुए आप प्रस्थित सोमोंकी रक्षा करिये ॥ २ ॥

जज्ञानः सोमं सहसे पपाथ प्र ते माता महिमानमुवाच ।
एन्द्र पप्राथोर्व१न्तरिक्षं युधा देवेभ्यो वरिवश्चकर्थ ३

जज्ञानः । सोमम् । सहसे । पपाथ । प्र । ते । माता । महिमानम् । उवाच ।

आ । इन्द्र । पप्राथ । उरु । अन्तरिक्षम् । युधा । देवेभ्यः ।
वरिवः । चकर्थ ॥ ३ ॥

आप आविर्भूत होते ही बलके लिये सोम पर जाते हैं, अन्तरिक्ष आपकी महिमाको प्रकृष्टरूपसे कहता है। हे इन्द्रदेव! आप विशाल अन्तरिक्षमें जाते हैं और आपने युद्ध करके देवताओंको धन प्रदान किया है ॥ ३ ॥

यद् योधया महतो मन्यमानान् साक्षाम तान् बाहुभिः शाशदानान् ।
यद्वा नृभिर्वृत इन्द्राभियुध्यास्तं त्वयाजिं सौश्रवसं जयेम

यत् । योधयाः । महतः । मन्यमानान् । साक्षाम । तान् । बाहुऽभिः । शाशदानान् ।
यत् । वा । नृऽभिः । वृतः । इन्द्र । अभिऽयुध्याः । तम् । त्वया । आजिम् । सौश्रवसम् । जयेम ॥ ४ ॥

आप अपनेको बड़ा मानते हुओंसे युद्ध करते हैं, उन भुजाओं से विशरण करते हुओंसे हम संगत होवें, अथवा हे इन्द्र! आप मनुष्योंसे घिर कर युद्ध करिये आपके प्रभाववश हम सुन्दर यश के साथ युद्धको जीतें ॥ ४ ॥

प्रेन्द्रस्य वोचं प्रथमा कृतानि प्र नूतना मघवा या चकार
यदेददेवीरसंहिष्ट माया अथाभवत् केवलः सोमो अस्य

प्र । इन्द्रस्य । वोचम् । प्रथमा । कृतानि । प्र । नूतना । मघऽवा ।
या । चकार ।

यदा । इत् । अदेवीः । असहिष्ट ॥ मायाः । अथ । अभवत् ।

केवलः । सोमः । अस्य ॥ ५ ॥

मैं इन्द्रके पहिले किये हुए कृत्योंका वर्णन कर रहा हूँ और धनी इन्द्रदेवने जो नवीन कर्म किये हैं उनका वर्णन करता हूँ, जो इन्होंने आसुरी मायाओंको सहा है, इससे सोम केवल इन के लिये होगया है ॥ ५ ॥

तवेदं विश्वमभितः पशव्यं१ यत् पश्यसि चक्षसा सूर्यस्य ।
गवामसि गोपतिरेक इन्द्र भक्षीमहि ते प्रयतस्य वस्वः

तव । इदम् । विश्वम् । अभितः । पशव्यम् । यत् । पश्यसि ।

चक्षसा । सूर्यस्य ।

गवाम् । असि । गोऽपतिः । एकः । इन्द्र । भक्षीमहि । ते । प्रऽयत-

तस्य । वस्वः ॥ ६ ॥

हे इन्द्रदेव ! आप सूर्यरूपी नेत्रसे जिसको देखते हैं यह सब पशुधन आपका ही है, हे इन्द्रदेव ! आप गौओंके असाधारण गोपालक हैं हम, आप प्रयत्न अपने भक्तफलकत्वमें प्रकृष्टरूपसे लगे रहने वालेके धनका उपभोग करें ॥ ६ ॥

बृहस्पते युवमिन्द्रश्च वस्वो दिव्यस्येशाथे उत पार्थिवस्य
धत्तं रयिं स्तुवते कीरये चिद् यूयं पात स्वस्तिभिः सदा नः ॥ ७ ॥

बृहस्पते । युवम् । इन्द्रः । च । वस्वः । दिव्यस्य । ईशाथे इति ।

उत । पार्थिवस्य ।

धत्तम् । रयिम् । स्तुवते । कीरये । चित् । यूयम् । पात । स्व-

स्तिऽभिः । सदा । नः ॥ ७ ॥

इति सप्तमेनुवाके षोडशं सूक्तम् ॥

हे बृहस्पते ! आप और इन्द्रदेव तुम दोनों ही द्युलोकके और भूलोकके धनके स्वामी हैं आप स्तुति करनेवाले स्तोताके लिये धनको दीजिये और अपनी रक्षक शक्तियोंसे सदा हमारी रक्षा करिये। ॥ ७ ॥

सप्तम अनुवाकमें सोलहवाँ सूक्त समाप्त (७०३)

द्वितीये छन्दोमेऽहनि "यस्तस्तम्भ सहसा वि ज्मो अन्तान्" इत्यस्य विनियोगः पूर्वसूक्तेन सह उक्तः ॥

द्वितीय छन्दोम दिनमें "यस्तस्तम्भ सहसा विज्मो अन्तान्" इसका विनियोग पूर्व सूक्तके साथ कह दिया है ।

यस्तस्तम्भ सहसा वि ज्मो अन्तान् बृहस्पतिस्त्रिषध-

स्थो रवेण ।

तं प्रत्नास ऋषयो दीध्यानाः पुरो विप्रा दधिरे मन्द्र-

जिह्वम् ॥ १ ॥

यः । तस्तम्भ । सहसा । वि । ज्मः । अन्तान् । बृहस्पतिः ।

त्रिऽसधस्थः । रवेण ।

तम् । प्रत्नासः । ऋषयः । दीध्यानाः । पुरः । विप्राः । दधिरे ।

मन्द्रऽजिह्वम् ॥ १ ॥

जिन त्रिसधस्थ बृहस्पतिने अपने घोषसे पृथ्वीके छोर तक को स्तम्भित कर दिया था, प्राचीन ऋषि, उनका बारम्बार ध्यान करते हैं और ब्राह्मण उन हर्षमद जिह्वा वालेको पहिले रखते हैं ॥ १ ॥

धुनेतयः सुप्रकेतं मदन्तो बृहस्पते अभि ये नस्ततस्रे

पृषन्तं सृप्रमदब्धमूर्वं बृहस्पते रक्षतादस्य योनिम् २

धुनऽइतयः । सुऽप्रकेतम् । मदन्तः । बृहस्पते । अभि । ये । नः । ततस्रे ।

पृषन्तम् । सृप्रम् । अदब्धम् । ऊर्वम् । बृहस्पते । रक्षतात् । अस्य । योनिम् ॥ २ ॥

हे बृहस्पते ! ध्वनिको प्रेरित करते हुए आनन्दमें भरे हुए जो ऋत्विज आपको हमारी ओर प्रेरित करते हैं । हे बृहस्पते ! उस ऋत्विक्संघके कारण, गमनशील, सबसे अहिंसित बलवान् घृतविन्दु वाले की आप रक्षा करिये ॥ २ ॥

बृहस्पते या परमा परावदत आ त ऋतस्पृशो नि षेदुः ।

तुभ्यं खाता अवता अद्रिदुग्धा मध्वं श्चोतन्त्यभितो विरप्शम् ॥ ३ ॥

बृहस्पते । या । परमा । पराऽवत् । अतः । आ । ते । ऋतऽस्पृशः । नि । सेदुः ।

दुभ्यम् । खाताः । अवताः । अद्रिऽदुग्धाः । मध्वः । श्चोतन्ति ।

अभितः । विऽरप्शम् ॥ ३ ॥

हे बृहस्पते ! आपकी परम रक्षक शक्ति रक्षा करती है, इसी कारण ऋतस्पृश् ऋत्विज् आपके पास बैठे हैं, आपके लिये तोडे हुए, रक्षित और पहाड़ परसे लाये हुए मधुके अधिकरण चारों ओरसे विशाल परिमाणमें मधुको बरसाते हैं ॥ ३ ॥

बृहस्पतिः प्रथमं जायमानो महो ज्योतिषः परमे व्योमन् ।
सप्तास्यस्तुविजातो रवेण वि सप्तरश्मिरधमत् तमांसि ४

बृहस्पतिः । प्रथमम् । जायमानः । महः । ज्योतिषः । परमे ।

विऽओमन् ।

सप्तऽआस्यः । तुविऽजातः । रवेण । वि । सप्तऽरश्मिः । अधमत् ।

तमांसि ॥ ४ ॥

बृहस्पति देव ज्योतिषके महिमामय चक्रसे परम व्योममें प्रकट होते हैं, तब वह तुविजात सप्तास्य सप्तरश्मि बन अपने शब्दसे अन्धकारोंको नष्ट कर डालते हैं ॥ ४ ॥

स सुष्टुभा स ऋक्वता गणेन वलं रुरोज फलिगं रवेण ।
बृहस्पतिरुस्रिया हव्यसूदः कनिक्रदद् वावशतीरुदाजत्

सः । सुऽस्तुभा । सः । ऋक्वता । गणेन । वलम् । रुरोज ।

फलिऽगम् । रवेण ।

बृहस्पतिः । उस्रियाः । हव्यऽसूदः । कनिक्रदत् । वावशतीः ।

उत । आजत् ॥ ५ ॥

बृहस्पति देव सुन्दरतासे स्तुति करने वाले ऋचामयगणसे और रवसे मेघको विदीर्ण कर डालते हैं—वर्षा करते हैं। हव्यसे प्रेरित हुए बृहस्पति देव कामना करती हुई गौओंके लिये बार-म्बार शब्द करते हैं और प्राप्त होजाते हैं ॥ ५ ॥

एवा पित्रे विश्वदेवाय वृष्णे यज्ञैर्विधेम नमसा हविर्भिः।

बृहस्पते सुप्रजा वीरवन्तो वयं स्याम पतयो रयीणाम् ६

एव । पित्रे । विश्वऽदेवाय । वृष्णे । यज्ञैः । विधेम । नमसा ।

हविःऽभिः ।

बृहस्पते । सुऽप्रजाः । वीरऽवन्तः । वयम् । स्याम । पतयः ।

रयीणाम् ॥ ६ ॥

इति सप्तमेनुवाके सप्तदशं सूक्तम् ॥

ऐसे पालक विश्वदेव वर्षक बृहस्पतिके लिये हम यज्ञोंके द्वारा नमस्कारके द्वारा और हविके द्वारा सेवा करते हैं, हे बृहस्पति-देव ! हम सुन्दर प्रजा वाले, वीरोंसे सम्पन्न होवें और धनके स्वामी होवें ॥ ६ ॥

सप्तम अनुवाकमें सप्तदश सूक्त समाप्त (७०४)

द्वितीये छन्दोमेहनि "अस्तेव सु प्रतरं लायमस्यन्" इत्यस्य विनियोगः "अध्वर्यवोरुणं दुग्धमंशुम्" [२०. ८७] इत्यनेन सह उक्तः ॥

द्वितीय छन्दोम दिनमें "अस्तेव सु प्रतरं लायमस्यन्" इसका

विनियोग "अध्वर्यवोरुणं दुग्धमंशुम्" (२० । ८७) के साथ कह दिया है ।

अस्तेव सु प्रतरं लायमस्यन् भूषन्निव प्र भरा स्तोम-
मस्मै ।
वाचा विप्रास्तरत वाचमर्यो नि रामय जरितः सोम
इन्द्रम् ॥ १ ॥

अस्ताऽइव । सु । प्रऽतरम् । लायम् । अस्यन् । भूषन्ऽइव । प्र । भर । स्तोमम् । अस्मै ।
वाचा । विप्राः । तरत । वाचम् । अर्यः । नि । रमय । जरितरिति । सोमे । इन्द्रम् ॥ १ ॥

जैसे फेंकने वाला पुरुष, ग्रहण करने वाली वस्तुको विभूषित होता हुआसा फेंकता है, इसी प्रकार आप इन इन्द्रदेवके लिये स्तोमका भरण करिये । हे विप्रो ! तुम मन्त्ररूपा वाणीके वाणीसे पार जाओ हे स्तोतः ! आप स्वामी हैं अतः सोममें इन्द्रको रमण कराइये ॥ १ ॥

दोहेन गामुप शिक्षा सखायं प्र बोधय जरितर्जार-
मिन्द्रम् ।
कोशं न पूर्णं वसुना न्यृष्टमा च्यावय मघदेयाय
शूरम् ॥ २ ॥

दोहेन । गाम् । उप । शिक्ष । सखायम् । प्र । बोधय । जरितः । जारम् । इन्द्रम् ।

कोशम् । न । पूर्णम् । वसुना । निऽऋष्टम् । आ । च्यवय ।
मघऽदेयाय । शूरम् ॥ २ ॥

आप मित्ररूपा वाणीको दोहनसे शिक्षित करिये और हे स्तुति करने वाले! शत्रुओंको जीर्ण करने वाले इन्द्रको प्रबोधित करिये। और धनसे पूर्ण कोशकी समान शूरतामद शुद्ध सोम को धनप्रद इन्द्रके लिये च्यावित करिये ॥ २ ॥

किमङ्ग त्वा मघवन् भोजमाहुः शिशीहि मा शिशयं त्वा शृणोमि ।
अप्नस्वती मम धीरस्तु शक्र वसुविदं भगमिन्द्रा भरा नः ॥ ३ ॥

किम् । अङ्ग । त्वा । मघऽवन् । भोजम् । आहुः । शिशीहि ।
मा । शिशयम् । त्वा । शृणोमि ।

अप्नस्वती । मम । धीः । अस्तु । शक्र । वसुऽविदम् । भगम् ।
इन्द्र । आ । भर । नः ॥ ३ ॥

हे मघवन् इन्द्रदेव! आपको भोगने वाला कहते हैं, आप मुझे क्षीण न करिये, मैं आपको शत्रुक्षीणकर्ता सुनता हूँ। हे शक्र! मेरी बुद्धि कर्म वाली हो और हे इन्द्रदेव! आप हमको धन प्राप्त कराने वाला भाग्य दीजिये ॥ ३ ॥

त्वां जना ममसत्येष्विन्द्र संतस्थाना वि ह्वयन्ते समीके ।

अत्रा युजं कृणुते यो हविष्मान्नासुन्वता सख्यं वष्टि

शूरः ॥ ४ ॥

त्वाम् । जनाः । ममऽसत्येषु । इन्द्र । सम्ऽतस्थानाः । वि ।

ह्वयन्ते । सम्ऽईके ।

अत्र । युजम् । कृणुते । यः । हविष्मान् । न । असुन्वता । सख्यम् ।

वष्टि । शूरः ॥ ४ ॥

हे इन्द्र ! मेरे यज्ञोंमें खड़े हुए और युद्धमें खड़े हुए पुरुष आपका ही विशेषरूपसे आह्वान करते हैं, जो हवि वाला आप के लिये योग करता है वह शूर आपकी मित्रता चाहता है अतः सोमका अभिषव करता है ॥ ४ ॥

धनं न स्पन्द्रं बहुलं यो अस्मै तीव्रान्त्सोमाँ आसु-

नोति प्रयस्वान् ।

तस्मै शत्रून्त्सुतुकान् प्रातरह्नो नि स्वष्ट्रान् युवति

हन्ति वृत्रम् ॥ ५ ॥

धनम् । न । स्पन्द्रम् । बहुलम् । यः । अस्मै । तीव्रान् । सोमान् ।

आऽसुनोति । प्रयस्वान् ।

तस्मै । शत्रून् । सुऽतुकान् । प्रातः । अह्नः । नि । सुऽअष्ट्रान् ।

युवति । हन्ति । वृत्रम् ॥ ५ ॥

जो हविरूप अन्नसे सम्पन्न पुरुष अपने धनको धीरे धीरे

सरकने वाला रख कर इन इन्द्रदेवके लिये तीव्र सोमोंका अभिषव नहीं करता है उसके लिये इन्द्रदेव दिनके प्रातःकालमें शीघ्र गमन करने वाले भली प्रकार व्याप्त कर लेने वाले शत्रुओंको पिलाते हैं और वज्रका प्रहार करते हैं ॥ ५ ॥

यस्मिन् वयं दधिमा शंसमिन्द्रे यः शिश्राय मघवा काममस्मे ।
आराच्चित् सन् भयतामस्य शत्रुर्न्यस्मै द्युम्ना जन्या नमन्ताम् ॥ ६ ॥

यस्मिन् । वयम् । दधिम । शंसम् । इन्द्रे । यः । शिश्राय । मघऽवा । कामम् । अस्मे इति ।
आरात् । चित् । सन् । भयताम् । अस्य । शत्रु । नि । अस्मै । द्युम्ना । जन्या । नमन्ताम् ॥ ६ ॥

जिस इन्द्रमें हम प्रशंसाको स्थापित कर रहे हैं अर्थात् जिस इन्द्रकी प्रशंसा कर रहे हैं और जो धनवान् इन्द्र हममें इच्छाको आश्रित करते हैं—अर्थात् हमारी इच्छाको पूर्ण करते हैं। इन इन्द्रदेवका शत्रु इनके पासमें आते ही डरने लगे और दमकता हुआ जनसमूह इनको प्रणाम करे ॥ ६ ॥

आराच्छत्रुमप बाधस्व दूरमुग्रो यः शम्बः पुरुहूत तेन ।
अस्मे धेहि यवमद् गोमदिन्द्र कृधी धियं जरित्रे वाजरत्नाम् ॥ ७ ॥

आरात् । शत्रुम् । अप । बाधस्व । दूरम् । उग्रः । यः । शम्बः ।
पुरुऽहूत । तेन ।
अस्मे इति । धेहि । यवऽमत् । गोऽमत् । इन्द्र । कृधि । धियम् ।
जरित्रे । वाजऽरत्नाम् ॥ ७ ॥

हे पुरुहूत इन्द्र ! आपका जो उग्र वज्र है, उसके द्वारा आप दूर पर स्थित वा समीपमें स्थित शत्रुको बाधा दीजिये। और हे इन्द्र ! हममें जौं आदि अन्न और गौ आदि पशुओं वाले धन को स्थापित करिये और स्तोताके लिये अन्नरूपी धन वाली बुद्धिको करिये ॥ ७ ॥

प्र यमन्तर्वृषसवासो अग्मन् तीव्राः सोमा बहुलान्तास इन्द्रम् ।
नाह दामानं मघवा नि यंसन् नि सुन्वते वहति भूरि वामम् ॥ ८ ॥

प्र । यम् । अन्तः । वृषऽसवासः । अग्मन् । तीव्राः । सोमाः ।
बहुलऽअन्तासः । इन्द्रम् ।
न । अह । दामानम् । मघऽवा । नि । यंसत् । नि । सुन्वते ।
वहति । भूरि । वामम् ॥ ८ ॥

जिन इन्द्रके पास बहुलान्तास वृषसवास तीव्र सोम जाते हैं, उसके लिये मघवा धनको रोकनेवाली रस्सीको रोक लेते हैं और सोमाभिषव करने वालेके लिये बहुतसा सेवनीय धन देते हैं ८

उत प्रहामतिदीवा जयति कृतमिव श्वघ्नी वि चिनोति काले ।
यो देवकामो न धनं रुणद्धि समित् तं रायः सृजति स्वधाभिः ॥ ९ ॥

उत । प्रऽहाम् । अतिऽदीवा । जयति । कृतम्ऽइव । श्वऽघ्नी । वि । चिनोति । काले ।
यः । देवऽकामः । न । धनम् । रुणद्धि । सम् । इत् । तम् । रायः । सृजति । स्वधाभिः ॥ ९ ॥

बड़ा भारी खिलाड़ी पुरुष अक्षोंसे प्रहार करने वाली प्रतिपक्षी जुआरीको जीत लेता है, क्योंकि—वह जुआरी द्यूतके समय लाभके हेतु कृत नामक अयको ही ढूँढ़ता है, वह इन्द्रदेवकी इच्छा करता हुआ जुआरी पुरुष उस धनको रोकता नहीं है अर्थात् व्यर्थ ही स्थापित नहीं करता है, किन्तु इन्द्रदेवताके निमित्त विनियुक्त करता है और उनको स्वधासे संयुक्त करता है ॥९॥

गोभिष्टरेमामतिं दुरेवां यवेन वा क्षुधं पुरुहूत विश्वे ।
वयं राजसु प्रथमा धनान्यरिष्टासो वृजनीभिर्जयेम

गोभिः । तरेम । अमतिम् । दुःऽएवाम् । यवेन । वा । क्षुधम् । पुरुऽहूत । विश्वे ।
वयम् । राजऽसु । प्रथमाः । धनानि । अरिष्टासः । वृजनीभिः । जयेम ॥ १० ॥

हे इन्द्रदेव ! हम दुष्ट गतिवाली दरिद्रतासे आई हुई दुर्बुद्धि को पशुओंके द्वारा तरें, यव आदि धान्यके द्वारा बुभुक्षाका निवारण करें, राजाओंमें स्थित श्रेष्ठ धनको हम प्रतिपक्षी जुआरियों से पराजित न होकर बलकारिणी अक्षशलाकाओंसे जीत लें॥१०

बृहस्पतिर्नः परि पातु पश्चादुतोत्तरस्मादधरादघायोः इन्द्रः पुरस्तादुत मध्यतो नः सखा सखिभ्यो वरीयः कृणोतु ॥ ११ ॥

बृहस्पतिः । नः । परि । पातु । पश्चात् । उत । उत्ऽतरस्मात् । अधरात् । अघऽयोः ।

इन्द्रः । पुरस्तात् । उत । मध्यतः । नः । सखा । सखिऽभ्यः । वरीयः । कृणोतु ॥ ११ ॥

इति सप्तमेऽनुवाके अष्टादशं सूक्तम् ॥

जो हमारी हिंसारूप पापको करना चाहता है उस शत्रुसे बृहस्पतिदेव पश्चिम उत्तर और दक्षिण दिशाकी ओरसे हमको बचावें, इन्द्रदेव पूर्वदिशाकी ओरसे हमको बचावें, हमारे मित्ररूप बृहस्पति अन्य मित्रोंसे हमको श्रेष्ठ करें ॥ ११ ॥

सप्तम अनुवाकमें अठारहवाँ सूक्त समाप्त (७०५)

तृतीये छन्दोमेहनि "यो अद्रिभित्" इत्यस्य विनियोगः "अध्वर्यवोरुणम्" [२०. ८७] इत्यनेन सह उक्तः ॥

तथा उभयोर्द्वितीयतृतीययोरह्नोरैकाहिकानां सूक्तानां मध्यमस्य आदावन्ते वा "यो अद्रिभित्" [२०. ९०] "इमां धियं सप्तशीर्ष्णीं पिता नः" [२०. ९१] इत्येतयोर्यथाक्रमम् एकैकं

शंसति । तद्ध उक्तं वैताने । "यो अद्रिभिद्ध इमां धियं सप्तशीर्ष्णीं पिता न इत्युभयोरेकैकं मध्यमस्यादावन्त्ये व" इति [वै०६.३]॥

तृतीय छन्दोम दिनमें "यो अद्रिभित्" का विनियोग "अच्छ-र्यवोऽरुणम्" (२० । ८७) के साथ कह दिया है ।

तथा दोनों द्वितीय तृतीय दिनोंके ऐकाहिक सूक्तोंके मध्यम का आदि वा अन्तमें "यो अद्रिभित्" (२० । ९०) "इमां धियं सप्तशीर्ष्णीं पिता नः" (२० । ९१) को यथाक्रम एक एक करके कहे । इसी बातको वैतानसूत्रमें कहा है, कि–"यो अद्रि-भित् इमां धियं सप्तशीर्ष्णीं पिता न इत्युभयोरेकैकं मध्यमस्या-दावन्त्ये वा" (वैतानसूत्र ६ । ३) ॥

यो अद्रिभित् प्रथमजा ऋतावा बृहस्पतिराङ्गिरसो हविष्मान् ।
द्विबर्हज्मा प्राघर्मसत् पिता न आ रोदसी वृषभो रोरवीति ॥ १ ॥

यः । अद्रिऽभित् । प्रथमऽजाः । ऋतऽवा । बृहस्पतिः । आङ्गिरसः । हविष्मान् ।
द्विबर्हऽज्मा । प्राघर्मऽसत् । पिता । नः । आ । रोदसी इति । वृषभः । रोरवीति ॥ १ ॥

जो मेघोंको विदीर्ण करने वाले हैं, प्रथम प्रादुर्भूत होने वाले हैं, सत्यसम्पन्न हैं, वह अङ्गिरागोत्री बृहस्पति हविके पात्र हैं, द्विबर्हज्मा हैं, प्राघर्मसत् हैं, पालक हैं, वर्षक हैं और द्युलोक तथा पृथ्वीलोकमें वारम्वार शब्द करते हैं ॥ १ ॥

जनाय चिद् य ईवत उ लोकं बृहस्पतिर्देवहूतौ चकार ।
घ्नन् वृत्राणि वि पुरो दर्दरीति जयं छत्रूरमित्रान् पृत्सु

साहन् ॥ २ ॥

जनाय । चित् । यः । ईवते । ऊं इति । लोकम् । बृहस्पतिः ।

देवऽहूतौ । चकार ।

घ्नन् । वृत्राणि । वि । पुरः । दर्दरीति । जयन् । शत्रून् । अमि-

त्रान् । पृत्ऽसु । सहन् ॥ २ ॥

जो बृहस्पतिदेव मनुष्योंके लिये चलते हैं और देवहूतिमें जिन्होंने लोकको किया है, वह आवरक मेघोंको विदीर्ण करते हुए पुरोंका दारण करते हैं, शत्रुओंको जीतते हैं और सेनाओं में शत्रुओंको सहते हैं ॥ २ ॥

बृहस्पतिः समजयद् वसूनि महो व्रजान् गोमतो

देव एषः ।

अपः सिषासन्त्स्व१रप्रतीतो बृहस्पतिर्हन्त्यमित्रमर्कैः

बृहस्पतिः । सम् । अजयत् । वसूनि । महः । व्रजान् । गोऽमतः ।

देवः । एषः ।

अपः । सिसासन् । स्वः । अप्रतिऽइतः । बृहस्पतिः । हन्ति ।

अमित्रम् । अर्कैः ॥ ३ ॥

सप्तमेनुवाके एकोनविंशं सूक्तम् ॥ इति सप्तमोनुवाकः ॥

इन बृहस्पति देवने बड़े २ गौओं वाले गोठोंको और धनोंको जीत लिया है, जलोंका दान करनेके लिये वह अमतीतरूपमें स्वर्गमें जाते हैं और मन्त्रोंके द्वारा शत्रुका नाश करते हैं ॥ ३ ॥

सप्तम अनुवाकमें उन्नीसवाँ सूक्त समाप्त (७०६)

सप्तम अनुवाक समाप्त

"इमां धियं सप्तशीर्ष्णीं पिता नः" इति सूक्तस्य पूर्वसूक्तेन सह उक्तो विनियोगः ॥

"इमां धियं सप्तशीर्ष्णीं पिता नः" इस सूक्तका पूर्वसूक्तके साथ विनियोग कह दिया है।

इमां धियं सप्तशीर्ष्णीं पिता न ऋतप्रजातां बृहतीमविन्दत् ।
तुरीयं स्विज्जनयद् विश्वजन्योयास्य उक्थमिन्द्राय शंसन् ॥ १ ॥

इमाम् । धियम् । सप्तऽशीर्ष्णीम् । पिता । नः । ऋतऽप्रजाताम् । बृहतीम् । अविन्दत् ।
तुरीयम् । स्वित् । जनयत् । विश्वऽजन्यः । अयास्यः । उक्थम् । इन्द्राय । शंसन् ॥ १ ॥

हमारे पालक बृहस्पतिदेवने सत्यसे उत्पन्न हुई इस सात शिर वाली विशाल बुद्धिको पाया है, और उन विश्वजन्य अयास्यने इन्द्रसे कह कर तुरीयको प्रकट किया है ॥ १ ॥

ऋतं शंसन्त ऋजु दीध्याना दिवस्पुत्रासो असुरस्य वीराः ।

विप्रं पदमङ्गिरसो दधाना यज्ञस्य धाम प्रथमं मनन्त

ऋतम् । शंसन्तः । ऋजु । दीध्यानाः । दिवः । पुत्रासः । असुरस्य । वीराः ।

विप्रम् । पदम् । अङ्गिरसः । दधानाः । यज्ञस्य । धाम । प्रथमम् । मनन्त ॥ २ ॥

सत्य बोलते हुए, सरलताका ध्यान रखते हुए प्राणवलीके वीर्यसे प्रकट हुए दिवस्पुत्र अङ्गिरागोत्री विप्रत्वको धारण करते हैं और यज्ञके धाममें प्रथम माने जाते हैं ॥ २ ॥

हंसैरिव सखिभिर्वावदद्भिरश्मन्मयानि नहना व्यस्यन्
बृहस्पतिरभिकनिक्रदद् गा उत प्रास्तौदुच्च विद्वाँ अगायत् ॥ ३ ॥

हंसैःऽइव । सखिऽभिः । वावदत्ऽभिः । अश्मन्ऽमयानि । नहना । विऽअस्यन् ।

बृहस्पतिः । अभिऽकनिक्रदत् । गाः । उत । प्र । अस्तौत् । उत् । च । विद्वान् । अगायत् ॥ ३ ॥

हंसकी समान भाषण करने वाले अपने मित्रोंसे ओले भरे हुए बंधक (मेघों) को खोलते हुए बृहस्पति वाणियोंका उच्चारण करते समय स्तुतिसी करते हैं और गाते हुए विद्वान्से प्रतीत होते हैं ॥ ३ ॥

अवो द्वाभ्यां पर एकया गा गुहा तिष्ठन्तीरनृतस्य सेतौ ।

बृहस्पतिस्तमसि ज्योतिरिच्छन्नुदुस्रा आकर्वि हि तिस्र
आवः ॥ ४ ॥

अवः । द्वाभ्याम् । परः । एकया । गाः । गुहा । तिष्ठन्तीः ।
अनृतस्य । सेतौ ।
बृहस्पतिः । तमसि । ज्योतिः । इच्छन् । उत् । उस्राः । आ ।
अकः । वि । हि । तिस्रः । आवरित्यावः ॥ ४ ॥

अन्नको दो से फिर एकसे हृदयदेशमें स्थित वाणियोंको प्रकट करते हैं, और बृहस्पतिदेव अन्धकारमें प्रकाशको चाहते हुए तीन प्रकारके प्रकाशोंको करते हैं ॥ ४ ॥

विभिद्या पुरं शयथेमपाचीं निस्त्रीणि साकमुदधेर-
कृन्तत् ।
बृहस्पतिरुषसं सूर्यं गामर्कं विवेद स्तनयन्निव द्यौः

विऽभिद्य । पुरम् । शयथा । ईम् । अपाचीम् । निः । त्रीणि ।
साकम् । उदऽधेः । अकृन्तत् ।
बृहस्पतिः । उषसम् । सूर्यम् । गाम् । अर्कम् । विवेद । स्तनयन्ऽ-
इव । द्यौः ॥ ५ ॥

आप पुरको विदीर्ण करके पश्चिममें शयन करते हैं और समुद्रके चारों भागोंको नहीं काटते हैं—अर्थात् उनमें वर्षा करते हैं। बृहस्पति द्युलोकको कड़काते हुएसे उषा सूर्य गौ और मन्त्रको प्राप्त होते हैं ॥ ५ ॥

इन्द्रो वलं रक्षितारं दुघानां करेणेव वि चकर्ता रवेण ।

स्वेदाञ्जिभिराशिरमिच्छमानोऽरोदयत् पणिमा गा अमुष्णात् ॥ ६ ॥

इन्द्रः । वलम् । रक्षितारम् । दुघानाम् । करेणऽइव । वि । चकर्त । रवेण ।

स्वेदाञ्जिऽभिः । आऽशिरम् । इच्छमानः । अरोदयत् । पणिम् । आ । गाः । अमुष्णात् ॥ ६ ॥

इन्द्रदेव कामदुघा धेनुओंके रक्षक मेघको बलपूर्वक विदीर्ण कर डालते हैं, इन्होंने स्वेदाञ्जियोंसे दधिकी इच्छा करके पणि नामके असुरको रुलाया, कि-जिसने गौएँ चुरा ली थीं ॥६॥

स ईं सत्येभिः सखिभिः शुचद्भिर्गोधायसं वि धनसैरदर्दः ।

ब्रह्मणस्पतिर्वृषभिर्वराहैर्घर्मस्वेदेभिर्द्रविणं व्यानट् ७

सः । ईम् । सत्येभिः । सखिऽभिः । शुचत्ऽभिः । गोऽधायसम् । वि । धनऽसैः । अदर्दरित्यदर्दः ।

ब्रह्मणः । पतिः । वृषऽभिः । वराहैः । घर्मऽस्वेदेभिः । द्रविणम् । वि । आनट् ॥ ७ ॥

वह इन्द्रदेव मित्ररूप यज्ञात्मक धनप्रद मेघों को तापदायक यज्ञोंसे पृथ्वीको पुष्ट करने वाले मेघको विदीर्ण करते हैं, और ब्रह्मणस्पति वर्षक घर्मस्वेद मेघोंके द्वारा धनमें व्याप्त होजाते हैं ७

ते सत्येन मनसा गोपतिं गा इयानास इषणयन्त धीभिः

बृहस्पतिर्मिथोअवद्यपेभिरुदुस्त्रिया असृजत स्वयुग्भिः

ते । सत्येन । मनसा । गोऽपतिम् । गाः । इयानासः । इषणयन्त । धीभिः ।

बृहस्पतिः । मिथःऽअवद्यपेभिः । उत् । उस्त्रियाः । असृजत । स्वयुक्ऽभिः ॥ ८ ॥

वह मेघ सत्य मनसे गोपति–वृषभ और गौओं पर जानेकी इच्छा करते हुए अपनी बुद्धियोंसे उनको प्राप्त होते हैं और बृहस्पति देव उन स्वयुक् अनवद्यप–प्रशस्त शब्दकी रक्षा करनेवाले मेघोंके द्वारा गौओंमें मिलते हैं ॥ ८ ॥

तं वर्धयन्तो मतिभिः शिवाभिः सिंहमिव नानदतं सधस्थे ।

बृहस्पतिं वृषणं शूरसातौ भरेभरे अनु मदेम जिष्णुम् ९

तम् । वर्धयन्तः । मतिऽभिः । शिवाभिः । सिंहम्ऽइव । नानदतम् । सधऽस्थे ।

बृहस्पतिम् । वृषणम् । शूरऽसातौ । भरेऽभरे । अनु । मदेम । जिष्णुम् ॥ ९ ॥

उन यज्ञमें (वा संग्राममें) सिंहकी समान वारम्वार गरजने वाले वर्षक जयशील बृहस्पतिदेवको हम अपनी कल्याणमयी बुद्धियोंसे बढ़ाते हुए प्रत्येक संग्रामके अवसर पर हर्षित करते हैं ९

यदा वाजमसनद् विश्वरूपमा द्यामरुक्षदुत्तराणि सद्म

बृहस्पतिं वृषणं वर्धयन्तो नाना सन्तो बिभ्रतो ज्योतिरासा ॥ १० ॥

यदा । वाजम् । असनत् । विश्वऽरूपम् । आ । द्याम् । अरुक्षत् । उत्ऽतराणि । सद्म ।

बृहस्पतिम् । वृषणम् । वर्धयन्तः । नाना । सन्तः । बिभ्रतः । ज्योतिः । आसा ॥ १० ॥

जब यह विश्वरूप-सब प्रकारके रूपों वाले गेहूँ जौं चावल आदि-अन्नको देना चाहते हैं तब द्युलोकरूपी भवन पर आरूढ़ होते हैं, उस समय अनेक होते हुए और ज्योतिको धारण करते हुए बुद्धिसे वर्षक बृहस्पतिको बढ़ाते हैं ॥ १० ॥

सत्यामाशिषं कृणुता वयोधैः कीरिं चिद्ध्यवथ स्वेभिरेवैः पश्चा मृधो अप भवन्तु विश्वास्तद् रोदसी शृणुतं विश्वमिन्वे ॥ ११ ॥

सत्याम् । आऽशिषम् । कृणुत । वयःऽधैः । कीरिम् । चित् । हि । अवथ । स्वेभिः । एवैः ।

पश्चा । मृधः । अप । भवन्तु । विश्वाः । तत् । रोदसी इति । शृणुतम् । विश्वमिन्वे इति विश्वम्ऽइन्वे ॥ ११ ॥

अन्नको पुष्ट करने वाले कारणोंसे आशीर्वादको सत्य करिये, और अपने गमनोंसे इस स्तोताकी रक्षा करिये, जितने युद्ध हैं सब पीछे होजावें, इस बातको हे द्यावापृथिवी ! आप अग्न्यर्चिके प्रचण्ड होने पर सुनिये ॥ ११ ॥

इन्द्रो॑ म॒ह्ना म॑ह॒तो अ॑र्ण॒वस्य॒ वि मू॒र्धान॑मभिनदर्बु॒दस्य॑।
अह॒न्नहि॒मरि॑णात् स॒प्त सिन्धू॑न् दे॒वैर्द्या॑वापृथिवी॒ प्राव॑तं नः ॥ १२ ॥

इन्द्रः॑ । म॒ह्ना । म॒ह॒तः । अ॒र्ण॒वस्य॑ । वि । मू॒र्धान॑म् । अ॒भि॒न॒त् । अ॒र्बु॒दस्य॑ ।

अह॑न् । अहि॑म् । अरि॑णात् । स॒प्त । सिन्धू॑न् । दे॒वैः । द्या॒वा॒पृ॒थि॒वी॒ इति॑ । प्र । अ॒व॒त॒म् । नः॒ ॥ १२ ॥

इति अष्टमेऽनुवाके प्रथमं सूक्तम् ॥

इन्द्रदेव अपनी महती महिमासे जल वाले मेघके मस्तकको विदीर्ण कर डालते हैं, वह मेघ पर प्रहार करके दमकती हुई जलबिन्दुओंसे सात नदियोंको प्रवृत्त कर देते हैं। हे द्यावापृथिवी ! आप हमारी रक्षा करिये ॥ १२ ॥

अष्टम अनुवाकमें प्रथम सूक्त समाप्त (७०७)

अतिरात्रे मध्यमे पर्याये "अभि त्वा वृषभा सुते" [२०.२२] "अभि प्र गोपतिं गिरा" [२०.९२] एतौ स्तोत्रियानुरूपौ उक्थशंसनधर्मकौ भवतः। तद् उक्तं वैताने। "अभि त्वा वृषभा सुतेभि प्र गोपतिं गिरेति स्तोत्रियानुरूपौ" इति [वै० ४. २]॥

तथा पृष्ठ्यषडहस्य षष्ठेहनि प्रातःसवने "अभि प्र गोपतिं गिरा" इत्येकविंशतिमृच आवपते। तद् उक्तं वैताने। "षष्ठेभि प्र गोपतिं गिरेत्येकविंशतिः" इति [वै० ६. २] ॥

तथा अभिजिति "अभि प्र गोपतिं गिरा" इत्याज्यस्तोत्रियो भवति। तद् उक्तं वैताने। अभिजित्यभि प्र गोपतिं गिरेति च" इति [वै० ८. २] ॥

तथा त्रिककुद्दशाहे अस्य विनियोगः "क ईं वेद सुते सचा" [२०. ५३] इत्यनेन सह उक्तः ॥

अतिरात्रके मध्यमपर्यायमें "अभि त्वा वृषभा सुते" (२०।२२) "अभि प्र गोपतिं गिरा" (२०।६२) ये उक्थशंसनधर्मक स्तोत्रिय और अनुरूप होते हैं। इसी बातको वैतानसूत्रमें कहा है, कि-"अभि त्वा वृषभा सुतेभि प्र गोपतिं गिरेति स्तोत्रियानुरूपौ" (वैतानसूत्र ४।२) ॥

तथा पृष्ठ्यषडहके छठे दिन प्रातःसवनमें "अभि प्र गोपतिं गिरा" इन इक्कीस ऋचाओंको पढ़े। इसी बातको वैतानसूत्रमें कहा है, कि "षष्ठेभि प्र गोपतिं गिरेत्येकविंशतिः" इति (वैतानसूत्र ६।२)

तथा अभिजित्में "अभि प्र गोपतिं गिरा" यह आज्यस्तोत्रिय होता है। इसी बातको वैतानसूत्रमें कहा है कि-अभिजित्यभि प्र गोपतिं गिरेति च" इति (वैतानसूत्र ८।२) ॥

अभि प्र गोपतिं गिरेन्द्रमर्च यथा विदे। सूनुं सत्यस्य सत्पतिम् ॥ १ ॥

अभि। प्र। गोऽपतिम्। गिरा। इन्द्रम्। अर्च। यथा। विदे ॥ सूनुम्। सत्यस्य। सत्ऽपतिम् ॥ १ ॥

हे स्तोतः! गौओंके स्वामी इन्द्रको मैं जिस प्रकार प्राप्त कर सकूँ अर्थात् वह जिस प्रकार वह हमको अपना समझने लगें तिस प्रकार तू इन्द्रकी श्रेष्ठतासे पूजा कर। यह इन्द्रदेव सत्य फल वाले यज्ञके पुत्रस्थानीय हैं, और सत्कर्म करने वाले अपने सेवकोंका पालन करने वाले हैं ॥ १ ॥

आ हरयः ससृज्रिरेरुषीरधि बर्हिषि। यत्राभि संनवामहे ॥ २ ॥

आ। हरयः। ससृज्रिरे। अरुषीः। अधि। बर्हिषि॥ यत्र।
अभि। सम्ऽनवामहे॥ २॥

रूपवान् हरि नामक घोड़े फैली हुई उन कुशाओं पर इन्द्रके रथको संयुक्त करें, जिन कुशाओं पर हम इन्द्रकी स्तुति कर रहे हैं॥ २॥

इन्द्राय गाव आशिरं दुदुह्रे वज्रिणे मधु। यत् सी-
मुपह्वरे विदत्॥ ३॥

इन्द्राय। गावः। आऽशिरम्। दुदुह्रे। वज्रिणे। मधु॥ यत्।
सीम्। उपऽह्वरे। विदत्॥ ३॥

वज्रयुक्त इन्द्रके लिये गौएँ मधुर दुग्धको दुहती हैं, उस समय समीपमें वर्तमान मधुकी समान स्वादिष्ट सोमको इन्द्र सब ओर से पाते हैं॥ ३॥

उद् यद् ब्रध्नस्य विष्टपं गृहमिन्द्रश्च गन्वहि।
मध्वः पीत्वा सचेवहि त्रिः सप्त सख्युः पदे॥ ४॥

उत्। यत्। ब्रध्नस्य। विष्टपम्। गृहम्। इन्द्रः। च। गन्वहि।
मध्वः। पीत्वा। सचेवहि। त्रिः। सप्त। सख्युः। पदे॥ ४॥

जो ब्रध्नका घर स्वर्ग है उसमें हम और इन्द्र जावें, हम इक्कीस बार मधु पीकर इन्द्रके मित्र बनें॥ ४॥

अर्चत प्रार्चत प्रियमेधासो अर्चत।
अर्चन्तु पुत्रका उत पुरं न धृष्ण्वर्चत॥ ५॥

अर्चत। प्र। अर्चत। प्रियऽमेधासः। अर्चत।
अर्चन्तु। पुत्रकाः। उत। पुरम्। न। धृष्णु। अर्चत॥ ५॥

हे प्रिय बुद्धि वालों ! आप इन्द्रका पूजन करिये, पूजन करिये श्रेष्ठ रीतिसे पूजन करिये, हे पुत्रो ! तुम इन्द्रका पूजन करो सामने खड़े हुएकी समान उनका अपने शत्रुओंको दबाने वाला पूजन करो ॥ ५ ॥

अव॑ स्वराति॒ गर्ग॑रो गो॒धा परि॑ सनिष्वणत् ।
पिङ्गा॒ परि॑ चनिष्कद॒दिन्द्रा॑य॒ ब्रह्मोद्य॑तम् ॥ ६ ॥

अव॑ । स्व॒रा॒ति॒ । गर्ग॑रः । गो॒धा । परि॑ । स॒नि॒स्व॒न॒त् ।
पिङ्गा॑ । परि॑ । च॒नि॒स्क॒द॒त् । इन्द्रा॑य । ब्रह्म॑ । उत्ऽय॑तम् ॥ ६ ॥

जब इन्द्रके लिये मन्त्र उद्यत होता है तब गर्गर—कलश—शब्द करता है, धनुषकी प्रत्यञ्चाकी समान शब्द करता है और पिशंग वर्ण वाला पदार्थ चलता है ॥ ६ ॥

आ यत् पत॑न्त्ये॒न्यः॑ सु॒दुघा॒ अन॑पस्फुरः ।
अ॒प॒स्फुरं॑ गृभायत॒ सोम॒मिन्द्रा॑य॒ पात॑वे ॥ ७ ॥

आ । यत् । पत॑न्ति । ए॒न्यः॑ । सु॒ऽदुघाः॑ । अन॑पऽस्फुरः ।
अ॒प॒ऽस्फुर॑म् । गृ॒भा॒य॒त॒ । सोम॑म् । इन्द्रा॑य । पात॑वे ॥ ७ ॥

ये जो श्वेत वर्णकी गौएँ आरही हैं (इनमें) अनपस्फुर-अविनाशी (नष्ट न होने देने वाला) पदार्थ है उस अविनाशी पदार्थको ग्रहण करो सोमको इन्द्रके पानके लिये ग्रहण करो ॥ ७ ॥

अपा॒दिन्द्रो॒ अपा॑द॒ग्निर्विश्वे॑ दे॒वा अ॑मत्सत ।
वरु॑ण॒ इदि॒ह क्ष॑यत् तमापो॒ अभ्य॑नूषत व॒त्सं सं॑शि-
श्व॑रीरिव ॥ ८ ॥

अपात् । इन्द्रः । अपात् । अग्निः । विश्वे । देवाः । अमत्सत ।

वरुणः । इत् । इह । क्षयत् । तम् । आपः । अभि । अनूषत ।

वत्सम् । संशिश्वरीःऽइव ॥ ८ ॥

इसको इन्द्रदेवने पीलिया है, अग्निदेवने इसका पान कर लिया है, विश्वेदेवता इस सोमका पान करके मदमें भर गए हैं, हे जलों ! यदि वरुण यहाँ निवास करते हैं तो संशिश्वरीके वत्सकी समान उनकी स्तुति करो ॥ ८ ॥

सुदेवो असि वरुण यस्य ते सप्त सिन्धवः ।

अनुक्षरन्ति काकुदं सूर्म्यं सुषिरामिव ॥ ९ ॥

सुऽदेवः । असि । वरुण । यस्य । ते । सप्त । सिन्धवः ।

अनुऽक्षरन्ति । काकुदम् । सूर्म्यम् । सुषिराम्ऽइव ॥ ९ ॥

हे वरुणदेव ! आप शोभन देवता हैं, क्योंकि—आपके पास अश्वा, तितुत्रा, अभ्रयन्ती, मेघपत्ना, वर्षयन्ती और पुरस्तात् अरुन्धा नाम वाली सात अन्तरिक्ष नदियें (वा सात समुद्र) हैं। जैसे ऊँचे स्थानका जल नगरके जल निकलनेकी भूमिकी ओर दौड़ता है, इसी प्रकार वे नदियें जल बहाती हैं ॥ ९ ॥

यो व्यतीँरफाणयत् सुयुक्ताँ उप दाशुषे ।

तक्वो नेता तदिद् वपुरुपमा यो अमुच्यत ॥ १० ॥

यः । व्यतीन् । अफाणयत् । सुऽयुक्तान् । उप । दाशुषे ।

तक्वः । नेता । तत् । इत् । वपुः । उपऽमा । यः । अमुच्यत १०

जो हविदाता यजमानके लिये सुयुक्त व्यक्तियोंको फाखित करते हैं, तक्र हैं, नेता हैं, जो छूट गए हैं उनकी शरीर उपमा है

अतीदु शक्र ओहत इन्द्रो विश्वा अति द्विषः ।

भिनत् कनीनं ओदनं पच्यमानं परो गिरा ॥११॥

अति । इत् । ऊं इति । शक्रः । ओहते । इन्द्रः । विश्वाः । अति । द्विषः ।

भिनत् । कनीनः । ओदनम् । पच्यमानम् । परः । गिरा ।११।

इन्द्रदेव इस बड़े भारी भारको सम्हालते हैं, इन्द्रदेव समस्त शत्रुओंको दबा देते हैं, इन्होंने कनीन होने पर भी मन्त्रसे पकते हुए ओदनको भेद डाला था ॥ ११ ॥

अर्भको न कुमारकोधिं तिष्ठन्नवं रथम् ।

स पक्षन्महिषं मृगं पित्रे मात्रे विभुक्रतुम् ॥१२॥

अर्भकः । न । कुमारकः । अधि । तिष्ठत् । नवम् । रथम् ।

सः । पक्षत् । महिषम् । मृगम् । पित्रे । मात्रे । विभुऽक्रतुम् १२

श्रेष्ठ बालककी समान वह नवीन रथ पर सवार होते हैं और माता पिता (द्यावापृथिवी) के लिये विभुक्रतु महिष और मृग का पचन करते हैं ॥ १२ ॥

आ तू सुशिप्र दंपते रथं तिष्ठा हिरण्ययम् ।

अध द्युक्षं सचेवहि सहस्रपादमरुषं स्वस्तिगामनेहसम्

आ । तु । सुऽशिप्र । दम्ऽपते । रथम् । तिष्ठ । हिरण्ययम् ।

अध । युक्तम् । सचेवहि । सहस्रऽपादम् । अरुषम् । स्वस्तिऽगाम् । अनेहसम् ॥ १३ ॥

हे सुन्दर ठोड़ी वाले दम्पते इन्द्र ! आप सुवर्णके रथ पर अधिष्ठित हूजिये और हम भी फिर सहस्रों मार्ग वाले, रूपवान् स्वस्तिमय वाणियोंसे सम्पन्न निष्पाप स्वर्ग पर आरूढ़ होवें १३

तं घे॑मि॒त्था न॑म॒स्विन॒ उप॑ स्व॒राज॑मासते ।

अर्थं॑ चि॒द॒स्य॒ सुधि॑तं॒ यदे॒त॑व आ॒व॒र्तय॑न्ति दा॒वने॑ १४

तम् । घ । ईम् । इत्था । नमस्विनः । उप । स्वऽराजम् । आसते ।

अर्थम् । चित् । अस्य । सुऽधितम् । यत् । एतवे । आऽवर्तयन्ति । दावने ॥ १४ ॥

उनको इस प्रकार जान कर प्रणाम करने वाले पुरुष स्वराज पर बैठते हैं, और इनके पास जो धन भली प्रकार स्थित है उस को ऋत्विज हविर्दाता यजमानके लिये लाते हैं ॥ १४ ॥

अनु॑ प्र॒त्नस्यौक॑सः प्रि॒यमे॑धास एषाम् ।

पूर्वा॒मनु॒ प्रय॑तिं वृ॒क्तब॑र्हिषो हि॒तप्र॑यस आशत १५

अनु । प्रत्नस्य । ओकसः । प्रियऽमेधासः । एषाम् ।

पूर्वाम् । अनु । प्रऽयतिम् । वृक्तऽबर्हिषः । हितऽप्रयसः । आशत

इनके प्राचीन भवनके प्रियबुद्धि ऋत्विज हितकारक अन्न वाले होकर पूर्वा प्रयतिका उपभोग लगाते हैं ॥ १५ ॥

यो राजा चर्षणीनां याता रथेभिरध्रिगुः ।
विश्वासां तरुता पृतनानां ज्येष्ठो यो वृत्रहा गृणे १६

यः । राजा । चर्षणीनाम् । याता । रथेभिः । अध्रिऽगुः ।
विश्वासाम् । तरुता । पृतनानाम् । ज्येष्ठः । यः । वृत्रऽहा । गृणे

जो मनुष्योंके राजा इन्द्रदेव रथसे चलते हैं । सम्पूर्ण सेनाओं को तरने वाले हैं और ज्येष्ठ हैं, उनकी मैं स्तुति करता हूँ १६

इन्द्रं तं शुम्भ पुरुहन्मन्नवसे यस्य द्विता विधर्तरि ।
हस्ताय वज्रः प्रति धायि दर्शतो महो दिवे न सूर्यः

इन्द्रम् । तम् । शुम्भ । पुरुऽहन्मन् । अवसे । यस्य । द्विता । विऽधर्तरि ।
हस्ताय । वज्रः । प्रति । धायि । दर्शतः । महः । दिवे । न । सूर्यः

हे पुरुहन्मन् ! इस विशेषरूपसे धारक यज्ञमें आप अन्नके लिये इन्द्रको अलंकृत करिये, उनकी सत्ता मध्यमलोक अन्तरिक्ष और स्थान (स्वर्ग) में भी है । उन दर्शनीयका क्रीड़ाके लिये हाथमें उठाया हुआ वज्र पूजनीय सूर्यसा दीखता है ॥ १७ ॥

नकिष्टं कर्मणा नशद् यश्चकार सदावृधम् ।
इन्द्रं न यज्ञैर्विश्वगूर्तमृभ्वसमधृष्टं धृष्ण्वोजसम् १८

नकिः । तम् । कर्मणा । नशत् । यः । चकार । सदाऽवृधम् ।
इन्द्रम् । न । यज्ञैः । विश्वऽगूर्तम् । ऋभ्वसम् । अधृष्टम् । धृष्णुऽओजसम् ॥ १८ ॥

जो पुरुष यज्ञोंके द्वारा, सब कार्योंमें प्रचण्ड बली, सदा वृद्धि करने वाले, ऋभ्वस, अधृष्ट और घर्षक तेज वाले इन्द्रकी सेवा करता है, कोई पुरुष उसको अपने कर्मसे नष्ट नहीं कर सकता १८

अषाळ्हमुग्रं पृतनासु सासहिं यस्मिन् महीरुरुज्रयः।
सं धेनवो जायमाने अनोनवुर्द्यावः क्षामो अनोनवुः

अषाळ्हम् । उग्रम् । पृतनासु । ससहिम् । यस्मिन् । महीः । उरुऽज्रयः
सम् । धेनवः । जायमाने । अनोनवुः । द्यावः । क्षामः । अनोनवुः

जो इन्द्रदेव सेनाओंमें असह्य हैं, और प्रचण्ड हैं, जिनमें विशाल शरण मार्ग हैं, जिनके प्रकट होने पर वाणियें भली प्रकार स्तुति करती हैं, द्युलोक और पृथिवीलोक स्तुति करते हैं (उन इन्द्रकी तुम स्तुति करो) ॥ १९ ॥

यद् द्याव इन्द्र ते शतं शतं भूमीरुत स्युः।
न त्वा वज्रिन्त्सहस्रं सूर्या अनु न जातमष्ट रोदसी

यत् । द्यावः । इन्द्र । ते । शतम् । शतम् । भूमीः । उत । स्यु-रिति स्युः ।
न । त्वा । वज्रिन् । सहस्रम् । सूर्याः । अनु । न । जातम् । अष्ट । रोदसी इति ॥ २० ॥

हे भगवन् ! इन्द्र ! यदि सैंकड़ों द्युलोक और सैंकड़ों भूलोक हों वा सहस्रों सूर्य और द्यावापृथिवी होजावें तथापि आप प्रादुर्भूत हुए मात्रको भी वह नहीं पहुँच सकते ॥ २० ॥

आ पप्राथ महिना वृष्ण्या वृषन् विश्वा शविष्ठ शवसा

अस्माँ अव मघवन् गोमति व्रजे वज्रिं चित्राभिरूतिभिः ॥ २१ ॥

आ । पप्राथ । महिना । वृष्ण्या । वृषन् । विश्वा । शविष्ठ । शवसा ।

अस्मान् । अव । मघऽवन् । गोऽमति । व्रजे । वज्रिन् । चित्राभिः । ऊतिऽभिः ॥ २१ ॥

इति अष्टमेऽनुवाके द्वितीयं सूक्तम् ॥

हे वज्रिन् शविष्ठ मघवन् वर्षक इन्द्र ! हमारे गौओं वाले व्रज में अपना विचित्र रक्षक शक्तियोंसे हमारी रक्षा करिये और अपनी महिमासे हमको बलपूर्वक बढ़ाइये ॥ २१ ॥

अष्टम अनुवाकमें द्वितीय सूक्त समाप्त (७०८)

दशरात्रे दशमेऽहनि "उत् त्वा मन्दन्तु" इति आज्यस्तोत्रियो भवति । तद् उक्तं वैताने । "उत् त्वा मन्दन्त्वित्याज्यस्तोत्रियः" इति [वै० ६. ३] ॥

तथा श्येनसंदंशाजिरवज्रेषु एकाहेषु "सुरूपकृत्नुमूतये" [२०. ५७] "उत् त्वा मन्दन्तु स्तोमाः" [२०, ६२] "त्वामिद्धि हवामहे" [२०. ६८] इत्याद्यावाज्यस्तोत्रियौ विकल्पितौ भवतः । तृतीयः पृष्ठस्तोत्रियो भवति । तद् उक्तं वैताने । "श्येनसंदंशाजिरवज्रेषु सुरूपकृत्नुमूतय उत् त्वा मन्दन्तुस्तोमास्त्वामिद्धि हवामह इति" इति [वै० ८. १] ॥

महाव्रते प्रातःसवने "ईङ्खयन्तीरपस्युवः" [२०. ६३. ४] इति पञ्चर्चं सूक्तम् आवापस्थाने आवपते । तद् उक्तं वैताने । "ईङ्खयन्तीरपस्युव इत्यावपते" इति [वै० ६. ४] ॥

दशरात्रके दशम दिनमें "उत् त्वा मदन्तु" यह आज्यस्तोत्रिय होता है। इसी बातको वैतानसूत्रमें कहा है, कि—"उत् त्वा मदन्त्वित्याज्यस्तोत्रियः" (वैतानसूत्र ६ । ३) ॥

तथा श्येनसंदंशाजिरवज्र एकाहोंमें "सुरूपकृत्नुमूतये" (२० । ५७) "उत् त्वा मन्दन्तु स्तोमाः" (२० । ६३ ।) "त्वामिद्धि हवामहे" (२० । ६८) ये विकल्पित आज्यस्तोत्रिय होते हैं। तृतीय पृष्ठस्तोत्रिय होता है, इसी बातको वैतानसूत्रमें कहा है, कि—"श्येनसंदंशाजिरवज्रेषु सुरूपकृत्नुमूतय उत् त्वा मन्दन्तु स्तोमास्त्वमिद्धि हवामहे" (वैतानसूत्र ८ । १) ॥

महाव्रतके प्रातःसवनमें "ईङ्खयन्तीरपस्युवः" (२० । ६३।४) इस पञ्चर्च सूक्तको आवापस्थानमें पढ़ा जाता है। इसी बातको वैतानसूत्रमें कहा है, कि—"ईङ्खयन्तीरपस्युव इत्यावपते" (वैतानसूत्र ६ । ४) ॥

उत् त्वा मन्दन्तु स्तोमाः कृणुष्व राधो अद्रिवः। अव ब्रह्मद्विषो जहि ॥ १ ॥

उत् । त्वा । मन्दन्तु । स्तोमाः । कृणुष्व । राधः । अद्रिऽवः ॥ अव । ब्रह्मऽद्विषः । जहि ॥ १ ॥

हे वज्रधारिन् इन्द्र ! यह स्तोत्र आपको आनन्द देवें, आप हमें धन प्रदान करिये और ब्रह्मद्वेषियोंका संहार करिये ॥१॥

पदा पणीँरराधसो नि बाधस्व महाँ असि। नहि त्वा कश्चन प्रति ॥ २ ॥

पदा । पणीन् । अराधसः । नि । बाधस्व । महान् । असि ॥ नहि । त्वा । कः । चन । प्रति ॥ २ ॥

आप पणि नामक असुरोंको निर्धन करके उनका संहार करिये, क्योंकि-आप महान् हैं, आपसे टक्कर लेने वाला कोई नहीं है २

त्वमीशिषे सुतानामिन्द्र त्वमसुतानाम् । त्वं राजा जनानाम् ॥ ३ ॥

त्वम् । ईशिषे । सुतानाम् । इन्द्र । त्वम् । असुतानाम् ॥ त्वम् । राजा । जनानाम् ॥ ३ ॥

हे इन्द्रदेव ! आप अभिषुत और अनभिषुत (निचोड़े और न निचोड़े हुए) सोमोंके ईश्वर हैं और जनोंके ईश्वर हैं ॥३॥

ईङ्खयन्तीरपस्युव इन्द्रं जातमुपासते । भेजानासः सुवीर्यम् ॥ ४ ॥

ईङ्खयन्तीः । अपस्युवः । इन्द्रम् । जातम् । उप । आसते ॥ भेजानासः । सुऽवीर्यम् ॥ ४ ॥

सुन्दर शक्तिका सेवन करती हुई जल चाहती हुई सोमात्मक औषधियें प्रकट होते ही इन्द्रकी उपासना करने लगती हैं ॥४॥

त्वमिन्द्र बलादधि सहसो जात ओजसः । त्वं वृषन् वृषेदसि ॥ ५ ॥

त्वम् । इन्द्र । बलात् । अधि । सहसः । जातः । ओजसः ॥ त्वम् । वृषन् । वृषा । इत् । असि ५ ॥

तथा पृष्ठ्यषडहस्य तृतीयेहनि अस्य विनियोगः "इन्द्रेण सं हि दृक्षसे" [२०. ४०] इत्यनेन सह उक्तः ॥

तथा द्वादशाहस्य च्छन्दोमत्र्यहस्य प्रथमान्त्ययोरह्नोः "त्वं न इन्द्रा भर" [२०. १०८] "य एक इद्ध विदयते" [२०. ६३. ४] एतौ उक्थस्तोत्रियौ यथाक्रमं भवतः। तद्ध उक्तं वैताने। "द्वादशाहस्य च्छन्दोमप्रथमान्त्ययोस्त्वं न इन्द्रा भर य एक इद्ध विदयत इति" इति [वै० ८. ४]॥

वज्र और पुनःस्तोम नामक एकाहोंमें "त्वं न इन्द्रा भर" यह उक्थस्तोत्रिय होता है। इसी बातको वैतानसूत्रमें कहा है, कि—"वज्रे पुनःस्तोमे त्वं न इन्द्रा भरेति" (वैतानसूत्र ८। १)॥

तथा पवित्र आदि राजसूय एकाहोंमें इसका विनियोग "अधा हीन्द्र गिर्वणः" (२० । १००) के साथ कह दिया है।

तथा तीन दिनमें होने वाले वैदस्वरसाम्नोंमें प्रथम दिन यह उक्थस्तोत्रिय होता है, इसी बातको वैतानसूत्रमें कहा है, कि—"वैदस्वरसाम्नोस्त्वं न इन्द्रा भरेति" (वैतानसूत्र ८ । ३)॥

तथा चतुरहोंके तीसरे दिनोंमें इसका विनियोग "आयन्त इव सूर्यम्" (२० । ५८) के साथ कह दिया है।

तथा अभ्यासङ्ग्य पञ्चशारदीय पञ्चाहोंके द्वितीय दिनोंमें यह उक्थस्तोत्रिय होता है। इसी बातको वैतानसूत्रमें कहा है, कि—"अभ्यासङ्ग्यपञ्चशारदीययोर्द्वितीये त्वं न इन्द्रा भरेति" (वैतानसूत्र ८ । ३)॥

तथा अभिप्लवके आयु नामक दिनमें यह उक्थस्तोत्रिय होता है। इसी बातको वैतानसूत्रमें कहा है, कि—"आयुषि त्वं न इन्द्रा भरेति" (वैतानसूत्र ८ । ३)॥

तथा पृष्ठ्यषडहके तीसरे दिनमें इसका विनियोग "इन्द्रेण सं हि दृक्षसे" (२० । ४०) के साथ कह दिया है।

तथा द्वादशाह और छन्दोमत्र्यहके प्रथम और अन्तिम दिनों में "त्वं न इन्द्रा भर" (२० । १०८) "य एक इद्ध विदयते"

(२० । ६३ । ४) ये यथाक्रम उक्थस्तोत्रिय होते हैं। इसी बातको वैतानसूत्रमें कहा है, कि–"द्वादशाहस्य च्छन्दोमप्रथमान्त्ययोस्त्वं न इन्द्रा भर य एक इद् विदयत इति (वैतानसूत्र ८ । ४) ॥

त्वं न इन्द्रा भ॑र॒ ओजो॑ नृ॒म्णं श॑तक्रतो विचर्षणे।

आ वी॒रं पृ॑तना॒षह॑म् ॥ १ ॥

त्वम् । नः॒ । इ॒न्द्र॒ । आ । भ॒र॒ । ओजः॑ । नृ॒म्णम् । श॒त॒क्र॒तो॒ इति॑ शत॒ऽक्र॒तो । वि॒ऽच॒र्ष॒णे॒ ॥ आ । वी॒रम् । पृ॒त॒ना॒ऽसह॑म् ॥ १ ॥

हे विशेषरूपसे द्रष्टा शतक्रतु इन्द्र ! हममें धन और बलको स्थापित करिये और शत्रुओंकी सेनाओंका पराभव करने वाले वीर–पुत्र–को दीजिये ॥ १ ॥

त्वं हि नः॑ पि॒ता व॑सो॒ त्वं मा॒ता श॑तक्रतो ब॒भूवि॑थ।

अधा॑ ते सु॒म्नमी॑महे ॥ २ ॥

त्वम् । हि । नः॒ । पि॒ता । व॒सो॒ इति॑ । त्वम् । मा॒ता । श॒त॒क्र॒तो॒ इति॑ शत॒ऽक्र॒तो । ब॒भूवि॑थ ॥ अध॑ । ते॒ । सु॒म्नम् । ई॒म॒हे॒ ॥ २ ॥

हे शतक्रतो ! आप हमारे पिता हैं और हे वसो इन्द्र ! आप हमारी माता हैं, इसलिये हम आपसे सुखकी याचना करते हैं २

त्वां शु॑ष्मिन् पुरुहूत वाज॒यन्त॒मुप॑ ब्रुवे शतक्रतो।

स नो॑ रास्व सु॒वीर्य॑म् ॥ ३ ॥

त्वाम् । शु॒ष्मि॒न् । पु॒रु॒ऽहू॒त॒ । वा॒ज॒ऽयन्त॑म् । उप॑ । ब्रु॒वे॒ । श॒त॒क्र॒तो॒ इति॑ शत॒ऽक्र॒तो । सः । नः॒ । रा॒स्व॒ । सु॒ऽवीर्य॑म् ॥ ३ ॥

इति नवमेऽनुवाके द्वादशं सूक्तम् ॥

विषुवत् यज्ञके स्वादु मधुका स्तोत्र की वाणियें इस प्रकार पान करती हैं, कि-वह इन्द्रसे संयुक्त होकर रात्रियों तक इन्द्र को हर्षमें भरे रखती हैं, उसके अनन्तर हे यजमान! तू भी स्वराज्य पर शोभा पावेगा ॥ १ ॥

ता अस्य पृशनायुवः सोमं श्रीणन्ति पृश्नयः ।
प्रिया इन्द्रस्य धेनवो वज्रं हिन्वन्ति सायकं वस्वीरनु स्वराज्यम् ॥ २ ॥

ताः । अस्य । पृशनऽयुवः । सोमम् । श्रीणन्ति । पृश्नयः ।
प्रियाः । इन्द्रस्य । धेनवः । वज्रम् । हिन्वन्ति । सायकम् ।० २

वह पृशनयुव पृश्नियें इसके सोमको पका रही हैं, यह इन्द्रकी धेनुएँ इन्द्रके सायक और वज्रको प्रेरित करती हैं। इन रात्रियों के अनन्तर आप स्वराज्य पर आरूढ़ हूजिये ॥ २ ॥

ता अस्य नमसा सहः सपर्यन्ति प्रचेतसः ।
व्रतान्यस्य सश्चिरे पुरूणि पूर्वचित्तये वस्वीरनु स्वराज्यम् ॥ ३ ॥

ताः । अस्य । नमसा । सहः । सपर्यन्ति । प्रऽचेतसः ।
व्रतानि । अस्य । सश्चिरे । पुरूणि । पूर्वऽचित्तये । वस्वीः ।
अनु । स्वऽराज्यम् ॥ ३ ॥

इति नवमेनुवाके त्रयोदशं सूक्तम् ॥

वे प्रकृष्ट ज्ञान वाली वाणियें इस (इन्द्र) की हविके साथ

हे बलवन् शतक्रतो! मैं आप हविरूप अन्न चाहने वालेकी स्तुति करता हूँ, इस लिये आप सुन्दर वीरतासे सम्पन्न धन दीजिये ॥ ३ ॥

नवम अनुवाकमें द्वादश सूक्तसमाप्त (७२४)

साहस्राख्याश्चत्वार एकाहा ब्राह्मणपठिताः। तेषां प्रथमद्वितीययोः "स्वादोरित्था विषूवतः" इति पृष्ठस्तोत्रियो भवति। तदुक्तं वैताने। "साहस्राद्ययोः स्वादोरित्था विषूवत इति" इति [वै० ८. १] ॥

तथा अश्वमेधत्र्यहस्य द्वितीयेहनि अस्य विनियोगः "वाचमष्टापदीमहम्" [२०. ४२] इत्यनेन सह उक्तः ॥

साहस्र नामक चार एकाह ब्राह्मणमें पठित हैं। उनमेंसे पहिले दूसरेमेंसे "स्वादोरित्था विषूवतः" यह पृष्ठस्तोत्रिय होता है। इसी बातको वैतानसूत्रमें कहा है, कि—"साहस्राद्ययोः स्वादोरित्था विषूवतः" (वैतानसूत्र ८। १) ॥

तथा अश्वमेध त्र्यहके द्वितीय दिनमें इसका विनियोग "वाचमष्टापदीमहम्" (२०। ४२) के साथ कह दिया है।

स्वादोरित्था विषूवतो मध्वः पिबन्ति गौर्यः। या इन्द्रेण सयावरीर्वृष्णा मदन्ति शोभसे वस्वीरनु स्वराज्यम् ॥ १ ॥

स्वादोः। इत्था। विषुऽवतः। मध्वः। पिबन्ति। गौर्यः। याः। इन्द्रेण। सऽयावरीः। वृष्णा। मदन्ति। शोभसे। वस्वीः। अनु। स्वऽराज्यम् ॥ १ ॥

पूजा करती हैं, इस यजमानके बड़े २ व्रत इस पूर्वचित्ति इन्द्रमें संयुक्त होते हैं और यज्ञकी रात्रियोंके अनन्तर आप स्वराज्य पर आरूढ़ होंगे ॥ ३ ॥

नवम अनुवाकमें त्रयोदश सूक्त समाप्त (७२:१)

विराडादिषु सप्तस्वेकाहेषु "इन्द्राय मद्वने सुतम्" [२०.११०] "यत् सोममिन्द्र विष्णवि" [२०: १११] एतौ आज्योक्थस्तोत्रियौ भवतः। तद् उक्तं वैताने। "विराजि भूमिस्तोमे वनस्पतिसवे त्विष्यपचित्योरिन्द्राग्न्योः स्तोम इन्द्राग्न्योःकुलाय इन्द्राय मद्वने सुतं यत् सोममिन्द्र विष्णवीति" इति [वै० ८. २]॥

विराट् आदि सात एकाहोंमें "इन्द्राय मद्वने सुतम्" (२०।१००) "यत् सोममिन्द्र विष्णवि" (२० । १११) यह आज्योक्थस्तोत्रिय होते हैं। इसी बातको वैतानसूत्रमें कहा है, कि—"विराजि भूमिस्तोमे वनस्पतिसवे त्विष्यपचित्योरिन्द्राग्न्योः स्तोम इन्द्राग्न्यो कुलाय इन्द्राय मद्वने सुतं यत् सोममिन्द्र विष्णवि" (वैतानसूत्र ८ । २)॥

इन्द्राय मद्वने सुतं परि ष्टोभन्तु नो गिरः। अर्कमर्चन्तु कारवः ॥ १ ॥

इन्द्राय। मद्वने। सुतम्। परि। स्तोभन्तु। नः। गिरः॥ अर्कम्। अर्चन्तु। कारवः ॥ १ ॥

हमारे इस सेवनीय यज्ञमें अभिषुत सोमकी हमारी वाणियें स्तुति करें और स्तोता पूजनीय इन्द्रका पूजन करें ॥ १ ॥

यस्मिन् विश्वा अधि श्रियो रणन्ति सप्त संसदः। इन्द्रं सुते हवामहे ॥ २ ॥

यस्मिन् । विश्वाः । अधि । श्रियः । रणन्ति । सप्त । सम्ऽसदः ॥

इन्द्रम् । सुते । हवामहे ॥ २ ॥

सात संपत्तिरूपा सब सभाएँ जिनको प्राप्त होती हैं, उन इन्द्र-देवका हम सोमका अभिषव होने पर आह्वान करते हैं ॥ २ ॥

त्रिकंद्रुकेषु चेतनं देवासो यज्ञमंत्नत । तमिद् वर्धन्तु नो गिरः ॥ ३ ॥

त्रिऽकद्रुकेषु । चेतनम् । देवासः । यज्ञम् । अत्नत ॥ तम् । इत् । वर्धन्तु । नः । गिरः ॥ ३ ॥

इति नवमेनुवाके चतुर्दशं सूक्तम् ॥

त्रिकद्रुकोंने इस ज्ञानप्रद यज्ञको आरंभ किया था, उसको हमारी वाणियें बढ़ावें ॥ ३ ॥

नवम अनुवाकमें चतुर्दश सूक्त समाप्त (७२६)

"यत् सोममिन्द्र विष्णवि" इत्यस्य विनियोगः पूर्वसूक्तेन सह उक्तः ॥

तथा पवित्रादिषु राजसूयैकाहेषु चतुरहादिषु च अस्य विनियोगः "अधा हीन्द्र गिर्वणः" [२०, १००] इत्यनेन सह उक्तः ॥

तथा अभिप्लवस्य षष्ठमहः उक्थ्यसंस्थं चेद् भवति तदा "य एक इद् विदयते" [२०. ६३. ४] "यत् सोममिन्द्र विष्णवि" [२०. १११] एतौ उक्थस्तोत्रियौ विकल्पितौ भवतः। तद् उक्तं वैताने । "षष्ठमुक्थ्यं चेद् य एक इद् विदयते यत् सोममिन्द्र विष्णवीति" इति [वै० ८. ३] ॥

"यत् सोममिन्द्र विष्णवि" का विनियोग पहिले सूक्तके साथ कह दिया है ।

तथा पवित्र आदि राजसूय एकाहोंमें तथा चतुरह आदिमें भी इसका विनियोग "अधा हीन्द्र गिर्वणः" (२० । १००) के साथ कह दिया है ।

तथा अभिप्लवका छठा दिन यदि उक्थ्य-संस्थ होता है तो "य एक इद् विदयते" (२० । ६३ । ४) यत् सोममिन्द्र विष्णवि" (२० । १११) ये विकल्पित उक्थस्तोत्रिय होते हैं । इसी बातको वैतानसूत्रमें कहा है, कि—"षष्ठमुक्थ्यं चेत् य एक इद् विदयते यत् सोममिन्द्र विष्णवीति" (वैतानसूत्र ८ । ३)॥

यत् सोममिन्द्र विष्णवि यद्वा घ त्रित आप्त्ये । यद्वा मरुत्सु मन्दसे समिन्दुभिः ॥ १ ॥

यत् । सोमम् । इन्द्र । विष्णवि । यत् । वा । घ । त्रिते । आप्त्ये । यत् । वा । मरुत्ऽसु । मन्दसे । सम् । इन्दुऽभिः ॥ १ ॥

हे इन्द्र ! जो आप त्रितमें यज्ञमें वा आप्त्य तथा मरुत्में हर्ष में भरते हैं वह जलके साथके सोमसे ही हर्षमें भरते हैं ॥ १ ॥

यद्वा शक्र परावति समुद्रे अधि मन्दसे । अस्माकमित् सुते रणा समिन्दुभिः ॥ २॥

यत् । वा । शक्र । पराऽवति । समुद्रे । अधि । मन्दसे ॥ अस्माकम् । इत् । सुते । रण । सम् । इन्दुऽभिः ॥ २ ॥

हे इन्द्र ! जो आप बहुत दूरके समुद्रमें वा हमारे यज्ञमें हर्षित होते हैं वह जल मिले सोमसे ही होते हैं ॥ २ ॥

यद्वासि सुन्वतो वृधो यजमानस्य सत्पते । उक्थे वा
यस्य रण्यसि समिन्दुभिः ॥ ३ ॥

यत् । वा । असि । सुन्वतः । वृधः । यजमानस्य । सत्ऽपते ॥
उक्थे । वा । यस्य । रण्यसि । सम् । इन्दुऽभिः ॥ ३ ॥

इति नवमेनुवाके पंचदशं सूक्तम् ॥

हे सत्पते ! जो आप सोमाभिषव करने वाले यजमानके बढ़ाने वाले हैं, वा जिसके उक्थमें रमणीय होते हैं वह सोमसे ही होते हैं ॥ ३ ॥

नवम अनुवाकमें पन्द्रहवाँ सूक्त समाप्त (७२७)

विनुत्यभिभूत्यादिषु अष्टसु द्वन्द्वैकाहेषु "यदद्य कच्च वृत्रहन्" [२०. ११२] "उभयं शृणवच्च नः" [२०. ११३] एतौ आज्यपृष्ठस्तोत्रियौ भवतः । तद् उक्तं वैताने । "विनुत्यभिभूत्यो राशिमराशयोः शदोपशदयोः सम्राट्स्वराजोर्यदद्य कच्च वृत्रहन्नु-भयं शृणवच्च न इति" इति [वै० ८. २] ॥

विनुति अभिभूति आदि आठ द्वन्द्वैकाहोंमें "यदद्य कच्च वृत्र-हन्" (२० । ११२) "उभयं शृणवच्च नः" (२० । ११३) ये आज्यपृष्ठ स्तोत्रिय होते हैं । इसी बातको वैतानसूत्रमें कहा है, कि—"विनुत्यभिभूत्यो राशिमराशयोः शदोपशदयोः सम्राट्-स्वराजोर्यदद्य कच्च वृत्रहन्नुभयं शृणवच्च न इति" (वैतानसूत्र८।२)

यदद्य कच्च वृत्रहन्नुदगा अभि सूर्य । सर्वं तदिन्द्र ते
वशे ॥ १ ॥

यत् । अद्य । कत् । च । वृत्रऽहन् । उत्ऽअगाः । अभि । सूर्य ॥
सर्वम् । तत् । इन्द्र । ते । वशे ॥ १ ॥

हे मेघोंका संहार करने वाले वृत्रहन् सूर्यात्मक इन्द्र ! आप जब कभी उदय होते हैं, वह सब हे इन्द्रात्मक इन्द्र ! आपके वशमें है ॥ १ ॥

यद्वा प्रवृद्ध सत्पते न मरा इति मन्यसे । उतो तत् सत्यमित् तव ॥ २ ॥

यत् । वा । प्रऽवृद्ध । सत्ऽपते । न । मरै । इति । मन्यसे ॥ उतो इति । तत् । सत्यम् । इत् । तव ॥ २ ॥

अथवा हे सत्पते इन्द्र ! जब आप यह विचारते हैं, कि–यह न मरे वह आपका विचार सत्य ही होता है ॥ २ ॥

ये सोमासः परावति ये अर्वावति सुन्विरे । सर्वांस्ताँ इन्द्र गच्छसि ॥ ३ ॥

ये । सोमासः । पराऽवति । ये अर्वाऽवति । सुन्विरे ॥ सर्वान् । तान् । इन्द्र । गच्छसि ॥ ३ ॥

इति नवमेऽनुवाके षोडशं सूक्तम् ॥

जो सोम दूर वा पास पर निचोड़े जाते हैं, हे इन्द्र ! उन सबके पास आप प्राप्त होते हैं ॥ ३ ॥

नवम अनुवाकमें षोडश सूक्त समाप्त (७२८)

विनुत्यभिभूत्यादिषु "उभयं शृणवच्च नः" इत्यस्य विनियोगः पूर्वसूक्तेन सह उक्तः ॥

तथा त्रिवृदादिषु अस्य विनियोगः "वयमेनमिदा ह्यः" [२०. ६७] इत्यनेन सह उक्तः ॥

विनुति अभिभूति आदिमें इसका विनियोग पूर्वसूक्तके साथ कह दिया है।

तथा त्रिवृत् आदिमें इसका विनियोग "वयमेनमिदा ह्यः" (२०।६७) के साथ कह दिया है।

उभयं शृणवच्च न इन्द्रो अर्वागिदं वचः।
सत्राच्या मघवा सोमपीतये धिया शविष्ठ आ गमत्

उभयम्। शृणवत्। च। नः। इन्द्रः। अर्वाक्। इदम्। वचः।

सत्राच्या। मघऽवा। सोमऽपीतये। धिया। शविष्ठः। आ। गमत्

दोनों लोकोंमें हित करने वाले हमारे इस वचनको इन्द्रदेव अभिमुख होकर सुनें, कि–सत्यात्मिका बुद्धिसे बलवान् इन्द्रदेव सोमपान करनेके लिये आरहे हैं॥ १॥

तं हि स्वराजं वृषभं तमोजसे धिषणे निष्टतक्षतुः।
उतोपमानां प्रथमो नि षीदसि सोमकामं हि ते मनः

तम्। हि। स्वऽराजम्। वृषभम्। तम्। ओजसे। धिषणे इति।

निःऽततक्षतुः।

उत। उपऽमानाम्। प्रथमः। नि। सीदसि। सोमऽकामम्। हि। ते।

मनः॥ २॥

इति नवमेनुवाके सप्तदशं सूक्तम्॥

उन अपनी प्रभासे दमकने वाले, कामनाओंकी वर्षा करने वाले इन्द्रको बल पानेके लिये द्युलोक और पृथ्वीलोक तनू करते

हैं। तुम इनमेंसे उपमानाको प्रथम प्राप्त होते हो, तुम्हारा मन सोमकी इच्छा वाला है ॥ २ ॥

नवम अनुवाकमें सत्रहवाँ सूक्त समाप्त (७२९)

पवित्रादिषु राजसूयैकाहेषु "अभ्रातृव्यो अना त्वम्" इत्यस्य विनियोगः "अधा हीन्द्र गिर्वणः" [२०. १००] इत्यनेन सह उक्तः।

तथा अभिलवषडहस्य गवाख्येऽहनि "अभ्रातृव्यो अना त्वम्" इत्येष उक्थस्तोत्रियो भवति। तद् उक्तं वैताने। "षडहस्य गव्यभ्रातृव्यो अना त्वमिति" इति [वै० ८. ३] ॥

पवित्र आदि राजसूय एकाहोंमें "अभ्रातृव्यो अना त्वम्" इसका विनियोग "अधा हीन्द्र गिर्वणः" (२० । १००) के साथ कह दिया है।

तथा अभिलव षडहके गवाख्य दिनमें अभ्रातृव्यो अना त्वम्" यह उक्थस्तोत्रिय होता है। इसी बातको वैतानसूत्रमें कहा है, कि–"षडहस्य गव्यभ्रातृव्यो अना त्वमिति" (वैतानसूत्र ८ । ३) ॥

अभ्रातृव्यो अना त्वमनापिरिन्द्र जनुषा सनादसि।
युधेदापित्वमिच्छसे ॥ १ ॥

अभ्रातृव्यः। अना। त्वम्। अनापिः। इन्द्र। जनुषा। सनात्। असि ॥ युधा। इत्। आपिऽत्वम्। इच्छसे ॥ १ ॥

हे इन्द्र! आप शत्रुरहित हैं, अना और अनापि हैं, आप प्रकट होते ही संभक्ति करते हैं और युद्धमें आप आपित्वको चाहते हैं ॥ १ ॥

नकी रेवन्तं सख्याय विन्दसे पीयन्ति ते सुराश्वः।

यदा कृणोषि नदनुं समूहस्यादित् पितेव हूयसे २

नकिः। रेवन्तम्। सख्याय। विन्दसे। पीयन्ति। ते। सुराऽश्वः।

यदा। कृणोषि। नदनुम्। सम्। ऊहसि। आत्। इत्। पिताऽइव। हूयसे॥ २॥

इति नवमेऽनुवाके अष्टादशं सूक्तम्॥

आप धनवान्को मित्रताके लिये प्राप्त करते हैं। सुराशु आपको पुष्ट करते हैं, जब आप अपने समूहकी गर्जनाको करते हैं तब आप पिताकी समान बुलाये जाते हैं॥ २॥

नवम अनुवाकमें अठारहवाँ सूक्त समाप्त (७३०)

साद्यःक्राभिधानेषु एकाहेषु श्येनयागर्जितेषु "अहमिद्धि पितुष्परि" इत्याज्यस्तोत्रियो भवति। तदु उक्तं वैताने। "साद्यःक्रेषु श्येनवर्जम् अहमिद्धि पितुष्परीति च" इति [वै० ८. २]

श्येनयागरहित साद्यःक्राभिधान एकाहोंमें "अहमिद्धि पितुष्परि" यह आज्यस्तोत्रिय होता है। इसी बातको वैतानसूत्रमें कहा है, कि-"साद्यःक्रेषु श्येनवर्जम् अहमिद्धि पितुष्परीति च" (वैतानसूत्र (८। २)॥

अहमिद्धि पितुष्परि मेधामृतस्य जग्रभ। अहं सूर्य इवाजनि॥ १॥

अहम्। इत्। हि। पितुः। परि। मेधाम्। ऋतस्य। जग्रभ॥ अहम्। सूर्यःऽइव। अजनि॥ १॥

मैंने पिता ब्रह्माकी मेधाको भली प्रकार ग्रहण कर लिया है। और मैं सूर्यकी समान प्रकट हुआ हूँ॥ १॥

अहं प्रत्नेन मन्मना गिरः शुम्भामि कण्ववत्। येनेन्द्रः शुष्ममिद् दधे ॥ २ ॥

अहम्। प्रत्नेन। मन्मना। गिरः। शुम्भामि। कण्वऽवत् ॥ येन। इन्द्रः। शुष्मम्। इत्। दधे ॥ २ ॥

मैं प्राचीन मननीय स्तोत्रसे कण्व ऋषिकी समान वाणियों को अलंकृत करता हूँ। इससे इन्द्रमें बलको स्थापित करता हूँ२

ये त्वामिन्द्र न तुष्टुवुर्ऋषयो ये च तुष्टुवुः। ममेद् वर्धस्व सुष्टुतः ॥ ३ ॥

ये। त्वाम्। इन्द्र। नः। तुस्तुवुः। ऋषयः। ये। च। तुस्तुवुः ॥ मम। इत्। वर्धस्व। सुऽस्तुतः ॥ ३ ॥

इति नवमेऽनुवाके एकोनविंशं सूक्तम् ॥

हे इन्द्र! जिन ऋषियोंने आपकी स्तुति की है वा जिन ऋषियों ने आपकी स्तुति न की हो, (उनकी ओर कुछ ध्यान न देकर) आप मुझसे ही भली प्रकार स्तुत होकर बढ़िये ॥ ३ ॥

नवम अनुवाकमें उन्नीसवाँ सूक्त समाप्त (७२१)

अतिरात्राणां सर्वस्तोमाख्ययोः "मा भूम निष्ट्या इव" [२०. ११६] "विधुं दद्राणं सलिलस्य पृष्ठे" [६. १५. ६] एतौ पृष्ठस्तोत्रियौ यथाक्रमं भवतः। तद्ध उक्तं वैताने। "अतिरात्राणां सर्वस्तोमयोर्मा भूम निष्ट्या इव विधुं दद्राणं सलिलस्य पृष्ठ इति" [वै० ८. २] ॥

तथा चतुरहाणां सर्वेष्वहःसु एतौ पृष्ठस्तोत्रियौ विकल्पितौ

भवतः । तद् उक्तं वैताने । "सर्वेषु मा भूम निष्ट्या इव विधुं दद्राणं सलिलस्य पृष्ठ इति" इति [वै० ८. ३] ॥

अतिरात्रोंको सर्वस्तोमाख्योंमें "मा भूम निष्ट्या इव" (२० । ११६) "विधुं दद्राणं सलिलस्य पृष्ठे" (९ । १५ । ९) ये यथाक्रम पृष्ठस्तोत्रिय होते हैं । इसी बातको वैतानसूत्रमें कहा है, कि-"अतिरात्राणां सर्वस्तोमयोर्मा भूम निष्ट्या इव विधुं दद्राणं सलिलस्य पृष्ठ इति" (वैतानसूत्र ८ । २) ॥

तथा चतुरहोंके सब दिनोंमें ये विकल्पित पृष्ठस्तोत्रिय होते हैं । इसी बातको वैतानसूत्रमें कहा है, कि-"सर्वेषु मा भूम निष्ट्या इव विधुं दद्राणं सलिलस्य पृष्ठ इति" (वैतानसूत्र ८ । ३) ॥

मा भूम निष्ट्या इवेन्द्र त्वदरणा इव ।
वनानि न प्रजहितान्यद्रिवो दुरोषासो अमन्महि १

मा । भूम । निष्ट्याःऽइव । इन्द्र । त्वत् । अरणाःऽइव ।
वनानि । न । प्रऽजहितानि । अद्रिऽवः । दुरोषासः । अमन्महि १

हम आपसे उऋण न होनेके कारण दुष्ट शत्रुसे न होवें, हम आपकी त्यागने योग्य वस्तुओंको दुष्ट पाक (दावानल) से संपन्न वनोंकी समान मानें ॥ १ ॥

अमन्महीदनाशवोनुग्रासश्च वृत्रहन् ।
सकृत् सु ते महता शूर राधसानु स्तोमं मुदीमहि २

अमन्महि । इत् । अनाशवः । अनुग्रासः । च । वृत्रऽहन् ।
सकृत् । सु । ते । महता । शूर । राधसा । अनु । स्तोमम् ।
मुदीमहि ॥ २ ॥

इति नवमेनुवाके विंशं सूक्तम् ॥

हे वृत्रहन् ! हम अपनेको आपसे नाशरहित † और अनुग्र समझें हे शूर ! हम आपकी एक वारकी ही ऋद्धिसे स्तोम करने पर आनन्द पावें ॥ २ ॥

नवम अनुवाकमें बीसवाँ सूक्त समाप्त (७३२)

त्रिवृदादिषु "पिबा सोममिन्द्र मन्दतु त्वा" इत्यस्य विनियोगः "वयमेनमिदा ह्यः" [२०. ९७] इत्यनेन सह उक्तः ॥ तथा तनूपृष्ठे षडहे अस्य विनियोगः "यद्द्याव इन्द्र ते शतम्" [२०. ८१] इत्यनेन सह उक्तः ॥

त्रिवृत् आदिमें "पिबा सोममिन्द्र मन्दतु त्वा" का विनियोग "वयमेनमिदा ह्यः" (२० । ९७) के साथ कह दिया है ।

तथा तनूपृष्ठ षडहमें इसका विनियोग "यद्द्याव इन्द्र ते शतम्" (२० । ८१) के साथ कह दिया है ।

पिबा सोममिन्द्र मन्दतु त्वा यं ते सुषाव हर्यश्वाद्रिः सोतुर्बाहुभ्यां सुयतो नार्वा ॥ १ ॥

पिब । सोमम् । इन्द्र । मन्दतु । त्वा । यम् । ते । सुसाव ।

हरिऽअश्व । अद्रिः ।

सोतुः । बाहुऽभ्याम् । सुऽयतः । न । अर्वा ॥ १ ॥

हे इन्द्र ! आप सोमका पान करिये, हे हर्यश्व ! जिसको पत्थरने निचोड़ा है वह सोम आपको हर्ष प्रदान करे । सधे हुए घोड़ेकी समान यह पत्थर अभिषव करने वालेके हाथमें रहा था

यस्ते मदो युज्यश्चारुरस्ति येन वृत्राणि हर्यश्व हंसि स त्वामिन्द्र प्रभूवसो ममत्तु ॥ २ ॥

यः । ते । मदः । युज्यः । चारुः । अस्ति । येन । वृत्राणि ।

हरिऽअश्व । हंसि ।

सः । त्वाम् । इन्द्र । प्रभुवसो इति प्रभुऽवसो । ममत्तु ॥ २ ॥

हे हरि नामक घोड़ों वाले इन्द्र ! जो आपका मद युज्य और चारु है और जिससे आप आवरक मेघोंको विदीर्ण करते हैं। हे प्रभूवसो इन्द्र ! वह आपको हर्ष देय ॥ २ ॥

बोधा सु मे मघवन् वाचमेमां यां ते वसिष्ठो अर्चति

प्रशस्तिम् ।

इमा ब्रह्म सधमादे जुषस्व ॥ ३ ॥

बोध । सु । मे । मघऽवन् । वाचम् । आ । इमाम् । याम् । ते ।

वसिष्ठः । अर्चति । प्रऽशस्तिम् ।

इमा । ब्रह्म । सधऽमादे । जुषस्व ॥ ३ ॥

इति नवमेनुवाके एकविंशं सूक्तम् ॥

हे धनवान् इन्द्र ! आप मेरी इस वाणीको भली प्रकार जानिये कि-जिस प्रशस्तिकी वशिष्ठ पूजा करते हैं और इन मन्त्रसमूह का आप यज्ञमें सेवन करिये ॥ ३ ॥

नवम अनुवाकमें इक्कीसवाँ सूक्त समाप्त (७३३)

चातुर्मास्यवैश्वदेवादीनां सप्तानां त्र्यहाणां प्रथमेष्वहःसु "शग्ध्यू षु शचीपते" इत्येष पृष्ठस्तोत्रियो भवति। तद् उक्तं वैताने। "चातुर्मास्यवैश्वदेवगर्गवैदच्छन्दोमवत्पराकान्तर्वस्वश्वमेधत्र्यहाणां शग्ध्यू षु शचीपत इति" इति [वै० ८. ३] ॥

तथा त्रिककुद्दशाहाहीने अस्य विनियोगः "क ईं वेद सुते सचा" [२०, ५३] इत्यनेन सह उक्तः ॥

साकमेधत्र्यहस्य प्रथमेहनि "इन्द्रमिद् देवतातये" [२०.११८.३] इत्येष पृष्ठस्तोत्रियो भवति । तद् उक्तं वैताने । 'साकमेधस्येन्द्रमिद्द देवतातय इति" इति [वै० ८. ३] ॥

चातुर्मास्य वैश्वदेव आदि सात त्र्यहोंके प्रथम दिनोंमें "शग्ध्यू षु शचीपते" यह पृष्ठस्तोत्रिय होता है । इसी बातको वैतानसूत्र में कहा है, कि—"चातुर्मास्यवैश्वदेवगर्गवैदच्छन्दोमवत्पराकान्तर्वस्वश्वमेधत्र्यहाणां शग्ध्यू षु शचीपते" (वैतानसूत्र ८ । ३) ॥

तथा त्रिककुद्दशाहाहीनमें इसका विनियोग "क ईं वेद सुते सचा" (२० । ५३) के साथ कह दिया है ।

साकमेध त्र्यहके प्रथमदिन "इन्द्रमिद्तातये" (२० ।११८। ३) यह पृष्ठस्तोत्रिय होता है । इसी बातको वैतानसूत्रमें कहा है, है, कि—"साकमेधस्येन्द्रमिद् देवतातये"(वैतानसूत्र ८ । ३)॥

शग्ध्यू३ षु शचीपत इन्द्र विश्वाभिरूतिभिः ।
भगं न हि त्वा यशसं वसुविदमनु शूर चरामसि १

शग्धि । ऊं इति । सु । शचीऽपते । इन्द्र । विश्वाभिः । ऊतिऽभिः भगम् । न । हि । त्वा । यशसम् । वसुऽविदम् । अनु । शूर । चरामसि ॥ १ ॥

हे इन्द्रदेव ! मैं आपसे प्रार्थना करता हूँ, कि—आपकी सकल रक्षक शक्तियोंके द्वारा आपसे भाग्य और यश पानेके लिये हम आप धनलंभकके अनुकूल चलें ॥ १ ॥

पौरो अश्वस्य पुरुकृद् गवामस्युत्सो देव हिरण्ययः ।

नकिर्हि दानं परिमर्धिषत् त्वे यद्यद्यामि तदा भर २

पौरः । अश्वस्य । पुरुऽकृत् । गवाम् । असि । उत्सः । देव ।

हिरण्ययः ।

नकिः । हि । दानम् । परिऽमर्धिषत् । त्वे इति । यत्ऽयत् । यामि ।

तत् । आ । भर ॥ २ ॥

आप धन आदिको प्रचुर करने वाले हैं, पुरवासियोंके लिये अश्वरूप हैं अर्थात् उनको गन्तव्य स्थान पर पहुँचाने वाले हैं, आप गौओंको बहुत करने वाले हैं, उत्सदेव और हिरण्मय हैं, आपकी दानकी कोई हिंसा नहीं कर सकता । मैं जिस २ वस्तु की इच्छासे आपकी शरणमें प्राप्त हुआ हूँ. उस २ वस्तुको आप मुझमें भरिये ॥ २ ॥

इन्द्रमिद् देवतातय इन्द्रं प्रयत्यध्वरे ।

इन्द्रं समीके वनिनो हवामह इन्द्रं धनस्य सातये ३

इन्द्रम् । इत् । देवऽतातये । इन्द्रम् । प्रऽयति । अध्वरे ।

इन्द्रम् । सम्ऽईके । वनिनः । हवामहे । इन्द्रम् । धनस्य । सातये ३

हम यज्ञके लिये प्रयत् यज्ञमें इन्द्रका आह्वान करते हैं, इन्द्र की सेवा करने वाले हम युद्धके अवसर पर धनकी प्राप्तिके लिये इंद्रका आह्वान करते हैं ॥ ३ ॥

इन्द्रो मह्ना रोदसी पप्रथच्छव इन्द्रः सूर्यमरोचयत् ।

इन्द्रे ह विश्वा भुवनानि येमिर इन्द्रे सुवानास इन्दवः ४

इन्द्रे । मह्ना । रोदसी इति । पप्रथत् । शवः । इन्द्रः । सूर्यम् । अरोचयत् ।

इन्द्रे । ह । विश्वा । भुवनानि । येमिरे । इन्द्रे । सुवानासः । इन्दवः

इति नवमेऽनुवाके द्वाविंशं सूक्तम् ॥

इन्द्रदेवने अपनी महिमासे द्यावापृथिवीका विस्तार किया है, इन्द्रात्मक बलसे सूर्यको दमका रक्खा है। सकल भुवन इन्द्रमें ही आश्रित होते हैं, और इन्द्रके लिये सोम अभिषुत होते हैं ॥४॥

नवम अनुवाकमें बाईसवाँ सूक्त समाप्त (७३४)

वैश्वदेवादिव्यहेषु "अस्तावि मन्म पूर्व्यम्" इत्यस्य विनियोगः "तमिन्द्रं वाजयामसि" [२०. ४७] इत्यनेन सह उक्तः ॥

वैश्वदेव आदि व्यहोंमें "अस्तावि मन्म पूर्व्यम्" का विनियोग "तमिन्द्रं वाजयामसि" (२०।४७) के साथ कह दिया है।

अस्तावि मन्म पूर्व्यं ब्रह्मेन्द्राय वोचत ।

पूर्वीर्ऋतस्य बृहतीरनूषत स्तोतुर्मेधा असृक्षत ॥१॥

अस्तावि । मन्म । पूर्व्यम् । ब्रह्म । इन्द्राय । वोचत ।

पूर्वीः । ऋतस्य । बृहतीः । अनूषत । स्तोतुः । मेधाः । असृक्षत १

मैं मननीय प्राचीन स्तोत्रसे इन्द्रकी स्तुति कर चुका हूँ अब हे ऋत्विजों ! तुम इन्द्रके लिये मन्त्रका उच्चारण करो, तुम इन्द्रकी यज्ञकी प्राचीन कालोंकी बड़ी २ ऋचाओंसे स्तुति करो, स्तुति करने वालों की बुद्धि ऋचाओंसे संयुक्त होगई ॥ १ ॥

तुरण्यवो मधुमन्तं घृतश्चुतं विप्रासो अर्कमानृचुः ।

अस्मे रयिः पप्रथे वृष्ण्यं शवोऽस्मे सुवानास इन्दवः २

तुरण्यवः । मधुऽमन्तम् । घृतऽश्चुतम् । विप्रासः । अर्कम् । आनृचुः ।

अस्मे इति । रयिः । पप्रथे । वृष्ण्यम् । शवः । अस्मे इति ।

सुवानासः । इन्दवः ॥ २ ॥

इति नवमेऽनुवाके त्रयोविंशं सूक्तम् ॥

शीघ्रता करने वाले विप्र मधुमय घृतस्रावि पूजक (मन्त्र) की प्रशंसा करते हैं, इस यजमानके लिये धन विस्तृत होता है और वर्षक बल इसको प्राप्त होता है, और इन इन्द्रदेवके लिये सोम अभिषुत होते हैं ॥ २ ॥

नवम अनुवाकमें तेईसवाँ सूक्त समाप्त (७३५)

दशाहस्य गवामयनिकस्य अष्टमेहनि "यदिन्द्र प्रागपागुदक्" इत्येष उक्थस्तोत्रियो भवति। उक्तं वैताने। "दशाहस्याष्टमे यदिन्द्र प्रागपागुदगिति" इति [वै० ८. ४]॥

तथा त्रिककुद्दशाहाहीने अस्य विनियोगः "क ईं वेद सुते सचा" [२०. ५३] इत्यनेन सह उक्तः ॥

दशाह गवामयनिकाको अष्टम दिनमें "यदिन्द्र प्रागपागुदक्" यह उक्थस्तोत्रिय होता है। इसी बातको वैतानसूत्रमें कहा है, कि—"दशाहस्याष्टमे यदिन्द्र प्रागपागुदमिति" (वैतानसूत्र ८।४)॥

तथा त्रिककुद्दशाहाहीनमें इसका विनियोग "क ईं वेद सुते सचा" (२०।५३) के साथ कह दिया है।

यदिन्द्र प्रागपागुदङ्न्यग्वा हूयसे नृभिः ।
सिमा पुरू नृषूतो अस्यानवेसि प्रशर्ध तुर्वशे ॥ १ ॥

यत् । इन्द्र । प्राक् । अपाक् । उदक् । न्यक् । वा । हूयसे । नृऽभिः ।

सिम । पुरु । नृऽसूतः । असि । आनवे । असि । प्रऽशर्ध । तुर्वशे

हे इन्द्रदेव ! आप पूर्व पश्चिम उत्तर दक्षिण जिस ओरसे भी मनुष्योंसे बुलाये जाते हैं हे सर्व ! हे मरुद्रूपसे शत्रुओंका संहार करने वाले ! आप इस मनुष्यमें आनुके लिये हैं ॥ १॥

यद्वा रुमे रुशमे श्यावके कृप इन्द्र मादयसे सचा।

कण्वासस्त्वा ब्रह्मभिः स्तोमवाहस इन्द्रा यच्छन्त्या गहि

यत् । वा । रुमे । रुशमे । श्यावके । कृपे । इन्द्र । मादयसे । सचा।

कण्वासः । त्वा । ब्रह्मऽभिः । स्तोमऽवाहसः । इन्द्र । आ । यच्छन्ति ।

आ । गहि ॥ २ ॥

इति नवमेनुवाके चतुर्विंशं सूक्तम् ॥

हे समर्थ इन्द्र ! आप रुम रुशम और श्यावकमें साथ ही साथ आनन्द उत्पन्न करते हैं। कण्वगोत्री स्तोमधारी ऋषि आपको (हवि) देते हैं आप आइये ॥ २ ॥

नवम अनुवाकमें चौबीसवाँ सूक्त समाप्त (७३६)

तनूपृष्ठे षडहे "अभि त्वा शूर नोनुमः" इत्यस्य विनियोगः "यद् द्याव इन्द्र ते शतम्" [२०. ८१] इत्यनेन सह उक्तः ॥

तनूपृष्ठ षडहमें "अभि त्वा शूर नोनुमः" का विनियोग "यद् द्याव इन्द्र ते शतम्" (२० । ८१) के साथ कह दिया है।

अभि त्वा शूर नोनुमोदुग्धा इव धेनवः ।

ईशानमस्य जगतः स्वर्दृशमीशानमिन्द्र तस्थुषः १

अभि । त्वा । शूर । नोनुमः । अदुग्धाःऽइव । धेनवः ।

ईशानम् । अस्य । जगतः । स्वःऽदृशम् । ईशानम् । इन्द्र । तस्थुषः

हे शूर ! विना दुही हुईं धेनुओंकी समान हम आपको प्रेरित करते हैं। आप इस चर जगत्के ईश्वर हैं। स्वर्गके द्रष्टा हैं और हे इन्द्र ! आप स्थावर जगत्के ईश्वर हैं ॥ १ ॥

न त्वावाँ अन्यो दिव्यो न पार्थिवो न जातो न जनिष्यते ।
अश्वायन्तो मघवन्निन्द्र वाजिनो गव्यन्तस्त्वा हवामहे ॥ २ ॥

न । त्वाऽवान् । अन्यः । दिव्यः । न । पार्थिवः । न । जातः । न । जनिष्यते ।
अश्वऽयन्तः । मघऽवन् । इन्द्र । वाजिनः । गव्यन्तः । त्वा । हवामहे ॥ २ ॥

इति नवमेनुवाके पञ्चविंशं सूक्तम् ॥

हे इन्द्र ! आपकी समान और कोई दिव्य पदार्थ नहीं है, और कोई पार्थिव प्राणी आप की समान नहीं है, न कोई हुआ है और न कोई होगा। हे मघवन् ! इन्द्र ! हम गौ अश्व और अन्नकी प्रार्थना करते हुए आपका आह्वान करते हैं ॥ २ ॥

नवम अनुवाकमें पच्चीसवाँ सूक्त समाप्त (७३७)

तनूपृष्ठे षडहे "रेवतीर्नः सधमादे" इत्यस्य विनियोगः "यद्द्याव इन्द्र ते शतम्" [२०. ८१] इत्यनेन सह उक्तः ॥

तनूपृष्ठ षडहमें "रेवतीर्नः सधमादे" का विनियोग "यद्द्याव इन्द्र ते शतम्" (२० । ८१) के साथ कह दिया है।

रेवतीर्नः सधमाद इन्द्रे सन्तु तुविवाजाः । क्षुमन्तो याभिर्मदेम ॥ १ ॥

रेवतीः । नः । सधऽमादे । इन्द्रे । सन्तु । तुविऽवाजाः ॥ क्षुऽमन्तः । याभिः । मदेम ॥ १ ॥

हमारे यज्ञमें इन्द्रके आने पर हम यज्ञान्न और साधारण अन्न की धनमयी वस्तुओंसे सम्पन्न होवें और उनसे हम आनन्द पावें १

आ घ त्वावान् त्मनाप्तः स्तोतृभ्यो धृष्णवियानः । ऋणोरक्षं न चक्र्योः ॥ २ ॥

आ । घ । त्वाऽवान् । त्मना । आप्तः । स्तोतृऽभ्यः । धृष्णो इति । इयानः ॥ ऋणोः । अक्षम् । न । चक्र्योः ॥ २ ॥

हे धृष्णो ! स्तोताओंकी कृपासे आपकी दयाको पाने वाला पुरुष गमनशील रथके दोनों चक्रोंमें रहने वाले अक्षकी समान आप्त होजाता है ॥ २ ॥

आ यद् दुवः शतक्रतवा कामं जरितॄणाम् । ऋणोरक्षं न शचीभिः ॥ ३ ॥

आ । यत् । दुवः । शतक्रतो इति शतऽक्रतो । आ । कामम् । जरितॄणाम् । ऋणोः । अक्षम् । न । शचीभिः ॥ ३ ॥

इति नवमेऽनुवाके षड्त्रिंशं सूक्तम् ॥

हे शतक्रतो इन्द्र ! आपकी सेवा करने वाला पुरुष आपकी

शक्तियोंको पाकर स्तोताओंकी कामनाओंको गमनशील रथके अश्वकी समान (पूर्ण करनेमें मुख्य) होता है ॥ ३ ॥

नवम अनुवाकमें छब्बीसवाँ सूक्त समाप्त (७३८)

विषुवति सौर्यपृष्ठे माध्यन्दिने "चित्रं देवानामुदगादनीकम्" [२०. १०७. १४] "तत् सूर्यस्य देवत्वं तन्महित्वम्" [२०. १२३] इति पृष्ठस्तोत्रियानुरूपौ भवतः। तद् उक्तं वैताने। "चित्रं देवानामुदगादनीकं तत् सूर्यस्य देवत्वं तन्महित्वम् इति पृष्ठस्तोत्रियानुरूपौ" इति [वै० ६. ३]॥

विषुवत् सौर्यपृष्ठ माध्यन्दिनमें "चित्रं देवानामुदगादनीकं" (२० । १०७ । १४) "तत् सूर्यस्य देवत्वम् तन्महित्वम्" (२० । १२३) यह पृष्ठस्तोत्रिय और अनुरूप होते हैं। इसी बातको वैतानसूत्रमें कहा है, कि-चित्रं देवानामुदगादनीकं तत् सूर्यस्य देवत्वं तन्महित्वं इति पृष्ठस्तोत्रियानुरूपौ" (वैतानसूत्र ६ । ३)

तत् सूर्यस्य देवत्वं तन्महित्वं मध्या कर्तोर्विततं सं जभार
यदेदयुक्त हरितः सधस्थादाद्रात्री वासस्तनुते सिमस्मै

तत् । सूर्यस्य । देवऽत्वम् । तत् । महिऽत्वम् । मध्या । कर्तोः । विऽतत-तम् । सम् । जभार ।

यदा । इत् । अयुक्त । हरितः । सधऽस्थात् । आत् । रात्री । वासः । तनुते । सिमस्मै ॥ १ ॥

यह सूर्यदेवका देवत्व और माहात्म्य है, कि-जब वह किरणों को अपनेमें अनुप्रवेश कराते हैं तो फैले हुए कामोंको बीचमें ही समेट लेते हैं, और तब इस भूलोकके लिये पृथ्वी अन्धकारको

चारों ओरसे समेट कर वस्त्ररूपमें अर्पण करती है (वह अन्धकार सूर्यसे नष्ट होता है अतः सूर्य महिमामय हैं) ॥ १ ॥

तन्मित्रस्य वरुणस्याभिचक्षे सूर्यो रूपं कृणुते द्योरुपस्थे । अनन्तमन्यद् रुशदस्य पाजः कृष्णमन्यद्धरितः सं भरन्ति ॥ २ ॥

तत् । मित्रस्य । वरुणस्य । अभिऽचक्षे । सूर्यः । रूपम् । कृणुते । द्योः । उपऽस्थे ।

अनन्तम् । अन्यत् । रुशत् । अस्य । पाजः । कृष्णम् । अन्यत् । हरितः । सम् । भरन्ति ॥ २ ॥

इति नवमेऽनुवाके सप्तविंशं सूक्तम् ॥

मैं मित्र और वरुण देवताके माहात्म्यका वर्णन करता हूँ, कि—सूर्यदेव द्युलोकमें अपना रूप करते हैं, इनका दमकता हुआ तेज अनन्त है, दूसरा वारुण तेज कृष्ण है उसको सूर्यकी किरणें भली प्रकार भरण करती हैं—खेंच कर लेजाती हैं ॥ २ ॥

नवम अनुवाकमें सत्ताईसवाँ सूक्त समाप्त (७३९)

तनूपृष्ठे षडहे "कया नश्चित्र आ भुवत्" इत्यस्य विनियोगः "यद्द्याव इन्द्र ते शतम्" [२०. ८१] इत्यनेन सह उक्तः ॥

तनूपृष्ठ षडहमें "कया नश्चित्र आभुवत्" का विनियोग "यद्द्याव इन्द्र ते शतम्" (२० । ८१) के साथ कह दिया है ।

कया नश्चित्र आ भुवदूती सदावृधः सखा । कया शचिष्ठया वृता ॥ १ ॥

कया । नः । चित्रः । आ । भुवत् । ऊती । सदाऽवृधः । सखा ॥

कया शचिष्ठया । वृता ॥ १ ॥

सदा वृद्धि करने वाले, चायनीय, सखा किस रक्षक शक्ति के द्वारा हमारी रक्षा करने वाले होंगे वह रक्षकत्ववृत्ति किस शक्तिमती धारणासे सम्पन्न होगी (सुखप्रदा धारणासे) ॥१॥

कस्त्वा सत्यो मदानां मंहिष्ठो मत्सदन्धसः । दृल्हा चिदारुजे वसु ॥ २ ॥

कः । त्वा । सत्यः । मदानाम् । मंहिष्ठः । मत्सत् । अन्धसः ॥

दृल्हा । चित् । आऽरुजे । वसु ॥ २ ॥

हे इन्द्र ! सोमरूप अन्नका कौन अंश जो कि—मदजनक हवियों में श्रेष्ठ है तुम्हें प्रसन्न करता है, कि—आप जिससे प्रसन्न होकर दृढ़तासे रहने वाले धनको भक्तोंको विभाग करके देते हो ॥२॥

अभी षु णः सखीनामविता जरितॄणाम् ॥ शतं भवास्यूतिभिः ॥ ३ ॥

अभि । सु । नः । सखीनाम् । अविता । जरितॄणाम् ॥ शतम् ।

भवासि । ऊतिऽभिः ॥ ३ ॥

हे इन्द्र ! मित्ररूप हम स्तोताओंके रक्षक आप रक्षा करनेके लिये भली प्रकार हमारे अभिमुख होकर सैंकड़ों वार (राम कृष्ण आदिके रूपमें) प्रकट होते हैं ॥ ३ ॥

इमा नु कं भुवना सीषधामेन्द्रश्च विश्वे च देवाः ।

य॒ज्ञं च॑ न॒स्त॒न्वं॑ च प्र॒जां चा॑दि॒त्यैरिन्द्रः॑ स॒ह ची॑क्लृपाति

इ॒मा। नु। क॒म्। भुव॑ना। सी॒स॒धा॒म॒। इन्द्रः॑। च॒। विश्वे॑। च॒। दे॒वाः।

य॒ज्ञम्। च॒। नः॒। त॒न्व॑म्। च॒। प्र॒ऽजाम्। च॒। आ॒दि॒त्यैः। इन्द्रः॑।

स॒ह। ची॒क्लृ॒पा॒ति॒॥ ४॥

इस रमणीय यज्ञको [सब प्रकट होने वाले ऋत्विज इन्द्र और सकल देवता (तथा हम) सिद्ध करें, आदित्यों सहित इन्द्रदेव हमारे यज्ञ शरीर और प्रजाको समर्थ रक्खें ॥ ४ ॥

आ॒दि॒त्यैरिन्द्रः॒ सग॑णो म॒रुद्भि॑र॒स्माकं॑ भू॒त्ववि॒ता त॒नू॒नाम्।

ह॒त्वाय॑ दे॒वा असु॑रा॒न् यदाय॑न् दे॒वा दे॑व॒त्वम॑भि॒रक्ष॑माणाः॥ ५॥

आ॒दि॒त्यैः। इन्द्रः॑। सऽग॑णः। म॒रुत्ऽभिः॑। अ॒स्माक॑म्। भू॒तु॒।

अ॒वि॒ता। त॒नूना॑म्।

ह॒त्वाय॑। दे॒वाः। असु॑रान्। यत्। आय॑न्। दे॒वाः। दे॒व॒ऽत्वम्।

अ॒भि॒ऽरक्ष॑माणाः॥ ५॥

जो देवता देवत्वकी रक्षा करनेके लिये असुरोंको मार कर देवत्वको अक्षुण्ण रख सके थे, उन आदित्य और मरुद्गणोंसे सम्पन्न इन्द्र हमारे शरीरके रक्षक बनें ॥ ५ ॥

प्र॒त्यञ्च॑म॒र्कम॑नय॒ञ्छची॑भि॒रादित् स्व॒धामि॑षि॒रां पर्य॑पश्यन्।

अ॒या वाजं॑ दे॒वहि॑तं सनेम॒ मदे॑म श॒तहि॑माः सु॒वीराः॑

प्रत्यञ्चम् । अर्कम् । अनयन् । शचीभिः । आत् । इत् । स्वधाम् ।

इषिराम् । परि । अपश्यन् ।

अया । वाजम् । देवऽहितम् । सनेम । मदेम । शतऽहिमाः ।

सुऽवीराः ॥ ६ ॥

इति नवमेनुवाके अष्टाविंशं सूक्तम् ॥

देवता शक्तियोंके द्वारा सूर्यको प्रत्येकके सन्मुख लाये हैं और फिर उन्होंने पृथ्वीको हविरूप अन्नसे सम्पन्न देखा है, इसी मायाके द्वारा हम देवताओंका हित करने वाले अन्नको पावें और सुन्दर वीरोंसे सम्पन्न रहकर सौ वर्ष तक जीवित रहें ३

नवम अनुवाकमें अट्ठाईसवाँ सूक्त समाप्त (७४०)

पृष्ठ्यस्य षष्ठेहनि "अपेन्द्र प्राचो मघवन्नमित्रान्" इति सुकीर्त्याख्यस्य सकलसूक्तस्य पच्छः शंसने प्राप्ते चतुर्थीम् अर्धर्चशः शंसति । तद् उक्तं वैताने । "अपेन्द्र प्राचो मघवन्नमित्रान् इति सुकीर्तिम् । चतुर्थीमर्धर्चशः" इति [वै० ६. २] ॥

सौत्रामण्यां गृहीतेष्वाज्येषु "कुविदङ्ग यवमन्तः" [२०.१२५.२] इति ऋचा पयोग्रहान् गृह्णन्तमध्वर्युम् अभिमन्त्रयते । तद् उक्तं वैताने । "गृहीतेष्वाज्येषु कुविदङ्ग यवमन्त इति पयोग्रहान् गृह्णन्तम्" इति [वै० ५. ३] ॥

तत्रैव वपामार्जनादनन्तरम् "युवं सुराममश्विना" [२. १२५. ४–७] इति चतसृभिर्ऋग्भिः पयःसुराग्रहाणां होमान् अनुमन्त्रयते । तद् उक्तं वैताने । "वपामार्जनाद् युवं सुराममश्विनेति चतसृभिः पयःसुराग्रहाणाम्" इति [वै० ५. ३] ॥

पृष्ठ्यके छठे दिन "अपेन्द्र प्राचो मघवन्नमित्रान्" इस सुकीर्ति नाम वाले सकल सूक्तके पद पद करके शंसनकी प्राप्ति होने पर

चतुर्थीको अर्धर्चरूपमें कहे। इसी बातको वैतानसूत्रमें कहा है, कि– "अपेन्द्र प्राचो मघवन्नमित्रान् इति सूक्तीर्तिम्। चतुर्थीमर्धर्चशः" (वैतानसूत्र ६ । २)॥

सौत्रामणिमें घृतके ग्रहण करने पर "कुविदंग यवमन्तः" (२० । १२५) ऋचासे पयोग्रहोंको पकड़ते हुए अध्वर्युको अभिमन्त्रित करे। इसी बातको वैतानसूत्रमें कहा है, कि— "गृहीतेष्वाज्येषु कुविदंग यवमन्त इति पयोग्रहान् गृह्णन्तम्" (वैतानसूत्र ५ । ३)॥

तहाँ ही वपामार्जनके अनन्तर "युवं सुराममश्विना" (२० । १२५ । ४–७) इन चार ऋचाओंसे पयःसुराग्रहके होमोंका अनुमन्त्रण करे। इसी बातको वैतानसूत्रमें कहा है, कि–"वपामार्जनाद् युवं सुराममश्विनेति चतसृभिः पयःसुराग्रहाणाम्" (वैतानसूत्र ५ । ३)॥

अपेन्द्र प्राचो मघवन्नमित्रानपापाचो अभिभूते नुदस्व
अपोदीचो अप शूराधराच उरौ यथा तव शर्मन् मदेम

अप । इन्द्र । प्राचः । मघऽवन् । अमित्रान् । अप । अपाचः । अभिऽभूते । नुदस्व ।
अप । उदीचः । अप । शूर । अधराचः । उरौ । यथा । तव । शर्मन् । मदेम ॥ १ ॥

हे इन्द्र! पूर्वकी ओरसे आप हमारे शत्रुओंको दूर करिये, हे अभिभूते! पश्चिमकी ओरसे आप हमारे शत्रुओंको पीड़ित करिये, हे शूर इन्द्र! उत्तर और दक्षिण दिशाकी ओरसे आप हमारे शत्रुओंको बाधा दीजिये। जिससे आपके दिये विशाल सुखमें हम आनन्द पा सकें॥ १॥

कुविदङ्ग यवमन्तो यवं चिद् यथा दान्त्यनुपूर्वं वियूय
इहेहैषां कृणुहि भोजनानि ये बर्हिषो नमोवृक्तिं न
जग्मुः ॥ २ ॥

कुवित् । अङ्ग । यवऽमन्तः । यवम् । चित् । यथा । दान्ति ।
अनुऽपूर्वम् । विऽयूय ।
इहऽइह । एषाम् । कृणुहि । भोजनानि । ये । बर्हिषः । नमःऽवृक्तिम् । न । जग्मुः ॥ २ ॥

हे अग्ने ! बहुतसे यव वाले पुरुष जैसे जौंको मिला कर आनुपूर्वक काटते हैं, इसी प्रकार जो कुशाएँ हविसे संपृक्त नहीं हुई हैं उनका आप भक्षण करिये ॥ २ ॥

नहि स्थूर्यृतुथा यातमस्ति नोत श्रवो विविदे संगमेषु
गव्यन्त इन्द्रं सख्याय विप्रा अश्वायन्तो वृषणं वाजयन्तः ॥ ३ ॥

नहि । स्थूरि । ऋतुऽथा । यातम् । अस्ति । न । उत । श्रवः ।
विविदे । सम्ऽगमेषु ।
गव्यन्तः । इन्द्रम् । सख्याय । विप्राः । अश्वऽयन्तः । वृषणम् ।
वाजयन्तः ॥ ३ ॥

ऋतुके अनुसार बहुतसा अन्न हमको नहीं मिला है, और युद्धोंमें भी हमको अन्न नहीं मिला है, इस लिये इन्द्रको मित्रके

लिये चाहते हुए विप्र, गौ अश्व और अन्नको चाहते हुए उन फलवर्षक इन्द्रकी प्रार्थना करते हैं ॥ ३ ॥

युवं सुराममश्विना नमुचावासुरे सचा ।
विपिपाना शुभस्पती इन्द्रं कर्मस्वावतम् ॥ ४ ॥

युवम् । सुरामम् । अश्विना । नमुचौ । आसुरे । सचा ।
विऽपिपाना । शुभः । पती इति । इन्द्रम् । कर्मऽसु । आवतम् ४

हे अश्विनीकुमारों ! अलंकारोंके देवता तुम दोनों नमुचिके साथ आसुर युद्ध होते समय सुन्दर रमणीय सोमका विशेषरूप से पान करके कर्मोंमें इन्द्रकी रक्षा करो ॥ ४ ॥

पुत्रमिव पितरावश्विनोभेन्द्रावथुः काव्यैर्दंसनाभिः ।
यत् सुरामं व्यपिबः शचीभिः सरस्वती त्वा मघवन्नभिष्णक् ॥ ५ ॥

पुत्रम्ऽइव । पितरौ । अश्विना । उभा । इन्द्र । आवथुः । काव्यैः । दंसनाभिः ।
यत् । सुऽरामम् । वि । अपिबः । शचीभिः । सरस्वती । त्वा । मघऽवन् । अभिष्णक् ॥ ५ ॥

दोनों अश्विनीकुमारोंने, माता पिताके पुत्रकी रक्षा करनेकी समान, अपनी चतुरता और शत्रुओंको काटनेकी युक्तियोंसे इंद्र की रक्षा की है, हे मघवन् ! जो आपने सुन्दर रमणीय सोमका पान किया है तो सरस्वती देवी अपनी शक्तियोंसे आपको स्नान करावे ॥ ५ ॥

इन्द्रः सुत्रामा स्ववाँ अवोभिः सुमृडीको भवतु विश्व-
वेदाः ।
बाधतां द्वेषो अभयं नः कृणोतु सुवीर्यस्य पतयः स्याम

इन्द्रः । सुऽत्रामा । स्वऽवान् । अवःऽभिः । सुऽमृडीकः । भवतु ।
विश्वऽवेदाः ।
बाधताम् । द्वेषः । अभयम् । नः । कृणोतु । सुवीर्यस्य । पतयः ।
स्याम ॥ ६ ॥

भली प्रकार रक्षा करने वाले धनी इन्द्र रक्षाओंके द्वारा हमको सुन्दर सुख प्रदान किया करें और यह बड़े भारी धनसे सम्पन्न इन्द्र हमारे शत्रुओंका संहार करें और हमको अभय भी देवें, और हम शोभन प्रभाव वाले धनके स्वामी होवें ॥ ६ ॥

स सुत्रामा स्ववाँ इन्द्रो अस्मदाराच्चिद् द्वेषः सनुत-
र्युयोतु ।
तस्य वयं सुमतौ यज्ञियस्यापि भद्रे सौमनसे स्याम

सः । सुऽत्रामा । स्वऽवान् । इन्द्रः । अस्मत् । आरात् । चित् । द्वेषः ।
सनुतः । युयोतु ।
तस्य । वयम् । सुऽमतौ । यज्ञियस्य । अपि । भद्रे । सौमनसे । स्याम ७

इति नवमेनुवाके एकोनत्रिंशं सूक्तम् ॥

भली प्रकार रक्षा करने वाले इन्द्र हमसे दूर ही हमारे शत्रुओं को तिरोहित कर डालें अलग २ कर डालें, हम यज्ञके पात्र उन

इन्द्रदेवकी अनुग्रहरूपा बुद्धिमें रहते हुए उनके कल्याणमय भाव को पाते रहें ॥ ७ ॥

नवम अनुवाकमें उन्तीसवाँ सूक्त समाप्त (५४१)

पृष्ठ्यस्य षष्ठेहनि "वि हि सोतोरसृक्षत" इति वृषाकप्याख्यं सूक्तं सूत्रोक्तधर्मकं शंसति । तद् उक्तं वैताने । "वि हि सोतोरसृक्षतेति वृषाकपिम्" इत्यादि [वै० ६. २] ॥

पृष्ठ्यके छठे दिन "वि हि सोतोरसृक्षत" यह वृषाकपि नामक सूक्त सूत्रमें कहे हुए धर्म वालेका गान करता है। इसी बातको वैतानसूत्रमें कहा है, कि—"वि हि सोतोरसृक्षतेति वृषाकपिम्" इत्यादि (वैतानसूत्र ६ । २) ॥

वि हि सोतोरसृक्षत नेन्द्रं देवममंसत ।

यत्रामदद् वृषाकपिरर्यः पुष्टेषु मत्सखा विश्वस्मादिन्द्र उत्तरः ॥ १ ॥

वि । हि । सोतोः । असृक्षत । न । इन्द्रम् । देवम् । अमंसत । यत्र । अमदत् । वृषाकपिः । अर्यः । पुष्टेषु । मत्ऽसखा । विश्वस्मात् । इन्द्रः । उत्ऽतरः ॥ १ ॥

अभिषव करने वालेसे अलग हुए (वृषाकपिने) इन्द्रको देवकी समान माना, ऐसे वृषाकपि देवता जो पुष्टोंमें स्वामी हैं, वह मेरे सखा हैं, इस कारण मैं इन्द्र सबसे श्रेष्ठ हूँ ॥ १ ॥

परा हीन्द्र धावसि वृषाकपेरति व्यथिः ।

नो अह प्र विन्दस्यन्यत्र सोमपीतये विश्वस्मादिन्द्र उत्तरः ॥ २ ॥

परा । हि । इन्द्र । धावसि । वृषाकपेः । अति । व्यथिः ।

नो इति । अह । प्र । विन्दसि । अन्यत्र । सोमऽपीतये ।० ॥२॥

हे इन्द्र ! आप शत्रुओंको व्यथा देने वाले हैं, आप वृषाकपि से भी अधिक दौड़ते हैं, सोमपानके अतिरिक्त अन्यस्थलमें आप किसीसे नहीं मिलते हैं, अत एव इन्द्रदेव सबसे श्रेष्ठ हैं ॥ २ ॥

किमयं त्वां वृषाकपिश्चकार हरितो मृगः ।

यस्मा इरस्यसीदु न्व१र्यो वा पुष्टिमद् वसु विश्वस्मा-

दिन्द्र उत्तरः ॥ ३ ॥

किम् । अयम् । त्वाम् । वृषाकपि । चकारः । हरितः । मृगः ।

यस्मै । इरस्यसि । इत् । ऊं इति । नु । अर्यः । वा । पुष्टिऽमत् ।

वसु ।० ॥ ३ ॥

क्या इन वृषाकपि (किरणोंसे कँपाने वाले देव) नेआपको हरित मृग बना दिया है, कि—जो आप स्वामी होने पर भी इन को पुष्टि-प्रद धन देते हैं, इन्द्रदेव सबसे श्रेष्ठ हैं ॥ ३ ॥

यमिमं त्वं वृषाकपिं प्रियमिन्द्राभिरक्षसि ।

श्वा न्वस्य जम्भिषदपि कर्णे वराहयुर्विश्वस्मादिन्द्र

उत्तरः ॥ ४ ॥

यम् । इमम् । त्वम् । वृषाकपिम् । प्रियम् । इन्द्र । अभिऽरक्षसि ।

श्वा । नु । अस्य । जम्भिषत् । अपि । कर्णे । वराहऽयुः ।० ४

हे इन्द्र ! जिन प्रिय वृषाकपिकी आप रक्षा करते हैं, क्या कुत्ता इनके सामने जँभाई लेता है और क्या कान पर वराहको चाहने वाला जँभाई लेता है ? इन्द्रदेव सबसे श्रेष्ठ हैं ॥ ४ ॥

प्रिया तष्टानि मे कपिर्व्यक्ता व्यदूदुषत् ।
शिरो न्वस्य राविषं न सुगं दुष्कृते भुवं विश्वस्मा-
दिन्द्र उत्तरः ॥ ५ ॥

प्रिया । तष्टानि । मे । कपिः । विऽअक्ता । वि । अदूदुषत् ।
शिरः । नु । अस्य । राविषम् । न । सुऽगम् । दुःऽकृते । भुवम् ।०

कपिने मेरे प्रियोंको तनू किया है, व्यक्ताने दूषित किया है, मैं इसके शिरको शब्दित करता हूँ, दुष्कृतमें प्रादुर्भाव सुगम नहीं होता है, इन्द्र सबसे श्रेष्ठ हैं ॥ ५ ॥

न मत्स्त्री सुभसत्तरा न सुयाशुतरा भुवत् ।
न मत् प्रतिच्यवीयसी न सक्थ्युद्यमीयसी विश्वस्मा-
दिन्द्र उत्तरः ॥ ६ ॥

न । मत् । स्त्री । सुभसत्ऽतरा । न । सुयाशुऽतरा । भुवत् ।
न । मत् । प्रतिऽच्यवीयसी । न । सक्थि । उत्ऽयमीयसी ।० ६

मेरी स्त्री सुभसत्तरा नहीं है, और सुयाशुतरा भी नहीं है, और प्रतिच्यवीयसी भी नहीं है । और सक्थियोंको उठाने वाली भी नहीं हैं, इन्द्रदेव सबसे श्रेष्ठ हैं ॥ ६ ॥

उवे अम्ब सुलाभिके यथेवाङ्ग भविष्यति ।

भसन्मे अम्ब सक्थि मे शिरो मे वीव हृष्यति विश्व-
स्मादिन्द्र उत्तरः ॥ ७ ॥

उवे । अम्ब । सुलाभिके । यथाऽइव । अङ्ग । भविष्यति ।
भसत् । मे । अम्ब । सक्थि । मे । शिरः । मे । विऽइव । हृष्यति ।०

हे उवे अम्ब सुलाभिके अंग ! जैसा होगा तैसा हो, हे अम्ब ! मेरी कटि मेरी सक्थि और मेरा शिर पक्षीकी समान प्रसन्न होरहा है, इन्द्रदेव सबसे श्रेष्ठ हैं ॥ ७ ॥

किं सुबाहो स्वङ्गुरे पृथुष्टो पृथुजाघने ।
किं शूरपत्नि नस्त्वमभ्यमीषि वृषाकपिं विश्वस्मादिन्द्र
उत्तरः ॥ ८ ॥

किम् । सुबाहो इति सुऽबाहो । सुऽअङ्गुरे । पृथुस्तो इति पृथु-
ऽस्तो । पृथुऽजघने ।
किम् । शूरऽपत्नि । नः । त्वम् । अभि । अमीषि । वृषाकपिम् ।०

हे सुन्दर भुजा वाली, हे सुन्दर अंगुलियों वाली, हे पृथु स्तु वाली, हे पृथु जघन वाली, हे शूरपत्नि ! क्या तू हमको वृषाकपिके अभिमुख मारती है, इन्द्र सबसे श्रेष्ठ हैं ॥ ८ ॥

अवीरामिव मामयं शरारुरभि मन्यते ।
उताहमस्मि वीरिणीन्द्रपत्नी मरुत्सखा विश्वस्मादिन्द्र
उत्तरः ॥ ९ ॥

अवीराम्ऽइव । माम् । अयम् । शरारुः । अभि । मन्यते ।

उत । अहम् । अस्मि । वीरिणी । इन्द्रऽपत्नी । मरुत्ऽसखा ।०

यह अपने शरीरको नष्ट करना चाहने वाला नहुष मुझे वीर (पति) से रहित मानता है, परन्तु मैं वीर पतिसे सम्पन्न हूँ, मेरे पति मरुत्सखा इन्द्र हैं, वह सबसे श्रेष्ठ हैं ॥ ९ ॥

संहोत्रं स्म पुरा नारी समनं वाव गच्छति ।

वेधा ऋतस्य वीरिणीन्द्रपत्नी महीयते विश्वस्मादिन्द्र उत्तरः ॥ १० ॥

सम्ऽहोत्रम् । स्म । पुरा । नारी । समनम् । वा । अव । गच्छति ।

वेधाः । ऋतस्य । वीरिणी । इन्द्रऽपत्नी । महीयते ।० ॥ १० ॥

पहिले स्त्री होत्ररूप होती है और वह यागमें पुरुषके साथ बैठती है, इस प्रकार वह यज्ञकी रचना करने वाली है, ऐसी वीरिणी इन्द्रपत्नी प्रशंसा पाती है, क्योंकि-इन्द्र सबसे श्रेष्ठ हैं१०

इन्द्राणीमासु नारिषु सुभगामहमश्रवम् ।

नह्यस्या अपरं चन जरसा मरते पतिर्विश्वस्मादिन्द्र उत्तरः ॥ ११ ॥

इन्द्राणीम् । आसु । नारिषु । सुऽभगाम् । अहम् । अश्रवम् ।

नहि । अस्याः । अपरम् । चन । जरसा । मरते । पतिः ।०

सब नारियोंमें मैं इन्द्राणीको ही सौभाग्यवती समझता हूँ, क्योंकि-इसका पति अन्य वर्षको प्राप्त होकर भी नहीं मरता है,

जैसे, कि--और प्राकृत नारियोंके पति मर जाते हैं और न इस का पति वृद्ध होता है। वह कौनसा पति है? उत्तर--जो सर्व-श्रेष्ठ इन्द्र हैं, वही इसके पति हैं ॥ ११ ॥

नाहमिन्द्राणि रारण सख्युर्वृषाकपेर्ऋते ।
यस्येदमप्यं हविः प्रियं देवेषु गच्छति विश्वस्मादिन्द्र उत्तरः ॥ १२ ॥

न । अहम् । इन्द्राणि । ररण । सख्युः । वृषाकपेः । ऋते । यस्य । इदम् । अप्यम् । हविः । प्रियम् । देवेषु । गच्छति ।०

इन्द्र कहते हैं, कि-हे इन्द्राणि! मैं अपने मित्र वृषाकपिको छोड़ कर अन्यत्र कहीं रमण नहीं करता हूँ, क्योंकि-इनकी हवि जलसे संस्कृत होती है, यह मुझे सब देवताओंमें प्रिय है, ऐसा मैं सब देवताओंमें श्रेष्ठ इन्द्र कहता हूँ ॥ १२ ॥

वृषाकपायि रेवति सुपुत्र आदु सुस्नुषे ।
घसत् त इन्द्र उक्षणः प्रियं काचित्करं हविर्विश्वस्मादिन्द्र उत्तरः । १३ ॥

वृषाकपायि । रेवति । सुऽपुत्रे । आत् । ऊं इति । सुऽस्नुषे । घसत् । ते इन्द्रः । उक्षणः । प्रियम् । काचित्ऽकरम् । हविः ।०

हे वृषाकपि सूर्यकी-पत्नी-विभूति वृषकपायि! हे धनवति! हे सुपुत्रे! हे माध्यमिका वाणीसे सुस्नुषे! तेरे इन माध्यमिक उक्ष अवश्यायसंस्त्यानोंको यह इन्द्र (सूर्य) पियें और तुम्हारी इष्ट सुखस्थान जलरूप हविको यह इन्द्र भक्षण करें, क्योंकि-इन्द्र सबसे श्रेष्ठ हैं ॥ १३ ॥

उक्षणो हि मे पञ्चदश साकं पचन्ति विंशतिम् ।
उताहमद्मि पीव इदुभा कुक्षी पृणन्ति मे विश्वस्मा-
दिन्द्र उत्तरः ॥ १४ ॥

उक्षणः । हि । मे । पञ्चऽदश । साकम् । पचन्ति । विंशतिम् ।
उत । अहम् । अद्मि । पीवः । इत् । उभा । कुक्षी इति । पृणन्ति । मे ।०

मुझ महान्‌के पन्द्रह साथमें बीसको पकाते हैं, मैं उनका भक्षण करता हूँ अतः मैं स्थूल हूँ, मेरी दोनों कोखें भरी हुई, इन्द्रदेव सबसे उत्तम हैं ॥ १४ ॥

वृषभो न तिग्मशृङ्गोन्तर्यूथेषु रोरुवत् ।
मन्थस्त इन्द्र शं हृदे यं ते सुनोति भावयुर्विश्वस्मा-
दिन्द्र उत्तरः ॥ १५ ॥

वृषभः । न । तिग्मऽशृङ्गः । अन्तः । यूथेषु । रोरुवत् ।
मन्थः । ते । इन्द्र । शम् । हृदे । यम् । ते । सुनोति । भावयुः ।०

तीखे सींग वाले वृषभके यूथमें बारम्बार शब्द करनेकी समान हे इन्द्र ! आपका मन्थ जिसके हृदयमें सुख प्रदान करता है, वह सुख पाने वाला होता है, क्योंकि—इन्द्र सबसे श्रेष्ठ हैं ॥ १५ ॥

न सेशे यस्य रम्बतेन्तरा सक्थ्या ३ कपृत् ।
सेदीशे यस्य रोमशं निषेदुषो विजृम्भते विश्वस्मा-
दिन्द्र उत्तरः ॥ १६ ॥

न । सः । ईशे । यस्य । रम्बते । अन्तरा । सक्थ्या । कपृत् ।

सः । इत् । ईशे । यस्य । रोमशम् । निऽसेदुषः । विऽजृम्भते ।०

जिसकी सक्थियोंके बीचमें कपृत् लटकता रहता है, वह ऐश्वर्य नहीं पाता है, और जिस बैठनेकी इच्छा वालेका रोमश जँभाई लेता है वह (उपभोग करनेमें) समर्थ होता है । इन्द्रदेव सबसे श्रेष्ठ हैं ॥ १६ ॥

न सेशे यस्य रोमशं निषेदुषो विजृम्भते ।
सेदीशे यस्य रम्बतेन्तरा सक्थ्या ३ कपृद् विश्वस्मा-
दिन्द्र उत्तरः ॥ १७ ॥

न । सः । ईशे । यस्य । रोमशम् । निऽसेदुषः । विऽजृम्भते ।

सः । इत् । ईशे । यस्य । रम्बते । अन्तरा । सक्थ्या । कपृत् ।०

जिस (आसन लगा कर) बैठने वाले (योगी) का रोमश विजृंभण करता है वह (योगसाधनमें) समर्थ नहीं होता और जिसका कपृत् सक्थियोंमें लटकता रहता है (वह योगसिद्धि में) समर्थ होता है इन्द्रदेव सबसे श्रेष्ठ हैं ॥ १७ ॥

अयमिन्द्र वृषाकपिः परस्वन्तं हतं विदत् ।
असिं सूनां नवं चरुमादेधस्यान आचितं विश्वस्मा-
दिन्द्र उत्तरः ॥ १८ ॥

अयम् । इन्द्र । वृषाकपिः । परस्वन्तम् । हतम् । विदत् ।

असिम् । सूनाम् । नवम् । चरुम् । आत् । एधस्य । अनः ।

आऽचितम् ।० ॥ १८ ॥

हे इन्द्र ! इन वृषाकपिने अपने नष्ट हुए अतः शत्रुधनको पाया था और एधकी तलवार, सूना, और आचित नवीन चरुको ग्रहण किया है । इन्द्रदेव सबसे श्रेष्ठ हैं ॥ १८ ॥

अयमेमि विचाकशद् विचिन्वन् दासमार्यम् ।

पिबामि पाकसुत्वनोभि धीरमचाकशं विश्वस्मादिन्द्र

उत्तरः ॥ १९ ॥

अयम् । एमि । विऽचाकशत् । विऽचिन्वन् । दासम् । आर्यम् ।

पिबामि । पाकऽसुत्वनः । अभि । धीरम् । अचाकशम् ।० १९

यह मैं कर्म करने वाले आर्यको ढूँढ़ता हुआ और दमकता हुआ आरहा हूँ, मैं प्रशस्यरूपसे निचोड़े हुए, धीरताप्रद सोमांश का पान कर रहा हूँ, इन्द्रदेव सबसे श्रेष्ठ हैं ॥ १९ ॥

धन्व च यत् कृन्तत्रं च कति स्वित् ता वि योजना

नेदीयसो वृषाकपेस्तमेहि गृहाँ उप विश्वस्मादिन्द्र

उत्तरः ॥ २० ॥

धन्व । च । यत् । कृन्तत्रम् । च । कति । स्वित् । ता । वि ।

योजना ।

नेदीयसः । वृषाकपे । अस्तम् । आ । इहि । गृहान् । उप ।०

जो मरुस्थल और अन्तरिक्ष है, उनका वियोजन कितना है,

हे वृषाकपे ! उस निकटतम स्थलसे आप घरको आइये, घरों के पास आइये, इन्द्रदेव सबसे श्रेष्ठ हैं ॥ २० ॥

पुनरेहि वृषाकपे सुविता कल्पयावहै ।
य एष स्वप्ननंशनोस्तमेषि पथा पुनर्विश्वस्मादिन्द्र उत्तरः ॥ २१ ॥

पुनः । आ । इहि । वृषाकपे । सुविता । कल्पयावहै ।
यः । एषः । स्वप्नऽनंशनः । अस्तम् । एषि । पथा । पुनः ।०

हे भगवन् वृषाकपे ! जो आप अपने उदयसे स्वप्नको नष्ट करने वाले हैं, वह आप मार्गसे फिर अस्तको प्राप्त होजाते हैं, जो आप सब जगत्से श्रेष्ठ हैं, वह आप फिर उदयको प्राप्त हूजिये, फिर हम शोभन अर्घके उद्देश्यसे जगत्के हितमें प्रवृत्त हुए शोभन कर्मोंकी कल्पना करें अर्थात उनको सगुण करें ॥ २१ ॥

यदुदञ्चो वृषाकपे गृहमिन्द्राजगन्तन ।
क्व १ स्य पुल्वघो मृगः कमगं जनयोपनो विश्वस्मादिन्द्र उत्तरः ॥ २२ ॥

यत् । उदञ्चः । वृषाकपे । गृहम् । इन्द्र । अजगन्तन ।
क्व । स्यः । पुल्वघः । मृगः । कम् । अगन् । जनऽयोपनः ।०

हे वृषाकपे इन्द्र (सूर्य) ! जब आप उत्तरमें रहते हुए भुवनों को प्रदक्षिण करते हुए गृहानुप्रवेशमें अन्तर्हित होते हैं, उससमय आपके घर आने पर-अस्त होने पर-लोक प्रकाशरहित होकर विस्मित होकर कहता है, कि-वह सब प्राणियोंमें रह कर बहुत

सा भक्षण करने वाले सूर्य कहाँ गए, वह जनमोहन सूर्य सबसे श्रेष्ठ हैं ॥ २२ ॥

पर्शुर्ह नाम मानवी साकं ससूव विंशतिम् ।
भद्रं भल त्यस्या अभूद् यस्या उदरमामयद् विश्वस्मादिन्द्र उत्तरः ॥ २३ ॥

पर्शुः । ह । नाम । मानवी । साकम् । ससूव । विंशतिम् ।
भद्रम् । भल । त्यस्यै । अभूत् । यस्याः । उदरम् । आमयत् ।
विश्वस्मात् । इन्द्रः । उत्ऽतरः ॥ २३ ॥

मानवी पर्शु प्रसिद्ध है उसने साथ ही साथ बीसको प्रकट किया हैं, उसके लिये भद्र हुआ, जिसका उदर रोगसहित था, इन्द्र सबसे श्रेष्ठ हैं ॥ २३ ॥

नवम अनुवाकमें तीसवाँ सूक्त समाप्त (३४२)

❁ अथ कुन्तापसूक्तानि ❁

पृष्ठ्यस्य षष्ठेहनि "इदं जना उपश्रुत" इति कुन्तापम् अर्धर्चशः शंसति । तत्र प्रथमाश्चतुर्दश ऋचः पदावग्राहं शंसति । तद् उक्तं वैताने । "इदं जना उपश्रुतेति कुन्तापम् अर्धर्चशः । चतुर्दश पदावग्राहम्" इति [वै० ६. २] ॥

पृष्ठ्यके छठे दिन "इदं जना उपश्रुत" इस कुन्तापको आधी २ ऋचा करके पढ़े, इसकी पहिली चौदह ऋचाओंको (पद पद करके) पदावग्राह पढ़े । इसी बातको वैतानसूत्रमें कहा, है, कि "इदं जना उपश्रुतेति कुन्तापं अर्धर्चशः । चतुर्दश पदावग्राहम्" (वैतानसूत्र ६ । २) ॥

इदं जना उप श्रुत नराशंस स्तविष्यते ।
षष्टिं सहस्रा नवतिं च कौरम आ रुशमेषु दद्महे १

हे मनुष्यों ! और हे कौरम नराशंस तुम स्तुति करने वालों के विषयमें यह बात सुनो, कि-हम साठ हजार रुशमोंको देते हैं १

उष्ट्रा यस्य प्रवाहणो वधूमन्तो द्विर्दश ।
वर्ष्मा रथस्य नि जिंहीडते दिव ईषमाणा उपस्पृशः २

जिसके शरीररूपी रथके वधूमान् बीस ऊँट बोझेको ढोने वाले हैं वह द्युलोक स्पर्श करते हुए हीडन करते हैं ॥ २ ॥

एष इषाय मामहे शतं निष्कान् दश स्रजः ।
त्रीणि शतान्यर्वतां सहस्रा दश गोनाम् ॥ ३ ॥

हम अन्नके लिये सौ निष्क, दश माला, तीनसौ घोड़े और दश हजार गौओंका दान करते हैं ॥ ३ ॥

वच्यस्व रेभ वच्यस्व वृक्षे न पक्वे शकुनः ।
नष्टे जिह्वा चर्चरीति क्षुरो न भुरिजोरिव ॥ ४ ॥

हे स्तोतः ! जैसे पक्के हुए फल वाले वृक्ष पर बैठा हुआ पक्षी चहचहाता है, इसी प्रकार आप शब्द करिये, हाथोंमें वर्तमान छुरा जैसे चलता है इसी प्रकार कर्मके बन्द होने पर भी आपकी जिह्वा चलती रहे ॥ ४ ॥

प्र रेभासो मनीषा वृषा गाव इवेरते ।
अमोतपुत्रका एषाममोतं गा इवासते ॥ ५ ॥

बुद्धिसम्पन्न स्तोता वर्षक साँडोंकी समान चल रहे हैं इनके घरमें पुत्र और गौ बैठे हुए से हैं ॥ ५ ॥

प्र रे॑भ धीं भ॑रस्व गोविदं॑ वसुविदम् ।

देवत्रेमां वाचं॑ श्रीणीहीषुर्नावी॑रस्तारम् ॥ ६ ॥

हे स्तोतः ! गौ प्राप्त कराने वाली और धन प्राप्त करानेवाली बुद्धिको धारण कर, देवताओंमें इस वाणीका श्रीणन कर, जैसे बाण फेंकने वाले मनुष्यकी रक्षा करता है, इसी प्रकार वाणी तेरी रक्षा करे ॥ ६ ॥

राज्ञो॑ विश्वजनीनस्य यो देवोमर्त्याँ अति ।

वैश्वानरस्य सुष्टुतिमा सुनोता परिक्षितः ॥ ७ ॥

यदि देवता विश्वजनीन राजाके मनुष्योंका अतिक्रमण करता हो तो वह परिक्षित वैश्वानरके सुन्दर स्तोत्रको करे ॥ ७ ॥

परिच्छिन्नः क्षेममकरोत् तम आसनमाचरन् ।

कुलायन् कृण्वन् कौरव्यः पतिर्वदति जायया ॥८॥

परिच्छिन्न (देवता) कल्याणको करता है, आसन (स्थिति) को विस्तृत करता है, इस प्रकार विस्तृत करता हुआ कौरव्य-पति जायासे कहता है ॥ ८ ॥

कतरत् त आ हराणि दधि मन्थां परि श्रुतम् ।

जायाः पतिं वि पृच्छति राष्ट्रे राज्ञः परिक्षितः ॥९॥

राजा परिक्षित्के राज्यमें जाया पतिसे बूझता है, कि-मंथा में परिश्रुत दधिको तेरे लिये कितना लाऊँ ॥ ९ ॥

अभीवस्वः प्र जिहीते यवः पक्वः पथो बिलम् ।
जनः स भद्रमेधति राष्ट्रे राज्ञः परिक्षितः ॥ १० ॥

पका हुआ यवरूप धन मार्गसे उदररूप बिलको प्राप्त होता है, इस प्रकार राजा परिक्षित्के राज्यमें प्राणी कल्याणको प्राप्त होता है ॥ १० ॥

इन्द्रः कारुमबूबुधदुत्तिष्ठ वि चरा जनम् ।
ममेदुग्रस्य चर्कृधि सर्व इत् ते पृणादरिः ॥ ११ ॥

इन्द्रने स्तोतासे कहा, कि-खड़ा हो, जनसमाजमें विचरण कर, मुझ उग्रके प्रतापसे तू कर्म कर तेरा शत्रु तुझको सब कुछ दे जाय ॥ ११ ॥

इह गावः प्रजायध्वमिहाश्वा इह पूरुषाः ।
इहो सहस्रदक्षिणोपि पूषा नि षीदति ॥ १२ ॥

यहाँ गौएँ ब्यावें, यहाँ अश्व और पुरुष प्रकट होवें, और सहस्रों प्रकारकी दक्षिणा देने वाले पूषा यहाँ विराजें ॥ १२ ॥

नेमा इन्द्र गावो रिषन् मो आसां गोप रीरिषत् ।
मासाममित्रयुर्जन इन्द्र मा स्तेन ईशत ॥ १३ ॥

हे इन्द्र ! यह गौएँ हिंसित न हों, और इनका पालन करने वाला गोप भी नष्ट न होवे, इन पर अमित्रता करने वाला वा चोर भी अपना प्रभाव न दिखा सके ॥ १३ ॥

उप नो न रमसि सूक्तेन वचसा वयं भद्रेण वचसा वयम् ।
